AASH EDUCATION Pvt. Ltd.

AASH कराएगा Exam Pass   Instituted By : Er. S.K. Jha

Musallahpur Hatt, Laxmi Cold Storage Patna-6

Science By : S.K. Jha Sir

परिचय (Introduction)

जीव विज्ञान (Biology)

➤ विज्ञान की वह शाखा है, जिसके अंतर्गत समस्त सजीवों अर्थात् जीवधारियों का विस्तृत अध्ययन किया जाता है। बायोलॉजी शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 1801 में लैमार्क (फ्रांस) और ट्रेविरेनस (जर्मनी) ने किया ।

❖ जीव विज्ञान को विज्ञान की एक शाखा के रूप में स्थापित करने के कारण अरस्तू (Aristotle) को जीव विज्ञान का जनक (Father of biology) कहा जाता है, अरस्तू को जंतु विज्ञान का जनक (Father of Zoology) भी कहा जाता है। उन्होंने अपनी पुस्तक 'Historia Animalium' में लगभग 500 जंतुओं का वर्णन किया है।

❖ थियोफ्रेस्टस (Theophrastus) को वनस्पति विज्ञान का जनक (Father of Botany) कहा जाता है, जिन्होंने 'Historia Plantarum' नामक पुस्तक लिखी।

जीवों के नामकरण की द्विनाम पद्धति

❖ जीवों के आधुनिक वर्गीकरण की शुरूआत कैरोलस लीनियस (Carolus Linnaeus) के द्विजगत-सिद्धांत (Two Kingdom Classification) से होती है।

❖ उन्होंने जीवों को जंतु जगत (Kingdom-Animal) और पादप जगत (Kingdom-Plantae) में बाँटा। लीनियस को वर्गिकी का पिता (Father of Taxonomy) कहा जाता है।

❖ सन् 1753 में कैरोलस लीनियस (Carolus Linnaeus) ने जीवों के नामकरण की द्विनाम पद्धति को प्रचलित किया।

❖ इसके अनुसार प्रत्येक जीवधारी का नाम लैटिन भाषा के दो शब्दों से मिलकर बना है। पहला शब्द वंश तथा दूसरा शब्द जाति है। उदाहरण-मानव का वैज्ञानिक नाम **होमो-सेपियंस (Homo-Sapiens)** है जिसमें होमो उस वंश का नाम है, जिसकी एक जाति सेपियंस है।

❖ जैव समुदाय के अध्ययन के लिए हमें जीवधारियों (organism) को कुछ समूहों में वर्गीकृत करना पड़ता है, ताकि समान गुणों एवं संरचना वाले जीवों का अध्ययन एक साथ किया जा सके।

❖ आधुनिक जीव विज्ञान में सर्वाधिक मान्यता व्हिटेकर (R.H. Whittaker) के 'पाँच जगत वर्गीकरण' को दी जाती है। उन्होंने जीवों को जगत (Kingdom) नामक पाँच बड़े वर्गों में बाँटा। ये पाँच जगत है–

- मोनेरा
- प्रोटिस्टा
- कवक
- पादप
- जंतु

➤ **मोनेरा (Monera) :**

❖ यह एककोशिकीय प्रोकैरियोटिक (Unicellular Prokaryotic) जीवों का समुह है।

❖ यह स्वपोषी विषमपोषी दोनों होता है। जैसे-बैक्टीरिया, माइकोप्लाज्मा आदि।

➤ **प्रोटिस्टा (Protista) :**

❖ यह एक बहुकोशिकीय युकैरियोटिक (Unicellular Eukaryotic) जीव है।

❖ यह स्वपोषी और विषमपोषी दोनों तरह के होते है। जैसे–शैवाल, डायटम, प्रोटोजोआ, युग्लीना, पैरामीशियम, क्लोरेला अमीबा आदि।

➤ **कवक (Fungi) :**

❖ ये बहुकोशिकीय यूकैरियोटिक जीव है।

❖ ये मृतजीवी होते है।

❖ इन में काइटिन नामक जटिल शर्करा की कोशिकाभित्ति पाई जाती है। जैसे–यीस्ट, पेनिसिलियम, मशरूम आदि।

➤ **पादप (Rlantae) :**

❖ ये बहुकोशिकीय यूकैरियोटिक जीव है।

❖ ये क्लोरोफिल के उपस्थिति के कारण स्वपोषी होता है।

➤ **जन्तु (Animallia) :**

❖ इसके अंतर्गत सभी बहुकोशिकीय यूकैरियोटिक, विषमपोषी जीव आते है।

जीव-विज्ञान के प्रमुख जनक

❖ आधुनिक वर्गीकरण का पिता लीनियस को कहा जाता है ।

❖ आनुवांशिकी का जनक (Father of genetics) मेंडल को माना जाता है ।

❖ द्विनाम पद्धति का जनक लीनियस को माना जाता है ।

❖ हरित क्रांति के जनक डॉ० नॉरमन बोरलॉग को माना जाता है ।

❖ भारत में हरित क्रांति के जनक डॉ० एम० एस० स्वामीनाथन है ।

❖ श्वेत क्रांति का जनक डॉ० वर्गीज कुरीयन को माना जाता है ।

❖ भारतीय पारिस्थितिकी का जनक रामदेव मिश्रा को माना जाता है ।

❖ भारतीय जीवाश्म विज्ञान का जनक बीरबल साहनी को माना जाता है ।

❖ टीकाकरण का जनक एडवर्ड जेनर को माना जाता है ।

❖ जीवाणु विज्ञान का जनक ल्यूवेन हॉक को माना जाता है ।

❖ हरित क्रांति शब्द का प्रतिपादक William S. Gaud को माना जाता है ।

जीव विज्ञान की शाखाएँ (Branches of Biology)

	शाखा	शाखा से संबंधित अध्ययन
❖	कोशिकी (Cytology)	इसके अंतर्गत कोशिकाओं की संरचना एवं कार्य का अध्ययन।
❖	कोशिका विज्ञान (Cell biology)	कोशिकाओं का बहुमुखी अध्ययन।
❖	आकारिकी (Morphology)	जीवों की आकृति एवं संरचना का अध्ययन।
❖	बाह्य आकारिकी (External Morphology)	बाह्य आकृति एवं रचना का अध्ययन।
❖	शारीरिकी (Anatomy)	शरीर की आंतरिक संरचना का अध्ययन।
❖	रोग विज्ञान (Pathology)	रोगों की प्रकृति, लक्षणों एवं कारणों का अध्ययन।
❖	कंकाल विज्ञान (Osteology)	अस्थियों एवं कंकाल तंत्र का अध्ययन।
❖	कार्डियोलॉजी (Cardiology)	हृदय की संरचना एवं कार्य का अध्ययन।
❖	हिमैटोलॉजी (Hematology)	रूधिर की संरचना एवं कार्य का अध्ययन।
❖	न्यूरोलॉजी (Neurology)	तंत्रिका तंत्र की संरचना एवं कार्य का अध्ययन।
❖	ओडोन्टोलॉजी (Odontology)	दन्त विज्ञान का अध्ययन।
❖	कैलोलॉजी (Kalology)	मानवीय सौंदर्य का अध्ययन।
❖	मैमोलॉजी (Mammalogy)	स्तनधारी का अध्ययन।
❖	सेरोलॉजी (Serology)	एंटीबॉडी एंटीजन का अध्ययन।
❖	सारकोलॉजी (Sarcology)	माँसपेशी का अध्ययन।
❖	त्वचा विज्ञान (Dermatology)	त्वचा की संरचना एवं कार्यों का अध्ययन।
❖	हिप्नोलॉजी (Hypnology)	नींद (Sleep) का अध्ययन।
❖	Neonatology	नवजात शिशु का अध्ययन
❖	Gerontology	बुढ़ापे का अध्ययन
❖	Nephrology	किडनी का अध्ययन
❖	परजीविकी (Parasitology)	परजीवियों का अध्ययन ।
❖	जीवाणु विज्ञान (Becteriology)	जीवाणुओं (Bacteria) का अध्ययन।
❖	मत्स्य पालन (Pisciculture)	मछली पालन का अध्ययन।
❖	कीट विज्ञान (Entomology)	कीटों का अध्ययन।
❖	विषाणु विज्ञान (Virology)	विषाणुओं का अध्ययन।
❖	कवक विज्ञान (Mycology)	कवकों (Fungi) का अध्ययन।
❖	शैवाल विज्ञान (Phycology)	शैवाल (Algae) का अध्ययन।
❖	पक्षी विज्ञान (Ornithology)	पक्षियों का अध्ययन।
❖	मत्स्य विज्ञान (Ichthyology)	मछलियों का अध्ययन।
❖	मिरमीकोलॉजी (Myremecology)	चीटियों का अध्ययन।
❖	सॉरोलॉजी (Saurology)	छिपकलियों का अध्ययन।
❖	एरेकनोलॉजी (Arachnology)	मकड़ियों का अध्ययन।
❖	निमैटोलॉजी (Nematology)	गोलकृमि परजीवियों का अध्ययन।
❖	इम्यूनोलॉजी (Immunology)	जंतुओं के शरीर की प्रतिरोध क्षमता का अध्ययन।

	शाखा	शाखा से संबंधित अध्ययन
❖	कीटशास्त्र (Entomology)	कीट पतंगों का अध्ययन।
❖	ओफियोलॉजी (Ophiology)	सर्प विज्ञान का अध्ययन।
❖	Nidology	घोसला का अध्ययन
❖	Ethology	जन्तु के व्यवहार का अध्ययन
❖	Vermiculture	केचुआ पालन
❖	Aquaculture	जलीय जीव पालन
❖	विष विज्ञान (Toxicology)	विषैले पदार्थों का अध्ययन।
❖	एपीकल्चर (Apiculture)	मधुमक्खियों के पालन का अध्ययन।
❖	शस्य विज्ञान (Agronomy)	खेतों में उगायी जाने वाली फसलों एवं मिट्टी का अध्ययन।
❖	Pearlculture	मोती पालन
❖	औत्तिकी (Histology)	जीवों की विभिन्न प्रकार के उत्तक का अध्ययन।
❖	पारिस्थितिकी (Ecology)	जीवों एवं वातावरण के बीच संबंधों का अध्ययन।
❖	कार्यिकी (Physiology)	जैविक क्रियाओं, जैसे-पाचन, श्वसन, उत्सर्जन, प्रजनन आदि का अध्ययन।
❖	आनुवंशिकी (Genetics)	जीवों में पायी जाने वाली समानता, विभिन्नता एवं अनुवांशिकता का अध्ययन।
❖	उद्‌विकास (Evolution)	जीवों का उद्‌भव एवं विभेदीकरण का अध्ययन।
❖	जीवाश्मिकी (Palaeontology)	जीवाश्मों (Fossils) का अध्ययन।
❖	सेरीकल्चर (Sericulture)	रेशम के कीड़ों के पालन एवं रेशम निकालने की विधि का अध्ययन।
❖	मोरी कल्चर (Mori Culture)	शहतुत के पौधे पर रेशम के कीड़े को पालन।
❖	डेन्ड्रोलॉजी (Dendrology)	वृक्षों एवं झाड़ियों का अध्ययन।
❖	पुष्प विज्ञान (Anthology)	पुष्पों का अध्ययन।
❖	फल विज्ञान (Pomology)	फलों का अध्ययन।
❖	पुष्प कृषि (Floriculture)	सजावटी फूलों के संवर्द्धन का अध्ययन।
❖	उद्यान विज्ञान (Horticulture)	उद्यानों का अध्ययन।
❖	सब्जियों की कृषि (Olericulture)	सब्जियों का अध्ययन।
❖	एन्जाइमोलॉजी (Enzymology)	उत्प्रेरकों का अध्ययन।
❖	पेडोलॉजी (Pedology)	विभिन्न तरह के मृदाओं (Soil) का अध्ययन।
❖	मोलस्का विज्ञान (Malacology)	मोलस्का और इनके खोलों (shells) का अध्ययन।
❖	Exobilogy	ब्रह्माण्ड का अध्ययन
❖	Agrostology	घास का अध्ययन
❖	Viticulture	अंगुर की खेती
❖	Silviculture	वृक्षारोपन

Note : ❖ **मोरीकल्चर :** शहतुत पर रेशम कीट पालन। **NCERT**

❖ **मैरीकल्चर :** समुद्री जीव का संवधर्न। **NCERT**

OBJECTIVE QUESTIONS

1. वैज्ञानिक वर्गीकरण (taxonomy) में वर्गीकरण की मूल इकाई क्या हैं? [SSC CGL-2021] [RRB ALP/ Tech. 17.08.2018, Shift-II]
(a) जाति (b) नस्ल
(c) परिवार (d) क्रम उत्तर–(b)

2. निम्नलिखित को एक उचित अनुक्रम में व्यवस्थित करें। [RRB ALP/ Tech. 13-08-2018, Shift-2]
A. उत्परिवर्तन B. जननात्मक विलगन
C. प्राकृतिक चयन D. विकास
(a) D, C, B, A (b) A, B, C, D
(c) A, C, D, B (d) C, B, A, D उत्तर–(b)

3. 'जीवन की उत्पत्ति' के बारे में ओपेरिन का सिद्धांत किससे संबंधित है? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB ALP/ Tech. 20-08-2018, Shift-2]
(a) जैविक विकास (b) रासायनिक विकास
(c) भौतिक विकास (d) कृत्रिम विकास उत्तर–(b)

4. जंतु विज्ञान की किस शाखा का मानव जाति के समाजशास्त्र के अध्ययन से गहरा संबंध है ? [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) एम्ब्रियोलॉजी (b) जूजोग्राफी
(c) फिजियोलॉजी (d) एंथ्रोपोलॉजी उत्तर–(d)

5. निषेचन, विकास, विभाजन और विभिन्नता के अध्ययन को किस नाम से जाना जाता है ? [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) भ्रूणविज्ञान (b) फिजियोलॉजी
(c) आनुवांशिकी (d) क्रमागत उन्नति उत्तर–(a)

6. पौधों में बीमारियों का अध्ययन और वह तरीका जिससे पौधे विरोध करते हैं या संक्रमण से सामना करते हैं, कहलाता है– [RRB JE 2019]
(a) विकृति विज्ञान (b) क्रिया विज्ञान
(c) फाइटोपैथालाजी (d) फोटोमार्फोजेनिस उत्तर–(c)

7. जीवित चीजों पर मृदा के प्रभाव का अध्ययन, मृदा विज्ञान की किस शाखा के अंतर्गत किया जाता है ? [RRB Group D 2014]
(a) एन्ड्रोलॉजी (b) एडाफोलॉजी
(c) एग्रोबायोलॉजी (d) डेस्मोलॉजी उत्तर–(b)

8. निम्नलिखित में से शरीर विज्ञान एवं चिकित्सा की वह कौन सी शाखा है, जो पुरुषों के विशिष्ट रोगों एवं स्थितियों से संबंधित है ? [RRB JE/Sr. Se Mumbai 2013]
(a) एन्ड्रोलॉजी (b) एस्टाकोलॉजी
(c) बायोइकोलॉजी (d) डेस्मोलॉजी उत्तर–(a)

9. जंतु विज्ञान किसका अध्ययन है ? [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) ऊर्जा का (b) फलों का
(c) विषाणुओं का (d) जानवरों का उत्तर–(d)

10. विज्ञान की एक शाखा जो जीवन या पृथ्वी से परे मौजूद जीवन की संभावनाओं से संबंधित है उसको क्या कहा जाता है ?
(a) एंटोमोलोजी (b) एक्सोबायोलोजी
(c) माईकोलोजी (d) जीवाश्म विज्ञान उत्तर–(b)

11. .... तत्वों और मानव जैसी प्रजातियों जैसे कि बंदर, वानर, वनमानुष आदि के व्यवहार का अध्ययन हैं– [RRB NTPC 2017]
(a) एंथ्रोपोलॉजी (b) एथनोबॉटनी
(c) प्राइमेटोलॉजी (d) एपोलॉजी उत्तर–(c)

12. निम्नलिखित में से चिकित्सा विज्ञान की कौन-सी शाखा यकृत के उपचार और अध्ययन से संबंधित है ?
(a) हेलकोलॉजी (b) हेप्टोलॉजी
(c) हेटेरोलॉजी (d) जेरीऐट्रिक्स उत्तर–(b)

13. जीवों के वर्गीकरण से संबंधित जीव विज्ञान की शाखा को क्या कहते हैं ? [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) वर्गीकरण विज्ञान (b) नोथोलॉजी
(c) शरीर रचना विज्ञान (d) सरोविज्ञान उत्तर–(a)

14. निम्नलिखित में से कौन सा मकड़ियों का अध्ययन है ? [RRB JE 2019]
(a) अर्क्नोलॉजी (b) ऐन्थ्रोपोलॉजी
(c) एपियोलॉजी (d) साइनोलॉजी उत्तर–(a)

15. सौरोलॉजी (Saurology) ...... का अध्ययन है— [RRB NTP 2017]
(a) मच्छर (b) छिपकली
(c) तिलचट्टा (d) साँप उत्तर–(b)

16. .... लिखित दस्तावेज है जो एक मानव विज्ञानी संस्कृति का चित्रण दर्शाते अनुसंधान से तैयार करता है। [RRB NTP 2017]
(a) एथनोग्राफी (b) कल्चरल रिलेटिविस्म
(c) एथनोसेंट्रिस्म (d) एथनोबॉटनी उत्तर–(a)

17. पक्षियों के अध्ययन को क्या कहा जाता है ? [RRB JE 2019]
(a) एंटोमोलॉजी (b) ओर्निथोलॉजी
(c) बर्डोलॉजी (d) हर्पेटोलॉजी उत्तर–(b)

18. हीमैटोलॉजी का अध्ययन .... से संबंधित है। [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) पौधे की प्रजनन प्रणाली
(b) रक्त
(c) जानवरों के खान-पान की आदत
(d) हड्डियाँ उत्तर–(b)

19. मार्फोलॉजी क्या है ? [RRB Group-D 2018]
(a) कीड़ों का अध्ययन
(b) मानव विकास का अध्ययन
(c) जीव की आकृति, उसकी संरचना और विशिष्ट संरचनात्मक गुणों का अध्ययन
(d) जीव और पर्यावरण की परस्पर निर्भरता का अध्ययन उत्तर–(c)

20. प्राचीन काल के जानवरों, पौधों एवं अन्य जीवों के संरक्षित अवशेषों या चिह्नों के अध्ययन का विज्ञान कहलाता है— [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) नृविज्ञान (एंथ्रोपोलॉजी)
(b) पुरातत्व विज्ञान (आर्कियोलॉजी)
(c) जीवाश्म विज्ञान (पैलिओटोलॉजी)
(d) औषध विज्ञान (फार्माकोलॉजी) उत्तर–(c)

21. पैलियंटोलॉजी (Palaeontology) .... के अध्ययन से संबंधित है। [B.S.S.C Exam-2017]
(a) हड्डियों (b) जीवाश्मों
(c) कठोर कोशों (d) पंखों उत्तर–(b)

22. पादप विज्ञान (Phytology) में किसका अध्ययन किया जाता है ? [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) मानव शरीर रचना (b) पौधों
(c) शुद्धमात्रिकी (Posology) (d) मानव मनोविज्ञान उत्तर–(b)

23. ओनेरियोलॉजी (Oneriology) किसका अध्ययन है ? [RRB JE 2015]
(a) भगवान (b) सपनों
(c) नींद (d) रंग उत्तर–(b)

24. टॉक्सिकोलॉजी (Toxicology) किसका अध्ययन है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) इंसानी व्यवहार (b) जहर
(c) भू-क्षरण (d) चट्टान उत्तर–(b)

25. सेरीकल्चर (Sericulture) किससे संबंधित है ? [SSC-GD-2017]
(a) मधुमक्खी पालन (b) पौधों का विकास
(c) रेशम के कीड़ों का पालन (d) मत्स्य पालन उत्तर–(c)

26. टैक्सोनोमी (Taxonomy) मूल रूप से .... से संबंधित है— [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) जैव विविधता (b) कर ढाँचा
(c) खगोल विज्ञान की एक शाखा
(d) मानव व्यवहार का अध्ययन उत्तर–(a)

27. कवक विज्ञान (mycology) क्या है? [RRB G-D 2018]
(a) बैक्टीरिया का अध्ययन (b) कुकुरमुत्ता का अध्ययन
(c) वायरस का अध्ययन (d) परजीवियों का अध्ययन
उत्तर–(b)

28. माइकोलॉजी .... के अध्ययन से संबंधित है ।
(a) मानव कोशिकाओं (b) कवक [RRB G-D 2018]
(c) विषाणु (d) जीवाणु उत्तर–(b)

29. बायोसिस्टमैटिक्स का उद्देश्य क्या है ? [RRB NTPC 2017]
(a) व्यापक आकृति विज्ञान के तत्वों के आधार पर जीवों का वर्गीकरण
(b) साइटोलॉजिकल विशेषताओं के आधार पर जीवों की पहचान और व्यवस्था
(c) जीव की विभिन्न वर्गिकी को सीमित करना और उनके संबंध स्थापित करना
(d) अध्ययन के सभी क्षेत्रों से विभिन्न मानकों की समग्रता पर उनके विकासवादी इतिहास और उनके फाइलोजेनी की स्थापना के आधार पर जीवों का वर्गीकरण उत्तर–(d)

30. विभिन्न प्रकार के ऊत्तकों के अध्ययन को क्या कहा जाता है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) कोशिका जीवविज्ञान (b) सेल फिजियोलॉजी
(c) साइटोलॉजी (d) ऊतक विज्ञान उत्तर–(d)

31. फूलों के अध्ययन को कहते हैं— [I.A.S (Pre)1997]
(a) फ्रेनोलॉजी (b) एन्थोलॉजी
(c) एग्रोस्टोलॉजी (d) पैलीनोलॉजी उत्तर–(b)

32. जानवरों के उनके पर्यावरण के साथ संबंधों के अध्ययन को क्या कहा जाता है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) इथोलॉजी (b) एन्टोमोलॉजी
(c) क्लाइमेटोलॉजी (d) इकोलॉजी उत्तर–(d)

33. सूची-I का सूची-II से सुमेल कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए— [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]

सूची-I	सूची-II
(A) पक्षी	1. पेलियोबायोलॉजी
(B) वंशागति	2. इकोलॉजी
(C) पर्यावरण	3. आर्निथोलॉजी
(D) जीवाश्म	4. जेनेटिक्स

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	3	4	2
(b)	3	4	2	1
(c)	4	2	1	3
(d)	2	4	1	3

उत्तर–(b)

34. निम्नांकित विषयों में से कौन-सा विषय जनसंख्या एवं मानव जाति के महत्वपूर्ण आंकड़ों के अध्ययन से संबंधित है— [RRB JE 2015]
(a) पारिस्थितिक विज्ञान (b) आनुवांशिकी
(c) जनांकिकी (d) वायरस विज्ञान उत्तर–(c)

35. जन्तु विज्ञान (Zoology) अध्ययन करता है— [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) केवल जीवित जानवरों का
(b) केवल जीवित वनस्पति का
(c) जीवित व मृत जानवरों दोनों का
(d) जीवित व मृत वनस्पति दोनों का उत्तर–(c)

36. जैविक जगत में होने वाले कार्य, गुण व पद्धति के अध्ययन के इस ज्ञान को मशीनी जगत में उपयोग करने को क्या कहते हैं ? [SSC स्नातक स्तरीय परीक्षा-2001]
(a) बायोनिक्स (b) बायोनोमिक्स
(c) बायोनोमी (d) बायोमीट्री उत्तर–(a)

37. पैलियो वनस्पति के अन्तर्गत अध्ययन करते हैं— [BSSC Exam-2017]
(a) जन्तु-जीवाश्म का (b) शैवाल का
(c) फफूंदी का (d) इनमें से कोई नहीं उत्तर–(d)

38. निम्नलिखित युग्मों में कौन सुमेलित नहीं है ? [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2014]
(a) एपीकल्चर — शहद की मक्खी
(b) सेरीकल्चर — सिल्क वर्म
(c) पिसीकल्चर — लाख का कीड़ा
(d) हॉर्टीकल्चर — फूल उत्तर–(c)

39. जेरोन्टोलॉजी निम्नलिखित में से किसके अध्ययन से सम्बन्धित है ? [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) शिशु (b) महिलाएँ
(c) त्वचा की बीमारी (d) वृद्ध उत्तर–(d)

40. लेक्सिकोग्राफी का सम्बन्ध है— [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) मानव शरीर की संरचना से (b) शब्दकोष के संयोजन से
(c) गुप्त लिखावट से
(d) चित्र और मॉडल के द्वारा पढ़ाने से उत्तर–(b)

41. सब्जी के लिए काम आने वाले पौधों के अध्ययन को कहते हैं-
(a) फ्लोरीकल्चर (b) पोमोलॉजी
(c) हॉर्टीकल्चर (d) ओलेरीकल्चर उत्तर–(d)

42. रेशम कीट पालन को कहते हैं— [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) एपीकल्चर (b) हॉर्टीकल्चर
(c) सेरीकल्चर (d) फ्लोरीकल्चर उत्तर–(c)

43. मधुमक्खी का उपयोग किया जाता है— [BPSC (Pre) 2018
(a) सेरीकल्चर में (b) टिशूकल्चर में
(c) एपीकल्चर में (d) पिसीकल्चर में उत्तर–(c)

44. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है ? [RRB Group-D 2014]
(a) फूलों की खेती — फ्लोरिकल्चर
(b) फसलों की खेती — एग्रोनॉमी
(c) सब्जियों की खेती — हॉर्टिकल्चर
(d) फलों की खेती — पोमोलॉजी उत्तर–(c)

45. 'विटिकल्चर' के द्वारा निम्नलिखित में से कौन एक उत्पादित होता है— [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2014]
(a) सिल्क (b) केंचुए
(c) शहद (d) अंगूर उत्तर–(d)

46. कीट-संवर्द्धन क्या है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) कीटों की वृद्धि करने का विज्ञान
(b) जन्तुओं के अध्ययन करने का विज्ञान
(c) मछलियों के अध्ययन करने का विज्ञान
(d) कीटों को मारने का विज्ञान उत्तर–(a)

47. वर्मीकल्चर में प्रयुक्त वर्म होता है— [RRB Group-D 2018]
(a) टेप वर्म (b) सिल्क वर्म
(c) थ्रेड वर्म (d) अर्थ वर्म उत्तर–(d)

48. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी सुमेलित है ? (शब्द और अर्थ) [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) लेक्सिकोग्राफी (Lexicography) – शब्दकोष का संकलन
(b) फिलॉलॉजी (Philology) डाक टिकटों का संग्रह
(c) इन्टोमॉलॉजी (Entomology) – मानव शरीर का अध्ययन
(d) आइकोनोग्राफी (Iconography) – कीट पतंगों का अध्ययन
उत्तर–(a)

49. जेनेटिक्स निम्न में से किसका अध्ययन है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) मेंडल का नियम (b) जैव विकास
(c) डी.एन.ए. संरचना (d) आनुवांशिकता और विवरण
उत्तर–(d)

50. वृद्धावस्था एवं काल प्रभावन के विषय में ज्ञान प्राप्त करने की विधा को कहते हैं— [53rd to 55th BPSC (Pre) 2011]
(a) आंकोलॉजी (b) जेरेन्टोलॉजी
(c) टैरैटोलॉजी (d) ऑर्निथोलॉजी उत्तर–(b)

51. जीर्ण (वृद्ध) होने की प्रक्रिया के अध्ययन को कहते हैं— [RRB JE 2019]
(a) जेरोंटोलॉजी (b) एथनोलॉजी
(c) एंथ्रोपोलॉजी (d) थैनेटोलॉजी उत्तर–(a)

52. फिलाटेलिस्ट क्या करता है ? [RRB Group-D 2014]
(a) सिक्के जमा करता है
(b) डाक टिकट जमा करता है
(c) पक्षियों की तस्वीरें जमा करता है
(d) पंख जमा करता है उत्तर–(b)

53. निम्न में से बेमेल को ज्ञात कीजिए—[RRB Group-D 2018]
(a) फिजियोलॉजी (b) साइकोलॉजी
(c) पैथालॉजी (d) बैक्टिरियोलॉजी उत्तर–(b)

54. विज्ञान की वह शाखा जिसके अंतर्गत जीव-जन्तु व पेड़ पौधों का अध्ययन किया जाता है क्या कहलाता है ?
(a) जीव विज्ञान (b) वनस्पति विज्ञान
(c) जन्तु विज्ञान (d) इनमें से कोई नहीं उत्तर–(a)

55. भारतीय पारिस्थतिकी का जनक किसे कहते हैं ?
(a) डा० वर्गीस कुरियन (b) डा० नॉरमन बोरलॉग
(c) रामदेव मिश्रा (d) डा० सलीम अली उत्तर–(c)

56. पैडोलॉजी निम्न वैज्ञानिक अध्ययन से संबंधित है— [BPSC (Pre) 2018]
(a) वायुमण्डल (b) मिट्टी
(c) प्रदूषण (d) बीज उत्तर–(b)

57. अस्थियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा के अन्तर्गत किया जाता है— [RRB Group-D 2018]
(a) ऑस्टियोलॉजी (b) ओरोलॉजी
(c) सेरोलॉजी (d) जियोलॉजी उत्तर–(a)

58. 'Historia Plantarum' पुस्तक के लेखक कौन हैं ? [RRB JE 2019]
(a) अरस्तू (b) थियोफ्रेस्टस
(c) हिप्पोक्रेटस (d) डार्विन उत्तर–(b)

59. स्पर्मोलॉजी (Spermology) में किसका अध्ययन होता है ? [M.P.P.C.S (Pre)1993]
(a) बीज (b) पत्ती
(c) फल (d) परागकण उत्तर–(a)

60. पीडोलॉजी (Pedology) में अध्ययन किया जाता है– [BSSC Exam-2017]
(a) पादप रोगों का (b) भूमि का
(c) प्रदूषण का (d) चट्टानों का उत्तर–(b)

61. टीकाकरण के जनक कौन हैं ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) लैंडस्टीनर (b) एडवर्ड जेनर
(c) रॉबर्ट कोच (d) बेंटिंग उत्तर–(b)

62. जीवाणु विज्ञान का जनक किसे कहते हैं ? [RRB JE 2015]
(a) जॉन ई साल्क (b) ल्यूवेन हॉक
(c) रॉबर्ट कोच (d) इवानोवस्की उत्तर–(b)

63. 'आधुनिक वर्गीकरण' के पिता कौन हैं ? [RRB JE 2019]
(a) विलियम गॉड (b) कैरोलस लिनियस
(c) डॉ० एस स्वामीनाथन (d) इनमें से कोई नहीं उत्तर–(b)

64. लिनियस ने जीवधारियों को कितने भागों में बाँटा है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) 3 (b) 2
(c) 4 (d) 6 उत्तर–(b)

65. व्हिटेकर ने जीवधारियों को कितने भागों में वर्गीकृत किया है ? [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) 3 (b) 5
(c) 4 (d) 2 उत्तर–(b)

66. कैरोलस लिनियस ने जीवों की द्विनाम पद्धति को कब प्रचलित किया । [RRB Group-D 2018]
(a) 1653 ई० (b) 1953 ई०
(c) 1753 ई० (d) 1853 ई० उत्तर–(c)

67. 'जीव विज्ञान के जनक' (Father of Biology) के नाम से जाने जाते हैं– [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) अरस्तू (b) डार्विन
(c) लैमार्क (d) पुरकिन्जे उत्तर–(a)

68. परागकणों (Polen grains) का अध्ययन कहलाता है– [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) पोमोलॉजी (b) पैलिनोलोजी
(c) फाइकोलॉजी (d) माइकोलॉजी उत्तर–(b)

69. सर्पों के विषय में जानकारी प्राप्त करना कहलाता है— [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) सर्पेटोलॉजी (b) ऑर्निथोलॉजी
(c) हर्पेटोलॉजी (d) इक्थियोलॉजी उत्तर–(a)

70. श्वेत क्रांति का जनक किसे कहा जाता है ? [U.P. U.D.A/L.D.A(Pre)2010]
(a) लिनियस (b) विलियम गॉड
(c) डा० वर्गीज कुरीयन (d) रामदेव मिश्रा उत्तर–(c)

71. भारतीय जीवाश्म विज्ञान का जनक किसे कहते हैं ? [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) अरस्तु (b) बीरबल साहनी
(c) रामदेव मिश्रा (d) इनमें से कोई नहीं उत्तर–(b)

72. मानव विकास का अध्ययन यह इंगित करता है कि हम सभी एक ही प्रजाति से संबंधित हैं जोकि निम्न में से..........में विकसित हुए हैं : [RRB ALP/ Tech. 31-08-2018, Shift-2]
(a) अमेरिका (b) अफ्रीका
(c) मध्य एशिया (d) पश्चिम एशिया उत्तर-(b)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

कोशिका (Cell)

❖ जीवों की सबसे छोटी रचनात्मक एवं क्रियात्मक (Functional Unit) इकाई को कोशिका कहते हैं। कोशिका को जीवन की मूलभूत इकाई भी कहते हैं।

❖ 1665 ई॰ में Robert Hooke ने कॉर्क (Cork) को काटकर सूक्ष्मदर्शी (Microscope) से देखा तो इसमें अनेक chamber दिखाई दिया इस Chambers को कोशिका कहा। कॉर्क quarcus subber (Oak) नामक वृक्ष से प्राप्त होता है।

❖ Robert Hooke ने निर्जीव कोशिका (non-living cell) का अध्ययन किया।

❖ A. V. Leeuwenhoek को father of bacteriology कहा जाता है।

Note :

● संसार की सबसे छोटी कोशिका	– माइकोप्लाज्मा
● संसार की सबसे बड़ी कोशिका	– शुतुरमुर्ग का अण्डा (170mm × 135mm)
● मानव शरीर की सबसे छोटी कोशिका	– मस्तिष्क के सेरिबेलम का ग्रेन्थुल/ कणिका कोशिका
● मानव शरीर की सबसे बड़ी कोशिका	– अण्डाणु
● मानव शरीर की सबसे लम्बी कोशिका	– न्यूरॉन
● पुरुष के शरीर की सबसे छोटी कोशिका	– शुक्राणु

Note :

❖ कोशिका का आकार माइक्रोमीटर में मापा जाता है। NCERT

❖ कुछ कोशिका अपना आकार पल-पल बदलता रहता है। जैसे-अमीबा तथा मनुष्य की WBC कोशिका का आकार निश्चित नहीं है। NCERT

❖ कोशिका के विभिन्न घटकों के लिए शब्द है– कोशिका अंगक [NCERT Exemplar]

➤ **कोशिका सिद्धांत (Cell Theory) :**

❖ दो जर्मन वैज्ञानिक schlieden (1838) एवं schwann (1839) ने कोशिका सिद्धांत (cell theory) प्रस्तुत किया।

❖ Schwann प्राणीशास्त्री एवं schlieden वनस्पतिशास्त्री थे। उन्होंने कोशिका सिद्धांत (cell theory) इस प्रकार दिया–
(i) प्रत्येक जीव की उत्पत्ति एक कोशिका से होती है।
(ii) प्रत्येक कोशिका स्वतंत्र है, किन्तु सभी मिलकर किसी कार्य को सम्पन्न करते हैं।

❖ कुछ जीव कोशिका सिद्धांत का अनुपालन नहीं करते हैं। उनकी विशिष्ट संरचना कोशिका सिद्धान्त के तथ्यों का अपवाद है। ये जीव निम्नवत् हैं–

(i) **विषाणु (Virus) :** विषाणु सजीव एवं निर्जीव के मध्य की कड़ी माने जाते हैं।

Note: विषाणु का प्रमुख लक्षण निम्न है–

● जीवद्रव्य व कोशिकागों का अभाव।
● अनेक जैविक क्रियाओं (श्वसन, उत्सर्जन आदि) का अभाव।
● गुणन केवल परपोषी कोशिका के अंदर होता है।
● निर्जीवों के समान इनके भी क्रिस्टल बनाया जा सकता है।

(ii) **वायरॉइड (Viroid) :**

● इसका खोज डियनर एवं रेमयर ने 1971 में किया।
● यह विषाणु के समान परन्तु विषाणु के विपरीत इसमें प्रोटीन का आवरण का अभाव होता है।
● यह पादप रोग के संक्रमण हेतु सबसे छोटे कारक होते है।
● नारियल में (कैडांग-कैडांग) नामक रोग, आलु में तर्कु कंद, नामक रोग इन्हीं के कारण होता है।

(iii) **प्रिऑन (Prion) :**

● इसकी खोज स्टैनले सिनर ने 1982 में किया।
● यह केवल प्रोटीन से निर्मित होता है। इसमें न्युक्लिक अम्ल का अभाव होता है।
● यह जन्तु एवं पादप में तंत्रिका सम्बन्धी रोग उत्पन्न करता है।
● इस पर कोशिका सिद्धान्त का पालन नहीं होता है।

A. **प्रोकैरियोटिक कोशिका (Prokaryotic Cell) :**



B. **युकैरियोटिक कोशिका (Eukaryotic Cell) :**



प्रोकैरियोटिक कोशिका (Prokaryotic Cell)	युकैरियोटिक कोशिका (Eukaryotic Cell)
• यह प्राचीन कोशिका है। इसके अन्तर्गत बैक्टीरिया, माइकोप्लाज्मा, नीलहरित शैवाल आदि आता है।	यह वास्तविक कोशिका है। इसके अन्तर्गत सभी पौधे एवं जीव आते हैं।
• इसमें माइटोकॉण्ड्रिया, गॉल्जीबॉडी, लाइसोसोम नहीं पाया जाता है।	इसमें माइटोकॉण्ड्रिया, गॉल्जी-बॉडी, लाइसोसोम पाया जाता है।
• इसमें 70s प्रकार का राइबोसोम होता है।	राइबोसोम 80s प्रकार का होता है।
• DNA गोलाकार होता है एवं एकल सूत्र में होता है।	DNA सीढ़ीनुमा संरचना में होता है एवं पूर्ण रूप से विकसित होता है।
• इनमें वास्तविक केंद्रक नहीं पाया जाता है।	इनमें वास्तविक केंद्रक पाया जाता है।
• केन्द्रिका नहीं होती है।	केन्द्रिका पायी जाती है।
• प्रोकेरियोटिक का अपरिभाषित केन्द्रक क्षेत्र केंद्रकाभ कहालाता है।	[NCERT Exemplar]

❖ प्रोकैरियोटिक कोशिका में किसी भी प्रकार का **झिल्ली नहीं** होता है। NCERT

Note:

❖ प्रोकैरियोटिक कोशिका में केन्द्रक पदार्थ (जैसे-प्रोटीन DNA, तथा RNA) कोशिका द्रव्य के सीधी संपर्क में रहता है।

❖ इसमें गुणसुत्र एवं हिस्टोन प्रोटीन का अभाव होता है।

❖ प्रौकेरियोटिक कोशिका में क्रोमोसोम के स्थान पर **न्यूक्लिक अम्ल** होता है। NCERT

❖ इसमें केवल राइबोसोम अंगक के रूप में होता है। NCERT

❖ अस्पष्ट केंद्रक में केवल क्रोमेटिन पदार्थ होता है। जिसे **केंद्रकाय** कहते हैं। NCERT

➤ **कोशिका की संख्या के आधार पर जीव दो प्रकार के होते हैं–**

(i) **एककोशिकीय (Unicellular) :** जिनका शरीर केवल एक कोशिका का बना होता है, एककोशिकीय कहलाता है। जैसे–अमीबा, पैरामीशियम प्लाज्मोडियम, युग्लिना इत्यादि।

❖ एक-कोशिकीय जीवों में **भोजन संपूर्ण शरीर** द्वारा होता है। NCERT

❖ एक-कोशिकीय जीव में भोजन एक स्थान से दूसरे स्थान तक **पक्षावीय गति** द्वारा जाता है। NCERT

(ii) **बहुकोशिकीय (Multicellular) :** जिनका शरीर अनेक कोशिकाओं के मिलने से बना है, बहुकोशिकीय कहलाते हैं। जैसे–मछली, मेढ़क, मनुष्य आदि।

कोशिका की संरचना (Structure of Cell)

❖ पौधे में पायी जाने वाली कोशिका को पादप कोशिका (plant cell) तथा जन्तु में पायी जाने वाली कोशिका को जंतु कोशिका (animal cell) कहते हैं।

■ **जन्तु एवं पादप कोशिका की तुलना (Comparison Between Animal Cell and Plant Cell)**

अंतर का आधार अथवा कोशिकांग (Organelle)	पादप कोशिका (Plant Cell)	जन्तु कोशिका (Animal Cell)
• कोशिका भित्ति (Cell Wall)	• इसमें कोशिका भित्ति एवं कोशिका झिल्ली दोनों जाती है। जिसका निर्माण सेल्युलोज से होता है।	• इसमें कोशिका झिल्ली पायी जाती है जो अर्द्ध पारगम्य होता है।
• केन्द्रक (Nucleus)	• इसमें भी केन्द्रक उपस्थित होता है परन्तु कोशिका में किनारे की ओर स्थित होता है।	• केन्द्रक उपस्थित होता है परन्तु कोशिका के मध्य में स्थित होता है।
• केन्द्रक झिल्ली (Nucleus Membrane)	• केन्द्रक झिल्ली उपस्थित होती है।	• केन्द्रक झिल्ली उपस्थित होती है।
• हरित लवक (Chloroplast)	• पादप कोशिका में हरित लवक पाया जाता है।	• जन्तु कोशिका में हरित लवक नहीं पाया जाता है।
• राइबोसोम (Ribosome)	• राइबोसोम उपस्थित होता है।	• राइबोसोम उपस्थित होता है।
• रिक्तिकाएँ (Vacuoles)	• रिक्तिकाएँ आकार में बड़ी तथा कम संख्या में पायी जाती है।	• रिक्तिकाएँ आकार में छोटी तथा अधिक संख्या में पायी जाती है।
• लाइसोसोम (Lysosome)	• लाइसोसोम नहीं पाया जाता है।	• लाइसोसोम पाया जाता है।
• गुणसूत्र (Chromosome)	• गुणसूत्र उपस्थित होते हैं, परन्तु बड़े आकार के होते हैं।	• गुणसूत्र उपस्थित होते हैं परन्तु छोटे आकार के होते हैं।
• अन्त: प्रद्रव्यी जालिका (Endoplasmic Reticulum)	• इसमें भी दोनों प्रकार की अंत: प्रद्रव्यी जालिका उपस्थित होती है तथा इनकी संख्या कम होती है।	• खुरदरी (Rough) एवं चिकनी (Smooth) दोनों प्रकार की अन्त:प्रद्रव्यी जालिका उपस्थित होती है तथा इनकी अधिक संख्या होती है।

• प्रकाश संश्लेषण (Photo synthesis)	• इन कोशिकाओं में प्रकाश संश्लेषण होता है।	• इन कोशिकाओं में प्रकाश संश्लेषण नहीं होता है।
• कार्बोहाइड्रेट का संचय (Storage of Carbohydrates)	• इन कोशिकाओं में कार्बोहाइड्रेट का संचय स्टार्च (Starch) के रूप में होता है।	• इन कोशिकाओं में कार्बोहाइड्रेट का संचय ग्लाइकोजन (Glycogen) के रूप में होता है।
• सेन्ट्रीओल	• इनमें सेन्ट्रीओल नहीं पाया जाता है।	• इसमें सेन्ट्रीओल पाया जाता है।
• रसधानी	• पादप कोशिका में रसधानी पायी जाती है।	• जन्तु कोशिका में रसधानी नहीं पायी जाती है।

1. कोशिका भित्ति (Cell wall) :

❖ यह सेल्युलोज का बना होता है।

❖ यह केवल पादप-कोशिकाओं में पाया जाता है।

❖ यह कोशिका को निश्चित आकार प्रदान करता है।

❖ जीवद्रव्य के स्त्रावीत पदार्थ द्वारा इसका निर्माण होता है।

❖ यह कोशिका विभाजन की अन्तवास्था के समय अन्त: प्रद्रव्यी जलिका की छोटी-छोटी नलिकाओं द्वारा बनती है।

2. कोशिका झिल्ली (Cell Membrane) :

❖ यह पादप कोशिका एवं जन्तु कोशिका दोनों में पाया जाता है।

❖ जन्तु कोशिकाएँ चारों तरफ से अत्यन्त महीन, पारदर्शक एवं अर्द्धपारगम्य (Semi Permeable) झिल्ली से घिरी होती है, इसे कोशिका झिल्ली (Cell Membrane) कहा जाता है।

❖ कोशिका झिल्ली की बाहरी तथा भीतरी परत प्रोटीन एवं मध्यवर्ती परत फॉस्फोलिपिड की बनी होती है।

❖ इसी के माध्यम से कोशिका में आयनिक सान्द्रता के अन्तर बना रहता है।



जन्तु कोशिका (Animal Cell)



पादप कोशिका (Plant Cell)

❖ कोशिका झिल्ली (Cell-membrane) का प्रमुख कार्य कोशिका के भीतर से बाहर जाने वाले पदार्थ का चयन करना है। कोशिका झिल्ली या भित्ति के अन्दर एक गाढ़ा रंगहीन, पारभासी तथा लसलसा वजनयुक्त पदार्थ रहता है, जिसे जीवद्रव्य कहा जाता है।

❖ जीवद्रव्य (Protoplasm) कोशिका के अन्दर दो भागों में बँटा हुआ है–
(i) केंद्रक द्रव्य (ii) कोशिकाद्रव्य

Note:

(i) जब कोशिका के बाहर चारो ओर उपस्थित जल के अणुओं की सांद्रता कोशिका के भीतर जल के अणुओं की सांद्रता से अधिक होती है तो कोशिका फूल जाती है।

(ii) अल्पपरासरी माध्यम में कोशिका द्रव्य का सिकुड़ना पादप कोशिका में जीवद्रव्य संकुचन में परिभाषित करता है।

❖ कोशिका झिल्ली सहित अन्य पदार्थ का संकुचन जीव द्रव्य **कुंचन** कहलाता है। [NCERT]
❖ कोशिका झिल्ली को वर्णात्मक पारगम्य **झिल्ली** भी कहते है। [NCERT]
❖ कोशिकाओं में प्रवेश करने वाले एवं बाहर जाने वाले पदार्थ का नियंत्रण होता है– **कोशिका का झिल्ली से** [NCERT Exemplar]
❖ कौन-सा कोशिकांग पादप, जन्तु एवं जीवाणु तीनों में होता है– **कोशिका-झिल्ली** [NCERT Exemplar]

3. केन्द्रक (Nucleus) :



❖ यह पादप कोशिका एवं जन्तु कोशिका दोनों में पाया जाता है।
❖ इसकी खोज Robert brown के द्वारा की गयी। यह कोशिका का मुख्य भाग होता है, इसमें DNA (Deoxyribonucleic Acid) तथा RNA (Ribonucleic Acid) और गुणसूत्र (Chromosomes) पाये जाते हैं ।
❖ यह कोशिकीय गतिविधियों को संचालित एवं नियंत्रित करता है।
❖ यह कोशिका के आनुवंशिक पदार्थ का भण्डार गृह (Storehouse) होता है जो प्रजनन (Reproduction) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।
❖ इसके मुख्य चार भाग है-केन्द्रक कला, केन्द्रक द्रव, केन्द्रिका तथा क्रोमैटिन धागे।
❖ किस जीव में स्पष्ट कोशिका-भित्ति होता है, लेकिन केन्द्रक नहीं– **जीवाणु** [NCERT Exemplar]

4. माइटोकॉण्ड्रिया (Mitochondria) :

❖ यह पादप कोशिका एवं जन्तु कोशिका दोनों में पाया जाता है।
❖ इसकी खोज 1880 ई० में Koliker के द्वारा की गई ।
❖ 1880-90 ई० में Altman ने इसे Bioblast कहा किन्तु, माइटोकॉण्ड्रिया नाम C. Benda ने 1898 ई० में रखा ।
❖ माइटोकॉण्ड्रिया दोहरी झिल्ली से घिरी होती है। इन उभारों को क्रिस्टी कहते हैं ।
❖ माइटोकॉण्ड्रिया को कोशिका का ऊर्जा-गृह (Power-House) कहते हैं, क्योंकि यह ऊर्जा उत्पन्न करता है।
● इसे कोशिका का पाचन तंत्र भी कहते है।
● कोशिकीय श्वसन संबधीत अनेक जैव रासायनिक क्रियाएँ माइटोकॉण्ड्रिया में सम्पन्न होता है।
● माइटोकॉण्ड्रिया की वाह्य झिल्ली आयनों पोषक अणुओं व ऊर्जा अणुओं के लिए पारगम्य जबकी आंतरिक झिल्ली केवल ऑक्सीजन तथा ATP अणुओं के लिए ही पारम्य होता है।
● यकृत में विषों का निराकरण माइटोकॉण्ड्रिया द्वारा ही होता है।
❖ इसमें **दोहरी** झिल्ली होती है। [NCERT]

5. लवक (Plastid) : लवक केवल पौधों में पाये जाते हैं और तीन प्रकार के होते हैं–

लवक	कार्य
हरित लवक	प्रकाश संश्लेषण में सहायक
वर्णी लवक	भिन्न-भिन्न प्रकार के रंग के लिए
अवर्णीवलक	स्टॉर्च के रूप में भोजन का संग्रह

Note: अवर्णी लवक मुख्यत: अमीनों अम्लों का वसीय अम्ल में परिवर्तित करता है।

6. गॉल्जीकाय (Golgibody) : इसकी खोज 1898 ई० में Camilogolgi के द्वारा की गई ।

❖ यह पादप कोशिका एवं जन्तु कोशिका दोनों में पाया जाता है।
❖ इसे डिक्टियोसोम (Dictyosome) भी कहते हैं।
❖ इसका मुख्य कार्य कोशिकाभित्ति और शैल प्लेट का निर्माण करना है।
❖ यह कोशिका का प्रमुख स्रावण अंग है। यह लाइसोसोम एवं पैराक्सिसोम के निर्माण में सहायक होता है।
❖ यह शुक्राणुओं के अग्रपिण्डों के निर्माण में सहायक होता है।
❖ यह जन्तुओं में विभिन्न प्रकार के हार्मोन के निर्माण में सहायक होते हैं।
❖ **ER में** संश्लेषित पदार्थ **गॉल्जी उपकरण** में जमा रहता है। [NCERT]
❖ यह विभिन्न कोशिका पदार्थों के विनिर्माण, उनके संग्रहण तथा परिवहन हेतु उत्तरदायी होता है इसलिए इसे यूकैरियॉटिक कोशिकाओं का **विनिर्माण एवं परिवहन केन्द्र** (Manufacturing and Shipping Centre) कहा जाता है ।
❖ गॉल्जीकाय के अध्ययन में सिल्वर नाइट्रेट का उपयोग किया जाता है। [NCERT Exemplar]
❖ गॉल्जीकाय सरल शर्करा को जटिल शर्करा में बदलता है। [NCERT Exemplar]

7. लाइसोसोम (Lysosome) :

❖ यह सिर्फ जन्तु कोशिका में पाया जाता है।
❖ इसका खोज De-Duve के द्वारा की गई।
❖ यह एकल झिल्ली द्वारा निर्मित होता है।
❖ इसमें हाइड्रोलाइटिक एंजाइम पाया जाता है।
❖ इनका निर्माण गॉल्जीकाय अथवा अन्त: प्रदव्यी जालिका में होता है।
❖ लाइसोसोम नष्ट होकर कैंसर के निर्माण में मदद करता है।
❖ लाइसोसोम कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण की प्रक्रिया में सहायक होता है।
❖ लाइसोसोम में उपस्थित एंजाइम का निर्माण **ER** में होता है। [NCERT]
❖ अत: इसे आत्महत्या की थैली (Suicide Bag) भी कहते हैं।

8. राइबोसोम (Ribosome) :

❖ यह पादप कोशिका एवं जन्तु कोशिका दोनों में पाया जाता है।
❖ इसका खोज Palade के द्वारा किया गया।
❖ यह सबसे छोटा कोशिकांग है।
❖ यह जटिल संरचना वाले सुक्ष्म कण है। जो प्रोकैरियोटिक तथा यूकैरियोटिक दोनों प्रकार के कोशिका में पाया जाता है।
❖ यह किसी भी प्रकार के झिल्ली से घिरा नहीं होता है।
❖ राइबोसोम का मुख्य कार्य अमीनो अम्ल के द्वारा प्रोटीन संश्लेषण में मदद करना है।
❖ अत: इसे प्रोटीन की फैक्ट्री (Protein Factory) कहा जाता है।
❖ इसका मुख्य कार्य प्रोटीन का संश्लेषण करना है।

Note :
- ❖ प्रयोगशाला में राइबोसोम का संश्लेषण सर्वप्रथम "नौमुरा" ने किया।
- ❖ राइबोसोम के दो सब-युनिट्स के आपस में जुड़ने के लिए Mg^{++} आयन की आवश्यकता होता है।

9. तारककाय (Centrosome) :
- ❖ यह सिर्फ जन्तु कोशिकाओं में पाये जाते हैं।
- ❖ इसका खोज Boveri के द्वारा की गयी।
- ❖ यह कोशिका विभाजन की क्रिया में सहायक होता है।
- ❖ तारककाय का प्रमुख कार्य सुक्ष्म नलिकाओं (प्रोटीन की खोखली नली) को संगठित करना है। जो कि कोशिकाओं कंकाल को स्थिर संरचना प्रदान करता है।

10. गुणसूत्र (Chromosomes) :
- ❖ इसकी खोज Walther Flemming के द्वारा 1882 ई॰ में की गई। धागे सदृश संरचनाएँ होती है, जो कि यूकैरियोटिक कोशिका के केन्द्रक में पाई जाती है।
- ❖ यह DNA और हिस्टोन प्रोटीन की बनी होती हैं, इनके ऊपर जो दाने के समान संरचनाएँ पाई जाती हैं उन्हें हम जीन मान सकते हैं।
- ❖ न्यूक्लिक अम्ल में पाए जाने वाले बन्ध (आकर्षण बल) को फॉस्फो-डाइएस्टर बन्ध कहते हैं।
- ❖ जीन प्रोटिनो का कुटन (code) नही करता है।
- ❖ इन्हें आनुवांशिक लक्षणों का वाहक कहते है।
- ❖ प्रत्येक गुणसूत्र के दोनों क्रोमैटिड जिस स्थान पर मिलते है। उसे सेन्ट्रोमियर कहते है।
- ❖ गुणसूत्र के अंतिम छोर को टीलोमियर कहते है।
- ❖ गुणसूत्र का क्रियात्मक भाग जीन कहलाता है। **[NCERT Exemplar]**

➤ **डीऑक्सीराइबोज न्यूक्लिक अम्ल (DNA)**



- ❖ यह अम्ल हमारे लक्षणों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य करता है अर्थात् यह अम्ल हमारा आनुवांशिक पदार्थ (Genetic Material) है।
- ❖ इस अम्ल में डीऑक्सी राइबोज शर्करा और चार नाइट्रोजन युक्त क्षार, दो प्यूरीन एडनीन (A) एवं गुआनीन (G) तथा दो पाइरेमैडीन, थाइमीन एवं साइटोसीन (C) होते हैं।
- ❖ डीएनए के द्विरज्जुकी प्रतिरूप की खोज वाटसन एवं क्रिक नामक वैज्ञानिकों ने की थी, जिसके लिए उन्हें 1953 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। इनके अनुसार DNA का व्यास 20 Å तथा एक टर्न की लम्बाई 34 Å होता है।

(i) यूकैरियोटिक कोशिकाओं में DNA लम्बा, अशाखित तथा सर्पिलाकार (Spiral) होता है जबकि प्रोकैरियोटिक कोशिकाओं, माइटोकॉण्ड्रिया तथा क्लोरोप्लास्ट में यह वृत्ताकार (Circular) होता है।

(ii) DNA अनेक न्यूक्लियोटाइड (Nucleotide) का बहुलक होता है।

- ❖ प्रत्येक टर्न में 10 Nucleotide होते हैं।
- ❖ Adenine, Thymine के साथ Double Hydrogen Bond (A = T) तथा Cytocin, Guanine के साथ Triple Hydrogen Bond (C ≡ G)।
- ❖ केंद्रक के अलावा DNA कहां होता है– **माइटोकॉण्ड्रिया एवं हरित लवक** **[NCERT Exemplar]**

➤ **DNA Finger Print**
- ❖ किसी जीव या व्यक्ति के DNA में उपस्थित क्षार का क्रम निश्चित होता है।
- ❖ जिसके द्वारा उस जीव या व्यक्ति का लक्षण निर्धारित होता है।
- ❖ DNA के इसी निश्चित क्रम को DNA का Finger Print कहते हैं।
- ❖ DNA Finger Print की खोज डॉ॰ एलेक जेफ्रेज के द्वारा की गई।
- ❖ भारत में DNA Finger Print Test लाने का श्रेय डॉ॰ लालजी सिंह को जाता है।
- ❖ DNA Finger Print Test संस्थान हैदराबाद, चण्डीगढ़, लखनऊ इत्यादि स्थानों पर है।

➤ **DNA Finger Print की उपयोगिता :**

(i) अपराधियों का पता लगाने में।
(ii) खोए माता-पिता या संतान का पता लगाने में।
(iii) सम्पत्ति विवाद के निपटारे में।
(iv) अनुवांशिक रोग (Genetic disease) के इलाज में।
(v) पराजीनी फसल (Trans-geniccrop) के निर्माण में।

➤ **RNA (राइबो न्यूक्लिक अम्ल)**



- ❖ यह अम्ल केवल कुछ विषाणुओं का ही आनुवांशिक पदार्थ होता है।
- ❖ हमारे शरीर में यह DNA की सूचनाओं को डीकोड करने एवं उन सूचनाओं को आगे क्रियान्वित करने का कार्य करता है। इन सूचनाओं से ही हमारे शरीर में प्रोटीन का संश्लेषण होता है।
- ❖ इस अम्ल में राइबोज शर्करा एवं 4 नाइट्रोजन युक्त क्षार होते हैं।
- ❖ यहाँ DNA के थाइमीन क्षार की जगह युरेसिल (U) नामक क्षार होता है जबकि अन्य क्षार समान होते हैं।
- ❖ RNA तीन प्रकार का होता है–

(i) m-RNA (Massenger RNA) : यह Amino acid का निश्चित क्रम बनाता है।

(ii) t-RNA (Transfer RNA) : यह Amino acid को Ribosome तक पहुँचाने का कार्य करता है। यह सबसे छोटा आर.एन.ए. है।

(iii) r-RNA (Ribosomal RNA) : यह Ribosome पर पाया जाता है जो प्रोटीन के संश्लेषण में सहायक होता है।

12. अंतः प्रद्रव्यीय जालिका (Endoplasmic Reticulum) :



❖ यह पादप कोशिका एवं जन्तु कोशिका दोनों में पायी जाती है।
❖ इसकी खोज Porter के द्वारा की गई।
❖ सबसे बड़ी कोशिका अंग है ।
❖ इसके भितर का स्थान ल्युमेन कहलाता है।
❖ चिकनी अंतः प्रद्रव्यीय जालिका कुछ मात्रा में हार्मोन्स का भी संश्लेषण करता है।
❖ इसका मुख्य कार्य वसाओं तथा प्रोटीनों का संश्लेषण करना है जो विभिन्न झिल्लियों जैसे-केन्द्रक झिल्ली, कोशिका झिल्ली आदि का निर्माण करते हैं।
❖ E.R. दो प्रकार का होता है–

(i) **Smooth E.R :** वैसा E.R. जिस पर राइबोसोम नहीं पाया जाता है। यह कोशिका में कार्बोहाइड्रेट तथा वसा के संश्लेषण में सहायक होता है।

❖ कौन-सा कोशिकांग कोशिका के अंदर विषैले पदार्थ एवं औषधी को विष रहित करता है– **चिकनी अंतद्रव्यी जालिका** **[NCERT Exemplar]**

(ii) **Rough E.R :** वैसा E.R जिस पर राइबोसोम पाया जाता है । यह कोशिका में प्रोटीन के संश्लेषण में सहायक होता है।

13. Vacuole (रसधानी) :
❖ यह सिर्फ पादप कोशिका में पायी जाती है।
❖ यह एक झिल्ली से घिरी हुई होती है। जिसे Tonoplast कहते हैं।

14. अंतर्द्रव्यी जालिका (Endoplasmic reticulum) :
❖ यह कोशिका की कुछ जैव-रासायनिक क्रियाओं का स्थल होती हैं।
❖ यह कोशिका द्रव्य के विभिन्न क्षेत्रों के बीच पदार्थों को पहुँचाता है।
❖ यह केन्द्रक एवं कोशिका द्रव्य के बीच प्रोटीन के लिए अभिगमन चैनल की तरह कार्य करता हैं।
❖ यह ऊर्जा उत्पादन का स्थल नहीं होता हैं।

15. परासरण (Osmosis) :
❖ इसमें विलायक के अणु कम सान्द्रता वाले विलयन से अधिक सान्द्रता वाले विलयन की ओर गति करते हैं।
❖ जल के अणुओं की गति जब वर्णात्मक परगम्य झिल्ली द्वारा हो तो उसे **परासरण** कहते हैं। **NCERT**

• **अल्पपरासरण**	कोशिका फूल जाएगी।
• **समपरासरण**	कोई परिवर्तन नहीं।
• **अतिपरासरण**	कोशिका चिपक जाएगी।

❖ एक कोशिकीय अवायवीय जीव तथा अधिकांश पादप कोशिका परासरण द्वारा **जल ग्रहण** करता है। **NCERT**

16. जीन (Gene) :
❖ जीन आनुवंशिका की इकाई है ।
❖ जीन DNA का वह भाग है जो किसी विशिष्ट कार्य को सम्पादित करता है ।
❖ DNA के क्रियात्मक खंड को **जीन** कहते हैं। **NCERT**

Note :
❖ जम्पिंग जीन की अवधारण बारबरा मैक क्लिन्टॉक (Barbara Mc Clintock) द्वारा मक्का (Maize) पर प्रयोग के दौरान दी गई थी । ट्रांसपोजोन (Transposon) के नाम से भी प्रचलित जम्पिंग जीन, DNA के ऐसे भाग हैं जो एक ही क्रोमोसोम में अथवा एक क्रोमोसोम से दूसरे क्रोमोसोम पर अपनी स्थिति (Position) बदलते रहते हैं। **NCERT**
❖ कोशिका के केन्द्रक के **DNA में** प्रोटीन संश्लेषण हेतु सूचना निहित होती है। **NCERT**
❖ एक कोशिकीएँ जीवों में कोशिका विभाजन अथवा विखंडन द्वारा **नए जीवों की उत्पत्ति** होता है। **NCERT**

OBJECTIVE QUESTIONS

1. एककोशिक जीवों (Unicellular organism) के संदर्भ में सही कथन चुनिए। [NCERT Exemplar]
(a) एककोशिक जीवों में ऊतक समन्वित होकर विभिन्न कार्य करते हैं ।
(b) एककोशिक जीवों को भोजन की आवश्यकता नहीं होती ।
(c) एककोशिक जीव श्वास लेते हैं और जनन करते हैं ।
(d) सभी एककोशिक जीव पक्ष्माभिकाओं द्वारा गति करते हैं ।
उत्तर–(c)

2. अधिकांश कोशिकाओं को लेंस की सहायता के बिना नहीं देखा जा सकता क्योंकि— [NCERT Exemplar]
(a) जीव अधिकांशतः एक कोशिक होते हैं ।
(b) कोशिकाएँ सूक्ष्मदर्शी होती हैं ।
(c) कोशिकाएँ केवल शरीर के भीतर ही पाई जाती हैं ।
(d) कोशिकाएँ समूहबद्ध होकर ऊतक बनाती हैं । **उत्तर–(b)**

3. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द केंद्रक का भाग नहीं है ? [NCERT Exemplar]
(a) राइबोसोम (b) केंद्रिका
(c) गुणसूत्र (d) जीन **उत्तर–(a)**

4. कोशिकाओं के विभिन्न घटकों के लिए उपयुक्त शब्द है— [NCERT Exemplar]
(a) ऊतक (b) कोशिका अंगक
(c) गुणसूत्र (d) जीन **उत्तर–(b)**

5. कोशिकाओं के भीतर पाए जाने वाले जेली-जैसे पदार्थ को कहते हैं— [NCERT Exemplar]
(a) जीवद्रव्य (b) गुणसूत्र
(c) हरितलवक (d) कोशिकाद्रव्य **उत्तर–(d)**

6. कोशिकाओं की लंबाई-चौड़ाई (आकार) को व्यक्त करने के लिए मापने का यूनिट होता है— [NCERT Exemplar]
(a) सेंटीमीटर (b) मिलीमीटर
(c) माइक्रोमीटर (d) मीटर **उत्तर–(c)**

7. कोशिका-झिल्ली (Cell-membrane) का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है कि वह— [NCERT Exemplar]
(a) कोशिकाओं में प्रवेश करने वाले एवं बाहर जाने वाले पदार्थों का नियंत्रण करती है ।
(b) कोशिकाओं में केवल प्रवेश करने वाले पदार्थों का नियंत्रण करती है ।
(c) कोशिकाओं में से बाहर जाने वाले पदार्थों का नियंत्रण करती है ।
(d) पदार्थों के प्रवेश करने और बाहर जाने को बिना किसी नियंत्रण के आने-जाने देती है ।
उत्तर–(a)

8. नीचे सूचीबद्ध किए गए कोशिका के भागों में से उस भाग का नाम बताइए जो पादप कोशिका, प्राणि कोशिका और जीवाणु कोशिका तीनों में पाया जाता है ।
(a) हरितलवक (b) कोशिका-भित्ति
(c) कोशिका-झिल्ली (d) केंद्रक **उत्तर–(c)**

9. निम्नलिखित में से कौन कोशिका नहीं है ?
(a) लाल रुधिर कणिका (RBC)
(b) जीवाणु
(c) शुक्राणु
(d) विषाण **उत्तर–(d)**

10. कपोल-कोशिकाओं में नहीं होता .... ।
(a) कोशिका-झिल्ली (b) केन्द्रक
(c) गॉल्जी उपकरण (d) लवक **उत्तर–(d)**

11. इनमें से कौन-सा कार्य राइबोसोम का नहीं है?
(i) यह प्रोटीन अणुओं के निर्माण में सहायता करता है।
(ii) यह एंजाइमों के निर्माण में सहायता करता है।
(iii) यह हार्मोनों के निर्माण में सहायता करता है।
(iv) यह मंड (स्टार्च) अणुओं के निर्माण में सहायता करता है।
(a) (i) और (ii) (b) (ii) और (iii)
(c) (iii) और (iv) (d) (iv) और (i) **उत्तर–(c)**

12. कौन-सा कोशिकाअंगक कोशिका के अंदर विषैले पदार्थ एवं औषधि (ड्रग्स) को आविष-रहित करने में मुख्य भूमिका निभाता है?
(a) गॉल्जी उपकरण (b) लाइसोसोम
(c) चिकनी अंतर्द्रव्यी जालिका (d) रसधानी **उत्तर–(c)**

13. कोशिका झिल्ली निर्माण के लिए आवश्यक प्रोटीनों एवं लिपिड का उत्पादन निम्नलिखित द्वारा किया जाता है–
(a) रूक्ष अंतर्द्रव्यी जालिका (b) गॉल्जी उपकरण
(c) कोशिका झिल्ली (d) माइटोकॉन्ड्रिया
उत्तर–(a)

14. कोशिका-अंगक जो सरल शर्करा को जटिल शर्करा में बदलने में शामिल है–
(a) अंतर्द्रव्यी जालिका (b) राइबोसोम
(c) लवक (d) गॉल्जी उपकरण
उत्तर–(d)

15. सिल्वर नाइट्रेट का घोल किसी एक के अध्ययन में इस्तेमाल होता है–
(a) अंतर्द्रव्यी जालिका (b) गॉल्जी उपकरण
(c) केंद्रक (d) माइटोकॉन्ड्रिया
उत्तर–(b)

16. प्रोकैरियोटिक (प्राक्केंद्रकी) कोशिका में दिखने वाला एकमात्र कोशिका अंगक है–
(a) माइटोकॉन्ड्रिया (b) राइबोसोम
(c) लवक (d) लाइसोसोम **उत्तर–(b)**

17. वह अंगक जिसमें कोशिका भित्ति नहीं होती है–
(a) राइबोसोम (b) गॉल्जी उपकरण
(c) हरितलवक (d) केंद्रक **उत्तर–(a)**

18. निम्नलिखित में से किसके चारों ओर एकल झिल्ली का आवरण होता है? [NCERT Exemplar]
(a) माइटोकॉन्ड्रिया (b) रसधानी
(c) लाइसोसोम (d) लवक **उत्तर–(b)**

19. निम्नांकित चित्र में दिखाई गई कोशिका पादप में कहां पाई जाती है ? [Group-D, 22.09.2022 Shift-1]



[संदर्भ–Cell Wall–कोशिका भित्ति, Cytoplasm – कोशिका-द्रव्य, nucleus – केंद्रक, vacuole – रसधानी]

(a) बीज (अंकुरण) (b) जाइलम
(c) प्ररोह सिरे (d) जड़ **उत्तर–(d)**

20. कोशिका झिल्ली निर्माण के लिए आवश्यक प्रोटीनों एवं लिपिड का उत्पादन निम्नलिखित द्वारा किया जाता है– [NCERT Exemplar]
(a) रूक्ष अंतर्द्रव्यी जालिका (b) गॉल्जी उपकरण
(c) कोशिका झिल्ली (d) माइटोकॉन्ड्रिया **उत्तर–(a)**

21. प्रोकैरियोटिक का अपरिभाषित केंद्रक क्षेत्र कहलाता है– [NCERT Exemplar]
(a) केंद्रक (b) केंद्रिका
(c) न्यूक्लीक अम्ल (d) केंद्रकाभ **उत्तर–(d)**

22. सिल्वर नाइट्रेट का घोल किसी एक के अध्ययन में इस्तेमाल होता है– [NCERT Exemplar]
(a) अंतर्द्रव्यी जालिका (b) गॉल्जी उपकरण
(c) केंद्रक (d) माइटोकॉन्ड्रिया **उत्तर–(b)**

23. केंद्रक के अलावा यह अंगक जिसमें डी.एन.ए. होता है– [NCERT Exemplar]
(a) अंतर्द्रव्यी जालिका (b) गॉल्जी उपकरण
(c) माइटोकॉन्ड्रिया (d) लाइसोसोम **उत्तर–(c)**

24. निम्नलिखित कथनों में से विसंगत कथन को चुनिए– [NCERT Exemplar]
(a) अर्धपारगम्य झिल्ली में से होकर जाने वाले जल की गति उसमें घुले हुए पदार्थों की मात्रा से प्रभावित होती है।
(b) झिल्ली, कार्बनिक अणुओं जैसे प्रोटीन और लिपिड से बनी होती है।
(c) कार्बनिक विलायक में घुलनशील अणु झिल्ली में से होकर आसानी से गुजर जाते है।
(d) पादपों में कोशिका झिल्ली में काइटिन शर्करा होती है।
उत्तर–(d)

25. कोशिका में लिपिड अणुओं को निम्न के द्वारा संश्लेषित किया जाता है– [NCERT Exemplar]
(a) चिकनी अंतर्द्रव्यी जालिका (b) रूक्ष अंतर्द्रव्यी जालिका
(c) गॉल्जी उपकरण (d) लवक **उत्तर–(a)**

26. नई कोशिका का निर्माण, पूर्व स्थित कोशिका से होने की बात किसने बताई? [NCERT Exemplar]
(a) हेकेल (b) विर्चो
(c) हुक (d) श्लाइडेन **उत्तर–(b)**

27. निम्न में से कौन सा कथन गलत है ? [बिहार दरोगा-2019] [Group-D, 17.08.2022 Shift-3]
(a) माइटोकॉन्ड्रिया में, ऑक्सीजन की सहायता से एसिटिक अम्ल का विघटन होता है ।
(b) श्वसन के प्रथम चरण में ग्लूकोज का विघटन होता है ।
(c) किण्वन की प्रक्रिया के लिए ऑक्सीजन आवश्यक नहीं है ।
(d) श्वसन के प्रथम चरण में पाइरुविक अम्ल का निर्माण होता है ।
उत्तर–(a)

28. In a cell, where does the process breakdown of glucose, a 6-carbon moleule, to pyruvate, a 3-carbon molecule take place ? [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]
(a) Chloroplast (b) Golgi apparatus
(c) Cytoplasm (d) Mitochondria
उत्तर–(c)

29. इनमें से किसका संबंध अंतर्द्रव्यी जालिका से नहीं है? [NCERT Exemplar]

(a) यह केंद्रक एवं कोशिकाद्रव्य के बीच प्रोटीन के लिए अभिगमन चैनल की तरह कार्य करता है।
(b) यह कोशिकाद्रव्य के विभिन्न क्षेत्रों के बीच पदार्थों को पहुँचाता है।
(c) यह ऊर्जा उत्पादन का स्थल हो सकती है।
(d) यह कोशिका की कुछ जैव-रासायनिक क्रियाओं का स्थल हो सकती है। उत्तर–(c)

30. प्रोकैरियोटिक (प्राक्केंद्रकी) कोशिका में दिखने वाला एकमात्र कोशिका अंगक है– [NCERT Exemplar]
(a) माइटोकॉन्ड्रिया (b) राइबोसोम
(c) लवक (d) लाइसोसोम उत्तर–(b)

31. परासरण की कुछ परिभाषाएँ नीचे दी गई है। इन्हें सावधानी से पढ़िए और सही परिभाषा चुनिए– [NCERT Exemplar]
(a) अर्द्धपारगम्य झिल्ली से होकर, जल के अणुओं का अधिक सांद्रता वाले क्षेत्र से निम्न सांद्रता वाले क्षेत्र की ओर जाना।
(b) विलायक अणुओं का अधिक सांद्रता से निम्न सांद्रता की ओर जाना।
(c) अर्द्धपारगम्य झिल्ली से होकर विलायक अणुओं का अधिक सांद्रता से निम्न सांद्रता वाले विलयन की ओर जाना।
(d) अर्द्धपारगम्य झिल्ली से होकर विलेय अणुओं का निम्न सांद्रता वाले विलयन से अधिक सांद्रता वाले विलयन की ओर जाना। उत्तर–(a)

32. पादप कोशिका में जीवद्रव्यकुंचन को इस तरह परिभाषित किया जाता है– [NCERT Exemplar]
(a) अल्पपरासारी माध्यम में प्रद्रव्य झिल्ली का टूटना (लयन)
(b) अल्पपरासारी माध्यम में कोशिकाद्रव्य का सिकुड़ना
(c) केंद्रकद्रव्य का सिकुड़ना
(d) इनमें से कोई नहीं उत्तर–(b)

33. मानवों के ऊत्तकों में ऑक्सीजन की कमी होने के कारण पायरूवेट अम्ल किस कोशिकांग के भीतर लैक्टिक अम्ल में बदल जाता है? [NCERT Exemplar]
(a) कोशिका द्रव्य (b) क्लोरोप्लास्ट
(c) माइटोकॉन्ड्रिया (d) गॉल्जी काय उत्तर–(a)

34. संकुचनशील प्रोटीन पाई जाती है– [NCERT Exemplar]
(a) अस्थियों में (b) रुधिर में
(c) पेशियों में (d) उपास्थि में उत्तर–(c)

35. गलत वाक्य चुनिए– [NCERT Exemplar]
(a) एककोशिकीय यूकैरियोटिक जीवों को प्रोटिस्टा जगत के अंतर्गत रखा गया है।
(b) व्हिटेकर द्वारा कोशिका संरचना, पोषण के स्रोत एवं प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए जीवों को पाँच जगत में वर्गीकृत किया गया है।
(c) मॉनेरा जगत एवं प्रोटिस्टा जगत दोनों स्वपोषी अथवा विषमपोषी हो सकते है।
(d) मॉनेरा जगत के जीवों में सुस्पष्ट केंद्रक होता है। उत्तर–(d)

36. किसी जीव के विशेषक पर किसका प्रभाव पड़ता है? [NCERT Exemplar]
(a) केवल पैतृक DNA का
(b) केवल मातृक DNA का
(c) मातृक और पैतृक दोनों के DNA का
(d) ना तो मातृक DNA का और ना ही पैतृक DNA का उत्तर–(c)

37. किसी कोशिका में मौजूद सबसे बड़ा कोशिकांग कौन सा है ? [RRB NTPC 2017]
(a) अन्त:प्रद्रव्ययी जलिका (b) नाभिक
(c) गॉल्जी काय (d) माइटोकॉन्ड्रिया उत्तर–(a)

38. निम्नलिखित में से किस कोशिकांग को कोशिका का प्रोटीन कारखाना कहा जाता है ? [बिहार दरोगा-2020] [RRB ALP/ Tech. 30-08-2018, Shift-2]
(a) हरितलवक (b) लाइसोसोम
(c) माइटोकाण्ड्रिया (d) राइबोसोम उत्तर–(d)

39. निम्नलिखित में से अर्द्धसूत्रण के लिए कौन-सा कथन सत्य नहीं है ? [RRB JE/Sr.Se Patna 2014]
(a) अर्द्धसूत्रण दो चरणों में होता है
(b) अर्द्धसूत्रण के परिणामस्वरूप, परिणामी कोशों में गुणसूत्रों की संख्या दो गुनी हो जाती है
(c) अर्द्धसूत्रण के दौरान, जनक कोशों के जीन परिणामी कोशों में मिश्रित हो जाते हैं
(d) जनन ग्रंथि (गोनॉड) में अर्द्धसूत्रण युग्मक के उत्पादन के लिए होता है उत्तर–(b)

40. किस कोशिकांग आर्गनेल को कोशिका का मास्टर कहा जाता है ? [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-2]
(a) एंडोप्लाज्मिक रेटिक्युलम (b) माइटोकॉन्ड्रिया
(c) न्यूक्लिओलस (d) नाभिक उत्तर–(d)

41. निम्नलिखित में से कौन-सा, एक कोशिका में अधिक मात्रा में पाये जाने वाला अणु है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) जल (b) कार्बोहाइड्रेट
(c) शैवा (d) प्रोटीन उत्तर–(a)

42. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ? [RRB JE 2015]
(a) प्रायः लघुत्तम स्वजीवी कोशिकाएँ हैं
(b) माइकोप्लाज्मा की कोशिकाभित्ति एमीनो-शर्करा की बनी होती है
(c) विषाणु सम एकल तंतु आर.एन.ए. अणु से बने होते हैं
(d) रिकेट्सिया में कोशिकाभित्ति नहीं होती उत्तर–(c)

43. शरीर में लगी चोट की मरम्मत के लिए किस प्रकार के सेल विभाजन का प्रयोग किया जाता है ? [SSC CGL-2021] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) केवल समसूत्रण
(b) केवल अर्द्धसूत्रीविभाजन
(c) माईटोसिस और मियोसिस दोनों
(d) न समसूत्रण और न ही अर्धसूत्रीविभाजन उत्तर–(a)

44. साधारण मानव में गुणसूत्र होते हैं– [RRB Group-D 2018]
(a) 36 (b) 46
(c) 56 (d) 26 उत्तर–(b)

45. जीवों में अत्यधिक विविधता का कारण है-[RRB JE 2019]
(a) अनुकूलन (b) सहभागिता
(c) उत्परिवर्तन (d) बहुगुणसूत्रता उत्तर–(c)

46. निम्न में से किसमें लिंग गुणसूत्र नहीं होते ? [RRB G-D 2014]
(a) बन्दर (b) चीता
(c) तितली (d) छिपकली उत्तर–(d)

47. जंतु कोशिका में निम्न में से क्या अनुपस्थित होता है ? [RRB JE/Sr.Se Bilaspur 2014]
(a) सेलुलोस की कोशिकाभित्ति (b) केंद्रक
(c) माइटोकॉन्ड्रिया (d) इनमें से कोई नहीं उत्तर–(a)

48. पौधों में पाया जाने वाला नीला, बैंगनी या लाल फ्लेवोनाइड वर्णक किसकी उपस्थिति के कारण होता है ? [RRB JE 2019]
(a) कैरोटीन (b) एंथोसाईनिन
(c) क्सेंथोफाइल्स (d) क्लोरोफिल उत्तर–(b)

49. प्लाज्मा झिल्ली बनी होती है– [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) प्रोटीन से (b) लिपिड से
(c) कार्बोहाइड्रेट से (d) दोनों (a) तथा (b) उत्तर–(d)

50. प्रक्रमित कोशिका मृत्यु (Programmed Cell Death) के कोशिकीय और आणविक नियंत्रण (Cellular and Molecular control) को कहते हैं– [SSC-JE-2020] [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) एपॉप्टॉसिस (b) काल प्रभावन
(c) अपह्रासन (d) ऊत्तकक्षय उत्तर–(a)

51. 'कोशिका' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) श्वान (b) अरस्तु (c) राबर्ट हुक (d) श्लाइडेन उत्तर–(c)

52. जीव द्रव्य के सूखे भाग में पाये जाने वाले सर्वाधिक तत्त्व कौन-से हैं ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) ऑक्सीजन (b) कार्बन
(c) प्रोटीन (d) कार्बोहाइड्रेट उत्तर–(c)

53. तारककाय की खोज किसने की थी? [RRB Group-D 2018]
(a) जॉर्ज गॉल्जी (b) बोवेरी
(c) इवानोबस्की (d) वाट्सन उत्तर–(b)

54. सर्वप्रथम जन्तु कोशिका में राइबोसोम को किसने देखा था ? [RRB JE 2019]
(a) अरस्तु (b) जार्ज गॉल्जी
(c) जी ई० पलैडे (d) राबर्ट उत्तर–(c)

55. Manager of Traffic Signal किसे कहते हैं ? [RRB JE 2015]
(a) माइटोकॉण्ड्रिया (b) राइबोसोम
(c) गॉल्जीकाय (d) तारककाय उत्तर–(c)

56. अन्तः प्रदव्ययी जालिका की खोज किसने की थी ? [Railway-JE-2016]
(a) रॉबर्ट (b) के. आर. पोर्टर
(c) जे. सी. बोस (d) जी. ई. पोलेड उत्तर–(b)

57 कोशिका का ऊर्जागृह कहे जाने वाले माइटोकॉण्ड्रिया नाम सर्वप्रथम किसने दिया ? [BPSC-2018] [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]
(a) कोलीकर (b) रॉबर्ट
(c) सी. बेण्डा (d) अल्टमैन उत्तर–(c)

58. समसूत्री विभाजन किसमें होता है ? [RRB Group-D 2018]
(a) यीस्ट (b) अमीबा
(c) प्रोटोजोआ (d) कायिक कोशिका उत्तर–(d)

59. 'कोशिका का रसोई घर' किसे कहा जाता है ? [RRB NTPC 2017]
(a) लिकोप्लास्ट (b) क्रोमोप्लास्ट
(c) रिक्तिका (d) क्लोरोप्लास्ट उत्तर–(d)

60. 'इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी' की खोज की– [बिहार दरोगा-2019] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) नॉल तथा रस्का ने (b) श्लाइडेन तथा श्वान ने
(c) फ्लेमिंग तथा ब्राउन ने (d) वाटसन तथा क्रिक ने उत्तर–(a)

61. यदि माइटोकॉण्ड्रिया काम करना बन्द कर दे तो कोशिका में कौन सा कार्य नहीं होगा ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) भोजन का अवकरण (b) भोजन का ऑक्सीकरण
(c) भोजन का पाचन (d) भोजन का अवशोषण उत्तर–(b)

62. फूलों और बीजों को विभिन्न प्रकार के आकर्षक रंग प्रदान करता है– [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) ल्यूकोप्लास्ट (b) क्रोमोप्लास्ट
(c) क्लोरोप्लास्ट (d) टोनोप्लास्ट उत्तर–(b)

63. निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिका अंगक मुख्य रूप से पाचक एंजाइमों के संग्रहाकार की तरह कार्य करती है ? [I.A.S (Pre)1997]
(a) डेस्मोसोम (b) राइबोसोम
(c) धानी (d) लाइसोसोम उत्तर–(d)

64. किस कोशिकांग को 'कोशिका की आत्महत्या की थैली' के रूप में जाना जाता है ? [Group-D 27.09.2022 Shift-2] [Group-D 13.09.2022 Shift-1]
(a) सेंट्रोसोम (b) लाइसोसोम
(c) माइटोकॉन्ड्रिया (d) केंद्रक उत्तर–(b)

65. निम्नलिखित में से कौन सा कोशिकीय घटक, अधिकांश प्राक्केंद्रकियों (prokaryotes) में मौजूद नहीं होता है ? [Group-D 02.09.2022 2nd Shift]
(a) कोशिका द्रव्य (b) केंद्रक झिल्ली
(c) कोशिका भित्ति (d) राइबोसोम उत्तर–(b)

66. एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में वंशागत होने वाला आनुवंशिक पदार्थ कौन सा है ? [Group-D 30.09.2022 1st Shift]
(a) डी.एन.ए. (DNA) (b) एंजाइम
(c) आर.एन.ए. (RNA) (d) प्रोटीन उत्तर–(a)

67. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? [Group-D 09.09.2022 2nd Shift]
(a) प्रत्येक प्रोटीन के लिए एक विशिष्ट जीन होता है।
(b) प्रत्येक हार्मोन के लिए एक विशिष्ट प्रोटीन होता है।
(c) प्रत्येक हार्मोन के लिए एक विशिष्ट गुणसूत्र होता है।
(d) प्रत्येक प्रोटीन के लिए एक विशिष्ट RNA होता है।
उत्तर–(a)

68. प्राक्केंद्रकी कोशिका (prokaryotic cell) की कुछ विशेषताओं का उल्लेख नीचे किया गया है। दिए गए विकल्पों में से गलत विकल्प का चयन कीजिए। [SSC CGL-2021] [Group-D 05.09.2022 1st Shift]
(a) अत्यधिक छोटा आकार
(b) झिल्ली-बद्ध कोशिकांगों की मौजूदगी
(c) इसका नाभिकीय क्षेत्र केंद्रकाभ कहलाता है
(d) एकल गुणसूत्र उत्तर–(b)

69. जीनों के कुछ लक्षणों का उल्लेख नीचे किया गया है। कौन सा विकल्प जीनों के गलत लक्षण को दर्शाता है ? [Group-D 18.08.2022 3rd Shift]
(a) इनमें कोई परिवर्तन नहीं होता है
(b) ये प्रोटीन का उत्पादन करके लक्षणों को नियंत्रित करते हैं
(c) ये DNA के खंड हैं
(d) प्रत्येक जनन कोशिका में एक जीन सेट होता है उत्तर–(a)

70. पादप कोशिकाओं में मौजूद .... की मात्रा, संचलन को सुगम बनाने के लिए कोशिकाओं की संरचना में परिवर्तन कर देती है। [Group-D 22.08.2022 2nd Shift]
(a) विद्युत-रासायनिक स्पंदों (b) जल
(c) प्रोटीन (d) हार्मोन उत्तर–(b)

71. श्लाइडेन (Schleiden) और श्वसन (Schwann) द्वारा दिया गया कोशिका सिद्धांत निम्नलिखित में से किन जीवों पर लागू नहीं होता है ? [Group-D 22.08.2022 2nd Shift]
(a) शैवालों पर (b) जंतुओं पर
(c) कवकों पर (d) विषाणुओं पर उत्तर–(d)

72. ADP को ATP अणुओं में भंडारित और स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में, निम्नलिखित में से कौन सा खनिज महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ? [Group-D, 02.09.2022 Shift-3]
(a) फॉस्फोरस (b) आयरन
(c) सोडियम (d) कैल्शियम **उत्तर–(a)**

73. अपशिष्ट उत्पादों को पादप कोशिका के अंदर कहाँ संचित किया जाता है ? [Group-D, 15.09.2022 Shift-3]
(a) गॉल्जीकाय में (b) रसधानियों में
(c) माइटोकॉन्ड्रिया में (d) लाइसोसोम में **उत्तर–(b)**

74. माइटोकॉन्ड्रिया को 'विलक्षण (weird)' कोशिकांग क्यों माना जाता है ? [Group-D 24.08.2022, Ist Shift]
(a) क्योंकि यह कोशिकीय सामग्री का भंडार है ।
(b) क्योंकि यह सूक्ष्मजीवों को पचा सकता है ।
(c) क्योंकि यह कोशिका का ऊर्जा घर (पॉवर हाउस) है ।
(d) क्योंकि इसमें राइबोसोम और DNA होते हैं । **उत्तर–(d)**

75. उस प्रक्रिया का नाम बताइए, जिसके द्वारा कोशिका झिल्ली के आर-पार गैसीय विनिमय होता है। [SSC CGL-2021] [Group-D 19/09/2022, 3rd Shift]
(a) अवशोषण (b) परासरण
(c) विसरण (d) अंत: कोशिकता **उत्तर–(c)**

76. निम्नलिखित में से कौन से कोशिकांग केवल पादपों में पाए जाते हैं? [Group-D 19/09/2022, 3rd Shift]
(a) माइटोकॉन्ड्रिया (b) लाइसोसोम
(c) लवक (d) रसधानी **उत्तर–(c)**

77. निम्नांकित आकृति में दिखाई गई पादप कोशिका में हम अपशिष्ट उत्पाद कहाँ पा सकते हैं ? [बिहार दरोगा-2019] [Group-D, 17.09.2022 Shift-1]



(a) तीर 1 द्वारा दिखाए गए क्षेत्र में
(b) तीर 2 द्वारा दिखाए गए क्षेत्र में
(c) तीर 3 द्वारा दिखाए गए क्षेत्र में
(d) तीर 4 द्वारा दिखाए गए क्षेत्र में **उत्तर–(d)**

78. कशेरुकियों की यकृत कोशिकाओं में SER द्वारा कौन-सा महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है ? [BPSC-2018] [Group-D, 17.08.2022 Shift-1]
(a) प्रोटीन का संश्लेषण
(b) औषधियों और विषों का निराविषीकरण
(c) लिपिड का संश्लेषण
(d) जटिल शर्कराओं का संश्लेषण **उत्तर–(b)**

79. चयनित पारगम्य झिल्लियां वे झिल्लियां हैं जो इनमें से किसको प्रवेश की अनुमति देती हैं ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [Group-D 23.8.2022 1st Shift]
(a) विलायक और विलेय दोनों अणुओं
(b) केवल विलायक अणुओं, परंतु विलेय अणुओं को नहीं
(c) न तो विलायक और न ही विलेय अणुओं
(d) केवल विलेय अणुओं, परंतु विलायक अणुओं को नहीं
उत्तर–(b)

80. Which of the following cellular components is absent in most of the prokaryotes ? [Group-D 02.09.2022 2nd Shift]
(a) Ribosome (b) Cytoplasm
(c) Cell wall (d) Nuclear membrane
उत्तर–(d)

81. माइटोकॉन्ड्रिया में ऑक्सीजन की मदद से पाइरूवेट के विघटन के दौरान कार्बन के कितने अणु बनते हैं? [Group-D 14/09/2022, 2nd Shift]
(a) तीन (b) पांच
(c) दो (d) छह **उत्तर–(a)**

82. .... आनुवंशिक सामग्री के वाहक हैं। [RRB ALP/ Tech. 20-08-2018, Shift-1]
(a) युग्मक (b) जीन
(c) आनुवंशिकी (d) जर्म कोशिका **उत्तर–(b)**

83. ऊर्जा उत्पादन के दौरान ग्लूकोज का पायरूवेट में विघटन कहाँ होता है ? [Railway-JE-2016] [RRB ALP/ Tech. 30-08-2018, Shift-3]
(a) कोशिकाद्रव्य (b) माइटोकाण्ड्रिया
(c) केन्द्रक (d) एन्डोप्लास्मिक रेटिकुलम
उत्तर–(a)

84. डी.एन.ए. का एक खंड जो एक प्रोटीन की जानकारी प्रदान करता है उसे .... कहा जाता है। [RRB ALP/ Tech. 31-08-2018, Shift-1]
(a) केंद्रक (b) लयनकाय
(c) जीन (d) गुणसूत्र **उत्तर–(c)**

85. एक अविभाजित कोशिका में DNA .... के भाग के रूप में मौजूद रहता है। [Group-D 26.08.2022, Ist Shift]
(a) गुणसूत्र (b) केंद्रकद्रव्य
(c) जीन (d) क्रोमैटिन पदार्थ **उत्तर–(d)**

86. कोशिका के केंद्रक के अतिरिक्त, निम्न में से किन दो कोशिकांगों के अपने DNA और राइबोसोम होते हैं? [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]
(a) लवक और माइटोकॉन्ड्रिया
(b) लवक और गॉल्जीकाय
(c) माइटोकॉन्ड्रिया और लाइसोसोम
(d) माइटोकॉन्ड्रिया और गॉल्जीकाय **उत्तर–(a)**

87. आपने जल में रियो की पत्ती (Rhoeo leaf) की एक अस्थाई स्लाइड तैयार की है । जब आप स्लाइड पर चीनी का प्रबल विलयन डालते हैं, तो उसमें क्या परिवर्तन दिखाई देगा ? [Group-D, 29.08.2022 Shift-3]
(a) कुछ कोशिकाएं जल का अवशोषण करेंगी; और अन्य कोशिकाएं जल का उत्सर्जन करेंगी
(b) कोशिकाएं जल का उत्सर्जन करेंगी, जिसकी वजह से कोशिका के अंदर मौजूद सामग्री सिकुड़कर कोशिका भित्ति से दूर हो जाएगी ।
(c) पत्ती की कोशिकाएं जल का अवशोषण करेंगी और फूल जाएगी ।
(d) कोई बदलाव नहीं दिखाई देगा **उत्तर–(b)**

88. निम्नलिखित में से कौन सा जानवरों में मौजूद नहीं है, जबकि पौधों में यह है, [RRB JE/Sr. Se Guwahati 2014]
(a) सेलुलोज (b) प्रोटीन्स
(c) वसा (d) स्टार्च **उत्तर–(d)**

❑❑❑

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

कोशिका विभाजन (Cell Division)

➤ **कोशिका विभाजनः**

- जिस प्रक्रिया से नए कोशिका का निर्माण होता है। कोशिका विभाजन कहलाता है।
- कोशिका विभाजन को सर्वप्रथम 1865 ई० में विरचाऊ ने देखा था।
- कोशिका विभाजन तीन प्रकार के होता है।

असूत्री विभाजन	समसुत्री विभाजन	अर्द्धसुत्री विभाजन
● यह विभाजन समान्यतः अविकसीत (प्रोकैरियोटिक) जीव में होता है।	समसुत्री विभाजन की खोज वाल्टर फ्लेमिंग ने 1879 ई. में की।	अर्द्धसुत्री विभाजन का खोज 1905 ई० फार्मर एवं मूरे ने किया था।
● यह विभाजन जीवाणु, प्रोटोजोआ विषाणु आदि में होता है।	यह विभाजन कायिक कोशिका में होता है।	इस विभाजन में केन्द्रक एवं कोशिका द्रव में दो बार विभाजन के परिणाम स्वरूप आधी गुणसुत्री वाली चार पुत्री कोशिका का निर्माण होता है।
● इस प्रक्रिया में एक मातृकोशीका में केन्द्रक या कोशिका द्रव्य में संकुचन के परिणाम स्वरूप दो पुत्री कोशिका का निर्माण होता है।	इस प्रक्रिया में एक मातृ कोशिका से दो समान गुणसुत्र वाला पुत्री कोशिका का निर्माण होता है।	यह विभाजन केवल लिंगी जनन (Sexual Reproduction) करने वाले जीव में होता है।
		इस विभाजन से केवल जनन कोशिका का निर्माण होता है।

❖ समसूत्री विभाजन को दो भागों में बाँटा गया है–

(A) केन्द्रक विभाजन (Karyokinesis)

केन्द्रक विभाजन की प्रक्रिया पाँच अवस्थाओं में पूर्ण होती है–

(i) **अंतरावस्था या विरामावस्था (Interphase) :** यह अवस्था विभाजन के पूर्व की अवस्था है, यह अत्यधिक क्रियाशील अवस्था है।

➤ **इस अवस्था को निम्न भागों में बाँटा गया है–**

❖ **G1-phase (Post mitotic gap phase) :** इस अवस्था में RNA एवं protein का निर्माण होता है।

❖ **S-Phase :** DNA का संश्लेषण होता है जिसे फलस्वरूप यह मात्रा में दोगुना हो जाता है।

❖ **G2-phase (pre-mitotic gap phase) :** DNA का संश्लेषण रूक जाता है, किन्तु RNA एवं प्रोटीन का संश्लेषण होता है, Interphase में क्रोमैटिन जाल अकुंडलित एवं पतला होता है, सेन्ट्रोसोम विभाजित हो जाता है।

(ii) **प्रोफेज (Prophase) :**



❖ कोशिका के वास्तविक विभाजन की शुरूआत प्रोफेज से होती है, इसमें क्रोमैटिन जाल छोटे एवं मोटे होकर गुणसूत्र बनाते हैं, क्रोमोसोम (Chromosome) दो अर्द्ध भागों में बँट जाता है, दोनों भाग एक बिन्दु से जुड़े होते हैं, इस बिन्दु को सेन्ट्रोमेयर (Centromere) कहते हैं, पूरी रचना **Chromatid** कहलाती है।

❖ इस अवस्था के अंत में केन्द्रक झिल्ली तथा केन्द्रिका गायब हो जाती है और तुर्कधागे का निर्माण शुरू हो जाता है।

(iii) **मध्यावस्था (Metaphase) :**



❖ इस अवस्था में तुर्कधागे (spindle fibres) का निर्माण हो जाता है, इस पर क्रोमोसोम अपने सेन्ट्रोमेयर द्वारा धागे के बीच में आकर जुड़ जाता है, इस विभाजन में 2 से 10 minute का समय लगता है।

(iv) एनाफेज (Anaphase) :



❖ यह अवस्था सबसे छोटी अवस्था है, विभाजन 2 से 3 मिनटों में समाप्त हो जाता है।
❖ इस अवस्था में सेन्ट्रोमेयर दो भागों में विभाजित हो जाता है।
❖ प्रत्येक गुणसूत्र में दोनों क्रोमैटिड सेन्ट्रोसोम (Chromatid centrosome) के विभाजन के कारण अलग हो जाते हैं।
❖ गुणसूत्र अब दोनों ध्रुवों की ओर चला जाता है।

(v) टेलोफेज (Telophase) :



यह अवस्था प्रोफेज की उल्टी है।
❖ इसमें केन्द्रक एवं केन्द्रिका स्पष्ट हो जाते हैं।
❖ क्रोमोसोम (Chromosome) पतले हो जाते हैं।
❖ इस प्रकार एक केन्द्रक से दो केन्द्रक का निर्माण हो जाता है।
❖ Spindle Fibre नष्ट हो जाते हैं।

(B) Cytokinasis

❖ केन्द्रक के विभाजन के बाद संकुचन द्वारा कोशिका का विभाजन हो जाता है।
❖ इस प्रकार एक मातृ कोशिका से दो पुत्रीकोशिका का निर्माण होता है।
❖ पौधे में Cytokinasis की क्रिया cell plate द्वारा होती है।
➤ **समसुत्री विभाजन का महत्व :** जीवों में वृद्धि एवं विकास होता है। इस विभाजन के द्वारा शरीर की मरम्मत होती है तथा घाव भरता है।
➤ **मिओसिस प्रथम में गुणसूत्रों का ह्रास होता है। इस विभाजन की प्रमुख निम्नलिखित प्रावस्थाएँ होती है–**

A. मियोसिस-I (Meiosis I)

- प्रोफेज-I (Prophase I)
- मेटाफेज-I (Metaphase I)
- ऐनाफेज-I (Anaphase I)
- टेलोफेज-I (Telophase I)



➤ **प्रोफेज-I (Prophase-I)** को निम्न उप-अवस्थाओं में बाँटा गया है–
➤ **लिप्टोटीन (Leptotene) :** इस अवस्था में क्रोमैटिन (chromatin) जाल कुण्डलित एवं लम्बे होते हैं।
❖ क्रोमोसोम धागे के रूप में दिखाई देता है।
❖ इसमें क्रोमैटिड्स विभाजित नहीं होता है।
➤ **जाइगोटिन (Zygotene) :** इस अवस्था में समजात गुणसूत्र (homologous chromosome) जोड़े में व्यवस्थित होते हैं जिन्हें bivalent कहते हैं।
➤ **पैकीटीन (Pachytene) :** इसमें गुणसूत्र छोटे और मोटे हो जाते हैं।
❖ प्रत्येक समजात गुणसूत्र के क्रोमैटिड अलग-अलग दिखायी देते हैं, उन्हें चतुष्टक कहते हैं।
❖ इस अवस्था में क्रॉसिंग ओवर (Crossing Over) की घटना होती है।
❖ इस घटना के कारण जीनों का विनिमय होता है।
➤ **डिप्लोटिन (Deplotene) :** समजात गुणसूत्रों के बीच प्रतिकर्षण उत्पन्न होता है, जिसके फलस्वरूप ये अलग अलग होने लगते हैं, किन्तु कुछ बिन्दुओं पर आपस में जुड़े होते हैं।
❖ इस बिंदु को काइज्मा कहते हैं। इस बिंदु पर क्रोमैटिड के खण्डों के बीच अदला-बदली होती है, इस प्रक्रिया को क्रॉसिंग ओवर कहते हैं।
❖ क्रॉसिंग ओवर के कारण ही संतान माता-पिता से कुछ भिन्न होते हैं।
➤ **डायकाइनेसिस (Diakinesis) :** इस अस्वथा मे समजात गुणसूत्र अलग-अलग हो जाते हैं, केन्द्रक तथा केन्द्रिका गायब हो जाते हैं।
❖ तर्कु तंतु (spindle fibres) का निर्माण शुरू हो जाता है।

Note: सहचर कोशिकाओं में परिपक्वता के समय केंद्रक का लोप नही होता है। **[NCERT Exemplar]**

➤ **मेटाफेज-I (Metaphase-I) :** तर्कु धागे का निर्माण पूर्ण हो जाता है।
❖ द्विसंयोजक तर्कु तंतु (Bivalent spindle fibres) मध्य में सेन्ट्रोमेयर द्वारा जुड़ जाता है।
➤ **ऐनाफेज-I (Anaphase-I) :** प्रत्येक Bivalent में एक गुणसूत्र एक ध्रुव की ओर तथा दूसरा गुणसूत्र दूसरे ध्रुव की ओर खिंच जाता है।
❖ इसमें सेन्ट्रोमेयर का विभाजन नहीं हो पाता है।
❖ इस प्रकार कुल गुणसूत्र में आधा गुणसूत्र एक ध्रुव की ओर तथा आधा गुणसूत्र दूसरे ध्रुव की ओर चला जाता है।

➤ **टेलोफेज-I (Telophase-I) :** दोनों ध्रुवों की ओर केन्द्रक झिल्ली (Nuclear membrane) का निर्माण हो जाता है।

❖ इस प्रकार एक मातृकेन्द्रक से दो पुत्रीकेन्द्रक का निर्माण हो जाता है।

➤ **मियोसिस-II (Meiosis-II) :** केन्द्रक के विभाजन के साथ-साथ कोशिका द्रव्य का भी विभाजन हो जाता है।

❖ इस प्रकार दो पुत्रीकोशिकाओं का निर्माण हो जाता है।

❖ इसके बाद इन दोनों कोशिकाओं में पुन: विभाजन शुरू हो जाता है।

❖ इस विभाजन को मियोसिस II कहते हैं।

❖ यह विभाजन मिटोसिस जैसा ही होता है। इसमें निम्न अवस्थाएँ होती हैं–

- प्रोफेज-II (Prophase II)
- मेटाफेज-II (Metaphase II)
- ऐनाफेज-II (Anaphase II)
- टेलोफेज-II (Telophase II)

(i) प्रोफेज-II (Prophase-II) : केन्द्रक झिल्ली एवं केन्द्रिका गायब हो जाते हैं।

❖ क्रोमैटिड सिकुड़कर छोटे और मोटे होने लगते हैं।

❖ तर्कु धागे का निर्माण शुरू हो जाता है और एक-एक centriole दोनों ध्रुवों पर चला जाता है।

(ii) मेटाफेज-II (Metaphase-II) : तर्कुधागे (spindle fibres) का निर्माण पूर्ण हो जाता है।

❖ क्रोमोसोम सेन्ट्रोमेयर द्वारा spindle fibres के बीच में जुड़ जाता है।

(iii) एनाफेज-II : सेन्ट्रोमेयर का विभाजन हो जाता है, जिसके फलस्वरूप क्रोमोसोम के दोनों क्रोमेटिड एक दूसरे से अलग हो जाते हैं तथा दोनों ध्रुवों की ओर एक-एक चले जाते हैं।

❖ कोशिका में संकुचन शुरू हो जाता है।

(iv) टेलोफेज-II : दोनों ध्रुवों की ओर केन्द्रक झिल्ली (Nuclear membrane) का निर्माण हो जाता है।

❖ केन्द्रिका का निर्माण भी हो जाता है।

❖ केन्द्रक के विभाजन के बाद कोशिका द्रव्य (cytoplasm) भी विभाजित हो जाता है।

❖ इस प्रकार एक मातृकोशिका से चार पुत्रीकोशिकाओं का निर्माण हो जाता है।

❖ गुणसूत्रों की संख्या मातृकोशिका में उपस्थित क्रोमोसोम की संख्या की आधी होती है ।

➤ **समसूत्री और अर्द्धसूत्री विभाजन में अंतर (Difference between Mitosis and Meiosis)—**

समसूत्री (Mitosis)	अर्द्धसूत्री (Meiosis)
(i) यह विभाजन कायिक या दैहिक कोशिकाओं (Somatic cells) में होता है।	(i) यह जनन-कोशिकाओं (Germ cells) में होती है ।
(ii) इसके द्वारा दो कोशिकाएँ बनती है ।	(ii) इसके द्वारा चार कोशिकाओं का निर्माण होता है ।
(iii) प्रत्येक नयी कोशिकाओं में क्रोमोसोम्स की संख्याएँ समान रहती हैं ।	(iii) नयी कोशिकाओं में क्रोमोसोम्स की संख्याएँ आधी रह जाती है ।
(iv) पूर्वावस्था (Prophase) जल्द समाप्त होती है ।	(iv) पूर्वावस्था कई उप-अवस्थाओं में बँटे रहने के कारण देर से समाप्त होती है ।
(v) इसके द्वारा आनुवंशिक विभिन्नता नहीं होती है ।	(v) इसके द्वारा आनुवंशिक विभिन्ता होती है ।
(vi) केन्द्रक और कोशिकाद्रव्य एक बार विभाजित होते हैं ।	(iv) इसमें ये दोनों दो बार विभाजित होते हैं ।

➤ **परीक्षा दृष्टि**

❖ कोशिका विभाजन के समय **क्रोमोसोम** दिखाई देता है। **NCERT**

❖ समसूत्री विभाजन का खोज किसने किया था ? **–वाल्टर फ्लेमिंग ने**

❖ असूत्री विभाजन पाया जाता है ? **–प्रोकैरियोटिक कोशिका में**

❖ डी.एन.ए. तथा हिस्टोन प्रोटीन कोशिका-चक्र की किस अवस्था में बनते हैं ? **–S-अवस्था**

❖ कैंसर किस कारण से होता है ? **–सूत्री विभाजन को नियंत्रित करने वाली प्रक्रिया के बन्द होने पर**

❖ शरीर में घावों का भरना किस प्रकार के कोशिका विभाजन का परिणाम होता है ? **–समसूत्री विभाजन**

❖ जाइगोट में किस प्रकार का कोशिका विभाजन होता है ? **–अर्धसूत्री विभाजन**

❖ जीवों के संख्या में संतुलन का प्रमुख कारण है– **प्रजनन [NCERT Exemplar]**

❖ अर्धसूत्री विभाजन की खोज किसने कि था ? **–वीजमैन टेलोफेज-II**

❖ मिओसिस-II में किसका पृथक्करण होता है ? **–अर्धगुणसूत्रों का**

❖ विनिमय (Cross over) किस अवस्था में होता है ? **–पैकीटीन (Pachytene)**

❖ गुणसूत्रों की संख्या घटकर आधी किस अवस्था में रह जाती है ?

OBJECTIVE QUESTIONS

1. सूत्री विभाजन के चरण का नाम बताएँ, जिसके दौरान विभाजित सेल के गुणसूत्र मध्य रेखा पर स्थित होते हैं ? [I.A.S (Pre)1995]
(a) एनाफेज (b) टेलोफेज
(c) मेटाफेज (d) प्रोफेज उत्तर–(c)

2. शुक्राणु एवं अण्डाणु का निर्माण होता है– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) माइटोसिस द्वारा (b) मियोसिस द्वारा
(c) एमाइटोसिस द्वारा (d) सभी उत्तर–(b)

3. किस अवस्था में DNA का संश्लेषण होता है– [RRB JE 2015]
(a) G_1 Phase (b) G_2 phase
(c) S-phase (d) कोई नहीं उत्तर–(c)

4. कौन-सी अवस्था सबसे छोटी है ? [RRB NTPC 2017]
(a) प्रोफेज (b) मेटाफेज
(c) एनाफेज (d) टेलोफेज उत्तर–(c)

5. किस अवस्था में सेन्ट्रोसोम विभाजित होता है ? [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) प्रोफेज (b) मेटाफेज
(c) एनाफेज (d) टेलोफेज उत्तर–(c)

6. समसूत्री विभाजन के फलस्वरूप मातृकोशिका से कितनी पुत्रीकोशिका का निर्माण होता है ? [RRB Group-D 2018]
(a) 2 (b) 4
(c) 8 (d) 16 उत्तर–(a)

7. अर्द्धसूत्री विभाजन होता है– [BSSC Exam 2016
(a) कायिक कोशिकाओं में (b) जनन कोशिकाओं में
(c) दोनों में (d) कोई नहीं उत्तर–(b)

8. क्रोसिंग ओवर होता है– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) माइटोसिस में (b) मियोसिस में
(c) एमाइटोसिस में (d) कोई नहीं उत्तर–(b)

9. विभाजन की किस अवस्था में केन्द्रक झिल्ली गायब हो जाती है ? [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) मेटाफेज (b) एनाफेज
(c) प्रोफेज (d) टेलोफेज उत्तर–(c)

10. समसूत्री विभाजन में पुत्रीकोशिका में गुणसूत्रों की संख्या मातृकोशिका में उपस्थित गुणसूत्रों की संख्या की– [S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा-2015]
(a) बराबर होती है (b) आधी होती है
(c) दुगुनी होती है (d) सभी उत्तर–(a)

11. गुणसूत्र में क्रोमैटेडिस जिस बिंदु पर संलग्न होते हैं, उस बिंदु का नाम क्या है? [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
[RRB ALP/ Tech. 13-08-2018, Shift-3]
(a) जीन (b) गुणसूत्रबिंदु
(c) तारक काय (d) सेंट्रोमियर उत्तर–(d)

12. समसूत्री विभाजन (mitosis) के चरण का नाम बताएं, जिसके दौरान विभाजित सेल के गुणसूत्र मध्य रेखा पर स्थित होते हैं ? [RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-2]
(a) एनाफेज (b) टेलोफेज
(c) मेटाफेज (d) प्रोफेज उत्तर–(c)

13. निम्नलिखित में से अर्धसूत्रण के लिए कौन सा कथन सत्य नहीं है ? [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-3]
(a) अर्धसूत्रण दो चरणों में होता है।
(b) अर्धसूत्रण के परिणामस्वरूप, परिणामी कोशों में गुणसूत्रों की संख्या दो गुनी हो जाती है।
(c) अर्धसूत्रण के दौरान, जनक कोशों के जीन परिणामी कोशों में मिश्रित हो जाते हैं
(d) जनन ग्रंथि (गोनॅड) में अर्धसूत्रण युग्मक के उत्पादन के लिए होता है। उत्तर-(b)

14. एक नवजात बालिका की कोशिकाओं में गुणसूत्र का कौन सा संयोजन होता है ? [SSC CGL-2021]
[RRB ALP/ Tech. 30-08-2018, Shift-1]
(a) 44 गुणसूत्र + XX (b) 22 गुणसूत्र + XX
(c) 44 गुणसूत्र + XY (d) 22 गुणसूत्र + XY
उत्तर-(a)

15. निम्न में से कौन सा कथन सही है ? [SSC-JE-2020]
[RRB ALP/ Tech. 30-08-2018, Shift-2]
(a) मनुष्य में 46 गुणसूत्र होते हैं, जिसमें से 42 (21 जोड़ियाँ) आटोसम्स होते हैं और 4 (2 जोड़ियां) लैंगिक (sex) गुणसूत्र होते हैं
(b) डी.एन.ए. अणु दो सर्पिल सीढ़ियों की तरह एक दोहरी पेचदार संरचना (double helix) बनाने वाले दो लंबे पोलीन्यूक्लियोटाइड रेशाओं से बना है
(c) 'जेनेटिक्स' को जे.डी. वाट्सन ने 1906 में परिभाषित किया था
(d) मेंडल पहला वैज्ञानिक था जिसने 1886 में एक जीन को विरासत के रूप में देखा था उत्तर–(b)

❑❑❑

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

उत्तक (Tissue)

- ❖ सर्वप्रथम Tissue शब्द का प्रयोग फ्रांस के शल्य चिकित्सक Bichat (बाइचैट) ने किया जिसका विकास एक Latin शब्द Texer से हुआ है। Texer का अर्थ बुनना (Weave) होता है। उत्तक शब्द N. Grew ने दिया था।
- ❖ मेयर (Mayer) ने 1819 में 'हिस्टोलॉजी' (Histology) शब्द का नामकरण किया था।
- ❖ उत्तक के अध्ययन करने वाले विज्ञान को Histology कहते हैं।
- ❖ Histology से संबंधित अध्ययन की शुरूआत सर्वप्रथम इटली के वैज्ञानिक Marcello Malpighi ने की, इसलिए इन्हें Father of Histology कहा जाता है।

उत्तक (Tissue)

- ❖ समान कोशिकाओं का वह समूह जो किसी एक काम को करते हों उसे उत्तक (Tissue) कहा जाता है।
- ❖ जब कोशिकाएँ समूह में होती हैं, तो उसे उत्तक कहा जाता है।
- ❖ समूह में मौजूद कोशिकाओं के बीच जो स्थान होता है, उसे अर्न्तकोशिकीय स्थान (Intercellular Space) कहा जाता है।
- ❖ इस स्थान में विशेष प्रकार का द्रव भरा रहता है, जिसे अर्न्तकोशिकीय द्रव (Intercellular fluid) कहा जाता है, जिसे Common रूप में या सामूहिक रूप में Matrix कहते हैं।
- ❖ पौधा तथा जंतु की कोशिका लगभग समान होता है। परंतु पौधा तथा जंतु के उतक अलग-अलग होता है।
- ❖ ऊत्तक समान कोशिकाओं का समूह है। परंतु अंग में कोशिकाओं होता है–भिन्न-भिन्न [NCERT Exemplar]

➤ **उत्तक दो प्रकार के होते हैं :**

(A) पादप उत्तक (Plant Tissues)
(B) जन्तु उत्तक (Animal Tissues)

(A) पादप उत्तक (Plant Tissues) : यह दो प्रकार का होता है।

1. स्थायी उत्तक (Permanent Tissues)
2. विभाज्योतिकी उत्तक (Meristemetic Tissues)

1. स्थायी उत्तक (Permanent Tissues)

- ❖ विभाज्योतिकी उत्तक की कोशिका लगातार विभाजित होकर स्थाई उत्तक बनता है।
- ❖ इस प्रकार के उत्तक में कोशिकाएँ विभाजन नहीं करती है।
- ❖ यह दो प्रकार का होता है।
- ❖ स्थायी ऊतक विभाज्योतक का ही एक प्रकार होता है जो विभाजन की क्षमता को खो चुका होता है। NCERT

(a) सरल उत्तक (Simple Tissues) : इसका निर्माण एक ही प्रकार की कोशिकाओं द्वारा होता है। इसके अन्तर्गत तीन प्रकार के उत्तक आते हैं–



(i) मृदू उत्तक (Parenchyma) :

- ❖ एक ही प्रकार के उत्तक में कोशिकाएँ समव्यासी होती हैं।
- ❖ मृदूतक कोशिकाएँ अपेक्षाकृत अविशिष्टीकृत एवं पतली मिट्टी वाली होती है। [NCERT Exemplar]
- ❖ इस प्रकार के उत्तक में कोशिकाएँ स्पर्श करने वाले Cell Wall पर किसी भी यौगिक का जमाव नहीं होता है।
- ❖ पैरेनकाइमा उत्तक जीवित कोशिका का बना होता है।
- ❖ यह उत्तक जाइलम और फ्लोएम के निर्माण से भी भाग लेता है।
- ❖ इस उत्तक का प्रधान कार्य भोज्य पदार्थ का संग्रह (जमा) करके रखना है।
- ❖ जलीय पौधा का पेरेनकाइमा उत्तक वायुतक में बदल जाता है। वायुतक जलीय पौधा को तैरने में मदद करता है।
- ❖ यह उत्तक उत्सर्जित पदार्थ जैसे–गोंद, रेजिन, टेनिन आदि को भी संचित करता है।
- ❖ यह उत्तक भोजन के पार्श्व चालन में सहायक होता है।
- ❖ यह पौधों के भोजन संग्रह करने वाले भागों में (जड़ एवं तना) पाया जाता है। जैसे–आलू, मूली, शलजम

(ii) स्थूल कोण उत्तक (Collenchyma) : इस प्रकार के उत्तक में कोशिकाएँ लम्बी होती हैं।

- ❖ यह उत्तक केवल कमजोर पौधा में ही पाये जाते है। तथा पौधों को प्रत्यास्थता प्रदान करता है।
- ❖ बड़े वृक्षों में इस उत्तक का अभाव होता है।
- ❖ यह उत्तक पौधा के जड़ में अनुपस्थित होता है।
- ❖ सेल्युलोज के अधिकता के कारण इस कोशिका को कोशिकाभित्ति मोटी होती है।
- ❖ यह पौधों के आन्तरिक भाग की रक्षा करता है तथा पौधों को दृढ़ता एवं लचीलापन प्रदान करता है।

(iii) दृढ़कोण उत्तक (Sclerenchyma) : इस प्रकार के उत्तक में कोशिकाएँ लंबी तथा पतली होती है, जिसके किनारे नुकीले होते हैं।

- ❖ यह कोशिकाएँ दिखने में तंतु के समान होता है।
- ❖ कोशिकाओं को स्पर्श करने वाले Cell Wall पर Lignin का जमाव पाया जाता है जिससे वयस्क अवस्था (Adult stage) में यह कोशिका मृत हो जाती है।
- ❖ यह पौधों के विभिन्न अंगों की सुरक्षा का कार्य करता है।
- ❖ यह पत्तियों के Venis फलों के अवस्था तथा (भित्ती) बीज का आवरण का निर्माण करता है।
- ❖ यह बीज के कठोर कवच तथा Nuts में पाया जाता है।

Note:

पैरेनकाइमा	भोज्य पदार्थ का संग्रह
कोलेनकाइमा	लचीलापन/तनन सामर्थ
स्कलेनकाइमा	दृढ़ता (मुख्य रूप से) लचीलापन (आंशकी रूप से)

(b) जटिल उत्तक (Complex Tissue) : इसका निर्माण विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं के मिलने से होता है।

❖ यह दो प्रकार का होता है–



(i) जाइलम (Xylem) :

❖ इसे Wood भी कहते हैं ।
❖ सभी कोशिका कई इकाई के रूप में कार्य करता है।
❖ जाइलम उत्तक चार प्रकार के कोशिका (वाहिनीकाएँ, वाहिकाएँ जाइलम तंतु तथा जाइलम मृदुतक) का बना होता है।
❖ इस उत्तक का सर्वप्रमुख काम है। जल का संवहन करना इसके अलावा यह पौधों को यांत्रिक सहायता तथा भोजन संग्रह भी करता है।
❖ जाइलम उत्तक के जाइलम मृदुतक कोशिका ही जीवित रहता है। बाकी सभी मृत होती है।
❖ इसे चालन उत्तक भी कहते हैं।
❖ सभी कोशिका कई इकाई के रूप में कार्य करता है।
❖ जाइलम उत्तक चार प्रकार के कोशिका (वाहिनीकाएँ, वाहिकाएँ जाइलम तंतु तथा जाइलम मृदुतक) का बना होता है।
❖ इस उत्तक का सर्वप्रमुख काम है। जल का संवहन करना इसके अलावा यह पौधों को यांत्रिक सहायता तथा भोजन संग्रह भी करता है।
❖ जाइलम उत्तक के जाइलम मृदुतक कोशिका ही जीवित रहता है। बाकी सभी मृत होती है।
❖ इसे चालन उत्तक भी कहते है।

Note: जाइलम उत्तक का काम

वाहिकाएँ, जाइलम तंतु	पौधा का यांत्रिक सहायता देता है।
जाइलम मृदुतक	भोजन का संग्रह करता है।
वाहिनिकाएँ	जल तथा घुलित खनिज पदार्थो को जड़ से पत्ति तक पहुँचाना

❖ पौधा में अपसिस्थ का **संग्रह पुराने जाइलम** होता है। **NCERT**
❖ पादप सूचनाओं का संवहन, **वैद्युत रसायन के उपयोग द्वारा** करता है। **NCERT**
❖ पादप कोशिका का आकार एवं दिशा **जल द्वारा नियंत्रित** होता है। **NCERT**

(ii) फ्लोएम (Phloem) :

❖ इसका निर्माण विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं से होता है।
❖ यह भी नलिका के समान संरचना होती है, जो जीवित कोशिकाओं से बनी होती है।
❖ फ्लोएम उत्तक का बास्ट के नाम से भी जाना जाता है।
❖ फ्लोएम का निर्माण (चालनी नलिकाएँ सहकोशिकाएँ, फ्लोएम मृदु उत्तक, एवं फ्लोएम तन्तु) से होता है।
❖ फ्लोएम में फ्लोएम तंतु ही केवल मृत कोशिका है। बाकी सभी जीवित कोशिका है।
❖ इन्हें आधार तन्तु भी कहा जाता है।
❖ फ्लोएम तन्तु अलसी व पटसन जैसे-पौधो में रेशों का निर्माण करता है।
❖ **Sieve Tube** में केन्द्रक नहीं पाया जाता है।
Phloem के द्वारा पत्तियों में निर्मित भोज्य पदार्थ को पौधों के विभिन्न भागों तक पहुँचाया जाता है।

Note:

❖ जाइलम तथा फ्लोएम मिलकर संवहन बंडल का निर्माण करते है।
❖ यह उत्तक बड़े पौधों की एक विशेषता है जो पौधों को स्थलीय वातावरण में रहने के लिए अनुकूल बनाता है।
❖ पैरेन्काइमा भोजन का **संग्रह** करता है। **NCERT**
❖ **फ्लोएम** पादप में भोजन के अलावा अमीनों अम्ल का भी परिवहन करता है। **NCERT**
❖ वाष्पोत्सर्जन कर्षण, जाइलम में जल की गति **चुसक/प्रेरक बल द्वारा** होता है। **NCERT**

2. विभाज्योतिकी उत्तक (Meristemetic Tissue) :

❖ इस उत्तक में शामिल कोशिकाएं विभाजन करती हैं।
❖ जिससे पौधों के शरीर का आकार बढ़ता है।
❖ यह तीन प्रकार के होते हैं–



(a) शीर्षविभाज्योत्तक (Apical Meristemetic Tissue) :

❖ यह पौधे के शीर्ष भागों में पाया जाता है।
❖ इसके द्वारा पौधों की लम्बाई में वृद्धि होती है ।
❖ पौधा के लम्बाई का बढ़ना प्राथमिक वृद्धि कहलाता है।

(b) अर्न्तवेशीय विभाज्योत्तक (Intercalary Meristemetic Tissue) :

❖ यह पौधे के अर्न्तवेशियों पर पाया जाता है।
❖ इसके द्वारा पौधे की शाखाओं की लम्बाई में वृद्धि होती है।
❖ यह उत्तक शीघ्र ही स्थायी उत्तक में बदल जाता है।

(c) पार्श्व विभाज्योतिकी उत्तक (Lateral Meristemetic Tissue) :

- ❖ यह पौधों के जड़ तथा तना के किनारे में पाया जाता है।
- ❖ इसके द्वारा पौधों की तने की मोटाई या गोलाई में वृद्धि होती है।
- ❖ **एधा** (combium) तथा **कार्क एधा** (cork combium) पार्श्वीय विभज्या के उदाहरण है ।
- ❖ पौधा का मोटाई बढ़ना द्वितीयक वृद्धि कहलाता है।
- ❖ इस उत्तक को कैम्बियम भी कहते हैं।

Note:
❖ द्वितीयक वृद्धि द्वारा बने वार्षिक वलय से पौधा कि आयु का पता लगाया जाता है। **NCERT**
❖ कैम्बियम की कार्य विधि मौसम के अनुसार परिवर्तीत होती है। **NCERT**
❖ वसन्त ऋतु कैम्बियम में इसकी कार्य विधि तेज एवं शीत ऋतु में मंद हो जाती है। **NCERT**
❖ पौधा में द्रव के रूप में जल हानि बिंदु स्राव तथा जलवाष्प के रूप में जल की हानि वाष्पोत्सर्जन कहलाता है। **NCERT**
❖ ऐसा क्षेत्र जहाँ मौसम सालो भर समान रहता है। वहाँ के पौधा में वार्षिक वलय नहीं बनते है। जैसे: समुद्र के आस-पास उगने वाले पौधा। **NCERT**
❖ मरुस्थलीय पौधों के एपिडर्मीस में क्युटिल नामक रसायन पाया जाता है। जो पौधा में जल हानि को रोकता है। **NCERT**
❖ कॉर्क में सुबेरीन नामक रसायन के कारण सभी कोशिका मृत होता है। **NCERT**

परीक्षा दृष्टि

- ❖ ऊतकों का अध्ययन जीव विज्ञान की किस शाखा में किया जाता है । **–औतिकी (Histology)**
- ❖ Father of Histology किसे कहा जाता है ? **–मारसेलों मैल्पीधी को**
- ❖ पौधों के लबाई में वृद्धि किस उत्तक द्वारा होती है ? **–शीर्षस्थ विभाज्योतक (Apical Meristem)**
- ❖ कैम्बियम तथा कार्क कैम्बियम किस प्रकार के ऊतक के उदाहरण है ? **पार्श्वीय विभज्या के (Lateral Meristem)**
- ❖ द्वितीयक वृद्धि (Secondary growth) किसके विभाजन से होता है ? **–कैम्बियम तथा कार्क कैम्बियम के विभाजन से**
- ❖ चालनी नलिकायें (Sievetube) कहाँ पायी जाती हैं ? **–फ्लोएम में**
- ❖ पौधों में भोज्य पदार्थ किस ऊतक में एकत्र होते हैं? **–मृदूतक में (पैरनकाइमा)**
- ❖ संवहन बंडल का उद्गम होता है ।**–रम्भजन (Plerome) से**

(B) जन्तु उत्तक (Animal Tissue)

- ❖ जन्तुओं के शरीर का निर्माण 4 प्रकार के उत्तकों के द्वारा होता है जो निम्नलिखित है–
  1. उपकला उत्तक (Epithelial Tissue)
  2. संयोजी उत्तक (Connective Tissue)
  3. पेशी उत्तक (Muscular Tissue)
  4. तंत्रिका उत्तक (Nervous Tissue)

1. उपकला उत्तक (Epithelial Tissue)

- ❖ यह शरीर के खुली सतहों (Open Surface) को **सुरक्षा प्रदान करने** का कार्य करता है।
- ❖ यह शरीर के उन सभी जगहों पर पाया जाता है, जिसकी सतह खुली हो, तथा जिसे बाहरी पदार्थों द्वारा नुकसान पहुँच सकता है।
- ❖ त्वचा के बाहरी परत को **Epidermis** कहते हैं । जैसे–आहार नली (Food Pipe), त्वचा का बाहरी आवरण, श्वसन नली, वायुकोष (Air sacs) ग्रंथियाँ (Glands), अंडवाहिनी (Fallopian Tube), वृक्क नलिका (Kidney Tubules) etc...
- ❖ स्तंभाकार उपकला कोशिका के द्वारा आंत पचे हुए भोजन को अवशोषित करता है। **[NCERT Exemplar]**

2. संयोजी उत्तक (Connective Tissue)

- ❖ संयोजी उत्तक शरीर के विभिन्न भागों को जोड़ने का कार्य करता है।
- ❖ Histamine स्रावक कोशिकाएँ संयोजी उत्तक में पायी जाती है ।
- ❖ यह उत्तक शरीर में सबसे अधिक मात्रा में पाया जाता है।
- ❖ इस उत्तक के Matrix में लसिका (Lymph) तथा तंतु (Fibre) पाए जाते हैं।
- ❖ Connective Tissue चार प्रकार के होते हैं–
- ❖ यह उत्तक रक्तवाहिनीयों तथा तंत्रिका के चारों तरफ घेरा बनाता है।
- ❖ एरियोलर उत्तक त्वचा एवं मांसपेशी या दो मांसपेशी या दो हड्डी को आपस में जोड़ता है।
- ❖ एरियोलर उत्तक दो प्रकार का होता है।



(i) कण्डरा (Tendon) :

- ❖ इसका निर्माण श्वेत तंतु **(White Fibre)** के द्वारा होता है, जो **Collagen Protein** से निर्मित होते हैं।
- ❖ यह मांसपेशी को हड्डी से या दुसरी मांसपेशी से जोड़ता है।
- ❖ यह अधिक मजबुत एवं आंशिक (कम) लचीला होता है।

(ii) स्नायु (Ligament) :

- ❖ इसका निर्माण पीला तंतु **(Yellow Fibre)** के द्वारा होता है, जो **Elastin Protein** से निर्मित होते हैं।
- ❖ Ligament एक प्रत्यास्थ (Elastic) तथा लचीली (Flexible) संरचना होती है।
- ❖ Ligament के द्वारा **हड्डियाँ हड्डियों** से जुड़ी रहती है।
- ❖ यह एक रेशेदार संयोजी उत्तक है।
- ❖ यह हड्डियों को हड्डियों से जोड़ता है।
- ❖ यह पीले रंग का होता है।

Note: एरियोला उत्तकों की मरम्मत तथा अंगों में खाली स्थान को भरने में सहायता करता है। **[NCERT Exemplar]**

- ❖ यह एरियोलर उत्तक में पाई जाने वाला कोशिका है।
- ❖ इस कोशिका से निम्न पदार्थ का निर्माण होता है।

हिस्टामिन (प्रोटीन)	रुधिर वाहिका को फैलाता है।
हिपैरीन (काबोहाइड्रेट)	शरीर के अंदर रक्त को जमने से रोकता है।
सिरोटीनीन (प्रोटीन)	रुधिर वाहिनी में सिकुड़न लाता है।

(b) कंकाल संयोजी ऊत्तक (Skeletal Connective Tissue) :

- ❖ हड्डियों का निर्माण एक विशेष प्रकार की कोशिका द्वारा होता है जिसे **Oestiocyte** कहा जाता है।
- ❖ Skeletal Tissue (Bone) के बाहर एक आवरण पाया जाता है जिसे **Periosteum** कहा जाता है।
- ❖ हड्डी एक छिद्रनुमा Structure है।
- ❖ छिद्रों के द्वारा रक्त वाहिनी (Blood Vessels) तथा तंत्रिका Nerves हड्डी के अन्दर प्रवेश करते है, जिससे तंत्रिका आवेग (Nerve Impulse) तथा रक्त का बहाव होता है।
- ❖ हड्डियों का निर्माण एक विशेष प्रकार के Protein द्वारा होता है जिसे **Eosin Protein** कहा जाता है।
- ❖ हड्डियों का निर्माण कैल्शियम फॉस्फेट नामक यौगिक से होता है, इसलिए हड्डियों को कैल्शियम तथा फॉस्फोरस के जमा होने वाले अंग के रूप में माना जाता है।
- ❖ हड्डियों के द्वारा शरीर के महत्तवपूर्ण अंगों को सुरक्षा प्रदान की जाती है। जैसे–हृदय, फेफड़ा, मस्तिष्क इत्यादि ...
- ❖ हड्डियों के बीच में एक छिद्रनुमा संरचना/नलीनुमा संरचना पायी जाती है, जिसे **Haversian Canal** कहते हैं।
- ❖ हड्डियों के बीच मौजूद छिद्र में कुछ विशेष प्रकार के उत्तक पाए जाते हैं, जिसे **Bone Marrow** (अस्थिमज्जा) कहा जाता है।
- ❖ Bone Marrow दो प्रकार के होते हैं–

(i) पीला अस्थिमज्जा (Yellow Bone Marrow) :

- ❖ यह लम्बी हड्डियों के बीच मौजूद छिद्र में पाया जाता है।
- ❖ इसके द्वारा WBC का निर्माण किया जाता है।
- ❖ Yellow Bone Marrow नवजात शिशुओं में बहुत कम पाया जाता है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ-साथ Yellow Bone Marrow की मात्रा बढ़ती जाती है।

(ii) लाल अस्थिमज्जा (Red Bone Marrow) :



- ❖ यह बचपन में लम्बी हड्डियों के बीच पाया जाता है।
- ❖ लेकिन उम्र बढ़ने पर लम्बी हड्डियों के किनारों में पाया जाता है।
- ❖ इसके द्वारा **RBC** तथा **Platelets** का निर्माण किया जाता है।
- ❖ गर्भावस्था में बच्चों का RBC का निर्माण Liver (यकृत) में होता है।

उपास्थि (Cartilage)

- ❖ इसका निर्माण एक विशेष प्रकार की कोशिका द्वारा होता है, जिसे **Chondrocyte** कहा जाता है।
- ❖ उपास्थि के बाहर एक आवरण (Cover) पाया जाता है जिसे **Perichondrium** कहते है।
- ❖ Cartilage का निर्माण एक विशेष प्रकार के प्रोटीन के द्वारा होता है जिसे **Chondrin Protein** कहा जाता है।
- ❖ उपास्थि में छिद्र नहीं पाया जाता है जिसके कारण रक्त तथा तंत्रिका (Nervs) का प्रसार नहीं पाया जाता है।
- ❖ रक्त वाहिनी (Blood Vessels) तथा तंत्रिका (Nerves) के नहीं होने के कारण इसे काटने पर रक्त का स्त्राव तथा दर्द का एहसास नहीं होता है। जैसे–नाक का अग्र भाग, कान का बाहरी भाग, हवा की नली

Note: संपूर्ण रूप से उपास्थि से बना कंकाल शार्क का होता है। **[NCERT Exemplar]**

(c) वसीय उत्तक (Adipose Tissue) :

- ❖ इसका निर्माण शरीर को **ऊष्मा** प्रदान करने के लिए होता है।
- ❖ वसा की बूँदों के आकार के आधार पर Adipose Tissue दो प्रकार के होते हैं–

(i) White Adipose Tissue :

- ❖ इसमें वसा की बूँदे बड़ी होती हैं।
- ❖ यह त्वचा के नीचे, Yellow Bone Marrow तथा महत्त्वपूर्ण अंगों के चारों तरफ पाया जाता है।

(ii) Brown Adipose Tissue :

- ❖ इसमें वसा की बूँदे छोटी होती है।
- ❖ इस Adipose Tissue में **Mitochondria** अत्यधिक संख्या में पाए जाने के कारण अत्यधिक ऊर्जा का निर्माण करती है, जिससे शरीर गर्म रहता है।
- ❖ Brown Adipose Tissue बच्चों में अधिक मात्रा में पाया जाता है इसलिए बच्चों को ठण्ड का एहसास कम होता है।

(d) तरल संयोजी उत्तक (Fluid Connective Tissue) :

- ❖ यह द्रव अवस्था में पाया जाता है क्योंकि इसमें Matrix की मात्रा अधिक पाई जाती है।
- ❖ इसके Matrix को **Plasma** कहा जाता है।
- ❖ यह दो प्रकार का होता है–

(i) रक्त (Blood) :

- रक्त तरल संयोजी उत्तक है।
- रक्त के तरल भाग मैट्रिक्स को प्लाज्मा कहते है।
- प्लाज्मा अपशीष्ट का वहन करता है।
- रक्त पोषक तत्व, ह्यार्मोन, O_2 तथा CO_2 को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाता है।

❖ रक्त में तीन प्रकार कि कोशिका पाई जाती है। जो निम्नलिखित है।

RBC	रक्त का रंग लाल
WBC	शरीर को रोग-प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करना।
प्लेटलेट्स	रक्त कि थक्का बनने में सहायक तथा घाव भरने का कार्य भी करता है।

Note:
रुधिर वाहिका में रक्त जमने से रोकने के लिए सोडियम या पोटैशियम आक्जेलेट मिलाया जाता है।

(ii) लसीका (Lymph) :

- यह रक्त के समान परन्तु अल्प मात्रा में प्रोटीन एवं RBC के अनुपस्थिति के कारण सफेद होता है।
- इसमें WBC अधिक मात्रा में होता है।
- इसमें ऑक्सीजन एवं पोषक पदार्थ कम मात्रा में एवं CO_2 तथा उत्सर्जी पदार्थ अधिक मात्रा में होता है।
- यह पचीत वसा का परिवहन तथा रक्त में पुनः पोषक तत्व को मिलाने का काम करता है।

3. पेशी उत्तक (Muscular Tissue)

❖ इस उत्तक का निर्माण एक विशेष प्रकार की कोशिका से होता है, जिसे Myocyte कहा जाता है, इसलिए माँसपेशियों का अध्ययन Myology कहलाता है।

❖ इस उत्तक के द्वारा शरीर की सभी माँसपेशियाँ (639) निर्मित होते हैं।

❖ गुणों के आधार पर पेशी उत्तक 3 प्रकार के होते हैं–

(a) अरेखित/अनैच्छिक/चिकनी पेशी उत्तक (Unstriped or Involuntary or Smooth Muscular Tissue) :

❖ इस प्रकार के उत्तक में धारियाँ या रेखाएँ (Stripes or lines) नहीं पायी जाती है।

❖ यह उत्तक हमारे इच्छा के नियंत्रण में कार्य नहीं करता है।

❖ इस प्रकार के पेशी उत्तक का सतह चिकना (Smooth) होता है। जैसे–Food Pipe (आहार नली), Blood Vessels

(b) रेखित/ऐच्छिक/कंकालीय पेशी उत्तक (Striped/ Volountary/Skeletal Muscular Tissue) :

❖ इस प्रकार के पेशी उत्तक में रेखाएँ या धारियाँ पाई जाती है।

❖ यह उत्तक हमारी इच्छा के अनुसार कार्य करते हैं।

❖ इस प्रकार के पेशी उत्तक हड्डियों से जुड़े होते हैं। इससे माँसपेशी में थकान होती है।
जैसे–हाथ-पाँव की माँसपेशियाँ, चेहरे की माँसपेशियाँ।

(c) हृदय पेशी उत्तक (Cardiac Muscular Tissue) :

❖ यह उत्तक शाखाओं में विभाजित होते हैं।

❖ इस प्रकार के पेशी उत्तक में रैखिक तथा अरैखिक दोनों प्रकार की पेशियाँ पाई जाती है।

❖ यह हमारी इच्छा के नियंत्रण में नहीं होता है। जैसे–हृदय से संबंधित माँसपेशियाँ।

Note: पेशियों में संकुचनशील प्रोटीन पाई जाती है।

[NCERT Exemplar]

4. तंत्रिका उत्तक (Nervous Tissue)

❖ तंत्रिका उत्तक का निर्माण एक विशेष प्रकार की कोशिका द्वारा होता है, जिसे Neuron कहा जाता है।



❖ Neuron का मुख्य भाग **Cyton** कहलाता है, जिसमें केंद्रक पाया जाता है।

❖ Cyton में दानेदार संरचना पाई जाती है, जिसे Nissil Granules कहा जाता है जिसका रंग Grey होता है।

❖ Cyton का नीचे वाला भाग Axon कहलाता है जिसका रंग सफेद होता है।

❖ Cyton के चारों तरफ धागानुमा संरचना दिखाई देती है, जिसे Dendron कहा जाता है। Dendron जब शाखाओं में विभाजित हो जाता है, तब उसे Dendrites कहा जाता है।

❖ Dendron तथा Dendrites की मदद से Neuron सूचनाओं को ग्रहण करता है, इसलिए इसे Receptor कहा जाता है।

❖ Axon के ऊपर कोशिकाओं का आवरण होता है, जिसे Myelin Sheath कहा जाता है।

❖ दो Myeline Sheath के बीच कुछ खाली जगह होती है, उसे Node of Ranvier कहते हैं।
इस प्रकार की कोशिकाएँ उद्दीपन तथा चालकता में काफी विकसित होती हैं।

■ **परीक्षा दृष्टि:**

❖ कण्डरा गति में सहायक होता है।

❖ भुरी वसा में सामान्य वसा से अधिक ऊर्जा होता है।

❖ लसिका, हानिकारक जीवाणु, मृत कोशिका, अन्य हानिकारक पदार्थो का भक्षण करके उन्हें नष्ट करता है।

❖ संवहन उत्तक की प्लाज्मा कोशिकायें एंन्टिबॉडी स्त्रावीत करके शरीर को जीवाणुओं तथा अन्य बाहरी पदार्थो से रक्षा करते है।

❖ प्लाज्मा स्वयं निर्जीव होता है। परन्तु इसमें असंख्य जीवित कोशिका भ्रमण करती है।
❖ औतिकी (Histology) किसे कहते हैं? –ऊतकों (Tissues) के अध्ययन को
❖ ऐसी समान कोशिकाओं के समूह को, जो कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए विशिष्टीकृत होती, क्या कहते है? –ऊतक (Tissue)
❖ रुधिर एवं कोशिकाओं के बीच रासायनिक आदान-प्रदान किसके माध्यम से होता है। –ऊतक द्रव्य (Tissue Fluid) के माध्यम से
❖ ठोस आन्तरांगों-जिह्वा, किडनी, यकृत, तिल्ली आदि पर किस ऊतक का रक्षात्मक आवरण होता है। –इपीथिलयम का
❖ त्वचा की एपिडर्मिस भ्रूणीय परिवर्धन के किस जनन स्तर से विकसित होती है? –एक्टोडर्म से
❖ एपिथीलियम ऊतक भ्रणीय परिवर्धन के किस जनन स्तर से विकसित होता है? –तीनों प्राथमिक जनन स्तरों- एक्टोडर्म, मीसोडर्म एवं एण्डोडर्म से
❖ एण्डोथीलियम कैसी कोशिकाओं की बनी होती है? –शल्की (squamous)
❖ त्वचा पर चोट लगने के बाद इसका पुनरूद्भवन (regeneration) किसके द्वारा किया जाता है? –घनाकार उपकला (cuboidal ep.)
❖ अस्थि का मैट्रिक्स किस प्रोटीन का बना होता है? –ओसीन
❖ अस्थियों को कठोर बनाने वाले लवण मुख्यत: होते हैं। –कैल्शियम और मैग्नीशियम के फॉस्फेट्स
❖ कण्डरा Tendon किसकी बनी होती है? –केवल कोलैजन तन्तुओं की
❖ पैरों में मोच (sprain) किसके कारण होता है? –स्नायु (ligament) के टूटने के कारण
❖ किसके विलयन में रखने से अस्थि पर लगे पेशी तन्तु आदि घुल जाते हैं? –पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड के
❖ स्नायुओं (ligments) में होते हैं –पीले एवं श्वेत तन्तु
❖ कुछ अपशिष्ट पदार्थो को ऊतक द्रव्य से रूधिर में लाने का कार्य कौन करता है? –लसिका
❖ आंत में पचे हुए भोजन का अवशोषण विली द्वारा होता है, तथा यह कौन-सा उपकला कोशिका है– स्तंभाकार उपकला [NCERT Exemplar]
❖ चिकनी पेशियाँ एवं हृदय पेशियाँ उदाहरण है– अनैक्षिक पेशियाँ का [NCERT Exemplar]

OBJECTIVE QUESTIONS

1. मानव शरीर के निम्नलिखित में से किस भाग में स्वेद ग्रंथियाँ अनुपस्थित होती हैं? [NCERT Exemplar]
(a) खोपड़ी (b) कांख
(c) होंठ (d) हथेलियां उत्तर–(c)

2. निम्नलिखित में से बाह्य त्वचा (एपिडर्मिस) का कौन-सा कार्य नहीं है? [NCERT Exemplar]
(a) प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाव
(b) गैसीय विनिमय
(c) जल संवहन
(d) वाष्पोत्सर्जन उत्तर–(c)

3. फ्लोएम में पाए जाने वाले निर्जीव पदार्थ है– [NCERT Exemplar]
(a) सहचर कोशिकाएँ (b) फ्लोएम तंतु
(c) फ्लोएम मृदूतक (d) चालनी नलिकाएँ
उत्तर–(b)

4. एक कटी हुई टहनी को रंगीन पानी में रखा जाता है जैसा कि नीचे दिए गए चित्र में दिखाया गया है। कुछ घंटों के बाद, जब टहनी काट दी जाएगी, तो वह कैसी दिखेगी (रंगीन ऊतक कहां पाया जाता है)? [SSC-JE-2020] [Group-D, 07.10.2022 Shift-1]



(a) चित्र D की तरह (b) चित्र A की तरह
(c) चित्र C की तरह (d) चित्र B की तरह उत्तर–(b)

5. कौन-सी कोशिका में छिद्रिल कोशिकाभित्ति नहीं होती? [NCERT Exemplar]
(a) वाहिनिकाएँ (vessels) (b) सहचर कोशिकाएँ
(c) चालनी नलिकाएँ (d) वाहिकाएँ उत्तर–(a)

6. खेत में उगे गन्ने के पौधे के अग्र भाग को यदि काट कर हटा दिया जाए, तो भी यह पौधा लंबाई में बढ़ता रहता है। ऐसा निम्नलिखित में से किस कारण होता है? [NCERT Exemplar]
(a) एधा (कैंबियम) (b) शीर्षस्थ विभाज्योतक
(c) पार्श्वीय विभाज्योतक (d) अंतर्वेशी विभाज्योतक
उत्तर–(d)

7. अशुद्ध वाक्य को चुनिए– [NCERT Exemplar]
(a) रूधिर के आधात्री (मैट्रिक्स) में प्रोटीन, लवण एवं हार्मोन होते है
(b) दो अस्थियाँ, स्नायु की वजह से जुड़ी होती है
(c) कंडरा, रेशेहीन एवं कमजोर (फ्रेजाइल) ऊतक होते है
(d) उपास्थि संयोजी ऊतक का एक प्रकार है उत्तर–(c)

8. पुराने जाइलम (Old Xylem) में किस प्रकार के अपशिष्ट उत्पादों को संग्रहित किया जाता है? [BPSC-2018] [Group-D, 07.10.2022 Shift-1]
(a) रेजिन और गोंद (b) वृद्धि संवर्धन पदार्थ
(c) यूरिक अम्ल
(d) अमोनिया, यूरिया और अमीनो अम्ल उत्तर–(a)

9. तने की परिधि निम्नलिखित के कारण बढ़ती है– [NCERT Exemplar]
(a) शीर्षस्थ विभाज्योतक (b) पार्श्व विभाज्योतक
(c) अंतर्विष्ट विभाज्योतक (d) ऊर्ध्व विभाज्योतक उत्तर–(b)

10. मरुस्थलीय पादपो में, जल-ह्रास की दर में निम्नलिखित में से किसके कारण कमी आती है? [NCERT Exemplar]
(a) उपत्वचा (क्यूटिकल) (b) स्टोमेटा
(c) लिग्निन (d) सुबेरिन उत्तर–(a)

11. आंत्र पचे हुए भोजन को अवशोषित करती है। उपकला कोशिकाओं का कौन-सा प्रकार इसके लिए उत्तरदायी है? [NCERT Exemplar]

(a) स्तरित शल्की उपकला (b) स्तंभाकार उपकला
(c) तर्कु रेशे उपकला (d) घनाकार उपकला **उत्तर–(b)**

12. मानव शरीर में वसा निम्नलिखित में भंडारित होती है– [NCERT Exemplar]

(a) घनाकार उपकला
(b) वसा ऊतक (Adipose tissue)
(c) अस्थियाँ
(d) उपास्थि **उत्तर–(b)**

13. मृदूतक (Parenchyma tissue) पौधों में सामान्यतः पाया जाने वाला सरल स्थाई ऊतक है। कुछ पौधों में इसे हरित ऊतक (Chlorenchyma) और वायूतक (Aerenchyma) क्यों कहा जाता है ? [SSC-GD-2017] [Group-D, 14.09.2022 Shift-3]

(a) हरित ऊतक (Chlorenchyma)–यह पौधे को सहारा देता है वायूतक (Aerenchuma)–इनमें प्रकाश संश्लेषण के लिए (पत्तियों में) क्लोरोफिल पाया जाता है।
(b) हरित ऊतक (Chlorenchyma) – इनमें प्रकाश संश्लेषण के लिए (पत्तियों में) क्लोरोफिल पाया जाता है वायूतक (Aerenchyma) – इसमें वायु अवकाश (जलीय पौधों में) होते हैं, और ये तैरने में उनकी सहायता करते हैं
(c) हरित ऊतक (Chlorenchyma)–इनमें वायु अवकाश (जलीय पौधों में) होते हैं, और ये तैरने में उनकी सहायता करते हैं वायूतक (Aerenchyma)–इनमें प्रकाश संश्लेषण के लिए क्लोरोफिल पाया जाता है
(d) हरित ऊतक (Chlorenchyma)–इसमें वायु अवकाश (जलीय पौधों में) होते हैं, और ये तैरने में उनकी सहायता करते हैं वायूतक (Aerenchyma)–यह यांत्रिक सहायता प्रदान करता है। **उत्तर–(b)**

14. निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना ऊतकों की मरम्मत तथा अंगों में खाली स्थान को भरने में सहायता करती है? [NCERT Exemplar]

(a) कंडरा (b) वसा ऊतक
(c) गर्तिका (एरियोलर) (d) उपास्थि **उत्तर–(c)**

15. स्थलीय पर्यावरण में पादपों की उत्तरजीविता उनमें निम्नलिखित में से किसकी उपस्थिति के कारण संभव होती है? [NCERT Exemplar]

(a) अंतर्विष्ट विभाज्योतक (b) संवहन ऊतक
(c) शीर्षस्थ विभाज्योतक (d) मृदूतक **उत्तर–(b)**

16. एक लंबे वृक्ष में अनेक शाखाएँ होती है। इन सभी शाखाओं में जल के पार्श्वीय संवहन में सहायता करने वाले ऊतक है– [NCERT Exemplar]

(a) स्थूलकोणोतक (b) जाइलम मृदूतक
(c) मृदूतक (पैरेंकाइमा) (d) जाइलम वाहिकाएँ **उत्तर–(a)**

17. गलत वाक्य चुनिए– [NCERT Exemplar]

(a) मैट्रिक्स का स्वरूप ऊतकों के कार्यों के अनुसार भिन्न-भिन्न प्रकार का होता है।
(b) वसा का संग्रह त्वचा के नीचे एवं आंतरिक अंगों के मध्य में होता है।
(c) उपकला ऊतकों के मध्य अंतरकोशिकीय स्थान होते हैं।
(d) रेखित पेशियों की कोशिकाएँ बहुकेंद्रकीय एवं अशाखित होती है। **उत्तर–(c)**

18. निम्नलिखित में से कौन-सी कोशिकाएँ शरीर के उपास्थिमय ऊतकों में पाई जाती है? [NCERT Exemplar]

(a) मास्ट कोशिकाएँ (b) क्षारकरोगी (बेसोफिल)
(c) ऑस्टियोसाइट (d) उपास्थि अणु **उत्तर–(d)**

19. निम्नलिखित में कौन-सा पेशीय ऊतक है जो बिना थके जीवन भर लगातार कार्य करता रहता है? [NCERT Exemplar]

(a) कंकाल पेशी (b) हृद पेशी
(c) चिकनी पेशी (d) ऐच्छिक पेशी **उत्तर–(b)**

20. फ्लोएम में पाए जाने वाले निर्जीव पदार्थ है– [NCERT Exemplar]

(a) सहचर कोशिकाएँ (b) फ्लोएम तंतु
(c) फ्लोएम मृदूतक (d) चालनी नलिकाएँ **उत्तर–(b)**

21. किसी व्यक्ति की दुर्घटना में हाथ की दोनों बड़ी हड्डियाँ (अस्थियाँ) अपने स्थान से हट गईं। निम्नलिखित में से कौन-सा संभावित कारण हो सकता है? [NCERT Exemplar]

(a) कंडरा का टूटना (b) कंकाल पेशी का टूटना
(c) स्नायु का टूटना
(d) एरियोलर (गर्तिका) ऊतक का टूटना **उत्तर–(c)**

22. कौन-सा पेशी-युग्म अनैच्छिक पेशियों के रूप में कार्य करता है? [NCERT Exemplar]

(i) स्तरित पेशियाँ (ii) चिकनी पेशियाँ
(iii) हृद पेशियाँ (iv) कंकाल पेशियाँ
(a) (i) तथा (ii) (b) (ii) तथा (iii)
(c) (iii) तथा (iv) (d) (i) तथा (iv) **उत्तर–(b)**

23. पादपों में विभाज्योतक ऊतक– [NCERT Exemplar]

(a) स्थानीकृत एवं स्थायी होते हैं
(b) कुछ भागों तक वे सीमित नहीं होते हैं
(c) स्थानीकृत एवं विभाजनकारी कोशिकाओं के बने होते हैं
(d) परिमाण में बढ़ते रहते हैं **उत्तर–(c)**

24. तंत्रिका आवेग के संप्रेषण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है? [NCERT Exemplar]

(a) तंत्रिका-आवेग डेंड्राइट छोर से ऐक्सॉन छोर की तरफ जाता है
(b) डेंड्राइट छोर पर, विद्युत आवेगों के कारण, कुछ रसायनों का उत्सर्जन होता है जो कि दूसरे न्यूरॉन के डेंड्राइट में उसी प्रकार का विद्युत आवेग उत्पन्न कर देते हैं
(c) एक न्यूरॉन के ऐक्सॉन छोर से निकलने वाले रसायन सिनैप्स को लाँघ जाते हैं और दूसरे न्यूरॉन के डेंड्राइट में उसी प्रकार का विद्युत आवेग उत्पन्न कर देते हैं
(d) एक न्यूरॉन विद्युत आवेगों को न केवल दूसरे न्यूरॉन तक ही संप्रेषित करता है बल्कि पेशी और ग्रंथि-कोशिकाओं तक भी संप्रेषित करता है **उत्तर–(b)**

25. विद्युत आवेग के प्रवाह की सही दिशा कौन-सी है? [NCERT Exemplar]

(a) 

(b) 

(c) 

(d)

उत्तर–(c)

26. ऊतक क्या होता है? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-3]

(a) वे कोशिकाएँ जो मूल रूप से समान होती हैं, परन्तु दिखने और कार्य करने में भिन्न होती हैं
(b) वे कोशिकाएँ जो मूल रूप से भिन्न होती हैं, परन्तु दिखने और कार्य करने में समान होती है
(c) वे कोशिकाएँ जो मूल रूप से, दिखने में और कार्य करने में भिन्न होती हैं
(d) वे कोशिकाएँ जो मूल रूप से, दिखने में और कार्य करने में समान होती हैं

उत्तर–(d)

27. स्थायी ऊतकों के निर्माण के लिए एक स्थायी संरचना, आकार और क्रिया अपनाने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है ? [RRB ALP/ Tech. 10-08-2018, Shift-3]

(a) विभेदन (b) एकीकरण
(c) विरचन (d) खटीकरण उत्तर–(a)

28. निम्नलिखित में से किन ऊत्तकों में कोशिकाएँ जीवित होती हैं, एवं लम्बी और कोनों पर अनियमित रूप से स्थूल होती है ? [RRB ALP/ Tech. 13-08-2018, Shift-1]

(a) पैरेनकाइमा (b) स्क्लेरेनकाइमा
(c) एरेनकाइमा (d) कॉलेनकाइमा उत्तर–(d)

29. कौन सा स्थायी ऊतक एक पौधे को कठोर और मजबूत बनाता है ? [RRB ALP/ Tech. 17.08.2018, Shift-I]

(a) कोलेनकाइमा (b) स्क्लेरेनकाइमा
(c) पैरेनकाइमा (d) एरेनकाइमा उत्तर–(b)

30. निम्नलिखित में से किन स्थायी ऊतकों में कोशिकाएँ मृत होती हैं? [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-1]

(a) पैरेनकाइमा (b) कोलेनकाइमा
(c) स्क्लेरेनकाइमा (d) एरेनकाइमा उत्तर–(c)

31. .... ऊतक रक्त वाहिका के व्यास को बदल देता है। [RRB ALP/ Tech. 30-08-2018, Shift-1]

(a) हृदय (b) मांसपेशी
(c) उपकला (d) हड्डी उत्तर–(b)

32. रक्त और हड्डियाँ .... के उदाहरण हैं। [RRB JE 2019] [RRB ALP/ Tech. 2018] [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]

(a) संयोजी ऊत्तक (b) एपिथिलियल ऊत्तक
(c) मेरिस्टेमैटिक ऊत्तक (d) तंत्रिका ऊत्तक उत्तर–(a)

33. मुँह की परत .... से बनी होती है। [SSC-JE-2020] [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) घनाकार उपकला (क्यूबाईडल एपीथीलियम)
(b) स्यूडोस्ट्रेटिफाइड स्तंभाकार उपकला
(c) पपड़ीदार उपकला (स्कवेमाउस एपीथीलियम)
(d) स्तंभाकार उपकला (कोलामनर एपिथिलियम) उत्तर–(c)

34. हमारे शरीर में कई अंग हैं। निम्लिखित में से कौन सा अंग सबसे बड़ा है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) पेट (b) गुर्दे
(c) त्वचा (d) दिमाग उत्तर–(c)

35. त्वचा के नीचे और आंतरिक अंगों के बीच .... ऊत्तक बनता है। [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]

(a) तंत्रिका (b) वसा
(c) मांसल (d) एपिथिलियल उत्तर–(b)

36. उन कोशिकाओं के समूह को, जिनकी उत्पत्ति और संरचना समान होती और जो एक विशेष कार्य करने के लिए विशेषज्ञता प्राप्त होते हैं (उदाहरण के लिए, शरीर में मांसपेशियों की कोशिकाएँ, उन मांसपेशियों को बनाती है जो शरीर की गति से संबंधित हैं) को क्या कहा जाता है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) मांसपेशी (b) ऊत्तक
(c) फ्लोएम (d) रेशे उत्तर–(b)

37. निम्न में से कौन एक पशु ऊत्तक नहीं है ? [BPSC (Pre) 2018]

(a) पेशी ऊत्तक (b) दृढ़ उत्तक
(c) उपकला ऊत्तक (d) तंत्रिका ऊत्तक उत्तर–(b)

38. .... एक तरल संयोजी ऊत्तक है। [RRB G-D 2018]

(a) कॉलेनकाइमा (b) रक्त
(c) स्क्लेरेनकाइमा (d) पैरन्काइमा उत्तर–(b)

39. निम्नलिखित में से संयोजी ऊत्तक नहीं है ? [BPSC-2019] [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) तंत्रिका कोशिका (b) उपास्थि
(c) अस्थि (d) रक्त उत्तर–(a)

40. मनुष्यों में एक संयोजी ऊत्तक के उदाहरण को पहचानें— [RRB NTPC 2017] [RRB ALP/ Tech. 20-08-2018, Shift-2]

(a) मांसपेशियां (b) कोशिका
(c) हड्डी (d) रेशे उत्तर–(c)

41. स्क्वैमस एपिथेलियम ऊतक फेफड़ों के अल्वेली और जानवरों के अन्य हिस्सों में पाया जाता है जहां .... संकुचन और विश्राम होता है ? [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]

(a) अस्थाई (b) नहीं
(c) एक (d) नियमित उत्तर–(a)

42. किस प्रकार की कोशिका से त्वचा बनी है ? [RRB NTPC 2017]

(a) अधिचर्म कोशिका (b) मृदूतक
(c) स्थानीय ऊत्तक (d) संयोजी ऊत्तक उत्तर–(a)

43. जंतु कोशिकाओं में वृक्क को यांत्रिक समर्थन प्रदान करने के लिए,........ एपिथीलियम इसकी आंतरिक परत निर्मित करता है। [RRB Group-D 2018]
(a) आयतफलकी (क्यूबॉइडल) (b) ग्रंथिमय
(c) शल्की (d) स्तंभाकार उत्तर−(a)

44. हिस्टामिन-स्रावक कोशिकाएँ .... में पायी जाती है। [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) संयोजी ऊत्तकों (b) फेफड़ों
(c) तंत्रिका ऊत्तकों (d) पेशी ऊत्तकों उत्तर−(a)

45. पेशी ऊतक कितने प्रकार के होते हैं ? [I.A.S (Pre) 2008]
(a) 2 (b) 4
(c) 3 (d) 5 उत्तर−(c)

46. मानव शरीर की त्वचा का सबसे बाह्य परत कहलाती है ? [BSSC Exam 2017]
(a) स्क्लेरा (b) इंडोडर्मिस
(c) एपीडर्मिस (d) हाइपोडर्मिस उत्तर−(c)

47. निम्न में से कौन-सा हिस्सा मानव त्वचा का सबसे बाहरी हिस्सा होता है ? [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) एपिडर्मिस (b) डर्मिस
(c) हाइपोर्मिस (d) नर्व फाइबर उत्तर−(a)

48. अवकाशोत्तक (Areolar tissue), ... के बीच एक पूरक ऊत्तक (फिलर टिश्यू) का काम करता है। [SSC. C.P.O. परीक्षा-2004, 06]
(a) त्वचा और मांसपेशियाँ (b) त्वचा और हड्डियाँ
(c) रक्त और त्वचा (d) हड्डियों और मांसपेशियाँ
उत्तर−(a)

49. निम्न में लाल संवहनीय संयोजी ऊत्तक है− [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]
(a) प्लाज्मा (b) श्वेत रुधिर कणिकाएँ
(c) रुधिर (d) लाल रुधिर कणिकाएँ उत्तर−(c)

50. निम्नलिखित में से कौन-सा पौधों की बाह्य त्वचा का कार्य नहीं हैं ? [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) पौधों को संरक्षित रखना
(b) रोमों की सहायता से वायु की स्थिर रोधन परत तैयार करना
(c) वाष्पोत्सर्जन को नियंत्रित करना
(d) प्रकाश संश्लेषण करना उत्तर−(d)

51. .... ऊत्तक में, कोशिकाएँ जीवित, लंबी और कोनों पर अनियमित रूप से मोटी होती हैं— [RRB JE 2015]
(a) स्क्लेरेनकाइमा (b) एरेनकाइमा
(c) कोलेनकाइमा (d) पैरेनकाइमा उत्तर−(c)

52. ...... ऊत्तक संवहन पूल बनाते हैं। [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) जाइलम और स्थूलकोण ऊत्तक
(b) जाइलम और मृदुतक
(c) जाइलम और फ्लोएम
(d) जाइलम और दृढ़ ऊत्तक उत्तर−(c)

53. फ्लोएम .... के अतिरिक्त निम्नलिखित में से अन्य सभी से मिलकर बना है। [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) चालनी नलिकाएँ (b) फ्लोएम वाहिका
(c) सहकोशिका (d) फ्लोएम तंतु उत्तर−(b)

54. कौन-सा स्थायी ऊत्तक एक पौधे को कठोर और मजबूत बनाता है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) कोलेनकाइमा (b) स्क्लेरेनकाइमा
(c) पैरेनकाइमा (d) ऐरेनकाइमा उत्तर−(b)

55. निम्न में से कौन-सा विकल्प तने और जड़ों के शीर्ष पर पाया जाता है ? [SSC मैट्रिक स्तरीय परीक्षा-2008]
(a) शीर्ष विभज्योत्तक (b) पैरेन्काइमा
(c) स्क्लेरेनकाइमा (d) पार्श्व विभज्योत्तक उत्तर−(a)

56. सीव ट्यूब और सह कोशिकाएँ मुख्य रूप से .... के संचरण के लिए उत्तरदायी होती हैं। [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) पत्ते में पानी (b) मानव शरीर में भोजन
(c) पौधों में भोजन (d) पौधों में सूर्य के प्रकाश उत्तर−(c)

57. .... के जमाव के कारण दृढ़ ऊत्तक की कोशिका भित्तियाँ मोटी होती हैं। [RRB Group-D 2018]
(a) लिग्निन (b) क्यूटिकल (उपचर्म)
(c) पेक्टिन (d) सुबेरिन उत्तर−(a)

58. इनमें से कौन-सी कोशिकाएँ जड़ों से पौधों के अन्य भागों तक जल का परिचालन करती हैं ? [SSC-JE-2020] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) फ्लोएम (b) वाहिका
(c) चालन नलिका (d) जाइलम उत्तर−(d)

59. निम्नलिखित में से कौन से ऊतक का अन्तरकोशिकीय क्षेत्र बड़ा होता है ? [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) पैरेनकाइमा (b) कॉलेनकाइमा (collenchyma)
(d) जल एवं स्थल दोनों पर ही रह सकने वाले पशुओं को उत्तर–(d)

132. निम्न में कौन-सा गुण मनुष्य को अन्य सभी वानर गुणों से पृथक् करता है– [Chhattisgarh P.C.S (Pre) 2002]
(a) जानने की इच्छा प्रकट करना
(b) घ्राण शक्ति का अल्पविकसित होना
(c) विपरीत अंगूठे
(d) ठोढ़ी का बाहर निकलना उत्तर–(a)

133. निम्न प्रजातियों में से कौन-सी दाँत वाली व्हेलों में विशालतम है ? [RRB JE/Sr.Se Patna 2014]
(a) फिनबैक व्हेल (b) ब्लू व्हेल
(c) स्पर्म व्हेल (d) हम्पबैक व्हेल उत्तर–(c)

134. जलीय प्राणी, जैसे मछलियाँ, अपशिष्ट का उत्सर्जन इनमें से किस रूप में करती हैं ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [Group-D 30.09.2022 1st Shift]
(a) स्वेद लवण (b) यूरिया
(c) यूरिक अम्ल (d) अमोनिया उत्तर–(d)

135. निम्नलिखित में से कौन सा जीव-समूह पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक होता है ? [SSC CGL-2021] [Group-D, 17.08.2022 Shift-1]
(a) प्रोटोजोआ और लाइकेन (b) जीवाणु और कवक
(c) शैवाल और प्रोटोजोआ (d) शैवाल और लाइकेन उत्तर–(b)

136. अनॉक्सी श्वसन के दिए गए चरण को पूर्ण कीजिए।
[Group-D, 11.10.2022 Shift-1]
ग्लूकोज ($C_6H_{12}O_6$) →...........+ कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) + ऊर्जा (ATP)
(a) जल (b) लैक्टिक अम्ल
(c) पाइरूवेट (d) एथेनॉल (C_2H_5OH)
उत्तर–(d)

137. पहले चरण के आरंभ में, ऑक्सी और अनॉक्सी श्वसन के दौरान, उत्पनन उभयनिष्ठ उत्पाद निम्न में से कौन सा है ?
[Group-D, 23.08.2022 Shift-2]
(a) लैक्टिक अम्ल (b) जल
(c) एथेनॉल (d) पाइरूवेट **उत्तर–(d)**

138. मछलियों में रक्त परिसंचरण के संबंध में गलत कथन पहचानें।
[Group-D, 13.09.2022 Shift-1]
(a) क्लोमों (gills) से रक्त शरीर के बाकी हिस्सों में भेजा जाता है
(b) शरीर से रक्त अलिंद में प्रवेश करता है
(c) निलय से रक्त केवल क्लोमों (gills) में जाता है
(d) दो-कक्षीय हृदय में दोहरा परिसंचरण होता है **उत्तर–(d)**

139. मानव शरीर में पाइरूवेट का ऑक्सी विघटन (aerobic breakdown) कहाँ पर होता है ? [बिहार दरोगा-2019]
[Group-D, 26.08.2022, Shift-3]
(a) मांसपेशियों (b) कोशिका द्रव्य
(c) केंद्रक (d) माइटोकॉन्ड्रिया **उत्तर–(d)**

140. निम्न में से किस प्राणी में लिंग आनुवंशिक रूप से निर्धारित नहीं होता है ? [Group-D 18.09.2022 2nd Shift]
(a) सर्प (b) सामन (Salmon)
(c) घोंघा (d) शार्क (Shark) **उत्तर–(c)**

141. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यावरणीय कारक कुछ जंतुओं में विकासशील जीव के लिंग निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ? [Group-D 24.8.2022 2nd Shift]
(a) प्रकाश (b) वायु
(c) तापमान (d) आर्द्रता **उत्तर–(c)**

142. निम्न में से कौन सा प्राणी लिंग परिवर्तित कर सकता है, जो यह दर्शाता है कि लिंग आनुवंशिक रूप से निर्धारित नहीं होता है ? [Group-D, 18.09.2022 Shift-3]
(a) घोंघा (b) मेंढक
(c) मछली (d) सर्प **उत्तर–(a)**

143. इनमें से कौन सा, केंचुए का श्वसन अंग है ?
[Group-D, 18.09.2022 Shift-3]
(a) फेफड़े (वायुकोष) (b) क्लोम कोष्ठ
(c) श्वास रंध्र (d) त्वचा **उत्तर–(d)**

144. कुछ जंतुओं, जैसे - पौधे में जंतु अपना लिंग बदल सकते हैं। यह क्या व्यक्त करता है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
[Group-D 30.8.2022 2nd Shift]
(a) लिंग आनुवंशिक रूप से निर्धारित नहीं होता है।
(b) लिंग का निर्धारण तापमान द्वारा होता है।
(c) लिंग का निर्धारण जीनों द्वारा होता है।
(d) लिंग किसी भी पर्यावरणीय कारक द्वारा निर्धारित किया जा सकता है। **उत्तर–(a)**

145. इनमें से क्या अलैंगिक प्रजनन का उदाहरण नहीं है?
[Group-D 17/08/2022, 2nd Shift]
(a) द्विविभाजन (Binary Fission)
(b) विखंडन (Fragmentation)
(c) ग्राफ्टिंग (Grafting)
(d) मुकुलन (Budding) **उत्तर–(c)**

146. किस जीवाणु की उपस्थिति जल प्रदूषण का सूचक है?
[Group-D 17/08/2022, 2nd Shift]
(a) विब्रियो कोलरा
(b) माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्यूलोसिस
(c) ई. कोलाई कोलीफॉर्म
(d) साल्मोनेला टाइफी **उत्तर–(c)**

147. निम्नांकित चित्र अमीबा में पोषण को दर्शाता है। किस विकल्प में नामांकर्ता 'a' और 'b' को उनके कार्यों के साथ सुमेलित किया गया है ?
[Group-D, 12.09.2022 Shift-3]



Nucleus–केंद्रक
food particle – भोजन के कण
(a) (i) खाद्य रसधानी (भोजन का अंतग्रहण)
(ii) पादाभ (भोजन का अवशोषण)
(b) (i) पादाभ (भोजन का अंतर्ग्रहण)
(ii) खाद्य रसधानी (भोजन का पाचन)
(c) (i) पादाभ (भोजन का अंतर्ग्रहण)
(ii) खाद्य रसधानी (भोजन का बहि:क्षेपण)
(d) (i) खाद्य रसधानी (भोजन का अवशोषण)
(ii) खाद्य रसधानी (भोजन का पाचन) **उत्तर–(b)**

❑❑❑

Win2PDF®

This document was created with the Win2PDF "Print to PDF" printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

जैव प्रौद्योगिकी (Bio Technology)

❖ जीव विज्ञान से संबंधित जानकारी तथा तकनीक का प्रयोग करके जीवों तथा जीवों के उत्पाद का उपयोग मानव कल्याण तथा बाजारीकरण में किया जाता है।
इसके अन्तर्गत निम्नलिखित उत्पादों को शामिल किया जाता है-

1. प्रतिजैविक, औषधि (Antibiotic, Drugs)

❖ Antibiotics की खोज 1929 ई में **Alexander Flemming** ने की।

❖ फ्लेमिंग ने प्रयोगशाला में **Penicillium Notatum** नामक कवक (Fungi) से प्रथम प्रतिजैविक **Penicillin** का निर्माण किया।

❖ प्रतिजैविक वर्तमान में जीवाणुओं से बनाएँ जाते हैं जो जीवाणु से होने वाले रोगों से बचाव करते है।

❖ कुछ **Antibiotics** का प्रयोग **Viral disease** में किया जाता है।

❖ अलग-अलग समय में जीवाणुओं में प्रतिरोधी क्षमता विकसित होने के कारण Antibiotics की क्षमता में वृद्धि की गई।

❖ वर्तमान समय में 8000 से ज्यादा प्रतिजैविक बन चुके है ।

2. टीका (Vaccine)

❖ Vaccine की खोज **एडवर्ड जेनर** ने की ।

❖ एडवर्ड जेनर को टीकाकरण का पिता कहा जाता है ।

❖ **एडवर्ड जेनर** ने पहला टीका **चेचक** (Small pox) के लिए बनाया।

❖ Vaccine रोगाणुओं के कण होते हैं, जो सूक्ष्म मात्रा में चरणबद्ध तरीके से शरीर में प्रवेश कराया जाता है।

❖ शरीर में प्रवेश कराने से **WBC की कोशिका Lymphocytes** के द्वारा **Antibody** का निर्माण किया जाता है, जो बीमारी से जीवन भर सुरक्षा प्रदान करता है।

➤ **कुछ महत्त्वपूर्ण बीमारियों से संबंधित Vaccine :**

(i) **Polio** के लिए टीका का निर्माण **John Shalk** ने किया। (जॉन शॉल्क) **Polio** के लिए **Oral Vaccine** के रूप में दो बूँद दवा 1995 से पिलाई जाती है जिसकी खोज Sabin ने की।

(ii) **Rabies** के लिए टीके का निर्माण **लुइस पाश्चर** (Leuis Pasture) ने किया।

(iii) **B.C.G.** (Bacille Calmettee Guerin) यह Vaccine क्षय रोग (Tuberculosis) के लिए दिया जाता है ।

(iv) **D.P.T.** (Diptheria, Pertussis, Tetnaus)

❖ इसे **Tripple Antigen** भी कहा जाता है, क्योंकि यह तीन बीमारियों के लिए Vaccine का कार्य करता है।

❖ यह वेक्सीन डिफ्थीरिया (Diphtheria), पर्टुसिस या कुकर खाँसी (Pertusis या whooping cough) तथा टिटेनस (Tetanus) की रोकथाम हेतु है ।

❖ Tetnus को **Lock Jaw Disease** भी कहा जाता है।

❖ किसी व्यक्ति को लोहे से बनी वस्तुओं द्वारा कट जाने पर या काँच से कट जाने पर Tetnaus होने का खतरा बना रहता है, जिसके लिए **A.T.S.** (Anti Tetnaus Serum) का Injection दिया जाता है।

(v) **T.A.B** (Typhoid Anti Bacteria)

❖ यह टीका Typhoid के लिए दिया जाता है, जिसे Typhoid **Anti Bacteria** कहते हैं।

(vi) **Antivenom :** साँपों के विष के प्रभाव को कम करने के लिए Antivenom का प्रयोग किया जाता है।

❖ Antivenom साँप के विष से बनाया जाता है।

3. किण्वन (Fermentation)



❖ सूक्ष्म जीवाणुओं द्वारा **Zymase Enzyme** की मदद से कार्बनिक यौगिकों का अपघटित होना किण्वन कहलाता है।

❖ किण्वन (fermentation) के उपरान्त महत्वपूर्ण यौगिकों का निर्माण होता है।

❖ **Ethyl Alcohol** का निर्माण **Carbohydrate** के किण्वन के द्वारा होता है। जिसका उपयोग शराब के निर्माण में किया जाता है।

❖ Ethyl Alcohol को Petrol के साथ मिलाकर ईंधन के रूप में प्रयोग किया जाता है, इसलिए इसे **Power Alcohol** भी कहा जाता है ।

❖ **Methyl Alcohol** एक जहरीला पदार्थ है जिसके सेवन से मृत्यु हो जाने का खतरा बना रहता है।

❖ जहरीली शराब में **Methyl Alcohol** पाया जाता है।

❖ अस्पतालों में प्रयोग होने वाले स्प्रीट में 10% Methyl Alcohol मिलाया जाता है, इसलिए इसे **Methylated Sprit** कहते हैं।

❖ ठण्डे प्रदेशों में जहाँ तापमान 0° से नीचे रहता है, वहाँ के वाहनों में पेट्रोल को जमने से रोकने के लिए Methyl Alcohol मिलाया जाता है।

❖ Ethyl Alcohol के अत्यधिक सेवन से **'यकृत के Cancer'** होने का खतरा बना रहता है।

4. जैव ईंधन (Bio Fuel)

❖ वैसा ईंधन जो जीवों से प्राप्त किया जाता है, उसे जैव ईंधन कहा जाता है। जैसे-Bio Diesel, Bio Gas, Fossil Fuel (Coal, Petrolium)

(i) Bio Diesel :

- ❖ Fossil Fuel से प्राप्त diesel में C^{15} तथा Sulpher के यौगिक पाए जाते हैं।
- ❖ कुछ पौधों के बीज से प्राप्त तेल में C^{15} के यौगिक पाए जाते है, जिसे Esterification के द्वारा Diesel में परिवर्तित किया जाता हैं तब इस diesel को Bio Diesel कहते हैं। जैसे–Jatropha (रतनजोत), करंज, सोयाबीन इत्यादि ।

(ii) Bio Gas :

- ❖ जीवाणुओं द्वारा कार्बनिक यौगिकों के किण्वन से अपघटित होकर निम्नलिखित प्रकार के gas का निर्माण होता है–
(अमोनिया) NH_3, H_2S, SO_2, CO_2, NO & CH_4
इन सभी गैसों को सामूहिक रूप से Bio Gas कहा जाता है।
- ❖ Bio Gas में सर्वाधिक मात्रा में CH_4 पाया जाता है, जो एक अत्यधिक ज्वलनशील गैस है।
- ❖ मिथेन के कारण ही इसे घरेलू ईंधन के तौर पर प्रयोग किया जाता है।
- ❖ Bio Gas में Methane की मात्रा 70% होती है।

(iii) संपीडित प्राकृतिक गैस [C.N.G. (Compressed Natural Gas)] :

- ❖ यह Petrolium प्राप्त करने वाले स्थानों से प्राप्त किया जाता है।
- ❖ इसे सर्वोत्तम ईंधन माना जाता है, क्योंकि इसके इस्तेमाल से प्रदूषण बहुत कम फैलता है।
- ❖ C.N.G. में सर्वाधिक मात्रा में CH_4 गैस (Gas) पायी जाती है, जिसका प्रतिशत लगभग 85% होता है।
- ❖ प्रदूषित शहरों में व्यवसायिक वाहनों को C.N.G. से चलाया जाता है।
- ❖ C.N.G. वाहनों में भरने के लिए जगह-जगह Gas Station का निर्माण किया जाता है, और भारत में पहला C.N.G. Station तमिलनाडु के Nagpattam में स्थापित किया गया।

(iv) जैव उर्वरक (Bio Fertilizer) :

- ❖ रासायनिक उर्वरक के द्वारा फसलों के उत्पादन को बढ़ाया जाता है, लेकिन लम्बे समय में रासायनिक उर्वरक से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होने लगती है, साथ ही रासायनिक उर्वरक से फसलों के उत्पादन का भोज्य पदार्थ में उपयोग करने पर कई गंभीर बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं। इसी वजह से रासायनिक उर्वरक के विकल्प के रूप में जैव उर्वरक का प्रयोग किया जाता है।
- ❖ जैव उर्वरक के रूप में कुछ सूक्ष्म जीवों को उर्वरक के रूप में प्रयोग किया जाता है जो वायुमंडल के नाइट्रोजन को नाइट्रेट में परिवर्तित करते हैं जिसे पौधे अवशोषित करके प्रोटीन का निर्माण करते हैं जिससे पौधे की वृद्धि एवं विकास होता है।
Note: मिट्टी में उपलब्ध खनीज लवण अधिक आद्रता अर्थात A क्षितिज में होता है।
B क्षितिज में आद्रता कम होता है।
C क्षितिज में चट्टान में पाया जाता है।
- ❖ उर्वरक एक मानव निर्मित लवण है जबकि खाद एक **प्राकृतिक पदार्थ** है। **NCERT**
- ❖ जैव उर्वरक (organic fertilizer) के रूप में उपयोग होने वाले कुछ जीव–
Bacteria : Rhizobium, Clostridium, Azotobacter, Nitrosomonas etc.
शैवाल (Algae) : Azola, Nostoc, Anabena, Alfa-Alfa etc.

(v) जैविक खाद (Bio Manure) :

- ❖ इसके अन्तर्गत पेड़-पौधे, मृत पत्तियाँ तथा टहनियाँ, जानवरों के मल-मूत्र एवं गोबर, हड्डियाँ, सिंग (Horn) तथा रक्त को शामिल किया जाता है। ये सभी पदार्थ सड़ने के उपरान्त खाद में परिवर्तित हो जाते है जिसका उपयोग करने पर फसलों के उत्पादन में वृद्धि होती है।
- ❖ उर्वरक में कई खास पोषक तत्व होता है, जबकि खाद कई पोषक तत्वों का समूह होता है।
- ❖ खाद में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा **अधिक** होती है। **NCERT**
- ❖ खाद में अल्प मात्रा में **पोषक** होता है। **NCERT**
- ❖ खाद के उपयोग से मिट्टी में जल धारण करने की क्षमता में **वृद्धि** होता है। **NCERT**

1. Green Manure :

- ❖ इसका निर्माण हरी पत्तियों द्वारा किया जाता है।
- ❖ जिस पत्ती में नाइट्रोजन की मात्रा जितनी अधिक होती है, उसे हरी खाद के रूप में प्रयोग किया जाता है।
- ❖ **Jatropha** की पत्तियों में सर्वाधिक नाइट्रोजन पाया जाता है, इसलिए Green Manure के निर्माण में सर्वाधिक इसी पत्ती का प्रयोग होता है।

(vi) Green Blood :

- ❖ गेहूँ के छोटे पौधे को Green Blood कहा जाता है, क्योंकि इसका सेवन करने से शरीर में Haemoglobin की मात्रा में वृद्धि होती है।

(vii) जैव कीटनाशी (Bio Insectiside) :

- ❖ रासायनिक कीटनाशी (Aldrin, Metathione, Gamaxin, Thiamet, Endosulphan, DDT) का प्रयोग करने पर वातावरण में प्रदूषण फैलता है, क्योंकि ये अपघटित नहीं होते हैं।
- ❖ रासायनिक कीटनाशी से उत्पादित फसल का उपयोग करने पर शरीर में कई बीमारियाँ उत्पन्न होती है।
- ❖ इन्हीं दुष्प्रभावों को कम करने के लिए जैव कीटनाशी का प्रयोग किया जाता है।
- ❖ जैव कीटनाशी के रूप में **'नीम का तेल', 'नीम की खल्ली', Trichoderma** कवक तथा गैम्बुशिया मछली का प्रयोग किया जाता है।
- ❖ गैम्बुशिया मछली भोजन के रूप में मच्छर के अण्डे को खाती है इसलिए मलेरिया के उन्मूलन में गैम्बुशिया मछली का प्रयोग किया जाता है।

(viii) पराजीनी फसल [G.M. Crop (Genetically Modified Crop) or Transgenic Crop)] :

- ❖ जब किसी अच्छे गुण वाले बाहरी gene को फसलों में डालकर उत्तम नस्ल की फसल तैयार की जाती है, तो उसे **पराजीनी फसल** कहते हैं।
- ❖ विश्व में पहली पराजीनी फसल टमाटर को तैयार किया गया है ।
- ❖ बाहरी gene से फसलों में मनचाहे गुणों को विकसित किया जाता है जिससे फसल के उत्पादन तथा पोषक तत्वों में वृद्धि होती है। जैसे-B.t. Cotton, BT बैंगन, Golden Rice etc.
- ❖ पहला पराजीनी फसल टमाटर को बनाया गया था।
- ❖ अभी तक आलू, टमाटर, मक्का, चावल, गेहूँ इन सभी फसल का पराजीनी फसल तैयार किया जा चुका है।
- ❖ Golden Rice, Vitamin-A का प्रचुर स्त्रोत माना जाता है।
- ❖ भविष्य में वैज्ञानिक Vitamin, Antibiotics जैसे तत्वों के साथ फसलों को उत्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है।
- ❖ बीजों का बड़े पैमाने पर भण्डारण **साइलो** कहलाता है। **NCERT**
- ❖ फसल में कीट को कम करना/बचाव **धमक** कहलाता है। **NCERT**
- ❖ जीवाणु द्वारा **नाइट्रोजन-स्थिरीकरण** की क्रिया जल तथा O_2 की उपस्थिति में संभव नहीं है। **NCERT**

रेशम कीट पालन (Sericulture)

- ❖ इसके अन्तर्गत रेशम के कीट का पालन किया जाता है जिससे रेशम की प्राप्ति होती है।
- ❖ रेशम के कीट शहतूत के पौधे पर (Mulberry plant) अपना जीवन व्यतीत करता है।
- ❖ रेशम के कीट शहतूत की पत्तियों को खाकर अपना जीवन व्यतीत करते हैं, पत्तियों पर ही अण्डे देते हैं जो विकसित होकर एक नए कीट के रूप में जन्म लेते हैं।
- ❖ विकास के क्रम के दौरान प्यूपा (Pupa) के स्तर पर यह कीट अपने लार (Saliva) से चारों तरफ एक आवरण का निर्माण करता है जो रेशम प्राप्ति का स्त्रोत माना जाता है, अर्थात् रेशम के कीट रेशम का निर्माण pupa के stage में करते है।
- ❖ आवरण बन जाने के बाद यह संरचना Cocoon के रूप में किसान प्राप्त करते है जिससे रेशम का उत्पादन किया जाता है।
- ❖ रेशम रासायनिक रूप से Protein से निर्मित होते है।
- ❖ विश्व में सर्वाधिक रेशम का उत्पादन चीन में किया जाता है। जबकि भारत में सर्वाधिक उत्पादन कर्नाटक राज्य में होता है।
- ❖ झारखण्ड में चाईबासा रेशम के उत्पादन में पहला स्थान है ।
- ❖ बिहार में भागलपुर रेशम उत्पादन में प्रथम स्थान पर है ।

मधुमक्खी पालन (Apiculture)

- ❖ मधुमक्खी एक सामाजिक कीट है।
- ❖ सामाजिक कीट के अन्तर्गत चींटी, दीमक, इत्यादि को शामिल किया जाता है।
- ❖ सामाजिक कीट में एक-दूसरे से संवाद स्थापित करने के लिए chemical का प्रयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया को रासायनिक संवाद प्रणाली (chemical messaging system) कहा जाता है।
- ❖ संवाद स्थापित करने के लिए जिस chemical का प्रयोग होता है। उसे **pheromone** कहा जाता है।
- ❖ सामाजिक कीट में सभी सदस्यों के लिए अलग-अलग कार्य किया जाता है, अर्थात् सामाजिक कीट के अन्तर्गत श्रम विभाजन पाया जाता है।
- ❖ मधुमक्खी के एक समूह में निम्नलिखित 3 प्रकार की मधुमक्खियाँ होती है-

1. Queen -	1	- Female
2. Drone -	2-8	- Male
3. Workers-	हजारों में	- Sterile (नपुंसक)

- ❖ Queen अंडे देने का कार्य करती है जिसके पोषण के लिए भोजन उपलब्ध करने की जिम्मेदारी श्रमिकों की होती है।
- ❖ श्रमिक अपने आस-पास घूमकर फूलों की दूरी तथा दिशा की जानकारी प्राप्त करते हैं।
- ❖ जानकारी मिलने के बाद अपने समूह के अन्य सदस्यों को अलग-अलग तरीके से नाच कर फूलों की दूरी तथा दिशा सम्बंधित जानकारी देते है।
- ❖ मधुमक्खियों की भाषा Dance होती है।
- ❖ सर्वप्रथम **Von Frish** ने मधुमक्खियों के **Dance** से संबंधित जानकारी देने का कार्य किया, इन्हें **Noble prize** दिया गया।
- ❖ मधुमक्खियों से **Honey** (शहद) प्राप्त किया जाता है जिसमें कई प्रकार के पोषक तत्व मौजूद होते हैं।
- ❖ **Honey** में शर्करा के रूप में **Fructose** पाया जाता है जो स्वाद में सबसे मीठा होता है।
- ❖ मधुमक्खियों के छत्ते से **प्राकृतिक मोम** (Natural wax) प्राप्त होता है जो कई प्रकार के दवा के निर्माण में उपयोग किया जाता है।
- ❖ राष्ट्रीय मधुमक्खी अनुसंधान संस्थान पुणे में है ।

केंचुआ पालन (Vermiculture)

- ❖ इसके अन्तर्गत केंचुएँ (Earth Worm) का पालन किया जाता है।
- ❖ केंचुआ मिट्टी को भुरभुरी बनाता है जिससे O_2, N_2 तथा जल की मात्रा मिट्टी में बढ़ जाती है।
- ❖ केंचुआ भोजन के उपरान्त मल का त्याग करते हैं।
- ❖ केंचुएँ के मल में Urea, Phosphorous तथा Potash प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका प्रयोग खाद के रूप में खेतों में किया जाता है।
- ❖ केंचुएँ के मल से **Vermicompost** बनाया जाता है।
- ❖ केंचुएँ को किसानों का मित्र कहा जाता है।
- ❖ केंचुआ की सहायता से कम्पोस्ट तैयार करने की विधि कहलाती है– **कृमि खाद (Vermicomposition)** **[NCERT Exemplar]**
- ❖ रसोई कचरे का खाद में बदलने का सही क्रम है–
  - गढ्ढे के तल को रेत से ढ़क दे।
  - कचरे को गढ्ढे में डाले।
  - गढ्ढे को बोरियाँ घास से ढ़क दे और कड़ी डाले।

  [NCERT Exemplar]

Pearl Culture

- ❖ इसके अन्तर्गत सीप (Oyster) का पालन किया जाता है।
- ❖ **Oyster Mollusca** संघ का प्राणी है, जिसके अंदर मोती का निर्माण होता है।
- ❖ मोती रसायनिक रूप से कैल्शियम कार्बोनेट $CaCO_3$ का बना होता है।

OBJECTIVE QUESTIONS

1. जड़ों द्वारा अधिकतम अवशोषण के लिए मिट्टी में पानी और खनिजों की उपलब्धता होती है– [NCERT Exemplar]

(a) बी-क्षितिज (b) सी-क्षितिज
(c) ए-क्षितिज (d) मिट्टी की सतह **उत्तर–(c)**

2. निम्नलिखित में से कौन-सा/से अपशिष्ट जल उपचार के उत्पाद है/हैं? [NCERT Exemplar]

(a) बायोगैस (b) कीचड़
(c) बायोगैस और कीचड़ दोनों (d) जलवाहक **उत्तर–(c)**

3. घरों या सार्वजनिक भवनों से अपशिष्ट जल को उपचार संयंत्र तक ले जाने के लिए उपयोग किए जाने वाले पाइपों के नेटवर्क की प्रणाली को क्या कहा जाता है? [NCERT Exemplar]

(a) नाली (b) गंदी नाली की व्यवस्था
(c) परिवहन प्रणाली (d) उपचार संयंत्र **उत्तर–(b)**

4. निम्नलिखित में से कौन-सा अपशिष्ट जल का स्रोत नहीं है? [NCERT Exemplar]

(a) नाली (b) घर
(c) कारखाना (d) अस्पताल **उत्तर–(a)**

5. जैव खाद के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है? [NCERT Exemplar]

(a) यह मृदा की जलधारिता क्षमता को बढ़ा देती है ।
(b) इसमें सभी पादप पोषक संतुलित मात्रा में होते हैं ।
(c) यह मृदा को नमी प्रदान करती है ।
(d) इससे मृदा की बनावट बेहतर हो जाती है । **उत्तर–(b)**

6. जैवमंडल निचय के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ? [NCERT Exemplar]

(a) यह एक संरक्षित क्षेत्र होता है जहाँ केवल स्थानिक प्रजातियाँ ही पाई जाती हैं।
(b) यह केवल पौधों और प्राणियों के संरक्षण के लिए ही होता है।
(c) यह जैवविविधता और उस क्षेत्र की संस्कृति दोनों के ही संरक्षण के लिए होता है।
(d) इसकी सीमाओं के भीतर कोई अन्य संरक्षित क्षेत्र नहीं होते।

उत्तर−(c)

7. निम्नलिखित में से कौन-सी विदेशी नस्ल है? [NCERT Exemplar]

(i) ब्रॉन (ii) जर्सी
(iii) ब्राउन स्विस (iv) जर्सी स्विस
(a) (i) तथा (iii) (b) (ii) तथा (iii)
(c) (i) तथा (iv) (d) (ii) तथा (iv)

उत्तर−(b)

8. यीस्ट (खमीर) में किण्वन के दौरान, पाइरूवेट इनमें से किस उत्पाद में परिवर्तित हो जाता है ? [बिहार दरोगा-2019] [Group-D 05.09.2022 1st Shift]

(a) जल और कार्बन डाईऑक्साइड
(b) एथेनॉल और कार्बन डाईऑक्साइड
(c) लैक्टिक अम्ल और कार्बन डाईऑक्साइड
(d) ग्लूकोज और कार्बन डाईऑक्साइड उत्तर−(b)

9. अन्न-भंडारण के नियंत्रण और रोकथाम के लिए कौन-सा उपाय किया जाता है? [NCERT Exemplar]

(a) भंडारण कक्ष की भली-भाँति स्वच्छता
(b) उत्पाद को अच्छी तरह सुखाना
(c) धूमन
(d) उपरोक्त सभी उत्तर−(d)

10. पशुपालन में निम्नलिखित में से किसका वैज्ञानिक प्रबंधन किया जाता है? [NCERT Exemplar]

(i) पशु-प्रजनन (ii) पशुओं का संवर्धन
(iii) पशुधन (iv) पशुओं का पालन-पोषण
(a) (i), (ii) तथा (iii) (b) (ii), (iii) तथा (iv)
(c) (i), (ii) तथा (iv) (d) (i), (iii) तथा (iv)

उत्तर−(d)

11. पादप जड़ कोशिकाओं (root cells) को भी ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। इसलिए जड़ें .... से वायु ग्रहण करती हैं। [बिहार दरोगा-2020] [Group-D 26.09.2022, 3rd Shift]

(a) मृदा कणों के बीच वायु अवकाश
(b) कोशिका द्रव्य
(c) रंध्र
(d) जल उत्तर−(a)

12. निम्न में से किस प्रक्रिया में, पाइरूवेट, एथेनॉल और कार्बन डाईआक्साइड में परिवर्तित होता है ? [SSC-GD-2017] [Group-D, 18.09.2022 Shift-3]

(a) स्थानांतरण (b) किण्वन
(c) विसरण (d) वाष्पोत्सर्जन उत्तर−(b)

13. खाद के बारे में सही वाक्य चुनिए− [NCERT Exemplar]

(i) खाद में जैव पदार्थों की मात्रा अधिक होती है और पोषक पदार्थों की मात्रा कम होती है
(ii) यह रेतीली मृदा में जलधारण क्षमता को बढ़ाती है
(iii) यह चिकनी मृदा से अतिरिक्त जल को बाहर निकालने में सहायता करती है
(iv) इसका अत्यधिक उपयोग पर्यावरण को प्रदूषित करता है, क्योंकि यह जंतु के उत्सर्जित अपशिष्ट से बनी होती है
(a) (i) तथा (iii) (b) (i) तथा (ii)
(c) (ii) तथा (iii) (d) (iii) तथा (iv) उत्तर−(b)

14. मुर्गीपालन निम्नलिखित में से किसकी वृद्धि के लिए किया जाता है? [NCERT Exemplar]

(i) अंडा उत्पादन (ii) पंख उत्पादन
(iii) चिकन मांस (iv) दुग्ध उत्पादन
(a) (i) तथा (iii) (b) (i) तथा (ii)
(c) (ii) तथा (iii) (d) (iii) तथा (iv) उत्तर−(a)

15. पशुपालन निम्नलिखित उद्देश्यों में से किसके लिए किया जाता है? [NCERT Exemplar]

(i) दूध उत्पादन (ii) कृषि कार्य
(iii) मांस उत्पादन (iv) अंडा उत्पादन
(a) (i), (ii) तथा (iii) (b) (ii), (iii) तथा (iv)
(c) (iii) तथा (iv) (d) (i) तथा (iv) उत्तर−(a)

16. निम्नलिखित में से कौन-सी मछली जल की सतह से भोजन प्राप्त करती है? [NCERT Exemplar]

(a) रोहू (b) मृगल
(c) सामान्य कार्प (d) कतला उत्तर−(d)

17. मधुमक्खी की निम्नलिखित जातियों (स्पीशीजों) में से कौन-सी स्पीशीज इटली की है? [NCERT Exemplar]

(a) ऐपिस डॉर्सेटा (b) ऐपिस फ्लोरी
(c) ऐपिस सेरना इंडिका (d) ऐपिस मेलीफेरा उत्तर−(d)

18. खरपतवार फसलों को निम्नलिखित में से किस प्रकार प्रभावित करते है? [NCERT Exemplar]

(a) वृद्धि करने से पहले ही खेत में पादप को नष्ट करके
(b) पादप की वृद्धि को प्रभावित करके
(c) पादप के अन्य संसाधनों में प्रतियोगिता के कारण पोषक पदार्थ की उपलब्धता में कमी करके
(d) उपरोक्त सभी उत्तर−(c)

19. निम्नलिखित में से कौन-से पशु भारतीय है? [NCERT Exemplar]

(i) बॉस इन्डिकस (ii) बॉस डोमेस्टिका
(iii) बॉस बुबेलिस (iv) बॉस बुवल्गैरिस
(a) (i) तथा (iii) (b) (i) तथा (ii)
(c) (ii) तथा (iii) (d) (iii) तथा (iv) उत्तर−(a)

20. Polio के लिए टीका कब से देना शुरू हुआ है ? [RRB NTPC 2017]

(a) 1925 (b) 1950
(c) 1975 (d) 1995 उत्तर−(d)

21. B.C.G. का टीका किस रोग से बचाता है ? [RRB ALP/Tech. 2014]

(a) काली खांसी (b) क्षय रोग
(c) चेचक (d) Polio उत्तर−(b)

22. साँपों के विष के प्रभाव को कम करने के लिए दिया जाता है– [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) Ethyl Alcohol (b) T.A.B.
(c) Antivenom (d) All of these उत्तर–(c)

23. टीकाकरण का जनक किसे माना जाता है। [BPSC (Pre) 2018]
(a) लिनियस (b) मेंडल
(c) जेनर (d) फ्लेमिंग उत्तर–(c)

24. Bio-Disel तैयार किया जाता है। [RRB Group-D 2018]
(a) Jatropha (b) करंज
(c) सोयाबीन (d) All of these उत्तर–(d)

25. Bio-Gas में मिथेन की मात्रा– [Railway-JE-2016] [SSC (C.P.O) परीक्षा-2015]
(a) 50% (b) 70%
(c) 90% (d) 80% उत्तर–(b)

26. Green Blood किसे कहा जाता है ? [RRB JE 2015]
(a) गेहूँ के छोटे पौधे को (b) धान के छोटे पौधे को
(c) मक्का के छोटे पौधे को (d) All of these उत्तर–(a)

27. Golden Rice में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। [SSC स्नात्तक स्तरीय-2019]
(a) विटामिन-A (b) विटामिन-B
(c) विटामिन-C (d) विटामिन-D उत्तर–(a)

28. Sericulture का संबंध किससे है ? [SSC CGL-2021]
(a) मधुमक्खी पालन (b) रेशमकीट पालन
(c) मछली पालन (d) All of these उत्तर–(b)

29. D.P.T. का पूरा नाम क्या है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) Department Perunit Time
(b) Devolopment Power Tetanus
(c) Diptheria Pertussis Tetanus
(d) Diptheria Power Titnus उत्तर–(c)

30. D.P.T. किस रोग के विरूद्ध दिया जाता है। [I.A.S (Pre) 2003]
(a) क्षय रोग (b) Tumer
(c) काली खाँसी (d) None उत्तर–(c)

31. रेशम की प्राप्ती किस पौधे की पत्ती से होता है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) बाँस (b) रेशम
(c) शहतूत (d) None उत्तर–(c)

32. मधुमक्खी समाज में कितनी महिला होती है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) 1 (b) 2
(c) 8 (d) 1000 उत्तर–(a)

33. किसान का मित्र कहा जाता है– [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) मधुमक्खी (b) केंचुआ
(c) ट्रेक्टर (d) बीच उत्तर–(b)

34. मधुमक्खी की भाषा है। [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) गंध (b) नृत्य
(c) खेल (d) सभी उत्तर–(b)

35. कपास के कीट-रोधी पौधों आनुवंशिक इंजीनियरिंग द्वारा एक जीन को निविष्ट कर निर्मित किए गए हैं जो लिया गया है– [RRB JE 2019]
(a) विषाणु से (b) जीवाणु से
(c) कीट से (d) पौधे से उत्तर–(b)

36. सूक्ष्मजीव, जो बीटी कपास के उत्पादन से सम्बन्धित है, वह है, एक– [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) फफूँद (b) जीवाणु
(c) नील हरित शैवाल (d) विषाणु उत्तर–(b)

37. कथन (A) : 'गोल्डेन राइस' जैव प्रौद्योगिकी एक ऐसी उपलब्धि है जो उपभोक्ताओं के लिये भी उतनी ही लाभप्रद है जितनी कि किसानों के लिए।
कथन (R) : इस चावल का पीलापन बीटा कैरोटीन की अधिक मात्रा को प्रदर्शित करता है जो यौगिक शरीर में विटामिन ए से परिवर्तित होता है।
कूट : [66th B.P.S.C. (Pre) (Re-Exam) 2020]
(a) दोनों (A) तथा (R) दोनों सही है तथा (R), (A) का सही कारण है।
(b) दोनों (A) तथा (R) दोनों सही है परन्तु (R), (A) का सही कारण नहीं है।
(c) (A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है परन्तु (R) सही है। उत्तर–(a)

38. विश्व में लगभग 250 लाख बच्चों को प्रभावित करने वाली विटामिन-A हीनता से लड़ने की क्षमता वाले 'गोल्डन राइस' की प्रमुख उपयोगिता उसके दाने में जिसकी प्रचुरता के कारण होती है, वह है– [SSC (C.P.O) परीक्षा-2015]
(a) बीटा कैरोटीन (b) थायमिन
(c) ऐस्कॉर्बिक अम्ल (d) कैल्सिफेरॉल उत्तर–(a)

39. टर्मिनेटर तकनीक उसके द्वारा उत्पन्न निम्न में से किसकी विकारी के लिए है? [Chhattisgarh P.C.S (Pre) 2002]
(a) ट्रान्सजेनिक उपजाऊ बीज।
(b) जीन परिवर्तित पौधे।
(c) जेनेटिक रूप से अभियंत्रिक बीज, जो दूसरी पीढ़ी में बंध्यग्रस्त होते हैं।
(d) उपर्युक्त सभी उत्तर–(d)

40. साधारणतः ओरोबैंकी खरपतवार पायी जाती है– [SSC स्नात्तक स्तरीय-2019]
(a) तंबाकू के खेत में (b) चने के खेत में
(c) धान के खेत में (d) गेहूँ के खेत में उत्तर–(a)

41. 'महाधान' (सुपर राइस) विकसित किया– [RRB G-D 2014]
(a) एम. एस. स्वामीनाथन (b) जी. एस. खुश
(c) एन. इ. बोरलॉग (d) पी. के. गुप्ता उत्तर–(b)

42. अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी मोनसांटो ने एक कीट-प्रतिरोधी कपास की किस्म बनाई, जिसका भारत में क्षेत्र-परीक्षण किया जा रहा है। निम्नलिखित जीवाणुओं से किस एक के आविष जीन (Toxin gene) का इस पराजीनी कपास (Transgenic Cotton) में अन्तरण हुआ है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) बैसिलस सबटाईलिस
(b) बैसिलस थूरीनजिएंसिस
(c) बैसिलस एमाइलोक्रीकफैन्सिएन्स
(d) बैसिलस ग्लोब्लाई उत्तर–(b)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

पादप समूह (Plant Kingdom)

❖ Eichler ने पौधे का वर्गीकरण फूलों के आधार पर किया इन्होंने पौधे को 5 वर्गों में बाँटा।

पादप जगत

- अपुष्पोद्भिद् (Cryptogamae)
  - थैलोफाइटा (Thalophyta)
    - शैवाल (Alagae)
    - कवक (Fungi)
    - लाइकेन (Lichen)
    - जीवाणु (Bacteria)
  - ब्रायोफाइटा (Bryophyta)
  - टेरिडोफाइटा (Pteridophyta)
- पुष्पोद्भिद् (Phanerogamae)
  - नग्नबीजी (Gymnosperm)
  - आवृतबीजी (Angiosperm
    - एकबीजपत्री (Monocot)
    - द्विबीजपत्री (Dicot)

❖ Cryptogams को लक्षणों के आधार पर पुन: तीन वर्गों में विभाजित किया जाता है।

(1) **CRYPTOGAMS**

- (A) Thallophyta
- (B) Bryophyta
- (C) Pteridophyta

(A) Thallophyta

❖ इस वर्ग में शामिल पौधे में जड़, तना, तथा पत्ती में विभाजन नहीं होता है।

1. **शैवाल (Algae) :** इस वर्ग के Plants Chlorophyll के कारण हरे होते हैं, तथा प्रकाश संश्लेषण की क्रिया करते हैं।

❖ यह नमी युक्त जगहों पर स्वत: ही विकसित हो जाते हैं।

❖ इसकी कोशिका भित्ति सेल्यूलोज की बनी होती है। जैसे–Chlamydomonas, Spirogyra, Ulothrix, Azolla, Nostoc Chara, Ulva etc...

2. **कवक (Fungi) :** इसमें Chlorophyll नहीं पाया जाता है। जिसके कारण प्रकाश संश्लेषण की क्रिया नहीं होती हैं।

❖ ये पौधे मृतोपजीवी (Saprophyte) तथा परजीवी के रूप में अपना जीवन जीते हैं।

❖ इसकी कोशिका भित्ति Chitin की बनी होती है।

❖ कवक भोजन को शरीर से बाहर पचाकर उसका अवशोषण कर लेते हैं। **[NCERT Exemplar]**
जैसे–Yeast (खमीर), Mucur (फफूँदी), Mushroom, (Richest source of Protein 80%)

❖ जीवाणु एवं यीस्ट चावल के आटे के किण्वन में सहायक होता है। जिससे **इडली एवं डोसा** बनता है। **NCERT**

Note: राइजोपस में नलिकाकार सुत्र जैसी संरचना जिस पर बीजाणुधानियाँ लगी रहती है, उसे हाइफे कहते हैं।

❖ क्लोमाइडोमोनास और स्पाइरोगाइरा **शैवाल** है जबकि राइजोपस **कवक** है। **NCERT**

Kingdom Fungi

3. **Lichen [Symbiotic (सहजीवी)] :** यह एक सहजीवी संबंध है, जिसमें Algae तथा Fungi साथ-साथ रहते हैं।

❖ Algae और Fungi के सहजीवी संबंध को सामूहिक रूप से Lichen कहा जाता है।

❖ **लाइकेन** SO_2 की उपस्थिति में वृद्धि नहीं करता है। **NCERT**

(a) (b) (c)

❖ लाइकेन से प्रयोगशाला में अम्ल तथा क्षार के परीक्षण के लिए लिटमस पत्र को प्राप्त किया जाता है।

❖ लाइकेन वैसे स्थानों पर नहीं पाया जाता है जहाँ वायु प्रदूषण अधिक होता है इसे Bio Indicator (जैवसूचक) भी कहते हैं।

4. **जीवाणु (Bacteria) :** जीवाणु एक कोशिकीय सरल जीव हैं, जिसकी कोशिका केन्द्रक विहीन होती है।

❖ जीवाणुओं की कोशिका भित्ति पेप्टिडोग्लाइकन से निर्मित होती है।

❖ जीवाणु द्विविभाजन के द्वारा जनन करते है। जिसे अलैंगिक जनन कहते है।

❖ दलहनी फसलों की जड़ों में पाया जाने वाले राइजोबियम जीवाणु वायुमण्डलीय नाइट्रोजन को ग्रहण करके मृदा की उर्वरता में वृद्धि करते हैं।

❖ लैक्टोबैसिलस नामक जीवाणु दुध में उपस्थित लैक्टोज को लैक्टिक अम्ल में परिवर्तित करके दुध को दही में परिवर्तित कर देता है।

(B) Bryophyta

❖ इस समूह के पौधे में जड़ तना एवं पत्ती पूर्ण रूप से विकसित नहीं होते हैं।

❖ ये पौधे जल के साथ-साथ स्थल पर भी विकसित होते हैं, इसलिए इन्हें पादप समूह का उभयचर (Amphibians of Plant Kingdom) कहा जाता है। जैसे–Moss, रिक्सिया (Riccia), Marchantia, लिवरवर्ट , Funaria etc ....

❖ **ब्रायोफाइटा वर्ग** के पौधों में संवहन के लिए विशिष्ट ऊतक नहीं पाया जाता है। **NCERT**

❖ माँस और फर्न जैसे पादप में **जनन बीजाणुओं** द्वारा होता है। **NCERT**

(C) Pteridophyta

❖ इस वर्ग के पौधों में जड़, तना एवं पत्ती का विकास होता है।

❖ इसे First Land Plant of Plant group (भूमि पर विकसित होने वाला प्रथम पादक समूह) कहते हैं। जैसे–Fern , Selaginella, Lycopodium

❖ टेरिडोफाइटा में पुष्प नहीं होता है।

❖ **स्वपोषी**–कार्बोहाइड्रेट को स्टार्च के रूप में भंडारित रखते हैं।

- आहार शृंखला में स्वपोषी प्रथम पोषी स्तर माने जाते हैं।
- आहार शृंखलाओं में पृथक पोषी स्तर बनाते हैं।
- कार्बोहाइड्रेट का संश्लेषण कार्बन डाइऑक्साइड और जल से तथा सूर्य के प्रकाश एवं क्लोरोफिल की उपस्थिति में करते हैं।

(2) **Phanerogams**

- (i) Gymnosperms (नग्नबीजी या अनावृत्तबीजी)
- (ii) Angiosperms (आवृतबीजी)
  - (a) Monocot (एकबीजपत्री)
  - (b) Dicot (द्विबीजपत्री)

पुष्पीय पौधा (Phanerogams)

❖ यह दो प्रकार का होता है।

(i) नग्नबीजी या अनावृतबीजी (Gymnosperms) : इस समूह के पौधे में जड़, तना, पत्ती, फुल तथा बीज पाये जाते हैं। किन्तु फल नहीं होता है।

❖ **जिम्नोस्पर्म** में जल संवहन ऊतक वाहिनिका में पाया जाता है। **NCERT**

❖ बीज किसी भी प्रकार के आवरण में बंद नहीं होता है। जैसे–Fur, Spruce, Cedar, Pine, Meta Sequoia, Cycas etc...

(ii) आवृतबीजी (Angiosperms) : इस समूह के पौधे में जड़, तना, पत्ती, फुल, फल तथा बीज पाये जाते हैं।

❖ बीज फल के अन्दर में होता है। जैसे–आम, जामुन, लीची, धान, गेहुँ, मक्का इत्यादि। आवृतबीजी दो प्रकार का होता है।

Note: टेरिडोफाइटा और जिम्नोस्पर्म में जल संवहन के लिए विशिष्ट उत्तक पाये जाते है। **[NCERT Exemplar]**

(a) एकबीजपत्री (Monocot) : वैसा बीज जो प्राकृतिक रूप से दो बराबर भाग में नहीं बँटता है, वह एक बीजपत्री बीज कहलाता है।

❖ इसके पत्तियों में समानान्तर विन्यास पाया जाता है। जैसे–धान, गेहुँ, मक्का, लीची, कटहल, खजुर।

Note: एक बीजपत्री में रेशेदार जड़ पाया जाता है।

(b) द्विबीजपत्री (Dicot Seed) : वैसा बीज जो प्राकृतिक रूप से दो बराबर भाग में बँटा रहता है। द्विबीजपत्री कहलाता है।

❖ इसमें **पत्तियों में** Reticulate विन्यास पाया जाता है। जैसे–आम, जामुन, काजू, मूँगफली इत्यादि।

Parts of Flowering Plant

❖ बीज में अंकुरण निकलने की क्रिया अंकुरण (Germination) कहलाती है।

❖ बीजों में अंकुरण के लिए नमी, O_2 तथा तापमान की जरूरत होती है।

❖ बीजों में अंकुरण के लिए प्रकाश तथा उर्वरक की आवश्यकता नहीं होती है।

❖ अंकुरण के ऊपरान्त बीज से दो संरचनाओं का विकास होता है।

(i) प्रांकुर (Plumule) :

❖ यह पृथ्वी से उपर की ओर वृद्धि करता है।

❖ प्रांकुर विकसित होकर पत्ती, तना तथा फूल का निर्माण करता है। जिसे सामूहिक रूप से प्रोह (shoot) कहते हैं।

(ii) मूलांकुर (Radicle) :

❖ यह पृथ्वी के नीचे की ओर विकसित होता है।

❖ Radicle विकसित होकर जड़ का निर्माण करता है।

(A) जड़ (Root) : Radicle से मुख्य जड़ का विकास होता है, जिसे Tap root (मूसला जड़) कहा जाता है।

❖ Tap root शाखाओं के रूप में विभाजित होता है, जिसे Adventitious root (अपस्थानिक जड़) कहा जाता है।

❖ Adventitious root में बाल जैसी संरचना का निर्माण होता है जिसे Root hair (मूल रोम) कहा जाता है।

❖ Root hair का निर्माण one cell से होता है। यह भूमि के अन्दर से बढ़ता है अत: इसे गुरुत्वानुवर्तन (Geotropic) कहते हैं।

❖ पत्ती द्वारा जल का वाष्प में परिवर्तन चूषक **खिंचाव बल** के कारण होता है। **NCERT**

❖ समानांतर (Parallel Series) विन्यास वाले पत्ती के पौधा का जड़ होता है– **रेशेदार** **[NCERT Exemplar]**

❖ जलीदार विन्यास वाले पत्ती का जड़ होता है– **मूसला** **[NCERT Exemplar]**

जड़ के कार्य (Function of Root)

❖ जड़ पौधों को मिट्टी से जकड़े रहता है, जिससे पौधों को ताकत मिलती है।

❖ मूल रोम के द्वारा मिट्टी से जल तथा खनिज लवण को अवशोषित करने का कार्य किया जाता है।

❖ जड़ में Positive Geotropism तथा Negative Phototropism गुण होता है।

❖ यह भोजन संग्रह करने का कार्य करता है।

❖ जड़ मुख्य कार्य के अलावा निम्नलिखित कार्य करते है–

(a) कुछ जड़ पौधों में बने भोजन को संचित करने का कार्य करते है। जैसे–गाजर, मूली, शलजम, शकरकंद, चुकन्दर इत्यादि।

(b) कुछ जड़ तनो से विकसित होते है जो वृद्धि करके जमीन को स्पर्श कर देते है। इस प्रकार की जड़ को **स्तम्भ जड़** (Prop Root) कहा जाता है। Prop root की मदद से पौधे को ताकत मिलती है। जैसे–बरगद, रबर, पीपल।

Note : जड़ में Node तथा Internode नहीं पाया जाता है।

(A) तना (Stem)

❖ इसमें Node तथा Internode पाया जाता है।

❖ इसका विकास पृथ्वी के विपरीत तथा प्रकाश की दिशा की तरफ से होता है, इसलिए इसे प्रकाशानुवर्तन (Phototropic) कहा जाता है। तना में Positive Phototropism तथा Negative Geotropism होता है।

❖ यह पौधे का मुख्य भाग है, जिस पर पत्ती, फूल तथा फल विकसित होते हैं।

❖ तना पौधे को ताकत प्रदान करता है।

❖ तना के द्वारा ही पत्तियों में निर्मित भोज्य पदार्थ को पौधे के विभिन्न भागों तक पहुँचाया जाता है तथा जड़ से अवशोषित जल तथा खनिज लवण को पत्तियों को पहुँचाने का काम करता है।
❖ कुछ तने भोज्य पदार्थों को संचित करने का कार्य करते है। जैसे–आलू, प्याज, अदरक, हल्दी, ओल, अरवी, लहसुन इत्यादि।
❖ कुछ तना पत्तियों के रूप में विकसित होते है। जैसे–नागफनी
❖ कुछ तना काँटो के रूप में विकसित हो जाते हैं, जो पौधे को सुरक्षा प्रदान करता है। जैसे–नीम्बू, बेल, बबूल इत्यादि।
❖ कुछ तना प्रतान (Tendril) के रूप में विकसित होते हैं, जिसके द्वारा पौधों को ऊँचाई पर चढ़ने में मदद मिलती है। जैसे कद्दू, करेला, खीरा, ककड़ी आदि।
❖ कमजोर तना जो भूमि पर फैलता है विसर्पी लता कहलाता है। **NCERT**
❖ मरूस्थलीय पौधा में **प्रकाश संश्लेषण** सामान्यत: तने में होता है। **NCERT**

(C) पत्ती (Leaf)

❖ पत्ती पौधों का एक महत्त्वपूर्ण भाग है, जिसके द्वारा कई महत्त्वपूर्ण कार्य किए जाते है।



❖ **पत्तिका प्रमुख भाग एवं कार्य–**
- **पर्ववृत्त** : पत्ती को तने से जोड़ता है।
- **पटल** : पत्ती को हरा चपटा भाग।
- **किनारा** : पत्ती को आकार देता है।

[NCERT Exemplar]

❖ पत्तियों के किनारों पर सूक्ष्म छिद्र पाये जाते है, जिसे रंध्र (stomata) कहते हैं।
❖ रंध्र की मदद से O_2 तथा CO_2 के विनिमय का कार्य होता है, इसलिए इसे पौधों का श्वसन अंग कहा जाता है।
❖ पौधो में रंध्र का खुलना और बंद होना कोशिकाओ के अंदर उपस्थित जल की मात्रा पर निर्भर करते है **[NCERT Exemplar]**
❖ पत्तियों की सतह पर एक विशेष प्रकार की कोशिका पाई जाती है, जिससे हरितलवक (chloroplast) का निर्माण होता है, जिसके द्वारा प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सम्पन्न होती है।
❖ पत्तियों पर सूर्य की रोशनी के कारण तापमान बढ़ने से पत्तियों से जल, वाष्प के रूप में बाहर आते है, जिससे तापमान को नियंत्रित किया जाता है। इस क्रिया को वाष्पोत्सर्जन (Transpiration) कहा जाता है।
❖ रात्रि में छोटे पौधों में जड़ द्वारा अवशोषित जल के कारण एक Pressure का निर्माण होता है जिसे Root pressure कहते है इस दाब के कारण पत्तियों के शीर्ष भाग से जल बूंदों के रूप में बाहर आ जाते हैं जिसे बिन्दुस्राव (Guttation) कहा जाता है।
❖ कुछ पत्तियाँ कांटे के रूप में रूपान्तरित हो जाती है जिससे पृष्ठक्षेत्र का मान कम हो जाता है, परिणामस्वरूप transpiration की दर में कमी हो जाती है, जिससे पत्तिया कम पानी में भी विकसित हो जाते हैं।
❖ Transpiration कम होने से water loss कम होता है। इस प्रकार के रूपांतरण मरूस्थलीय पौधों (Xerophytic plant) में देखे जाते है। जैसे–नागफनी (Cactus) इत्यादि।
❖ कुछ पत्तियाँ प्रतान (tendril) के रूप में रूपांतरित हो जाती है जिससे आस-पास की वस्तुओं को पकड़ने का कार्य किया जाता है। जैसे–Pea Plant (मटर का पौधा), Sweet Pea (खेसारी या लतरी) इत्यादि।
❖ पौधे के प्रतान (Tendril) में वृद्धि उन कोशिकाओं में विभाजन से होती है जो अवलंब से दुर होती है। **[NCERT Exemplar]**
❖ अधिक ऊँचाई वाले वृक्ष के ऊपरी भाग पर तना की आकृति **वितान (कैनोपी)** कहलाता है। **NCERT**
❖ वनों को सजीवों का जीवन **इकाई** कहते हैं। **NCERT**
❖ कुछ पौधों में पत्तियाँ घड़े (pitcher) के रूप में रूपांतरित हो जाती है। इस घड़े में कीटों को पकड़ने का कार्य किया जाता है। जिससे कीटों के सड़े हुए शरीर से नाइट्रोजन प्राप्त कर लेते है। इस प्रकार के पौधों को कीट भक्षी पौधा (Insectivorus plant) कहा जाता है। ये पौधे वैसे स्थानों पर पाये जाते हैं, जहाँ की मिट्टियों में N_2 नहीं पाया जाता है। जैसे–Pitcher plant, Utricularia, Drosera, Nepenthes पिंगुएला इत्यादि।
❖ इसमें युट्रीकुलेरा तथा ड्रोसेरा जलीय कीट भक्षी पौधा है, शेष तीनों–स्थलीय कीटभक्षी पौधे है।
❖ अधिकांश पौधे नाइट्रोजन नाइट्रेट, नाइट्राइट एवं यूरिया के रूप में अवशोषित करते हैं। **[NCERT Exemplar]**
❖ पौधा **नाइट्रोजन, नाइट्रेट** के रूप में जीवाणु के मदद से उपयोग करता है। **NCERT**

Note: मटर के प्रतान (Tendril) और नागफनी का पर्णाभ वृंत दोनों समजात अंग है। **[NCERT Exemplar]**

❖ **जल एवं खनिज** वाहिकाओं द्वारा पत्ती तक पहुँचता है। **NCERT**
❖ पत्ती द्वारा जल का वाष्प में परिवर्तन चूषक **खिंचाव बल** के कारण होता है। **NCERT**
❖ प्रकाश संश्लेषण तना का प्राथमिक कार्य नहीं, यह कार्य है– **पत्ती का** **[NCERT Exemplar]**

(D) फूल (Flower)



❖ पौधों में फूलों के खिलने की क्रिया **Anthesis** कहलाती है। फूलों में मुख्यत: 4 संरचनाएँ होती है, जो इस प्रकार है–
(i) बाह्यदलपुंज (Calyx) (ii) दलपुंज (Corolla)
(iii) पुमंग (Androecium) (iv) जायांग (Gynoecium)
❖ फूलों के डंठल को Pedicle कहा जाता है।
❖ फूलों में मौजूद calyx और corolla nonessential part माने जाते हैं जबकि Androecium तथा Gynoecium को essential part माना जाता है।

❖ फूल के मदा भाग का निर्माण होता है– **कलंक (Stigma) शैली (Style) एवं अंडाशय** [NCERT Exemplar]

(i) बाह्यदलपुंज (Calyx) : यह फूलों में सबसे नीचे स्थित होता है जिसके द्वारा फूलों को सहारा मिल जाता है।

❖ Calyx हरे रंग के होते हैं, जिसमें पर्णहरित (chlorophyll) पाया जाता है।

❖ Chlorophyll के कारण फूलों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया होती है।

❖ Calyx के एक भाग को sepal कहा जाता है जो calyx का इकाई है।

(ii) दलपुंज (Corolla) : यह फूल का दूसरा भाग है।

❖ अलग-अलग पौधों में corolla अलग-अलग आकर्षक रंगों में पाया जाता है। इन रंगों का निर्माण वर्णीलवक (chromoplast) से होता है।

❖ Corolla में एक विशेष प्रकार की गंध पायी जाती है, जिनका निर्माण Oil तथा Ester में होता है।

❖ Corolla में मौजूद एक पंखुड़ी को petal कहा जाता है, यह corolla की इकाई है।

❖ Corolla में मौजूद आकर्षक रंगों तथा आकर्षक खुशबू के कारण विभिन्न प्रकार के जन्तु आकर्षित हो जाते है, जिससे परागकण की क्रिया होती है।

(iii) पुमंग (Androecium) : यह फूल का Male reproductive parts है। इसकी इकाई को stamen (पुंकेसर) या pistil कहा जाता है।

❖ Androecium के द्वारा Male sex cell का निर्माण होता है, जिसे परागकण (pollengrain) कहा जाता है।

(iv) जायांग (Gynoecium) : यह फूल का female reproductive organ है।

❖ इसकी इकाई को carpel (स्त्रीकेसर)कहा जाता है।

❖ Gynoecium के द्वारा female sex cell का निर्माण किया जाता है जो एक बहुकोशिकीय संरचना के अन्दर निर्मित होता है जिसे Embroysac कहा जाता है।

❖ Embryosac के अन्दर Meiosis (अर्द्धसूत्री) division के द्वारा अण्डाशय का निर्माण होता है।

❒ **परागण (Pollination) :** यह एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा परागकण stigma तक चला जाता है।

❖ परागकणों का परागकोश से वर्तिका तक स्थानांतरण **परागन** कहलाता है। NCERT

❖ पुष्प पादप का मुख्य जनन **अंग** है। NCERT

❖ Pollination के लिए अलग-अलग agent महत्वपूर्ण योगदान देते है जिसके आधार पर पुष्पों के अलग-अलग वर्ग होते हैं।

Note :

❖ पुष्प में लैंगिक जनन का सही क्रम है– **परागण, निषेचन, भ्रूण, नवोदभिद्** [NCERT Exemplar]

❖ फूलों में सर्वाधिक परागकण कीटों के द्वारा होता है। कीटों के अन्तर्गत सर्वाधिक परागकण की क्रिया honey bee (मधुमक्खी) के द्वारा होती है।

❖ सबसे बड़ा फूल Rafflesia arnoldii के पौधे में पाया जाता है जिसका व्यास 1 m तथा वजन 8-10 kg होता है।

❖ सबसे छोटा फूल वुल्फिया सरसों के दाने के बराबर आकार का होता है।

❖ कीट लाल रंग को नहीं देख पाता है, कीट Blue और Violet colour ज्यादा पसंद करते हैं।

❖ Red और Orange colour पक्षियों के लिए उत्तम रंग होता है।

❖ परागनली की लंबाई वर्तिकाग्र की ऊपरी सतह पर परागकण और बीजाण्ड के बीच की दूरी पर निर्भर होती है।

❖ परागनली की लम्बाई 8-10 इंच तक होती है।

❖ **गुरुत्वानुवर्तन (Geotropism)**–किसी जीव की ऐसी वृद्धि जो गुरुत्वाकर्षण बल के उद्दीपन से प्रभावित हो।

❖ **प्रकाशानुवर्तन (Phototropism)**–वैसी गति जो प्रभाव में प्रकाश की ओर अथवा उसके विपरीत होती है उसे प्रकाशनुवर्तन कहते हैं।

❖ **रसानुवर्तन (Chemotropism**–किसी विशेष रासायनिक पदार्थ की ओर मुड़ना रसायन अनुवर्तन या रसानुवर्तन कहलाता है।

फल (Fruits)

❖ फल का निर्माण अंडाशय (ovary) से होता है। अंडाशय से फल के निर्माण के आधार पर फल दो प्रकार के होते हैं–

(i) सत्य फल (True Fruit) : वैसा फल जिसका निर्माण ovary के द्वारा होता है, उसे सत्य फल कहा जाता है। जैसे–आम, अमरूद, जामुन, धान, गेहुँ इत्यादि।

(ii) असत्य फल (false Fruit) : वैसा फल जिसका निर्माण अण्डाशय को छोड़कर फूल के अन्य भागों के द्वारा होता है, उसे असत्य (False Fruit) फल कहा जाता है। जैसे–सेब, अनानास, नाशपाती, काजू, कटहल, अंजीर, इत्यादि।

❖ फलों में मौजूद बीज के बाहर वाले भाग को फलभित्ती (Pericarp) कहा जाता है। Pericarp का निर्माण 3-layers के द्वारा होता है, जो निम्नलिखित इस प्रकार है–



(1) वाह्यफलभित्ती (Epicarp) : यह Pericarp की बाहर वाली परत होती है, जिसके द्वारा फल के छिलके का निर्माण होता है।

(2) मध्यफलभित्ती (Mesocarp) : यह Pericarp का बीच वाला हिस्सा है। जिसके द्वारा फलों के pulp (गूदा) का निर्माण होता है।

(3) अन्तःफलभित्ती (Endocarp) : यह Pericarp का सबसे अंदर वाली परत होती है जिसके द्वारा बीज को बाहर से ढकने का कार्य किया जाता है।

➤ **फलों के खाने योग्य भाग :**

फल (Fruits)	खाने योग्य भाग (Edible Parts)
❖ धान, गेहुँ, मक्का, ज्वार, बाजरा, नारियल	भ्रूणपोष (Endosperm)
❖ आम, पपीता, इमली	मध्य फलभित्ती (Mesocarp)
❖ अमरूद, करैला, बैगन, टमाटर, परवल	फलभित्ति एवं बीज (Pericarp & seed)
❖ सेब, नाशपाती	पुष्पासन (Thalamus)
❖ नीबूं, संतरा, मौसमी,	रसीले रोम (Juicy hair)
❖ अनार	रसीले बीज चोल (Testa)
❖ लीची	Aril
❖ अंगुर	फलभित्ती (Pericarp)

➤ **अनिषेक फल (Parthenocarpic Fruit) :** इस प्रकार के फलों का निर्माण बिना परागण एवं निषेचन के होता है। निषेचन नहीं होने के कारण इस प्रकार के फलों में बीज नहीं पाए जाते हैं अगर बीज होते हैं तो उन्हें false seed कहा जाता है। क्योंकि इस प्रकार के बीज में पौधों को उत्पन्न करने की क्षमता नही होती है। जैसे–केला, कदम, अंगूर, गुलर इत्यादि ।

Note: **[NCERT Exemplar]**

(i) आलू के पौधो की आंख ब्रायोफाइलम की पत्ती की कली होती है।

(ii) केले के पौधे के फुल, फल तथा खाने के काम में आता है, सिर्फ जड़ का पयोग खाने में नहीं होता है।

❖ मक्का, पपीता, ककड़ी, खीरे, एकलिंगी पौधा तथा सरसों, गुलाब और पिटूनिया **उभयलिंगी पौधा** का उदाहरण है। **NCERT**

❖ निषेचन के पश्चात **अंडाश्य** फल में, तथा बीजांड बीज में विकसित होता है। **NCERT**

❖ केला एवं कद्दू में दो या दो से अधिक खाने योग्य हिसा होता है, जो है– **क्रमशः फूल, तना एवं फल** **[NCERT Exemplar]**

पादप हार्मोन (Plant Hormone)

❖ पादपों में विभिन्न प्रकार के hormone पाए जाते है, जिसके द्वारा पौधों का वृद्धि एवं विकास की क्रिया को नियंत्रित किया जाता है। यह निम्न प्रकार का होता है–

1. **Auxin :** इसे growth hormone या वृद्धि करने वाला hormone कहा जाता है।

❖ यह पौधों के शीर्ष भागों में पाया जाता है।

❖ इसके द्वारा पौधे की लम्बाई में वृद्धि होती है।

❖ यह पौधों में फूलों तथा पत्तियों को गिरने से रोकता है।

❖ यह पौधों के आस-पास मौजूद खरपतवार को नष्ट करता है।

2. **Gibberellin :** यह फूलों तथा पत्तियों को विकसित होने में मदद करता है ।

❖ यह बड़े आकार के फल एवं फूल के विकास में सहायक होता है ।

3. **Cytokinin :** यह पौधों में कोशिकाओं को विभाजित करने के लिए सक्रिय करता है जिससे विभाजन में तेजी आती है, परिणामस्वरूप कोशिका की संख्या बढ़ने से पौधों की मोटाई तथा गोलाई में वृद्धि होती है ।

4. **Ethylene (C_2H_4) :** यह पादपों में निर्मित होने वाला एक मात्र गैसीय hormone है ।

❖ यह पौधों में फलों को प्राकृतिक रूप से पकने में मदद करता है।

❖ फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए CaC_2 (कैल्शियम कार्बाइड) नामक यौगिक का उपयोग किया जाता है, जो जल से प्रतिक्रिया कर C_2H_2 (एसिटीलीन गैस) बनाती है और इस गैस की मदद से फल पक जाते है ।

$$\underset{\text{Calcium Carbide}}{CaC_2} + H_2O \longrightarrow \underset{\text{Acetyline}}{C_2H_2} + CaO$$

5. **Absisic Acid :** यह पौधों में पुरानी पत्तियाँ, फूल तथा पके हुए फल को गिरने में मदद करता है ।

❖ एब्सिसिक अम्ल (abscisic acid) के कारण पादप में वृद्धि संदमित होती है। **[NCERT Exemplar]**

प्रकाश संश्लेषण (Photosynthesis)



❖ यह एकमात्र अभिक्रिया है, जिसके दौरान O_2 वातावरण में मुक्त होता है ।

❖ यह एक प्रकार का उपचय (Anabolic) क्रिया है, जिसके उपरान्त कार्बोहाइड्रेट का निर्माण होता है ।

❖ हरे पौधे वातावरण से CO_2 तथा मिट्टी से H_2O ग्रहण करते हैं, जिसका उपयोग Chloroplast के द्वारा किया जाता है, जिसमें प्रकाश का प्रयोग ऊर्जा के रूप में होता है।

❖ इस क्रिया के उपरान्त कार्बोहाइड्रेट का निर्माण होता है तथा O_2 वातावरण से मुक्त होती है। इस क्रिया को प्रकाश संश्लेषण कहा जाता है।

❖ हरे पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया निम्नलिखित रूप में होती है–

$$6CO_2 + 12H_2O \xrightarrow[\text{Light}]{\text{Chloroplast}} \underset{\text{Glucose}}{C_6H_{12}O_6} + 6H_2O + 6O_2 \uparrow$$

❖ प्रकाश संश्लेषण के लिए निम्नलिखित घटकों की आवश्यकता होती है–कार्बन डाईऑक्साइड, जल, क्लोरोफिल, प्रकाश

❖ पौधों में पत्तियों के किनारों पर सूक्ष्म छिद्र पाए जाते है जिसे stomata (रंध्र)कहा जाता है ।

❖ Stomata का निर्माण Guard cell के द्वारा होता है ।

❖ Guard cell में जल भरने से Gaurd cell के आकार में वृद्धि होती है, जिससे stomata का छिद्र खुल जाता है, जिसके माध्यम से O_2 तथा CO_2 के exchange की क्रिया सम्पन्न होती है ।

❖ Stomata से H_2O के वाष्प के रूप में बाहर आ जाने से stomata का छिद्र बंद हो जाता है, जिससे गैसों के आने जाने की क्रिया रूक जाती है ।

❖ पौधा में जल, खनिज-लवण परासरण विधि द्वारा तथा CO_2/O_2 का **विनिमय विसरण विधि** द्वारा होता है। **NCERT**

❖ मरूस्थलीय पौधा में जल ह्रास की दर में कमी **क्युटिल** (उपत्वचा) से होता है। **NCERT**

❖ पौधा बिंदु स्राव में अतिरिक्त पानी का त्याग करता है, जबकि वाष्पोत्सर्जन में त्याग करता है– **जल वाष्प का** **[NCERT Exemplar]**

❖ प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया में ऑक्सीजन कहां से आता है– **H_2O से** **[NCERT Exemplar]**

❖ पौधा में रंध्र गुलना एवं बंद होना निर्भर करता है– **कोशिका के भीतर जल की मात्रा पर** **[NCERT Exemplar]**

हरित लवक (Chloroplast)



- ❖ यह दो आवरण से घिरी संरचना है।
- ❖ यह पत्तियों के सतह पर पाया जाता है।
- ❖ हरित लवक में liquid भरा रहता है जिसे Stroma कहा जाता है।
- ❖ Stroma में गोलाकार संरचना पाई जाती है, जिसे Thylakoid कहा जाता है।
- ❖ Thylakoid की सतह पर chlorophyll का निर्माण होता है।
- ❖ जब कई Thylakoid एक के ऊपर एक व्यवस्थित हो जाते है, तो उसे सामूहिक रूप से Grana कहा जाता है।
- ❖ Chloroplast के अंदर भोजन के निर्माण की प्रक्रिया सम्पन्न होती है, इसलिए इसे कोशिका का रसोईघर (Kitchen of cell) कहा जाता है।
- ❖ Chlorophyll में Head तथा Tail जैसी संरचना पाई जाती है जिसमें head का निर्माण Mg धातु से होता है, इसी की वजह से chlorophyll का रंग हरा होता है।
- ❖ Chloroplast में Chlorophyll नामक वर्णक (pigments) पाया जाता है जिसके द्वारा प्रकाश ऊर्जा का उपयोग किया जाता है।
- ❖ मुख्य रूप से 4 प्रकार के Chlorophyll द्वारा प्रकाश संश्लेषण से संबंधित कार्य सम्पन्न होते है।

1. Chlorophyll – a } हरा — $C_{55}H_{72}O_5N_4Mg$
2. Chlorophyll – b } हरा — $C_{55}H_{70}O_6N_4Mg$
3. Carotene-पीला — $C_{40}H_{56}$
4. Xanthophyll - लाल — $C_{40}H_{56}O_2$

प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया

- ❖ प्रकाश संश्लेषण की क्रिया 2 चरणों में सम्पन्न होती है।

(i) प्रकाशिक अभिक्रिया (Light Reaction) : यह प्रकाश संश्लेषण का पहला चरण होता हैं, जो पूरी तरह से प्रकाश पर निर्भर करता है। प्रकाश की निर्भरता के कारण ही इसे Light reaction कहा जाता है।

- ❖ यह अभिक्रिया Grana में होती है।
- ❖ Light Reaction के दौरान Chlorophyll के अणु उत्तेजित हो जाते है। जिससे ATP का निर्माण होता है, जिसके द्वारा जल के अणु Hydrogen तथा Hydroxide ion में टूट जाते है।
- ❖ Light reaction के दौरान जल को तोड़ने की क्रिया सम्पन्न होती है, इसलिए इसे **Photolysis** कहा जाता है।
- ❖ $4H_2O \xrightarrow{\text{Light Reaction}} 4H^+ + 4OH^-$ $NADPH_2$

$4OH^- \longrightarrow 4H_2O + O_2 + 4e^-$

- ❖ जल के टूटने के उपरान्त बनने वाला Hydrogen ion NADP से संयोग कर Stroma में चला जाता है।
- ❖ NADP (Nicotinamide Adenine Dinucleotide phosphate) एक hydrogen ग्राही के रूप में मौजूद होता है।
- ❖ जल के टूटने के साथ ही light reaction क्रिया सम्पन्न हो जाती है।

(ii) अप्रकाशिक अभिक्रिया (Dark Reaction) : यह प्रकाश संश्लेषण का दूसरा चरण है जिसमें प्रकाश की आवश्यकता नहीं होती है, इसलिए इसे Dark reaction कहा जाता है।

- ❖ Dark Reaction के दौरान RUDP (Ribulose Diphosphate) की मदद से CO_2 को stroma में लाया जाता है।
- ❖ NADP द्वारा लाए गए Hydrogen तथा RUDP द्वारा लाए गए CO_2 से अभिक्रिया होती है, जिससे Carbohydrate का निर्माण होता है।
- ❖ प्रकाश संश्लेषण के दौरान मुक्त होने वाली O_2 जल का भाग होती है।
- ❖ Dark reaction के दौरान carbohydrate का निर्माण होता है।
- ❖ प्रकाश संश्लेषण के दौरान बनने वाला अंतिम उत्पाद carbohydrate होता है, जबकि बेकार पदार्थ के रूप में oxygen का निर्माण होता है।

Note :

- ❖ पादप तथा जन्तु दोनों ऊर्जा प्राप्ति के लिए **कार्बोहाइड्रेट** का उपयोग करता है। **NCERT**
- ❖ पौधों में भोजन **मंड/स्टार्च** के रूप में तथा जंतु में ग्लाइकोजन के रूप में संचित रहता है। **NCERT**
- ❖ **क्लोरोफिल** द्वारा प्रकाश ऊर्जा का अवशोषण होता है। **NCERT**
- ❖ CO_2 का **कार्बोहाइड्रेट** में अपचयन होता है। **NCERT**
- ❖ मरूद्भिद पौधा रात में भी **CO_2** ग्रहण करके मध्य उत्पाद बनाता है। जिसे वह पुनः दिन में अंतिम उत्पाद में Change करता है। **NCERT**
- ❖ पादप में अधिकांश कोशिका मृत होने के कारण इसे **कम ऊर्जा की आवश्यकता** होती है। **NCERT**

प्रकाश संश्लेषण को प्रभावित करने वाले कारक

- ❖ प्रकाश संश्लेषण को प्रभावित करने वाले कारक निम्नलिखित हैं–

(i) CO_2 की मात्रा : वातावरण में CO_2 की मात्रा अधिक होने पर प्रकाश संश्लेषण की दर बढ़ती है। CO_2 की मात्रा कम होने पर प्रकाश संश्लेषण की दर में कमी आती है।

(ii) प्रकाश की तीव्रता (Light Intensity) : प्रकाश की तीव्रता अधिक होने पर प्रकाश संश्लेषण की दर में तेजी आती है, लेकिन Itensity कम होने पर प्रकाश संश्लेषण की दर में कमी होती है।

- ❖ बल्ब, Lamp, Tube light या मोमबत्ती की रोशनी में प्रकाश संश्लेषण की दर धीमी हो जाती है।

(iii) तापमान (Temperature) : तापमान बढ़ने पर प्रकाश संश्लेषण की दर में वृद्धि होती है।

- ❖ 35° C तक प्रकाश संश्लेषण की दर में वृद्धि होती है।
- ❖ 35°C से उपर जाने पर प्रकाश संश्लेषण की दर में कमी आने लगती है जो 40°C पर पूरी तरह बंद हो जाती है।
- ❖ प्रकाश संश्लेषण के लिए सबसे अच्छा तापमान 35° माना जाता है।

(iv) प्रकाश का रंग (Colour of Light) : प्रकाश संश्लेषण की दर सबसे अधिक लाल प्रकाश में होती है।

- ❖ लाल के बाद सबसे अधिक प्रकाश संश्लेषण Blue colour में होता है।
- ❖ सबसे कम प्रकाश संश्लेषण बैंगनी रंग में होता है।
- ❖ हरे रंग के प्रकाश में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया नहीं होती है।

Note :

- ❖ वाष्पोत्सर्जन **कार्बन-चक्र** के तहत नहीं आता है। **NCERT**

OBJECTIVE QUESTIONS

1. निम्नलिखित द्रवों में से प्रत्येक में एक लोहे की कील रखी गई है। किस मामले में यह अपनी चमक खो देगा और फिका दिखाई देगा? [NCERT Exemplar]
(a) सरसों तेल (b) शीतल पेय
- A.I. Oparin ने "The origin of Life" नामक पुस्तक की रचना 1936 ई॰ में की।
- इस सिद्धान्त के अनुसार जीवन की उत्पत्ति भौतिक रासायनिक अभिक्रिया के द्वारा हुई है।
- वर्तमान समय में जीवन के उत्पत्ति से संबंधित सिद्धांतों में इसे सर्वमान्य सिद्धान्त माना जाता है।
- Big-Bang का सिद्धान्त 1920 ई. में (Lemaitre) लेमैत्रे ने दिया था।
- Big-Bang के उपरान्त गैस का गोला कई टुकड़ों में विभाजित हो गया जिससे Galaxy (मंदाकिनी) का निर्माण हुआ, जिसमें आकाशगंगा भी शामिल थी।
- आकाशगंगा में सूर्य एक तारे के रूप में मौजूद था।
- प्रारंभिक अवस्था में सूर्य एक ठंडे गैस के गोले में स्थित था, जिसे Nebula कहा जाता है।
- Nebula में आन्तरिक गुरुत्वाकर्षण बल के कारण घर्षण उत्पन्न होने लगा, जिससे ऊष्मा (Heat) उत्पन्न होने लगी, तब इसे प्राचीन सूर्य (Ancient Sun) कहा जाता है।
- समय के साथ ऊष्मा की मात्रा बढ़ने से सूर्य में मौजूद हाइड्रोजन परमाणु आपस में मिलकर हीलियम का निर्माण करने लगे, जिससे बहुत बड़ी मात्रा में ऊर्जा का निर्माण होने लगा। परिणामस्वरूप सूर्य एक चमकीले तारे के रूप में परिवर्तित हो गया, जो आधुनिक सूर्य के नाम से जाना जाता है।
- सूर्य के निर्माण के बाद सूर्य में ऊष्मा के कारण उत्पन्न घूर्णन गति से सूर्य के कमजोर भाग अपकेन्द्री बल (Centrifugal force) के कारण टूट-टूट कर अलग होने लगे। जिससे ग्रहों तथा उपग्रहों का निर्माण हो गया, जिसमें पृथ्वी भी शामिल थी।
- पृथ्वी के निर्माण के समय पृथ्वी का तापमान 6000°C था।
- अत्यधिक तापमान होने के कारण पृथ्वी में मौजूद सभी तत्व गैसीय अवस्था में पाए जाते थे।
- चूंकि सर्वाधिक मात्रा में हाइड्रोजन मौजूद थी, इसलिए सभी हाइड्रोजन ऑक्सीजन के सभी परमाणु से अभिक्रिया करके जलवाष्प का निर्माण हो रहा था।

$$2H_2 + O_2 \rightarrow 2H_2O$$

- नाइट्रोजन परमाणु, हाइड्रोजन से संयोग कर अमोनिया का निर्माण हो रहा था।

$$3H_2 + N_2 \rightarrow 2NH_3$$

अर्थात पृथ्वी पर बनने वाला पहला यौगिक **अमोनिया** तथा **जल** को माना जाता है।

- समय बीतने के साथ पृथ्वी में मौजूद तत्व घनत्व के आधार पर जमने लगे, जिससे पृथ्वी की संरचना का निर्माण हो गया। जैसे- भारी तत्व (लोहा, कॉपर, सोना, प्लेटिनम, चाँदी .... इत्यादि) केंद्र में जमा हो गए जिससे Core का निर्माण हो गया।
- भारी तत्त्व के बाद कम भार वाले तत्त्व आपस में मिलकर एक आवरण का निर्माण किया, जिसे मेंटल कहा जाता है।
  जैसे–कैल्शियम, मैग्नेशियम, एल्युमिनियम, सिलिकन, सल्फर इत्यादि ।
- सबसे हल्के तत्व के द्वारा पृथ्वी के वातावरण का निर्माण हुआ, जिसमें ऑक्सीजन, कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन इत्यादि शामिल थे।
- शुरूआती अवस्था में पृथ्वी पर होने वाले ज्वालामुखी विस्फोट के कारण अन्दर के तत्व बाहर आकर विभिन्न तत्वों से संयोग करते थे, जिससे कार्बाइड तथा नाइट्राइट का निर्माण हो गया।
  जैसे– CaC_2 -कैल्शियम कार्बाइड
  Na_3N – सोडियम नाइट्राइट
- जब तापमान 100° से नीचे चला गया तब जलवाष्प घनीभूत (condense) होकर द्रव में परिवर्तित होने लगे, जिससे करोड़ों वर्ष तक होने वाली महाबारिश की शुरूआत हुई जिसे Torrential Rain कहा जाता है।
- बारिश के उपरान्त पूरी पृथ्वी जलमग्न हो गई।
- जलमग्न होने के कारण रासायनिक अभिक्रिया के द्वारा सरल तथा जटिल यौगिकों का निर्माण होने लगा।
  जैसे–एसिटीलीन, इथेन, मिथेन, एमिनो एसिड, ग्लूकोज, फैटी एसिड आदि।

- सरल तथा जटिल यौगिक आपस में बार-बार अभिक्रिया करके बहुत ज्यादा अणु भार वाले यौगिकों का निर्माण करने लगे।
  जैसे- प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा तथा न्यूक्लिक अम्ल।
- समय बीतने के साथ-साथ समुद्र का तापमान कम होने लगा जिससे समुद्र के उपरी सतह पर एक आवरण का निर्माण होने लगा जिसमें विभिन्न प्रकार के यौगिक बंद होने लगते है जिसे Coacervates कहा जाता है।
- मेसेजोइक काल में डायनासोर फले-फूले ।
- जब Coacervates के अंदर Nucleic acid बंद हुआ (DNA) तब इसे embody कहा जाता है जिसमें विभाजन करने की क्षमता पाई जाती थी जो पृथ्वी पर जीवन की शुरूआत माना जाता है।
- इस प्रकार की संरचना Archaebacteria में देखी जाती है **Archaebacteria** को पृथ्वी पर विकसित होने वाला पहला प्राणी माना जाता है।
- पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति जल में Archaebacteria के रूप में होता है जो भोजन के लिए रसायन का प्रयोग करते है, इसलिए इन्हें रसायनपोषी (Chemotrophs) कहा जाता है।
- समय बीतने के साथ (Archaebacteria) के अन्दर Chlorophyll जैसे यौगिकों का निर्माण होता है जिससे इनका स्वभाव रसायनपोषी से स्वपोषी (Autotrophs) में परिवर्तित हो जाता है।
- स्वपोषी (Autotrophs) होने के कारण प्रकाश संश्लेषण के द्वारा वातावरण में O_2 मुक्त अवस्था में उपलब्ध हो गयी जिससे वातावरण Reducing से oxidising में परिवर्तित हो गया।
- Oxidising atmosphere के कारण नए जीवन की उत्पत्ति की संभावना को समाप्त कर दिया जिससे पृथ्वी पर जीवन के स्वरूप को बदलने का एकमात्र तरीका Evolution रह गया।

2. Transformation of life from Simple to Complex

- अलग-अलग समय में विद्वानों ने Evolution से संबंधित तथ्यों को प्रस्तुत किया जो निम्नलिखित है:
  1. लैमार्कवाद (Lamarckism)
  2. डार्विनवाद (Darwinism)
  3. उत्परिर्वतन का सिद्धांत (Mutation theory)

1 लैमार्कवाद (Lamarckism) : इस सिद्धांत को देने वाले वैज्ञानिक लैमार्क थे। इनके द्वारा लिखी गई पुस्तक Philosophie Zoologique का प्रकाशन 1809 ई० में हुआ।



लैमार्कवाद की महत्त्वपूर्ण बातें

(i) जीवों की संरचना में परिवर्तन आंतरिक बल के कारण होता है।
(ii) जिस अंग का जीव जितना ज्यादा प्रयोग करते हैं, वे अंग उतने ही ज्यादा विकसित हो जाते हैं तथा जिस अंग का प्रयोग नहीं किया जाता है, वे अंग छोटे होने लगते हैं तथा एक समय के बाद समाप्त हो जाते हैं। इसे **Use and Disuse Theory** (प्रयोग एवं अनुप्रयोग) कहा जाता है।
(iii) जो लक्षण कोई जीव अपने जीवन काल में प्राप्त करता है वह लक्षण उनके बच्चों में स्वत: ही चला जाता है इसे Inheritance or Accquired character (उपार्जित लक्षणों की वंशागति) कहा जाता है ।
(iv) Lamarck ने अपनी बातों को प्रमाणित करने के लिए जिराफ तथा साँप को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया।

लैमार्कवाद की आलोचना

(i) बुद्धिजीवियों के आँखों की रोशनी कम हो जाना
(ii) पहलवान के बच्चे का पहलवान न होना
(iii) चीन की लड़कियों द्वारा सदियों से लोहे के जूते के प्रयोग के बावजूद लड़कियों के पाँव लम्बे हो जाना
(iv) महिलाओं द्वारा आभूषण को धारण करने के लिए नाक तथा कान में छिद्र करवाने के बावजूद बच्चों में छिद्र का न होना।

डार्विनवाद (Darwinism)

- यह सिद्धांत Charles Darwin (Britain) के द्वारा दिया गया। इन्होंने अपनी यात्रा में H.M.S. Beagle नामक जहाज का उपयोग किया।
- डार्विन द्वारा लिखी गई पुस्तक "Origin of species by Natural selection" (प्रकृति चयन द्वारा जीवों का विकास)का प्रकाशन 1859 ई० में हुआ।
- प्राकृतिक चयन/विकाशवाद के सिद्धांत के अलावा **डार्विन** प्राकृतिक शास्त्री भी थे। उन्होंने उर्वरता बनाने में केंचुआ की भूमिका का **खोज** भी किया था। **NCERT**
- सरल से जटिल जीवन के स्वरूप का विकास **डार्विन** ने दिया। **NCERT**

डार्विनवाद की मुख्य बातें

1. जीवों में प्रजनन की अपार क्षमता होती है–
- पैरामिशियम (Paramecium) एक घंटे में 3 बार प्रजनन करता है।
- **समुद्री मछली (Cod fish) :** एक Breeding season में 1 million अंडे देती है। (Atlantic ocean)
- Salmon fish एक Breeding season (प्रजनन काल) में 2 करोड़ 80 लाख अंडे देती है।
- मनुष्य की छोटी आँत का परजीवी Ascaris एक बार में 2 लाख अण्डे देती है।
- स्तनधारियों में सबसे कम प्रजनन क्षमता हाथी की होती है जो अपने पूरे जीवन काल में अधिकतम 6 बच्चे को जन्म दे सकती है।

■ **लैमार्क व डार्विनवाद में तुलना**

लैमार्कवाद (Lamarckism)	डार्विनवाद (Darwinism)
• इसके अनुसार सभी जीवों में एक **आंतरिक जीवन-शक्ति** (Internal Vital Force) होती है ।	• यह सिद्धांत जीवों में किसी आंतरिक जीवन शक्ति के होने में विश्वास नहीं करता है ।
• नई आवश्यकताएँ तथा इच्छाएँ जीवों की संरचना एवं व्यवहार में परिवर्तन करती हैं ।	• डार्विनवाद के अनुसार, जीवों की आवश्यकताएँ तथा इच्छाएँ प्राकृतिक चयन का आधार नहीं बनती हैं ।

• किसी अंग का उपयोग अधिक किया जाए तो वह अधिक विकसित एवं सक्षम बनता है, जबकि न उपयोग किए जाने वाले अथवा कम उपयोग किए जाने वाले अंग अल्पविकसित एवं क्षमताहीन रह जाते हैं।	• किसी अंग का विकास अथवा ह्रास उसमें होने वाले अनवरत् परिवर्तनों अथवा रूपांतरणों (Continuous Variation) के कारण संभव होता है।
• लैमार्कवाद जीवों द्वारा अपने **अस्तित्व के लिए संघर्ष** (Struggle for Existence) की संकल्पना को नहीं मानता है।	• डार्विनवाद में जीवों द्वारा अपने **अस्तित्व के लिए संघर्ष** को विशेष महत्व दिया गया है।
• जीवों द्वारा अपने जीवनकाल में **उपार्जित** (Acquire) किए गए सभी लक्षण उनकी संतानों में स्थानांतरित हो जाते हैं।	• डार्विनवाद के अनुसार केवल उपयोगी लक्षण अथवा परिवर्तन (Useful Variations) ही अगली पीढ़ी में स्थानांतरित होते हैं।

2. **लगभग नियत जनसंख्या (Approximately Constant Population) :**

❖ अत्यधिक प्रजनन क्षमता के बावजूद पृथ्वी पर जीवों की संख्या लगभग नियत रहती है।

3. **अस्तित्व के लिए संघर्ष (Struggle of Life) :**

❖ पृथ्वी पर जीवों के लिए भोजन एवं आवास सीमित होते हैं। जिसके लिए जीवों को आपस में संघर्ष करना पड़ता है।

4. **विविधता (Variation) :**

❖ संघर्ष के दौरान जीवों में विविधता उत्पन्न हो जाती है।

5. **योग्यत्तम की उत्तरजीविता (Useful variation) का चुनाव/Survival of fittest**

❖ संघर्ष के दौरान जिसमें सबसे अच्छी विविधता होती है उसे प्रकृति चयन कर लेती है जिसे Herbert Spencer ने Survival of fittest कह कर संबोधित किया।

6. **वातावरण परिवर्तनशीलता (वातावरण Accept करना) :**

❖ वातावरण की परिवर्तशीलता के कारण जीवों में विविधता जमा होती रहती है।

7. प्रकृति के बदलाव के अनुसार जीवों को अनुकूल बनाना पड़ता है जो इसका पालन नहीं करते है वो प्रकृति से लुप्त हो जाते हैं। जैसे– डाइनासोर, डोडो (सबसे नजदीक में लुप्त हुआ पक्षी) आदि

❖ लुप्त होने के कगार पर मौजूद प्राणियों की सूची को **Red data book** में सूचीबद्ध किया जाता है।
(गौरेया भी लुप्त होने की कगार पर है)

8. विविधता को जमा होते-होते लम्बे समय अंतराल के बाद एक नये प्रजाति का जन्म हो जाता है।

उत्परिवर्तन का सिद्धान्त (Mutation Theory)

❖ Given by Hugo-De Vries पद in 1901.

❖ उत्परिवर्तन के सिद्धान्त के अनुसार Evolution अचानक से घटने वाली घटना है, अर्थात जीवों के स्वरूप में परिवर्तन उनके DNA में Abrupt change (अचानक परिवर्तन) के कारण होता है जिसे इन्होंने **Suddenly and Jerky process** कहा।

जैविक उद्‌विकास से संबंधित प्रमाण

❖ Evolution से संबंधित तथ्यों को प्रमाणित करने के लिए निम्न बातों को आधार माना जाता है।

1. **Homologous and Analogous organ :** (समजात अंग एवं समरूप अंग)

❖ **समजात अंग (Homologous organ) :** वैसे अंग जिसकी उत्पत्ति एक समान होती है लेकिन कार्य भिन्न-भिन्न होते है। जैसे– मनुष्य का हाथ, पक्षी के पंख, चमगादड़ के पंख, व्हेल का फ्लीपर (जिससे मछली तैरती है), सभी Vertebrate (कशेरूकी) के हृदय

❖ **समरूप अंग (Analogous organ) :** वैसे अंग जिनकी उत्पत्ति अलग-अलग तरीके से हुई हो लेकिन एक ही कार्य को सम्पन्न करते हों आपस में समरूप अंग कहलाते है।
जैसे– (a) पक्षी के पंख तथा तितली के पंख
(b) मधुमक्खी के डंक तथा बिच्छु के डंक

2. **बीच की कड़ी (Connecting Link) :** कुछ जीवों में दो भिन्न-भिन्न प्रकार के जीवों के गुण मौजूद होते है। इसलिए इन्हें बीच की कड़ी माना जाता है।
जैसे–
(i) Virus : सजीव और निर्जीव के बीच की कड़ी
(ii) Euglena : पादप और जन्तु के बीच की कड़ी
(iii) Peripatus : Annelida (केंचुआ) और Arthropoda (कीट) के बीच की कड़ी
(iv) Lungfish : मछली और उभयचर के बीच की कड़ी
(v) Proterospongia : Protozoa और Porifera के बीच की कड़ी
(vi) Echidina & Platypus : Reptiles और Mammals के बीच की कड़ी
(vii) Balanoglossus : Non chordate और chordate के बीच की कड़ी
(viii) Archeopteryx : Birds और Reptiles के बीच की कड़ी

3. **अवशेषी अंग (Vestigial organ) :** वैसे अंग जो पूर्वजों में संरचनात्मक तथा कार्यात्मक रूप से पूरी तरह विकसित हो रहे हों, लेकिन वर्तमान समय में उपयोग न होने के कारण शरीर में अवशेष के रूप में मौजूद हों, उन्हें Vestigial organ कहा जाता है।

मनुष्य के महत्त्वपूर्ण अवशेषी अंग

❖ Vermiform appendix
❖ Nictitating membrane (Third eye lied) (तीसरी पलक)
❖ Coccyx (पूँछ की हड्डी)
❖ Ear muscles (कान की माँसपेशियाँ)
❖ Wisdom teeth (अकल की दाँत)

❖ **पुराने गुणों की पुनरावृत्ति (Atavism) :** कभी-कभी बच्चों में पूर्वजों के गुण उभर आते हैं जो वर्तमान में पूरी तरह से समाप्त हो चुके होते हैं। इस प्रकार की घटना को Atavism कहा जाता है।

❖ जीवन की उत्पत्ति अकार्बनिक अणुओं से हुआ, **हाल्डेन** ने कहा। **NCERT**

OBJECTIVE QUESTIONS

1. प्राकृतिक चयन द्वारा स्पीशीजों का विकास-सिद्धांत किसने दिया था? [NCERT Exemplar] [RRB Group-D, 2018] [B.P. 2018]
(a) मेंडल ने (b) डार्विन ने
(c) मॉर्गन ने (d) लैमार्क ने उत्तर–(b)

2. आधुनिक मनुष्य के हाल का पूर्वज है– [RRB JE 2019]
(a) जावा मनुष्य (b) क्रो-मैगनॉन मानुष
(c) नियंडरथल मानुष (d) पेकिंग मानुष उत्तर–(b)

3. विकास का मुख्य कारक है–[RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) उत्परिवर्तन (b) हासिल किए हुए गुण
(c) लैंगिक जनन (d) प्राकृतिक वरण उत्तर–(d)

4. 'स्वस्थतम की उत्तरजीविता' (सर्वाइवल ऑफ फिटेस्ट) उक्ति के रचयिता कौन थे ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-2]
(a) ग्रेगर जोहान मेंडेल (b) चार्ल्स डार्विन
(c) डॉ. हरगोबिंद खुराना (d) हर्बर्ट स्पेन्सर उत्तर–(d)

5. जीवधारियों में नई प्रजाति का क्रमिक विकास करने की सम्भावना इनमें से किसकी अधिक है ? [SSC CGL-2021] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) द्विवर्ण अणुओं का विभाजन
(b) निषेचन (fertilization)
(c) बडिंग
(d) पुनर्जनन (regeneration) उत्तर–(a)

6. वैसे अंग जिनकी मौलिक संरचना तो एक समान होती है परन्तु उनके द्वारा किया जाने वाला कार्य भिन्न होता है, क्या कहा जाता है– [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) जीवाश्म (b) जात्यावृति नियम
(c) समरूप अंग (d) समजात अंग उत्तर–(d)

7. 'ओरिजिन ऑफ स्पीशीज' नामक पुस्तिका किसके द्वारा लिखी गई है ? [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) जीन-बैप्टिस्ट डी लैमार्क (b) जॉन बर्डन सैंडरसन हालडेन
(c) चार्ल्स डार्विन (d) कार्ल लिनीयस उत्तर–(c)

8. 'जीवन की उत्पत्ति' के बारे में ओपेरिन का सिद्धान्त किससे संबंधित है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) रासायनिक विकास (b) भौतिक विकास
(c) जैविक विकास (d) कृत्रिम विकास उत्तर–(a)

9. प्रजातियों की व्यक्तिगत संख्या को बनाए रखने और उनके विलोपन को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा आवश्यक है ? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) श्वसन (b) प्रजनन
(c) पाचन (d) प्रसार उत्तर–(b)

10. मानवीय विकास के संबंध में हाल ही में खोज की गई कड़ी, कौन से जीवाश्म की खोज है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) लूसी (b) होमो नलेडी
(c) होमो सैपियन्स (d) ऑस्ट्रियोपिथोलीन्स उत्तर–(b)

11. जीवों द्वारा जीने के लिए और अधिक वंशवृद्धि के लिए बेहतर अनुकूलित वातावरण बनाने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं ? [I.A. S (Pre) 1995]
(a) प्राकृतिक चयन (b) परिवर्तन
(c) पुन: संयोजन (d) नॉन-रैंडम मैटिंग उत्तर–(a)

12. होमो सेपियन्स के रूप में वर्गीकृत किए जाने वाले प्रारम्भिक होमिनॉइड्स .... थे। [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) अगेस्टर लाइन (b) क्रो-मैग्नन
(c) निएंडरथल (d) प्रोकांसल उत्तर–(b)

13. मनुष्य की आनुवांशिकी का पता लगाया जा सकता है– [BSSC (Pre) 2018]
(a) अफ्रीकी मूल (b) अमेरिकी मूल
(c) दक्षिणी एशियाई मूल (d) पूर्वी एशियाई मूल उत्तर–(a)

14. किस युग के दौरान डायनासोर फले-फूले ? [RRB JE 2015]
(a) प्रोटेरोजोईक इरा (b) पालेओजोईक इरा
(c) सेनोजाइक इरा (d) मेसोजोइक इरा उत्तर–(d)

15. निम्नलिखित में से कौन-सा वह विचार है कि नई प्रजातियों का विकास उनके परिभाषित परिवर्तन के कारण हुआ है ? [RRB JE 2019]
(a) प्राकृतिक चयन (b) उत्परिवर्तन
(c) पुनर्संयोजना (d) नॉन रैंडम मैटिंग उत्तर–(b)

16. निम्नलिखित में से कौन प्रजातियों की संख्या को बनाए रखने और उनकी विलुप्तता को रोकने के लिए आवश्यक है ? [RRB NTPC 2017]
(a) प्रजनन (reproduction)
(b) संचरण (transmission)
(c) श्वसन (respiration)
(d) पाचन (digestion) उत्तर–(a)

17. जैविक विकास को .... के तौर पर परिभाषित किया गया है। [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) जीन बहाव (b) उपार्जित गुणों की वंशागति
(c) प्राकृतिक चयन (d) आनुवांशिक अपवाह उत्तर–(c)

18. जैविक विविधता का आधारभूत स्रोत .... है– [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) उत्परिवर्तन (mutation)
(b) कॉस्मिक विकास
(c) वंशानुक्रम (inheritance)
(d) किण्वण क्रिया (fermentation process) उत्तर–(a)

19. मनुष्यों के क्रम-विकास का अध्ययन इंगित करता है कि हम सभी एक ही प्रजाति से संबंधित हैं जो .... में विकसित हुई है। [RRB JE/Sr.Se Patna 2014]
(a) अफ्रीका (b) अमेरिका
(c) मध्य एशिया (d) पश्चिम एशिया उत्तर–(a)

20. .... लाखों वर्षों से आदिम जीवों में क्रमिक परिवर्तनों का अनुक्रम है, जिसके परिणामस्वरूप नई प्रजातियों का गठन होता है– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) एनालॉग्स ऑर्गन (b) होमोलोगस ऑर्गन
(c) जीवाश्म (d) क्रमागत उन्नति उत्तर–(d)

21. किस वैज्ञानिक ने 'द थ्योरी ऑफ इवोलूशन' का प्रतिपादन किया ? [SSC CGL-2021] [S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (Tier-I) स्तरीय परीक्षा-2014]
(a) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (b) आइजैक न्यूटन
(c) अरस्तु (d) चार्ल्स डार्विन उत्तर–(d)

22. 2015 में .... जीनस होमो की एक नई प्रजाति की खोज राइजिंग स्टार केद सिस्टम, क्रेडल ऑफ ह्यूमनकाइड, दक्षिण अफ्रीका के दीनालेडी चैबर में की गई थी ।[RRB JE 2019]

(a) होमो नलेडी (b) होमो इरेक्टस
(c) होमो हैबिलिस (d) होमो रूडोलफेंसिस उत्तर–(a)

23. ...... विकास का सिद्धांत हमें बताता है कि कैसे जीवन सरल से अधिक जटिल रूपों से विकसित हुआ । [RRB NTPC 2017]

(a) लैमार्क (b) डार्विन
(c) वालेस (d) मेंडल उत्तर–(b)

24. किसने सुझाव दिया था कि जीवन सरल अकार्बनिक (अजैवी) अणुओं से विकसित हुआ है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]

(a) मरे (b) डार्विन
(c) हाल्डेन (d) मेंडल उत्तर–(c)

25. सबसे व्यापक रूप से स्वीकृत सिद्धान्तों में से एक के अनुसार पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति से पहले पृथ्वी के वायुमंडल में . ... मिश्रण शामिल था । [RRB Group-D 2014]

(a) H_2. CO_2. NH_3 और CH_4
(b) H_2S, CH_4 और NH_3
(c) O_2, NH_3, CH_4 और जलवाष्प
(d) ओजोन CH_4, O_2 और जलवाष्प उत्तर–(b)

26. प्रारंभिक पृथ्वी का वातावरण मुख्य रूप से बना था- [SSC स्नात्तक स्तरीय-2019]

(a) NH_3, CH_4 और H_2S
(b) NH_3, H_2S और O_2
(c) NH_3, CH_4 और O_2
(d) CH_4, H_2S और O_2 उत्तर–(a)

27. जिन अंगों की मूल संरचना भिन्न होती है लेकिन दिखने में एक जैसे होते हैं और उनके कार्य भी समान होते हैं, उन्हें कहा जाता है– [42nd BPSC. (Pre) 2001]

(a) बायोजेनेटिक नियम (b) जीवाश्म
(c) समजात अंग (d) समरूप अंग उत्तर–(d)

28. .... गैस उस समय अपनी मुक्त अवस्था में मौजूद नहीं थी जब पृथ्वी पर जीवन उत्पन्न हुआ था । [RRB Group-D 2018]

(a) ऑक्सीजन (b) मीथेन
(c) अमोनिया (d) हाइड्रोजन उत्तर–(a)

29. .... समरूप अंग हैं– [SSC स्नातक स्तरीय परीक्षा-2010]

(a) लॉबस्टर की पूँछ और व्हेल के फाल
(b) चमगादड़ का पंख और व्हेल का पंख
(c) कुत्ते का पैर और डॉल्फिन के फ्लिपर
(d) मानव हाथ और बैल का पैर उत्तर–(a)

30. इन अंगों में से कौन-सा अवशेषी अंग नहीं है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]

(a) मस्तिष्क (b) अक्ल दाढ़ (बुद्धि दांत)
(c) एपेन्डिक्स (d) कान की मांसपेशियाँ उत्तर–(a)

31. जीव विकास (Evolution) को सर्वप्रथम किसने समझाया ? [BSSC (Pre) 2018]

(a) न्यूटन (b) आइन्स्टाइन
(c) चार्ल्स डार्विन (d) लैमार्क उत्तर–(d)

32. विकास के उत्परिवर्तन सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था– [BSSC (Pre) 2018]

(a) हक्सले ने (b) डार्विन ने
(c) लैमार्क ने (d) ह्यूगो डी ब्रीज ने उत्तर–(d)

33. वर्तमान प्रमाण के अनुसार, पृथ्वी पर जीव का उद्गम हुआ है, लगभग– [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]

(a) 20,000 वर्ष पूर्व (b) 2,00,000 वर्ष पूर्व
(c) 20,00,000 वर्ष पूर्व (d) 2,000,000,000 वर्ष पूर्व
उत्तर–(d)

34. पृथ्वी पर सबसे पुराना जीव कौन-सा है ? [BSSC Exam 2017]

(a) नील हरित शैवाल (b) कवक
(c) अमीबा (d) युग्लीना उत्तर–(a)

35. डार्विन द्वारा प्रस्तुत प्राकृतिक वरण निम्न में से किस पर आधारित है ? [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]

(a) ओवरप्रोडक्शन
(b) स्ट्रगल फॉर एक्जिस्टेन्स एण्ड वेरिएशन्स
(c) सरवाइवल ऑफ द फिटेस्ट
(d) उपर्युक्त सभी उत्तर–(d)

36. जैव विकास के संदर्भ में, साँपों में अंगों का लोप होने को स्पष्ट किया जाता है– [RRB ALP/ Tech. 2014]

(a) अंगों का उपयोग तथा अनुपयोग किए जाने से
(b) बिलों में रहने के प्रति अनुकूलन से
(c) प्राकृतिक चयन से
(d) उपार्जित लक्षणों की वंशागति से उत्तर–(a)

37. आर्कियोप्टेरिक्स है– [SSC-JE-2020] [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]

(a) जुरैसिक युग का सर्वपुरातन पक्षी
(b) जुरैसिक काल का सरीसृप
(c) ट्राइएसिक काल का सरीसृप
(d) ट्राईएसिक तथा जुरैसिक दोनों कालों का सरीसृप उत्तर–(a)

38. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अल्पविकसित अंग है ? [RRB JE 2015]

(a) फेफड़े (b) एपेन्डिक्स
(c) हृदय (d) गुर्दा उत्तर–(b)

39. 'आर्कियोप्टेरिक्स' किन वर्गों के प्राणियों के बीच की योजक कड़ी है ? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]

(a) उभयचर व पक्षी (b) सरीसृप व पक्षी
(c) सरीसृप व स्तनधारी (d) पक्षी व स्तनधारी उत्तर–(b)

40. निम्न में कौन-सा मनुष्य में अवशेषी अंग नहीं है ? [RRB Group-D 2014]

(a) निक्टेटिंग पर्दा (b) कर्णाभ मांसपेशियाँ
(c) सामने वाले चपटे दाँत (d) वर्मीफार्म एपेण्डिक्स उत्तर–(c)

41. जीवन की उत्पत्ति हुई– [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) पहाड़ों पर (b) भूमि पर
(c) जल में (d) वायु में उत्तर–(c)

■■■

This document was created with the Win2PDF "Print to PDF" printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

आनुवांशिकी (Genetics)

- ❖ **आनुवांशिकी** के अन्तर्गत जीवों में होने वाले Heredity तथा Variety का अध्ययन किया जाता है।
- ❖ Genetics शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग Watson ने किया।
- ❖ Genetics से संबंधित पहला अध्ययन Gregor John Mendel के द्वारा किया गया। इनके अनुसार जीवों में होने वाले एक लक्षण को नियंत्रित करने के लिए One Pair of 'Factor' की जरूरत होती है जो क्रमश: माता-पिता से आते है।
- ❖ Father of genetics **ग्रेगर जॉन मेंडल** को कहा जाता है।
- ❖ Father of Modern Genetics T.H. Morgan को कहा जाता है
- ❖ मेंडल प्रारंभिक शिक्षा गिरजाघर तथा इसके बाद **वियाना विश्वविद्यालय** से प्राप्त किए। **NCERT**
- ❖ Mendel के **अध्ययन** के बाद Johannsen ने अपने अध्ययन द्वारा बताया कि Factor DNA पर पाया जाने वाला जीन (Gene) होता है जिसके द्वारा जीवों में लक्षणों का निर्धारण होता है, अर्थात् Gene शब्द का प्रयोग सबसे पहले **Johannsen** ने किया।
- ❖ Johannsen ने 1909 ई० में जीन का खोज किया ।
- ❖ वाटसन ने 1905 ई० में सबसे पहले जेनेटिक्स शब्द का प्रयोग किया ।
- ❖ DNA अनुवांशिक गुण का वाहक है।
- ❖ यौन प्रजनन में माता-पिता का योगदान अपने जीन का आधा हिस्सा होता है ।

NCERT EXEMPLAR

- ❖ नयी स्पीशीज का निर्माण हो सकता है जब जनन कोशिकाओं के DNA में महत्वपूर्ण परिवर्तन है।
  - जनन कोशिकाओं के DNA में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो।
  - युग्मक के गुणसूत्रों की संख्या में परिवर्तन हो।
- ❖ एक स्पीशिज के दो व्यक्तियों में साझे लक्षण सबसे अधिक पाये जाते हैं।
- ❖ विकास सिद्धांत के अनुसार नई स्पीशीज का निर्माण कई पीढ़िओं तक विविधता के जमा होते जाने के कारण होता है।

- ❖ Mendel ने अपने प्रयोग में मटर (Pisum Sativum) का उपयोग किया।
- ❖ Mendel का निधन 1884 ई० में हुआ।
- ❖ पौधा चुनने का कारण : पौधों का छोटा Lifespan (3 से 4 माह)
- ❖ Pea के पौधों में विभिन्न प्रकार के गुण मौजूद होना।
- ❖ वनस्पति भागों या बीज के बजाय कोशिकाओं के माध्यम से नए पौधों को उगाना टिशू कल्चर कहलाता है।
- ❖ Mendel के **अध्ययन** किए गए गुणों/लक्षणों की संख्या = 7

लक्षण	प्रभावी	अप्रभावी
लम्बाई	लम्बा	बौना
बीज की आकृति	गोल	झुर्रिदार
बीज का रंग	पीला	हरा
पुष्प का रंग	बैंगनी	सफेद
फली का रंग	हरा	पीला
फली की आकृति	फैली हुई	सिकुड़ी हुई

- ❖ Mendel ने मटर के पौधों का **अध्ययन** दो प्रयोगों के आधार पर किया।
  1. एकल संकरण (Monohybrid Cross)
  2. द्विसंकरण (Dihybrid Cross)

1. एकल संकरण (Monohybrid Cross)

- ❖ जब एक ही लक्षण के दो भिन्न पौधों के बीच Cross कराया जाता है तो इसे एकल संकरण कहते हैं।



- ❖ Phenotypic ratio (बाहरी गुणों के आधार पर) = 3 : 1
- ❖ Genotypic ratio (आंतरिक गुणों के आधार पर) = 1: 2 : 1
- ❖ Mendal ने इस प्रयोग के आधार पर तीन नियम दिये हैं–

(i) प्रभाविता का नियम (Law of Dominance) :

- ❖ जब प्रभावी लक्षण का जीन व अप्रभावी लक्षण का जीन दोनों साथ में उपस्थित हो तो केवल प्रभाव लक्षण वाला जीन अपना लक्षण प्रदर्शित करता है, अप्रभावी लक्षण वाला जीन अपना लक्षण प्रदर्शित नहीं कर पाता है, यह प्रभाविता का नियम कहलाता है ।

Ex : पौधों की लम्बाई



(ii) पृथक्करण का नियम (Law of Segregation) :

❖ कारक युग्मक बनते समय आधे-आधे पृथक होकर युग्मक में चले जाते हैं।

Ex :



(iii) स्वतंत्र अपव्यूहन का नियम (Law of Independent Assortment) :

❖ जब दो लक्षणों को एक साथ लेकर संकरण कराया जाता है तो दोनों लक्षणों के जीन स्वतंत्र रूप से युग्मकों में अलग-अलग जाते हैं तथा स्वतंत्र रूप से अपना लक्षण प्रदर्शित करते हैं।

❖ एक लक्षण का जीन दूसरे लक्षण के जीन को प्रभावित नहीं करता है।

Ex :



2. द्विसंकरण (Dihybrid Cross)

❖ मेंडल ने द्विसंकरण के लिए दो लक्षणों को लिया।

❖ मेंडल ने दो लक्षणों में भिन्न-भिन्न मटर के पौधों पर भी संकरण प्रयोग किए जैसे पीले और गोल बीज वाले पौधों का क्रॉस हरे और झुर्रीदार बीज वाले पौधों से किया।

❖ मेंडल ने पाया की इस प्रकार के जनकों के संकरण से केवल पीले रंग वाले गोल बीज के पौधे ही प्राप्त हुए।



❖ **फीनोटाइप अनुपात (Phenotype ratio) :**

9	:	3	:	3	:	1
गोले पीले		गोल हरे		झुर्रीदार पीले		झुर्रीदार हरे

Genotypic Ratio : 1 : 2 : 1 : 2 : 4 : 2 : 1 : 2 : 1

Genotype : किसी भी लक्षण को निर्धारित करने वाले जीन के समूह को Genotype कहा जाता है।

Phenotype : Genotype के आधार पर जीवों में जो लक्षण उभर कर बाहर आते हैं उसे Phenotype कहा जाता है। इसे आँखों से देखा जा सकता है।

❖ मनुष्य में 46 Chromosome होते हैं–

Autosome	Sex Chromosome
44 Chromosome	2 Chromosome
यह शरीर के निर्माण में सहायक होता है।	यह मनुष्य में लिंग के निर्धारण में सहायक होता है।



❖ Male के Sperm (शुक्राणु) में (23) गुणसूत्र होते हैं।

❖ Female के Ovum (अंडाणु) में (23) गुणसूत्र होते हैं।

❖ बच्चों में लिंग का निर्धारण पिता के गुणसूत्र से होता है।

■ **मानव वंशागति (Human Inheritance)**

❖ मानव भी अन्य जन्तुओं की भाँति एक जन्तु है।

❖ अत: आनुवंशिकी के नियम मानव पर भी यथावत् लागू होते हैं और इन्हीं के अनुसार आनुवंशिक लक्षण पीढ़ी-दर-पीढ़ी जाते हैं।

❖ प्रायोगिक परीक्षण सुविधा न होने के कारण, मानव के आनुवंशिक लक्षणों या विशेषकों का पता लगाने के लिए **सर फ्रांसिस गैल्टन** ने दो विधियाँ बतायीं–(1) कुछ विशेष आनुवंशिक लक्षणों को प्रदर्शित करने वाले **मानव-कुटुम्बों की वंशावलियों (Pedigree or generaloies) का अध्ययन, तथा (2) जुड़वाँ बच्चों अर्थात् यमजों (twins) के अध्ययन से आनुवंशिक एवं उपार्जित (acquired)** लक्षणों में भेद स्थापित करना।

- बाद में, सन् 1908 में, **हार्डी एवं वीनवर्ग ने तीसरी विधि बतायी–"पूरे-पूरे जनसमुदाय में आनुवंशिक लक्षणों का निर्धारण"।**

पूर्वरचनावाद (Preformationism)

- यह बात बहुत पहले से ज्ञात थी कि अधिकांश जन्तुओं की उत्पत्ति नर एवं मादा जंतुओं के संयोग (union) से होती है। किन्तु इस प्रकार से उत्पन्न सन्ततियों (progeny) में नर एवं मादा जनकों (parents) का योगदान अज्ञात एवं विवादास्पद था।
- **अरस्तू** के अनुसार, लैंगिक सन्ततियों का पदार्थ मादा **अण्ड** (egg) से एवं आकृति नर **शुक्र** (semen) से प्राप्त होती है।
- ऐसा विश्वास किया जाता था कि अण्ड एवं शुक्राणु में पदार्थों का आदान-प्रदान या उनका संयोग अथवा संगलन (fusion) होना आवश्यक नहीं था।
- नर एवं मादा के संयोग के पश्चात् इस पूर्वोत्पादित (performed) जीव का केवल विकास पर होता है।

अनुजननवाद (Epigenesis)

- पूर्वरचनावाद (reformationism) को बहुत बड़ा धक्का **भ्रूण परिवर्धन** (embryo development) के अध्ययनों से लगा।
- इन अध्ययनों से यह ज्ञात हुआ कि **वयस्क पौधों एवं जन्तुओं के विभिन्न अंग एवं ऊतक** (tissue) भ्रूण (embryo) के एक समान ऊतक से उत्पन्न होते हैं।
- भ्रूण के एकसमान ऊतक से वयस्क अंगों के उत्पन्न होने को अनुजननवाद (Epigenesis) का नाम दिया गया और वोल्फ (Wolff 1738-1794) को इसका प्रवर्तक माना गया।

जैविक विकासवाद (Theory of Organic Evolution)

- चार्ल्स डार्विन ने बीगल (Beagle) नामक जहाज पर यात्रा के दौरान मलय द्वीप समूह तथा अन्य स्थानों से एकत्र की गई सामग्री के आधार पर 1859 में **'स्पेशीज की उद्गम'** (Origin of Species) नामक पुस्तक लिखी।
- डार्विन के अनुसार विभिन्न प्रकार के जीवों की उत्पत्ति जैव विकास (evolution) द्वारा हुई तथा विकास मुख्य रूप से प्राकृतिक वरण (natural selection) के कारण होता है।

Note: (i) यदि किसी जीव का जीवाश्म पृथ्वी की गहराई से प्राप्त हुआ है तो हम यह कह सकते है कि जीव हजारों साले पहले विलुप्त हो गया था। **[NCERT Exemplar]**
(ii) प्राकृतिक चयन द्वारा स्पीशिजों का विकास सिद्धांत डार्विन ने दिया था। **[NCERT Exemplar]**

- जाति का उद्भव नामक पुस्तक लिखा था– **डार्विन** **[NCERT Exemplar]**

OBJECTIVE QUESTIONS

1. सही वाक्यों को चुनिए– [NCERT Exemplar]
(i) संकरण का अर्थ आनुवंशिक रूप से दो असमान पादपों के बीच क्रॉसिंग कराना
(ii) दो किस्मों के बीच किया जाने वाला संकरण, अंतरास्पीशीजी संकरण कहलाता है
(iii) किसी पादप में वांछित गुणों वाले जीन डालने से आनुवंशिकीय रूपांतरित फसल प्राप्त होती है
(iv) दो स्पीशीजों के पौधों के बीच संकरण किया जाने वाला अंतरावैराइटी संकरण कहलाता है
(a) (i) तथा (iii) (b) (ii) तथा (iv)
(c) (ii) तथा (iii) (d) (iii) तथा (iv) **उत्तर–(a)**

2. पशुपालन निम्नलिखित उद्देश्यों में से किसके लिए किया जाता है? [NCERT Exemplar]
(i) दूध उत्पादन (ii) कृषि कार्य
(iii) मांस उत्पादन (iv) अंडा उत्पादन
(a) (i), (ii) तथा (iii) (b) (ii), (iii) तथा (iv)
(c) (iii) तथा (iv) (d) (i) तथा (iv) **उत्तर–(a)**

3. मानव नरों में एक गुणसूत्र को छोड़कर सभी गुणसूत्र पूर्ण जोड़ों में हैं। ये अपूर्ण जोड़े वाला/वाले गुणसूत्र कौन-सा (कौन-से) है (हैं)?
(i) बड़ा गुणसूत्र (ii) छोटा गुणसूत्र
(iii) Y-गुणसूत्र (iv) X-गुणसूत्र
(a) (i) और (ii) (b) केवल (i)
(c) (iii) और (iv) (d) (ii) और (iv) **उत्तर–(c)**

4. मटर के पौधों में प्रतान की वृद्धि किसके कारण होती है? [NCERT Exemplar]
(a) प्रकाश के प्रभाव के
(b) गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव के
(c) प्रतान की उन कोशिकाओं में तीव्र विभाजन के कारण जो अवलंब से दूर होती हैं
(d) प्रतान की उन कोशिकाओं में तीव्र विभाजन के कारण जो अवलंब के संपर्क में होती हैं **उत्तर–(c)**

5. मेंडल ने अपने प्रयोगों में मटर के पौधे की निम्नलिखित में से किस विशेषता का उपयोग नहीं किया था? [BPSC-2018] [Group-D 09.09.2022 2nd Shift]
(a) मटर के पौधे की लंबाई (b) पत्तों की आकृति
(c) बीज की आकृति (d) फूलों के रंग **उत्तर–(b)**

6. मटर के एक लंबे पौधे (TT) और एक बौने पौधे के बीच संकरण कराए जाने पर जो संतति उत्पन्न हुई उसके सभी पौधे लंबे थे क्योंकि– [NCERT Exemplar]
(a) लंबा होना प्रभावी विशेषक है
(b) बौना होना प्रभावी विशेषक है
(c) बौना होना अप्रभावी विशेषक है
(d) मटर के पौधे की ऊँचाई का नियंत्रण "T" अथवा 't' जीन से नहीं होता **उत्तर–(a)**

7. एक युग्मनज से, जिसमें पिता से वंशागत किया गया एक X-गुणसूत्र है, किस प्रकार का बच्चा बनेगा? [NCERT Exemplar]
(a) लड़का (b) लड़की
(c) X-गुणसूत्र से बच्चे के लिंग का निर्धारण नहीं होता।
(d) लड़का और दोनों लड़की **उत्तर–(b)**

8. यदि मटर के एक गोल तथा हरे रंग के बीज वाले पौधे (RR yy) और झुर्रीदार तथा पीले रंग के बीज वाले पौधे (rr YY) में संकरण कराया जाए तो F_1 के बीज कैसे होंगे? [NCERT Exemplar]
(a) गोल और पीले (b) गोल और हरे
(c) झुर्रीदार और हरे (d) झुर्रीदार और पीले **उत्तर–(a)**

9. गुलाबी रंग के दो पुष्पों के बीच संकरण कराए जाने पर 1 लाल रंग की, 2 गुलाबी रंग की और 1 सफेद रंग की संतति उत्पन्न हुई। इस संकरण का स्वरूप क्या होगा? [NCERT Exemplar]
(a) दोहरा निषेचन (double fertilization)
(b) स्वपरागण (self-pollination)
(c) परनिषेचन (cross fertilization)
(d) कोई निषेचन नहीं **उत्तर–(b)**

10. नीचे दी गई सूची में से, उन लक्षणों का चुनाव कीजिए जिन्हें उपार्जित किया जा सकता है, वंशागत नहीं [NCERT Exemplar]
(a) आँख का रंग (b) त्वचा का रंग
(c) शरीर का आकार (d) बालों का स्वरूप उत्तर–(c)

11. यदि मेंडल ने F2 पीढ़ी का अध्ययन नहीं किया होता तो क्या होता ? [Group-D, 11.10.2022 Shift-3]
(a) वह कई लक्षणों का अध्ययन नहीं कर पाते
(b) वह पता नहीं लगा पाते कि अप्रभावी लक्षण नष्ट नहीं होते हैं
(c) वह पता नहीं लगा पाते कि कौन से लक्षण प्रभावी थे
(d) वह हाइब्रिड पौधे प्राप्त कर पाने में सक्षम नहीं होते
उत्तर–(b)

12. मेंडल द्बारा प्रयोग किए गए प्रयोगों के तरीकों के आधार पर नीचे दिए गए कथनों में से सही कथन की पहचान कीजिए। [Group-D, 29.08.2022 Shift-3]
(a) केवल पर-निषेचन (corss-fertilisation) किया गया था।
(b) आरंभ में पौधों का स्व-निषेचन (self-fertilisation) किया गया था, उसके बाद पर-निषेचन (cross-fertilisation) किया गया था।
(c) आरंभ में पौधों का पर-निषेचन (cross-fertilisation) किया गया था, उसके बाद स्व-निषेचन (self-fertilisation) किया गया था।
(d) केवल स्व-निषेचन (self-fertilisation) किया गया था।
उत्तर–(c)

13. मेंडल ने सात अलग-अलग लक्षणों का अध्ययन क्यों किया ? [Group-D, 06.10.2022 Shift-2]
(a) अपने मोनास्ट्री (monastery) के लिए पर्याप्त मटर उगाने के लिए
(b) मटर के पौधों की विभिन्न किस्में बनाने के लिए
(c) वंशागति के सार्वभौतिक सिद्धांतों पर प्रकाश डालने के लिए
(d) यह जांच करने के लिए कि कौन से पौधे सबसे अच्छे थे
उत्तर–(c)

14. एक लंबे पौधे (TT) और एक छोटे पौधे (tt) के बीच संकरण के परिणामस्वरूप उत्पन्न F 1 संतति के सभी पौधों के लंबे होने का क्या कारण है ? [SSC CGL-2021] [Group-D 30.09.2022 1st Shift]
(a) क्योंकि पौधे की लंबाई T और t द्वारा नियंत्रित होती है
(b) क्योंकि पौधे की लंबाई केवल t द्वारा नियंत्रित होती है
(c) क्योंकि पौधे की लंबाई T या t द्वारा नियंत्रित होती है
(d) क्योंकि पौधे की लंबाई केवल T द्वारा नियंत्रित होती है
उत्तर–(d)

15. मेंडल ने अपने प्रयोगों के लिए किस पौधे का प्रयोग किया था ? [Group-D, 12.09.2022 Shift-3]
(a) गुलाब का पौधा (b) मिर्च
(c) लिली (d) उद्यान मटर उत्तर–(d)

16. सही कथन चुनिए– [NCERT Exemplar]
(a) मटर के पौधे का प्रतान और नागफनी का पर्णाभ वृंत समजात अंग हैं।
(b) मटर के पौधे का प्रतान और नागफनी का पर्णाभ वृंत समवृत्ति अंग हैं।
(c) पक्षियों के पंख और छिपकलियों के पाद समवृत्ति अंग हैं।
(d) पक्षियों के पंख और चमगादड़ के पंख समजात अंग हैं।
उत्तर–(a)

17. नर और मादा युग्मकों द्वारा साथ लाए जाने वाले विशेषकों (लक्षणों) के दो रूपांतर कहाँ स्थित होते हैं? [NCERT Exemplar]
(a) एक ही गुणसूत्र की प्रतिकृतियों पर
(b) दो विभिन्न गुणसूत्रों पर
(c) लिंग-गुणसूत्रों पर
(d) किसी भी गुणसूत्र पर उत्तर–(a)

18. सब्जी की एक टोकरी में गाजर, आलू, मूली और टमाटर रखे हैं। बताइए कि इनमें से कौन-सी सब्जियाँ सही समजात संरचनाओं का प्रतिनिधित्व करती है? [NCERT Exemplar]
(a) गाजर और आलू (b) गाजर और टमाटर
(c) मूली और गाजर (d) मूली और आलू उत्तर–(c)

19. मटर के एक शुद्ध लंबे पौधे (TT) और एक शुद्ध बौने पौधे (tt) में संकरण कराया गया। F2 पीढ़ी में शुद्ध लंबे पौधों और बौने पौधों का अनुपात क्या होगा? [NCERT Exemplar]
(a) 1 : 3 (b) 3 : 1
(c) 1 : 1 (d) 2 : 1 उत्तर–(c)

20. जनकों से संतति में संप्रेषित होने वाले लक्षण किसमें विद्यमान होते हैं ? [NCERT Exemplar]
(a) कोशिकाद्रव्य (b) राइबोसोम
(c) गॉल्गी काय (d) जीन उत्तर–(d)

21. मटर के पौधे में पाया जाने वाला गुण निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB ALP/ Tech. 30.08.2018, Shift-1]
(a) झुर्रीदार बीज (b) हरी फली
(c) गोल फली (d) गोल बीज उत्तर–(a)

22. रिक्त स्थान में सबसे उपयुक्त विकल्प भरें। यदि एक पौधे का समजीनी (Genotype) ttRr है, तो समलक्षणी (Phenotype) .... होगा। [RRB ALP/ Tech. 17.08.2018, Shift-II]
(a) बौना और झुर्रीदार (b) लंबा और झुर्रीदार
(c) बौना और गोल (d) लंबा और गोल उत्तर–(c)

23. वनस्पति भागों या बीज के बजाय कोशिकाओं के माध्यम से नए पौधों को उगाना कहा जाता है। [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) टिशू कल्चर (b) पुन:निर्माण
(c) बहु विखंडन (d) द्विविचर विखंडन उत्तर–(a)

24. यौन प्रजनन में माता-पिता का योगदान होता है- [RRB Group-D 2014]
(a) अपने जीन का आधा हिस्सा
(b) अपने जीन का तीन चौथाई हिस्सा
(c) सभी जीन
(d) अपने जीन का एक चौथाई हिस्सा उत्तर–(a)

25. मेंडल द्वारा अध्ययन की गई विशेषताओं के विपरीत युग्मों में से एक .... थे। [Group-D, 15.09.2022 Shift-2]
(a) बैंगनी और सफेद फूल (b) नीला और सफेद फूल
(c) पीला और बैंगनी फूल (d) सफेद और पीला फूल
उत्तर–(a)

26. लैंगिक प्रजनन में ...... के/का .... शामिल होते हैं। [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) समान लिंग, दो जनक (b) विपरीत लिंगों, एक जनक
(c) विपरीत लिंगों, दो जनक (d) कोई भी लिंग, एक जनक
उत्तर–(c)

27. मादा के अनिषेचित अंडे में होते हैं– [BSSC (Pre) 2018]
(a) XX क्रोमोसोम्स (b) एक X क्रोमोसोम्स
(c) XY क्रोमोसोम्स (d) एक Y क्रोमोसोम्स उत्तर–(b)

28. पुरुष शुक्राणु में गुणसूत्रों की संख्या है। [SSC-JE-2020] [RRB ALP/ Tech. 2014]

(a) 24 (b) 23
(c) 48 (d) 46 उत्तर−(b)

29. मानव शरीर की कोशिकाओं में .... पाए जाते हैं।
[SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) 21 जोड़ी गुणसूत्र (b) 22 जोड़ी गुणसूत्र
(c) 20 जोड़ी गुणसूत्र (d) 23 जोड़ी गुणसूत्र उत्तर−(d)

30. प्रजातियों में .... जीवित रहने का लाभ प्रदान कर सकता है अथवा केवल आनुवंशिक क्रम में योगदान प्रदान कर सकता है− [SSC संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा-2013]
(a) प्रजातिकरण (speciation)
(b) परागण (pollination)
(c) परिवर्तन
(d) निषेचन (fertilization) उत्तर−(c)

31. मैंडल से पहले कई वैज्ञानिकों ने मटर और अन्य जीवों में लक्षणों की वंशागति का अध्ययन शुरू कर दिया था लेकिन मेंडल वंशागति के नियम देने में सफल रहे। मेंडल की सफलता से संबंधित कुछ तर्क नीचे दिये गये हैं, जिनमें से एक के अलावा अन्य सभी सही है। गलत तर्क का चयन कीजिए।
[Group-D 22.08.2022 2nd Shift]
(a) उन्होंने छोटे आकार के नमूनों के आधार पर काम किया था।
(b) उन्होंने प्रत्येक पीढ़ी में किसी विशेष लक्षण वाले जीवों की गिनती रखी थी।
(c) उन्होंने अपने विज्ञान और गणित के ज्ञान को मिश्रित किया।
(d) उन्होंने एक समय में एक लक्षण की वंशागति का अध्ययन किया जबकि उनसे पहले के वैज्ञानिकों ने जीव को संपूर्ण रूप में लेकर अध्ययन किया था। उत्तर−(a)

32. निम्नलिखित रोगों में से कौन-सा एक आनुवांशिक विकार है?
[BSSC (Pre) 2018]
(a) थैलेसीमिया (b) एनिमिया
(c) रतौंधी (d) कैंसर उत्तर−(a)

33. बच्चों का लिंग .... से प्राप्त होने वाले वंशानुगत गुणसूत्र द्वारा निर्धारित होगा। [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) पिता (b) प्रकृति
(c) माता और पिता (d) माता उत्तर−(a)

34. किस प्रकार का पुनर्जनन अधिक विविधता ला सकता है?
[RRB JE 2015]
(a) बीजांड द्वारा जनन (b) पुनर्जनन
(c) लैंगिक (d) मुकुलन उत्तर−(c)

35. पीढ़ी (F_1) में दिखाई देने वाला लक्षण हैं−
[RRB NTPC 2017]
(a) मिश्रित लक्षण (b) प्रबलता
(c) प्रबल और परिसारी (d) प्रतिसारी उत्तर−(b)

36. मनुष्य जाति के एक पुरुष को उसके X क्रोमोसोम्स उसके/उसकी .... से प्राप्त होते हैं। [SSC CGL-2021]
[RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]
(a) या तो माता में या पिता से
(b) माता
(c) पिता
(d) माता पिता दोनों द्वारा उत्तर−(b)

37. मानवों में नर युग्मक निम्न में से कौन से गुणसूत्र का वाहक होता है? [SSC स्टेनोग्राफर परीक्षा-2014]
(a) केवल X गुणसूत्र (b) केवल Y गुणसूत्र
(c) X और Y दोनों गुणसूत्र (d) या तो X या Y गुणसूत्र उत्तर−(d)

38. ..... उत्परिवर्तन (म्युटेशन), आनुवांशिक नहीं होता है−
[RRB JE 2015]
(a) विलोपन (b) प्रतिलिपिकरण
(c) प्रविष्टि (d) दैहिक उत्तर−(d)

39. मेंडल के नियम केवल तभी लागू होते हैं जब−
[RRB Group-D 2014]
(a) माता-पिता शुद्ध प्रजनक हैं
(b) पैरेंट कोडोमिनेंट हैं
(c) कैरेक्टर रीसेस्सिव हैं
(d) कैरेक्टर लिंक किए गए हैं उत्तर−(a)

40. जीन उत्परिवर्तन निम्न में से किसके कारण होता है?
[RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) प्रजनन
(b) प्रोटीन के अनुक्रम में परिवर्तन
(c) नाइट्रोजनी क्षारों के अनुक्रम में परिवर्तन
(d) हार्मोन के एंजाइमों के स्राव उत्तर−(c)

41. डाई हाइब्रिड (संकर) क्रॉस में विपर्यासी लक्षणों की ...... जोड़ी पायी जाती है। विपर्यासी लक्षण से उत्पन्न जोड़े स्वतंत्र रूप से व्यवहार करते हैं, एक जोड़ा स्वतंत्र रूप से वर्गीकरण करता है− [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) एक (b) तीन
(c) दो (d) आठ उत्तर−(c)

42. मेंडल ने F_1 पीढ़ी के पौधों से F_2 वंशज ...... की पद्धति द्वारा प्राप्त किया। [SSC स्टेनोग्राफर (ग्रेड C एवं D) परीक्षा-2011]
(a) स्व-परागण (self pollination)
(b) संकर-परागण (cross pollination)
(c) वानस्पतिक जनन
(d) अलैंगिक जनन (asexual reproduction) उत्तर−(a)

43. .... ने सजीव वस्तुओं में लक्षणों की आनुवांशिकता के सिद्धान्तों के प्रतिपादन में योगदान दिया। [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) स्टेनले मिलर (b) जे.बी. एस हेल्डेन
(c) चार्ल्स डार्विन (d) ग्रेगर मेंडल उत्तर−(d)

44. 556 गोल हरे और सिकुड़े पीले बीजों के हाइब्रिड क्रॉस में .... बीज गोले और पीले होते हैं। [बिहार दरोगा-2019]
[66th BPSC (Pre) 2020]
(a) 32 (b) 108
(c) 101 (d) 315 उत्तर−(d)

45. मटर के पौधों पर मेंडल के प्रयोगों के कुछ निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं, जिनमें से एक के अलावा अन्य अभी सही है। गलत निष्कर्ष का चयन कीजिए। [SSC CGL-2021]
[Group-D 23.8.2022 1st Shift]
(a) जीन युग्मों में आते हैं।
(b) प्रत्येक युग्मक में एक ही जीन के दो प्रतिरूप होते हैं।
(c) जीन विशिष्ट इकाइयों के रूप में वंशागत होते हैं।
(d) जीनों का पृथक्करण युग्मको के निर्माण के दौरान होता है।
उत्तर−(b)

46. वैज्ञानिक मेंडल का निधन कब हुआ− [I.A.S (Pre) 1998]
(a) 1884 (b) 1874
(c) 1879 (d) 1901 उत्तर−(a)

47. एलील होते हैं− [SSC (C.P.O) परीक्षा-2015]
(a) एंजाइमों का वैकल्पिक रूप
(b) जीन का वैकल्पिक रूप
(c) क्रोमोसोम का वैकल्पिक रूप
(d) अपूर्ण प्राबल्य का रूप उत्तर−(b)

48. आमतौर पर मेंडेलियन कारक क्या कहलाते हैं?
(a) सेंट्रोसोम (b) जीन [RRB JE 2015]
(c) डीएनए (d) क्रोमोसोम उत्तर−(b)

49. मेंडल ने किस आधार पर युग्मकों की शुद्धता का नियम दिया ?
(a) पश्च संकरण (बैक क्रॉस) [RRB Group-D 2014]
(b) द्विसंकर संकरण (डीहाईब्रिड क्रॉस)
(c) परीक्षण संकरण (टेस्ट क्रॉस)
(d) एक संकर संकरण (मोनोहाईब्रिड क्रॉस) उत्तर–(d)

50. पुनर्जनन का अर्थ .... है। [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) खोए हिस्से का प्रतिस्थापन
(b) छोटे खण्ड से जीव के पूरे शरीर का निर्माण
(c) कलियों का निर्माण
(d) उपरोक्त सभी विकल्प उत्तर–(b)

51. महिला रोगाणु कोशिका (Germ cell) में गुणसूत्रों की संख्या है– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) 23 (b) 46
(c) 48 (d) 24 उत्तर–(a)

52. मटर के पौधों में .... कैरेक्टर रीसेसिव होते हैं।
(a) पीला बीज (b) राउंड सीड [RRB JE 2019]
(c) हरी फली (d) झुर्रीदार बीज उत्तर–(d)

53. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता मटर के एक पौधे में अप्रभावी होती है ? [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) हरी फली (b) झुर्रीदार बीज
(c) गोल बीज (d) पीले बीज उत्तर–(b)

54. मेंडल के आनुवांशिकता का सिद्धांत किस पर आधारित है ? [RRB JE 2019]
(a) कायिक जनन (b) अलैंगिक जनन
(c) लैंगिक जनन (d) उपर्युक्त सभी उत्तर–(c)

55. मेंडल ने मटर के पौधों को चुना क्योंकि ...... ।
(a) उपरोक्त सभी विकल्प [RRB ALP/ Tech. 2018]
(b) वे सस्ते थे
(c) वे आसानी से उपलब्ध थे।
(d) उनमें विषम दिखने वाले गुण थे। उत्तर–(d)

56. मेंडल ने दो प्रयोग किए : (1) लंबे पौधों के पराग को छोटे पौधों के बीजांड को निषेचित के लिए लिया, और (2) छोटे पौधों के पराग को लंबे पौधों के बीजांड को निषेचित करने के लिए लिया। यदि हम इन दो प्रयोगों से उत्पन्न पौधों की तुलना करें, तो हम क्या परिणाम देखेंगे ? [BPSC-2018] [Group-D, 06.10.2022 Shift-3]
(a) प्रयोग 1 में छोटे पौधे उत्पन्न होंगे, और प्रयोग 2 में भी छोटे पौधे उत्पन्न होंगे
(b) प्रयोग 1 में लंबे पौधे उत्पन्न होंगे, और प्रयोग 2 में छोटे पौधे उत्पन्न होंगे
(c) प्रयोग 1 में लंबे उत्पन्न होंगे, और प्रयोग 2 में भी लंबे पौधे उत्पन्न होंगे
(d) प्रयोग 1 में छोटे पौधे उत्पन्न होंगे, और प्रयोग 2 में लंबे पौधे उत्पन्न होंगे उत्तर–(c)

57. मटर के पौधों पर मेंडल के प्रयोग के अनुसार, लंबेपन को बौनेपन की तुलना में 'प्रभावी' लक्षण कहा गया क्योंकि....। [Group-D 16.09.2022 3rd Shift]
(a) मटर सहित सभी जीवों में, बौने जीवों की तुलना में लंबे जीव सामान्यत: अधिक पाए जाते हैं।
(b) लंबेपन के लिए जीन का प्रतीक 'T' था जबकि बौनेपन के लिए जीन का प्रतीक '*t*' था
(c) कोई पौधा लंबा ही होगा, भले ही उसके लंबेपन के लिए एक जीव (युग्मविकल्पों) हो या दो जीन (युग्मविकल्पी) हो।
(d) लंबे पौधे, बौने पौधों की तुलना में आकार में बड़े होते हैं उत्तर–(c)

58. आनुवंशिकता को प्रभावित करने वाले कारकों के संबंध में मेंडल ने निम्नलिखित में से कौन सी महत्त्वपूर्ण खोज की ? [Group-D 05.09.2022 1st Shift]
(a) हार्मोन्स उत्पादन के कारण विशेषताएँ (Traits) प्रकट होती है
(b) एक पीढ़ी की सभी संतानें केवल माता-पिता में से एक की तरह ही दिखती हैं
(c) स्व-निषेचन केवल पैतृक विशेषताएँ (traits) दर्शाता है
(d) यौन प्रजनन करने वाले जीवों में कारकों का युग्म उनके अभिलक्षणों को व्यक्त करता है उत्तर–(d)

59. इनमें से कौन वह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने प्रत्येक पीढ़ी में किसी विशेष लक्षण को प्रदर्शित करने वाले पौधों/जीवों की गणना करने के लिए अपने विज्ञान और गणित के ज्ञान को समिश्रित किया था ? [Group-D 07.10.2022 2nd Shift]
(a) स्टेनली एल मिलर (b) चार्ल्स रॉबर्ट डार्विन
(c) ग्रेगर जॉन मेंडल (d) जे.बी.एस. हाल्डेन
उत्तर–(c)

60. सूरजमुखी का पौधा 6.2 से 6.7 की pH रेंज वाली मिट्टी में सबसे अच्छी तरह बढ़ता है। यदि किसी बगीचे की मिट्टी को pH मान 5 है, तो सूरजमुखी उगाने के लिए मिट्टी में कौन-सा पदार्थ मिलाया जाना चाहिए ? [बिहार दरोगा-2019] [Group-D 05.09.2022 2nd Shift]
(a) नींबू (b) नमक
(c) बालू (d) कम्पोस्ट उत्तर–(a)

61. पीले बीजों वाले तद्रूप प्रजनन वाले एक लंबे मटर के पौधे का संकरण हरे बीजों वाले तद्रूप प्रजनन वाले बौने मटर के पौधे के साथ कराया जाता है। F1 पीढ़ी में, सभी पौधे लंबे थे। इस प्रयोग से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ? [Group-D 05.09.2022 2nd Shift]
(a) यह जीनों के स्वतंत्र अपव्यूहन को दर्शाता है।
(b) एक जनक पौधा समयुग्मजी था और दूसरा विषमयुग्मजी था।
(c) लंबापन, बौनेपन पर प्रभावी/हावी था।
(d) जनक पौधे विषमयुग्मजी थे। उत्तर–(c)

62. वंशागति के नियमों (laws of inheritance) का प्रतिपादन किसने किया? [Group-D, 02.09.2022 Shift-3]
(a) चार्ल्स डार्विन (b) वाटसन और क्रिक
(c) कार्ल लिनिअस (d) ग्रेगर मेंडल उत्तर–(d)

63. वंशागति के नियमों को प्राप्त करने में मेंडल की सफलता के पीछे मुख्य कारण क्या था ? [BPSC-2019] [Group-D 11.10.2022 2nd Shift]
(a) उन्होंने ऐसे जनकों को चुना, जो एक समान थे।
(b) उन्होंने अपने संकरण में एक बार में केवल एक ही लक्षण का अध्ययन किया।
(c) उन्होंने प्रत्येक पीढ़ी में एक विशेष लक्षण दर्शाने वाले व्यष्टि जीवों की गणना की।
(d) उन्होंने मटर के पौधे का चयन किया। उत्तर–(b)

64. जब एक गोल, हरे बीज वाले पौधे का संकरण एक झुर्रीदार पीले बीज वाले मटर के पौधे के साथ कराया जाता है, तो परिणामस्वरूप F1 पीढ़ी के पौधे .... वाले होंगे। [Group-D 16.09.2022 3rd Shift]
(a) झुर्रीदार और पीले बीज (b) गोल और पीले बीज
(c) गोल और हरे बीज (d) झुर्रीदार और हरे बीज
उत्तर–(c)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

पाचन तंत्र (Digestive System)

पाचन (Digestion)

❖ भोजन के बड़े-बड़े टुकड़ों का छोटे-छोटे टुकड़ों में बदलना पाचन कहलाता है।

मनुष्य के पाचन-तंत्र



1. मुख-गुहा (Mouth-Cavity)

इसके अन्तर्गत निम्नलिखित अंगों को शामिल किया जाता है–

(i) दाँत (Teeth)

(ii) जीभ (Tongue)

(iii) लार ग्रंथि (Salivary Gland)

(A) दाँत (Teeth)

❖ दाँतों की बाहरी बनावट के आधार पर दाँत दो प्रकार के होते है, जो अलग-अलग जंतु में पाए जाते है।

दाँत	बनावट	उदाहरण
Homodont	सभी दाँत एक ही प्रकार के होते हैं	साँप, छिपकली, कछुआ, मछली इत्यादि ।
Heterodont	सभी दाँत अलग-अलग प्रकार के होते हैं।	सभी स्तनधारी

● दाँतों के जबड़ों पर निकलने के आधार पर दाँत 3 प्रकार के होते हैं–

दाँत के प्रकार	बनावट	उदाहरण
एकबार दन्ती	सिर्फ एक बार निकलते हैं।	मनुष्य में 12 दाँत स्थायी होता है।
द्विबार दन्ती	यह दाँत पूरे जीवनकाल में दो बार निकलते हैं।	मनुष्य में Milk Teeth (20)
बहुबार दन्ती	यह दाँत बार-बार निकलता है।	स्तनधारियों को छोड़कर सभी जीव

मानव दाँत



➤ **दाँत के प्रकार (Types of Teeth) :**

दाँत	संख्या	कार्य
(i) कृतंक (Incisor)	2 × 4 = 8	काटना
(ii) रदनक (Canine)	1 × 4 = 4	चीड़ना
(iii) अग्रचवर्णक (Pre-molar)	2 × 4 = 8	
(iv) चवर्णक (Molar)	3 × 4 = 12	
	कुल = 32	

➤ **दंत सूत्र (Dental Formula) :**

❖ वयस्क (Adult) $= \frac{\overset{I\,C\,P\,M}{2123}}{2123} \times 2 = 32$

❖ बच्चा (Child) $= \frac{\overset{I\,C\,P\,M}{2102}}{2102} \times 2 = 20$

मानव दाँत की आंतरिक संरचना



❖ दाँतों का वह भाग जो मसूड़ों से बाहर दिखाई देता है, उसे Crown कहा जाता है, तथा मसूड़े के अंदर वाले भाग को Root कहते हैं।

❖ दाँतों का सबसे बाहरी आवरण Enamel कहलाता है जो शरीर की सबसे कठोर संरचना है।

- ❖ Enamel के कारण ही दाँतों का रंग सफेद होता है।
- ❖ Enamel के अन्दर वाले भाग को Dentine कहा जाता है तथा Dentine के अन्दर एक नली-नुमा संरचना होती है, जिसमें द्रव्य भरा रहता है, उस द्रव्य को PULP कहते हैं।

Note :
- ❖ 5 साल से कम उम्र के बच्चों में दाँत की संख्या– **20 (Premolar नहीं होता है)**
- ❖ किशोरावस्था में दाँतों की संख्या–**28**
- ❖ मनुष्यों में पूरे जीवन काल में दाँतों की संख्या–**52 (20+20+12)**
- ❖ सबसे मजबूत हड्डी व मांसपेशी–**जबड़े की**
- ❖ दाँत का सड़न शुरू होता है । जब मुँह का pH मान **5.5 से कम**
- ❖ Enamel होता है–**क्षारीय**
- ❖ क्लोरीन की कमी से दाँत में होता है–**Fluorosis (दंत क्षय)**
- ❖ हाथी का दिखने वाला दाँत (Tusk) उदाहरण है–**Pre-molar**
- ❖ यह सिर्फ Male हाथी में ही होता है ।
- ❖ कौन-सा दांत का जोड़ा संरचना में भिन्न है। लेकिन कार्य में समान है– **चवर्णक और अग्रचवर्णक [NCERT Exemplar]**

(B) जीभ (Tongue)

- ❖ जीभ एक मांसल संरचना है, जो पीछे वाले हिस्से के गर्दन से जुड़ी रहती है।
- ❖ जीभ के ऊपरी सतह पर छोटी-छोटी ग्रंथियाँ पाई जाती हैं जिसे Taste Buds (स्वाद कलिकाएँ) कहा जाता है।



Note :
- ❖ स्वादिष्ट भोजन देखकर मुँह में पानी आना "स्नायु संबंधित प्रक्रिया है ।
- ❖ Tonsil में सुजन के कारण Tonsillitis नामक रोग होता है । जो जिवाणु संक्रमण रोग का उदाहरण है ।
- ❖ जीभ के पीछे वाले हिस्से में एक मांसल उभरी हुई संरचना पाई जाती है, जिसे Tonsil कहा जाता है।
- ❖ Tonsil के द्वारा Lymphocytes का निर्माण किया जाता है, जो भोजन में मौजूद रोगाणुओं को नष्ट करने का कार्य करती है।

(C) लार ग्रंथियाँ (Salivary Gland)



- ❖ मनुष्य में कुल 3 जोड़ी लार ग्रंथियाँ पाई जाती हैं जो जीभ के नीचे तथा जीभ और गाल के किनारों पर पाई जाती हैं।
- ❖ सबसे बड़ी लार ग्रंथि को PAROTID GLAND कहा जाता है, जबकि सबसे छोटी लार ग्रंथि को SUB LINGUAL GLAND कहा जाता है।
- ❖ लार ग्रंथि के द्वारा द्रव का स्त्राव होता है, जिसे Saliva (लार) कहा जाता है। लार का pH मान 6.6 होता है।

■ **लार में उपस्थित प्रमुख एंजाइम**

एंजाइम	कार्य
टायलीन	यह स्टॉर्च का विखंडन करता है ।
α-एमाइलेज	यह स्टॉर्च को सरल शर्करा में बदलता है ।
लाइसोजाइम	यह भोजन में उपस्थित जीवाणु को नष्ट करता है ।

Note :
- ❖ α-एमाइलेज लार ग्रंथि से कम मात्रा में तथा अग्नाशय से ज्यादा मात्रा में स्त्रावित होता है ।
- ❖ PAROTID GLAND में विषाणु से संक्रमीत रोग Mumps (गलसुआ) होता है ।
- ❖ लार कुछ उत्प्रेरक पदार्थ जैसे–मरकरी, सीसा एवं आयोडाइड्स का भी स्त्राव करता है ।

आमाशय (Stomach)

- ❖ Mouth cavity के बाद भोजन Peristalsis movement के द्वारा Oesophagus से होते हुए stomach (आमाशय) में पहुँचता है।
- ❖ आमाशय में भोजन का तात्कालिक संग्रह तथा पाचन का कार्य किया जाता है।
- ❖ आमाशय जहाँ से शुरू होता है, वहाँ एक valve जैसी संरचना पाई जाती है जिसे Cardiac sphincter कहा जाता है।



- ❖ आमाशय आहार नली का सबसे चौड़ा भाग होता है जो एक थैलीनुमा होता है।
- ❖ श्लेष्मा के कारण आमाशय का अस्तर सुरक्षित बना रहता है। **[NCERT Exemplar]**
- ❖ **प्रथम बार ब्यूमॉण्ट** ने देखा कि आमाशय भोजन का मंथन कर रहा था। **NCERT**
- ❖ आमाशय की दीवारों पर कुछ ग्रंथियाँ पाई जाती है जिसे Gastric Gland कहा जाता है।
- ❖ Gastric gland के द्वारा द्रव्य का स्राव होता है जिसे जठर रस (Gastric juice) कहा जाता है।

जठर रस	कार्य
HCL	इसका pH मान 1.5-2.5 (Highly Acidic) होता है।
	यह Pepsine Enzyme को सक्रिय करता है।
	यह टायलिन एंजाइम की क्रिया को रोकता है।
पेप्सिन	यह प्रोटीन को पॉलीपेप्टाइड में परिवर्तित करता है।
रेनिन	यह दूध में उपस्थित Casein protein को Para Caseinate में परिवर्तित करता है।

Note :

❖ दूध का पिला रंग–**Carotene** के कारण
❖ दूध का सफेद रंग–**Casein protein** के कारण
❖ दूध में **विटामीन-C** नहीं पाया जाता है।
❖ पानी अकार्बनिक लवण तथा एल्कोहल आदि का अवशोषण करता है–**अमाशय**
❖ अमाशय में **कार्बोहाइड्रेट** का अपघटन नहीं होता है।
❖ पेप्सिन एंजाइम द्वारा अमाशय की दीवार का आंशिक पाचन **अल्सर** कहलाता है।
❖ अमाशय में लुगदी समान भोजन **काइम** (chyme) कहलाता है।
❖ जठर रस का स्राव–**1.5 – 2.00 Letter/day**

छोटी आंत (Small Intestine)



❖ यह आहार नाल का सबसे लम्बा भाग है, जिसकी लम्बाई लगभग 6 – 8 मी. होती है।
❖ आमाशय में पाचन क्रिया सम्पन्न होने के बाद भोजन छोटी आंत में पहुँचता है जहाँ भोजन का पाचन तथा अवशोषण (digestion and absorption) की क्रिया की जाती है।
❖ सम्पूर्ण आहारनाल की लम्बाई 10 मी॰ होती है।
❖ छोटी आँत 3 भागों में विभाजित होती है–

छोटी आँत का भाग	प्रमुख तथ्य
Duodennum	यह अमाशय से छोटी आँत को जोड़ता है।
	इसमें यकृत तथा अमाशय से स्रावित द्रव मिलता है।
Jejunum	यह Duodenum के बाद वाला भाग है।
	इसमें पाचन संबंधित कोई भी क्रिया नहीं होता है।
Ileum	यह Jejunum के बाद वाला हिस्सा है।
	इसमें भोजन का पाचन एवं अवशोषण दोनों होता है।

➤ **छोटी आँत से निम्न Enzyme स्रावित होते हैं–**

1. Erepsin 2. Sucrase 3. Maltase 4. Lactase 5. Lipase

1. $\text{Peptone} \xrightarrow{\text{Erepsin}} \text{Amino Acid}$
2. $\text{Sucrose} \xrightarrow{\text{Sucrase}} \text{Glucose} + \text{Fructose}$
3. $\text{Maltose} \xrightarrow{\text{Maltase}} \text{Glucose} + \text{Glucose}$
4. $\text{Lactose} \xrightarrow{\text{Lactase}} \text{Glucose} + \text{Galactose}$
5. $\text{Fats} \xrightarrow{\text{Lipase}} \text{Fatty acid} + \text{Glycerol}$

Note :

❖ छोटी आँत (small intestine) में उपस्थित Villi का कार्य है। **पचीत भोज्य पदार्थ** का अवशोषण तथा आँत के पृष्ठ क्षेत्रफल में वृद्धि करना।
❖ छोटी आँत के सबसे बड़ा भाग **Ileum** तथा सबसे छोटा भाग **Duodenum** है।
❖ शाकाहारी का **छोटी आँत** लम्बी होती है।

बड़ी आँत (Large Intestine)



❖ बड़ी आँत (large intestine) में भोजन के पाचन संबंधित कोई भी कार्य नहीं होता है, क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार के enzymes का निर्माण नहीं होता है।
❖ बड़ी आँत तीन भागों में विभाजित होती है–
(i) Cecum (ii) Colon (iii) Rectum

बड़ी आँत का भाग	प्रमुख तथ्य
Cecum	इसमें Appendix होता है, जो अवशोषी अंग का उदाहरण है।
Colon	यह पानी का अवशोषण एवं कुछ विटामीन (B_3, B_6, B_{12} एवं Vitamin K) का निर्माण कुछ सहजीवी द्वारा होता है।
Rectume	यह बड़ी आँत का सबसे अंतिम भाग होता है। जहाँ अपचित भोजन (मल) के रूप में जमा रहता है।

पाचन ग्रंथियाँ (Digestive Glands)

- ❖ पाचन तंत्र में पाचन ग्रंथियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है जो पाचन संबंधित कार्यों के अलावा उपापचय क्रिया को संचालित करने का कार्य करते हैं।
- ❖ पाचन ग्रंथियाँ मुख्यत: दो प्रकार की होती हैं–
  1. यकृत (Liver) 2. अग्नाशय (Pancreas)

1. यकृत (Liver)



- ❖ Liver शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि है।
- ❖ इसका रंग गहरा लाल-भूरा (Reddish brown) होता है।
- ❖ इसका वजन 1.5 kg. (1500 gm) होता है।
- ❖ यह गर्त के द्वारा दो खण्डों में बंटा होता है जिसमें दायां खण्ड बड़ा होता है।
- ❖ Liver को जिगर के नाम से भी जाना जाता है।
- ❖ यकृत के नीचे वाले हिस्से में एक नाशपातीनुमा थैली पायी जाती है जिसे पित्ताशय कहते हैं।
- ❖ यकृत के द्वारा पित्त (bile) का निर्माण किया जाता है जो पित्ताशय (small bladder) में जमा होता है।
- ❖ Bile में दो प्रकार के पदार्थ होते हैं–

(i) पित्त लवण (Bile Salt) : यह सोडियम बाई कार्बोनेट ($NaHCO_3$) के रूप में पाया जाता है जो Fats को तोड़ने का कार्य करता है।

(ii) पित्त वर्णक (Bile Pigment) : यह दो प्रकार का होता है–
Bilirubin – (**पीला**) Yellow
Biliverdin – (**हरा**) Green

- ❖ Bilirubin का निर्माण RBC के टूटने से होता है।
- ❖ यकृत में संक्रमण हो जाने पर Bilirubin का Metabolism रूक जाता है जिससे blood में इसकी मात्रा बढ़ने लगती है।
- ❖ परिणामस्वरूप पसीना, urine तथा शरीर की त्वचा का रंग पीला होने लगता है जिसे **पीलिया (Jaundice)** नामक रोग कहा जाता है।

Note :

- ❖ यकृत विटामिन A का संश्लेषण करता है। तथा उसे संचित रखता है
- ❖ यकृत RBC के निर्माण हेतु लोहा (Fe) का भी संचय करता है।
- ❖ यकृत प्रोटीन के अरिक्ति वसा से कॉलेस्टेरॉल का भी निर्माण करता है।
- ❖ यकृत के चारो ओर पेरीटोनियम नामक झिल्ली का आवरण पाया जाता है।
- ❖ यकृत हीपेरिन का निर्माण करता है।
- ❖ प्लाज्मा प्रोटीन का संश्लेषण यकृत में होता है।
- ❖ यकृत Blood Clotting Protein Fibrogen का निर्माण करता है।
- ❖ यह protein के पाचन के उपरान्त बनने वाले नाइट्रोजन यौगिक अमोनिया (NH_3) का Metabolism करता है।
- ❖ यकृत NH_3 को यूरिया (NH_2-CO-NH_2) में परिवर्तित कर देता है जो किडनी के द्वारा शरीर से बाहर निकल जाता है।
- ❖ यूरिन में एक तीक्ष्ण गंध NH_3 की मौजूदगी के कारण होती है।
- ❖ यकृत जहरीले पदार्थ (Toxic material) के प्रभाव को समाप्त करने का प्रयास करता है।
- ❖ यकृत में Regeneration (पुर्ननिर्माण) की क्रिया होती है, जिससे यकृत अपने क्षतिग्रस्त भाग का निर्माण पुन: कर लेता है।
- ❖ यकृत कुछ विटामिनों को संचित करने का कार्य करता है। जैसे–Vit. A, D, E & K (जो वसा में घुलनशील होगा वह liver में उपस्थित होगा)
- ❖ यकृत ग्लुकोस के अतिरिक्त मात्रा को Glycogen के रूप में संचित करने का कार्य करता है।
- ❖ यह शरीर के ताप को नियंत्रित करता है।
- ❖ **यकृत विष** तथा दवा को निराकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **NCERT**

अग्नाशय (Pancreas)

- ❖ Pancreas शरीर की दूसरी सबसे बड़ी ग्रंथि है।
- ❖ इसका वजन 60-90 gm के बीच होता है।
- ❖ यह एकमात्र शरीर में पाया जाने वाला मिश्रित ग्रंथि (mixed gland) है।
- ❖ Pancreatic duct से एक सहायक नली स्वतंत्र रूप से सीधा Duodenum में खुलती है। जिसे Duct of Santorini कहा जाता है।
- ❖ अग्न्याशय मुख्य रूप से एसीनर कोशिकाएँ का बना होता है।
- ❖ इन कोशिका से निम्नलिखित प्रकार का एंजाइम स्रावित होता है।

एंजाइम	प्रमुख कार्य
ट्रिप्सीन	यह प्रोटीन को अमीनो अम्ल एवं पेप्टोन में परिवर्तित करता है।
एमाइलेज	यह स्टॉर्च तथा ग्लाइकोजेन को मल्टोज में परिवर्तित करता है।
लाइपेज	यह वसा को वसीय अम्ल तथ ग्लिसरॉल में बदलता है।
काइमोट्रिप्सीस	यह प्रोटीन को पेप्टोन, पॉलीपेप्टाइड तथा प्रेप्टोज में बदलता है।
कार्बोक्सीपोप्टीडेज	यह बड़े पेप्टाइड अणु को छोटे पेप्टाइड अणु में बदलता है।

■ **अन्त:स्रावी भाग (Endocrine Parts) :**

- ❖ एसीनर कोशिकाओं के बीच-बीच में α, β, δ नामक छोटी-छोटी कोशिकाएँ के गुछे होते हैं। जिसे लैंगरहैंस द्वीपिका कहते हैं।

❖ इससे निम्नलिखित हार्मोन का स्राव होता है।

कोशिका	हार्मोन	कार्य
α-Cells	Glucagon	ग्लाइकोजेन को ग्लुकोज में परिवर्तित
α-Cells	Insulin	ग्लुकोज को ग्लाइकोजेन में परिवर्तित
δ-Cells	Somatostatin	यह α एवं β Cells के कार्य को नियंत्रित करता है।

संतुलित आहार (Balance Diet)

❖ संतुलित आहार में भोजन के सभी पोषक तत्त्व शामिल होते हैं तथा शरीर के लिए दैनिक कार्य करने के लिए ऊर्जा की आपूर्ति होती है, साथ ही कुछ ऊर्जा भविष्य के लिए संचित हो जाती है।

❖ व्यक्ति के लिए दैनिक ऊर्जा उम्र, लिंग, कार्य का स्वभाव या प्रकृति तथा भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करती है।

❖ मानसिक कार्य करने वाले व्यक्ति के लिए प्रतिदिन **2200-3300 calorie** ऊर्जा की आवश्यकता होती है जबकि शारीरिक कार्य (physical work) करने वाले व्यक्ति के लिए प्रतिदिन **3000-4000 calorie** ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

❖ **Roughage :** भोजन में शामिल वैसे अवयव जो रेशेदार (fibre) होते हैं Roughage का काम करते हैं।

❖ Roughage के द्वारा जल को अवशोषित किया जाता है, तथा आहार नली (food pipe) की सफाई की जाती है।

❖ Roughage में पादप कोशिकाओं के cell wall शामिल होते हैं, जो cellulose से निर्मित होते हैं।

❖ भोजन में सलाद Roughage के रूप में मौजूद होता है।

Note: जुगाली करने वाले पशुओं में पोषण की प्रक्रिया का क्रम–
निगलना → आंशिक पाचन → जुगाली करना → पूर्ण पाचन

पाचन तंत्र से सम्बंधित रोग (Digestive System Related Diseases)

रोग (Disease)	लक्षण (Symptoms)
1. पीलिया (Jaundice)	इसमें यकृत प्रभावित होता है। पीलिया में त्वचा और आँख में पित्त वर्णकों के जमा होने से ये पीले रंग के दिखाई देते हैं।
2. उल्टी (Vomiting)	यह आमाशय में संग्रहीत पदार्थों के मुख से बाहर निकलने की क्रिया है। यह प्रतिवर्ती क्रिया मस्तिष्क में मेडुला आब्लांगेटा में स्थित उल्टी केंद्र से नियंत्रित होती है। उल्टी से पहले बेचैनी की अनुभूति होती है।
3. दस्त (Diarrhoea)	विषाणु या जीवाणु संक्रमण के कारण मल में जल की मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है तथा इसमें भोजन अवशोषण की क्रिया घट जाती है।
4. कब्ज (Constipation)	कब्ज में मलाशय में मल रूक जाता है और आँत्र की सक्रियता अनियमित हो जाती है।
5. अपच (Indigestion)	इस स्थिति में भोजन पूरी तरह नहीं पचता है और पेट भरा-भरा महसूस होता है। एंजाइमों के स्राव में कमी, व्यग्रता, खाद्य विषाक्तता (Food Poisoning), अधिक भोजन करने व मसालेदार भोजन ग्रहण करने के कारण यह रोग होता है।
6. मधुमेह (Diabetes)	यह रोग इन्सुलिन के अल्पस्राव के कारण होता है। जब शरीर की कोशिकाएँ रक्त में उपस्थित ग्लूकोज का उपयोग नहीं कर पाती, तो रक्त में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ जाती है इस कारण यह रोग हो जाता है। भारत में लगभग 11.4% लोग मधुमेह से पीड़ित है।
7. हाइपोग्लाइसीमिया (Hypoglycemia)	इन्सुलिन के अतिस्राव के रक्त में ग्लूकोज की मात्रा कम हो जाती है। इससे हाइपोग्लाइसीमिया नामक रोग होता है। इसमें जनन क्षमता एवं दृष्टि क्षमता प्रभावित होती है।
8. बवासीर (Hemorrhoids)	यह दशा में मलाशय की शिराएँ अव्यवस्थित हो जाती है।
9. यकृत सिरोसिस (Liver Cirrhosis)	यह यकृत से सम्बंधित रोग है, जिसमें यकृत का बाह्य आवरण एवं मांसपेशियाँ कठोर होने लगती है। मनुष्य में यह बीमारी अधिक शराब पीने एवं हेपेटाइटिस-B अथवा C के वायरस के सम्पर्क में आने से होती है। वर्तमान में इससे मुक्ति पाने का एक मात्र उपाय यकृत प्रत्यारोपण (Liver Transplant) है।

Note :

❖ इसके अतिरिक्त **पेंचिश (Dysentery), गलसुआ (Mumps), हैजा (Cholera)** आदि संक्रामक रोग भी पाचन तंत्र को प्रभावित करते हैं।

❖ खाद्य पदार्थ में प्रोटीन का परीक्षण **$CuSO_4$** के घोल से होता है।

❖ मानव में **सेल्युलोज** का पाचन नहीं होता है।

❖ Insulin की कमी के कारण **Diabetes mallitus** रोग होता है।

❖ Sugar Free Tablet या मधुकर **Aspartame** नामक यौगिक से बनता है।

❖ मधुमेह की स्थिति में रोगी को अन्द्रिा, **यादाश्त में कमी, अधिक प्यास** बार-बार मुत्र का त्याग, अधिक पसीना का आना आदि लक्षण है।

❖ अग्नाशय रस को पूर्ण **पाचक रस** भी कहते हैं।

❖ **सिक्कम तथा एपेंडिक्स** दोनों ही मानव अवशेषी अंग है।

❖ इंसुलिन के अधिक स्रावित होने से कौन सा रोग हो जाता है।
–हाइपोग्लाइसीमिया

❖ इंसुलिन की खोज किसने किया था ? **–बैटिंग एवं बेस्ट (1921)**
❖ मल में दुर्गन्ध किसके कारण होता है ? **–इन्डोल एवं स्कैटोल नामक**
❖ जठर रस (आमाशय) किन ग्रंथियों से स्रावित होता है ? **–पाइलोरिक ग्रंथियों से**
❖ आमाशय में किन कोशिकाओं से हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का स्राव होता है ? **–आक्सिन्टिक कोशिकाओं से**
❖ पिताशय पत्तियाँ, चुहा, व्हेल मछली व घोड़ा में नहीं पाया जाता है।
❖ मंड/कार्बोहाइड्रेट का परीक्षण आयोडीन से किया जाता है। इस प्रक्रिया में मंड का **रंग नीला-काला** हो जाता है। **NCERT**
❖ प्रोटीन का परीक्षण **$CuSO_4$** से किया जाता है। जिसमें प्रोटीन का रंग बैंगनी हो जाता है। **NCERT**
❖ **कार्बोहाइड्रेट** को ऊर्जा प्रदान करने वाला भोजन कहा जाता है। **NCERT**

Note:
❖ **कार्बोहाइड्रेट** का पाचन **मुख** से ही शुरू हो जाता है। **NCERT**
❖ **प्रोटीन** का पाचन **आमाशय** से शुरू हो जाता है। **NCERT**
❖ **वसा** का पाचन **छोटी आँत** से शुरू हो जाता है। **NCERT**
❖ आहार नाल तथा मुँह के अस्तर शल्की **एपिथीलियम** से ढ़का होता है। **NCERT**
❖ जहाँ पचित भोजन का अवशोषण तथा स्राव होता है। वहाँ का भीतरी स्तर स्तंभाकार **एपिथीलियम** से बना होता है। **NCERT**
❖ पाचन तंत्र के किस भाग में पाचन नहीं होता है– **ग्रासनली, बड़ी आंत, मलाशय** **[NCERT Exemplar]**
❖ निगला हुआ भोजन आहार नाल में नीचे की ओर जाता है– **भोजन नली की दीवार में पेशियों का संकुचन द्वारा** **[NCERT Exemplar]**
❖ मानव आहार नाल का सही क्रम है– **मुख → ग्रसनी → ग्रसिका → अमाशय → छोटी आंत → बड़ी आंत** **[NCERT Exemplar]**

OBJECTIVE QUESTIONS

1. खाद्य पदार्थ में प्रोटीन की उपस्थिति का परीक्षण करने के चरण नीचे दिए गए है– [NCERT Exemplar]
(i) एक परखनली में भोजन की थोड़ी मात्रा लें, उसमें 10 बूंद पानी डालें और उसे हिलाएं।
(ii) परीक्षण के लिए भोजन का पेस्ट या पाउडर बनाएं।
(iii) परखनली में कास्टिक सोडा के घोल की 10 बूंदें डालें और अच्छी तरह हिलाएं।
(iv) इसमें कॉपर सल्फेट के घोल की 2 बूंदें मिलाएं।
निम्नलिखित में से कौन-सा चरणों का सही क्रम है?
(a) (i), (ii), (iv), (iii) (b) (ii), (i), (iv), (iii)
(c) (ii), (i), (iii), (iv) (d) (iv), (ii), (i), (iii)
उत्तर–(b)

2. निगला हुआ भोजन आहारनाल में नीचे की ओर जाता है, क्योंकि– [NCERT Exemplar]
(a) मांसल जीभ द्वारा प्रदान किया गया बल
(b) भोजन के साथ लिया गया पानी का प्रवाह
(c) गुरुत्वीय खिंचाव
(d) भोजन नली की दीवार में पेशियों का संकुचन **उत्तर–(d)**

3. अमीबा की उँगलियों के आकार की वृद्धि भोजन को निगलने में मदद करती है। हालांकि, मानव आंतों की उंगली जैसी वृद्धि मदद करती है– [NCERT Exemplar]
(a) वसायुक्त खाद्य पदार्थों को पचाता है।
(b) भोजन को घुलनशील बनाता है।
(c) पचे हुए भोजन को ग्रहण करता है।
(d) बिना पचे हुए भोजन को ग्रहण करता है। **उत्तर–(c)**

4. छोटी आंत के विली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़ें। [NCERT Exemplar]
(i) इनकी दीवारें बहुत पतली होती हैं।
(ii) उनके पास सतह के करीब पतली और छोटी रक्त वाहिकाओं का एक नेटवर्क होता है।
(iii) इनमें छोटे-छोटे छिद्र होते हैं जिनसे होकर भोजन आसानी से निकल सकता है।
(iv) इनमें उंगली की तरह के प्रोजेक्शन होते हैं।
उन कथनों की पहचान करें जो विली को पचे हुए भोजन को अवशोषित करने में सक्षम बनाते हैं।
(a) (i), (ii) और (iv) (b) (ii), (iii) और (iv)
(c) (iii) और (iv) (d)(i) और (iv) **उत्तर–(a)**

5. जुगाली करने वाले पशुओं में पोषण की प्रक्रिया का वर्णन करने वाले शब्द का सही क्रम चूनें ? [NCERT Exemplar]
(a) निगलना → आंशिक पाचन → जुगाली करना → पूर्ण पाचन
(b) जुगाली करना → निगलना → आंशिक पाचन → पूर्ण पाचन
(c) जुगाली करना → निगलना → पाचक रसों के साथ मिलाना → पाचन
(d) निगलना → चबाना और मिलाना → आंशिक पाचन → पूर्ण पाचन **उत्तर–(a)**

6. सेल्युलोज युक्त खाद्य पदार्थ मनुष्य में रूक्षांश के अच्छे स्रोत हैं क्योंकि– [NCERT Exemplar]
(a) मनुष्यों में सेल्युलोज-डाइजेस्टिंग एंजाइम नहीं होते हैं।
(b) सेल्युलोज मानव रक्त में अवशोषित हो जाता है और फाइबर में परिवर्तित हो जाता है।
(c) सेल्युलोज-डाइजेस्टिंग बैक्टीरिया सेल्यूलोज को फाइबर में परिवर्तित करते हैं।
(d) सेल्युलोज छोटे-छोटे घटकों में टूट जाता है जो रूक्षांश के रूप में उत्सर्जित होते हैं। **उत्तर–(a)**

7. आंत पचे हुए भोजन को अवशोषित करती है। उपकला कोशिकाओं का कौन-सा प्रकार इसके लिए उत्तरदायी है? [NCERT Exemplar]
(a) स्तरित शल्की उपकला (b) स्तंभाकार उपकला
(c) तर्कु रेशे उपकला (d) घनाकार उपकला
उत्तर–(b)

8. मानव के आहार-नाल के विभिन्न भागों का सही क्रम कौन-सा है ? [NCERT Exemplar]
(a) मुख → आमाशय → छोटी आँत → ग्रसिका → बड़ी आँत (बृहदांत्र)
(b) मुख → ग्रसिका → आमाशय → बड़ी आँत (बृहदांत्र) → छोटी आँत
(c) मुख → आमाशय → ग्रसिका → छोटी आँत → बड़ी आँत (बृहदांत्र)
(d) मुख → ग्रसिका → आमाशय → छोटी आँत → बड़ी आँत (बृहदांत्र) **उत्तर–(d)**

9. ________, बड़ी वसा गोलिकाओं के आकार को संकुचित करता है, जिससे एंजाइम अधिक प्रभावी ढंग से काम करते हैं। [Group-D 25.08.2022 Shift 1]

(a) आंत्ररस (intestinal juice)
(b) पित्त लवण (Bile salt)
(c) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(d) अग्न्याशयी रस (pancreatic juice) उत्तर–(b)

10. यदि लार में लार-ऐमाइलेज की कमी हो, तब मुख-गुहा में कौन-सी घटना प्रभावित होगी? [NCERT Exemplar]

(a) प्रोटीनों का अमीनो अम्लों में विघटित होना
(b) स्टार्च का शर्कराओं में विघटित होना
(c) वसाओं का वसा-अम्लों और ग्लिसरोल में विघटित होना
(d) विटामिनों का अवशोषण उत्तर–(b)

11. आमाशय का अस्तर निम्नलिखित में से एक की उपस्थिति के कारण सुरक्षित बना रहता है। सही उत्तर चुनिए। [NCERT Exemplar]

(a) पेप्सिन (b) श्लेष्मा
(c) लार ऐमाइलेज (d) पित्त रस उत्तर–(b)

12. आहार-नाल का कौन-सा भाग यकृत से पित्त रस प्राप्त करता है? [NCERT Exemplar]

(a) आमाशय (b) छोटी आँत
(c) बड़ी आँत (d) ग्रसिका उत्तर–(b)

13. इनमें से कौन सा, आंत से पचे हुए और अवशोषित वसा का परिवहन करता है ? [Group-D, 14.09.2022 Shift-3]

(a) प्लाज्मा (b) प्लेटलेट्स
(c) शिरा (vein) (d) लसीका (lymph)
उत्तर–(d)

14. आहार-नाल के किस भाग में भोजन अंतिम रूप में पचता है? [NCERT Exemplar]

(a) आमाशय (b) मुख-गुहा (buccal cavity)
(c) बृहदांत्र (बड़ी आँत) (d) छोटी आँत उत्तर–(d)

15. अग्न्याशय रस का कार्य निम्नलिखित में से कौन-सा है? [NCERT Exemplar]

(a) ट्रिप्सिन प्रोटीनों को पचा देता है, और लाइपेज़ कार्बोहाइड्रेटों को
(b) ट्रिप्सिन पायसीभूत वसाओं को पचा देता है, और लाइपेज़ प्रोटीनों को
(c) ट्रिप्सिन और लाइपेज़ वसाओं को पचा देते हैं
(d) ट्रिप्सिन प्रोटीनों को पचा देता है और लाइपेज़ पायसीभूत वसाओं को उत्तर–(d)

16. मनुष्य के आमाशय में कौन सा अम्ल बनता है ? [Group-D, 17.09.2022 Shift-2]

(a) CH_3COOH (b) HCl
(c) H_2SO_4 (d) लैक्टिक अम्ल उत्तर–(b)

17. अपच का इलाज करने के लिए निम्नलिखित में से किस प्रकार की दवा का प्रयोग किया जाता है ? [RRB ALP/ Tech. 13-08-2018, Shift-1]

(a) सल्फा दवा (b) एंटीहिस्टामिन
(c) एंटीबायोटिक (d) एंटासिड उत्तर–(d)

18. पाचन के अंत में जारी ऊर्जा का रूप कौन सा होता है ? [RRB ALP/ Tech. 21-08-2018, Shift-2]

(a) विद्युत ऊर्जा (b) गतिज ऊर्जा
(c) उष्मीय ऊर्जा (d) रासायनिक ऊर्जा उत्तर–(d)

19. कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन और वसा का पूर्ण पाचन कहां पर होता है ? [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-1]

(a) ग्रासनली में (b) पेट में
(c) छोटी आंत में (d) बड़ी आंत में उत्तर–(c)

20. निम्न मैं से कौन सा एन्जाइम अग्न्याशय द्वारा स्रावित होता है ? [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-3]

(a) माल्टेज (b) लैक्टेस
(c) ट्रिप्सिन (d) सुक्रेस उत्तर–(c)

21. निम्न में से कौन सा एंजाइम प्रोटीन का विखंडन करता है ? [Group-D 23.8.2022 1st Shift]

(a) टायलिन (Ptyalin) (b) एमाइलेज (Amylase)
(c) पेप्सिन (Pepsin) (d) लाइपेज (Lipase)
उत्तर–(c)

22. मानव में पित्त का स्राव होता है- [SSC स्नातक स्तरीय-2019]

(a) अग्नाशय में (b) छोटी आँत में
(c) ग्रासनली में (d) यकृत में उत्तर–(d)

23. बाइल का स्रोत होता है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) आमाशय से (b) जिगर से
(c) बड़ी आँत से (d) पित्ताशय से उत्तर–(b)

24. निम्न जानवरों में से किसकी अपेक्षाकृत अधिक लंबी आंत है ? [RRB NTPC 2017] [RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-2]

(a) लोमड़ी (b) बाघ
(c) कुत्ता (d) खरगोश उत्तर–(d)

25. दाँतों की सड़न शुरू हो जाती है जब मुँह का पी.एच. (pH) ...... से कम होता है। [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014] [RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-3]

(a) 5.7 (b) 5.5
(c) 5.6 (d) 5.4 उत्तर–(b)

26. स्वाद का पता लगाने के लिए अभिग्राहक को क्या कहते हैं ? [RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-3]

(a) संवेदिक अभिग्राहक (b) रासायनिक अभिग्राहक
(c) घ्राण अभिग्राहक (d) रसवेदी अभिग्राहक उत्तर–(d)

27. इनमें से कौन सा एंजाइम स्टार्च को सरल शर्करा में विखंडित करता है? [Group-D 06/09/2022, 3rd Shift]

(a) लाइपेज (b) ट्रिप्सिन
(c) एमाइलेज (d) पेप्सिन उत्तर–(c)

28. मानव शरीर में निम्न में से किसका आकार (size) सबसे बड़ा है ? [BPSC (Pre) 2018]

(a) थायरॉइड (b) यकृत
(c) प्लीहा (d) अग्नाशय उत्तर–(b)

29. निम्न में से .... ऑक्सीकरण के समय अधिकतम मात्रा में ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। [RRB ALP/ Tech. 2014]

(a) ग्लूकोस (b) वसा
(c) क्षार (d) प्रोटीन उत्तर–(b)

30. मुख गुहिका (Buccal cavity), मानव ——— तंत्र का एक हिस्सा है। [Group-D 06/09/2022, 3rd Shift]

(a) उत्सर्जन (b) पाचन
(c) श्वसन (d) परिसंचरण उत्तर–(b)

31. एक जानवर द्वारा निस्सारित किया गया फेरोमोन– [SSC CGL-2021]

(a) एक ही जाति के जानवरों के बर्ताव पर प्रभाव डालता है
(b) शिकारी जानवरों से सुरक्षित रखता है

(c) अपने खाद्य के लिए शिकार को आकर्षित करता है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं उत्तर−(a)

32. प्रोटीन की कमी से निम्न में कौन सी बीमारी होती है ? [RRB Group-D 2014]
(a) क्वाशीयोर्कर (b) रीकेट्स
(c) बेरी-बेरी (d) स्कर्वी उत्तर−(a)

33. पेय जल आपूर्ति में कोलिफॉर्म (Coliform) की उपस्थिति .... का लक्षण है− [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) फ्लोराइड संदूषण (b) फॉस्फोरस संदूषण
(c) पानी के स्रोत का खारापन (d) मानव अपशिष्ट से संदूषण
उत्तर−(d)

33. पाचन तंत्र में मौजूद रस (Gastric Juice) में ...... शामिल होता है। [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]
(a) HCl (b) NaCl
(c) HNO_3 (d) KCl उत्तर−(a)

34. हमारा दंतवल्क (Enamel) ...... से बना होता है। [SSC-GD-2017]
(a) कैल्शियम फॉस्फेट (b) कैल्शियम सल्फेट
(c) कैल्शियम ऑक्साइड (d) कैल्शियम कार्बोनेट उत्तर−(a)

35. मेटाबोलिज्म (चयापचय) संबंधित है− [RRB NTPC 2017]
(I) शरीर में होने वाली सभी रासायनिक प्रतिक्रियाएँ
(II) सरल अणुओं से जटिल अणुओं का संश्लेषण
(III) उपचय और अपचय
(a) केवल I (b) केवल II
(c) I और II दोनों (d) I, II और III उत्तर−(d)

36. किसी व्यक्ति के पाचन तंत्र की जाँच करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला यंत्र कहलाता है− [42nd BPSC (Pre) 1997]
(a) ओसिलोस्कोप (b) माइक्रोस्कोप (सूक्ष्मदर्शी)
(c) इंडोस्कोप (d) रेडियोग्राफ उत्तर−(c)

37. मानव शरीर का एकमात्र अंग जो पुनः विकसित/पुनः सृजित हो सकता है ? [SSC (C.P.O) परीक्षा-2015]
(a) तिल्ली (b) दिमाग
(c) जिगर (d) अग्न्याशय उत्तर−(c)

38. मानव शरीर में, कंठ को क्या कहा जाता है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) अनुनादक तन्तु (b) स्पन्दनशील तन्तु
(c) वॉयस बॉक्स (d) थायरोरीटेनॉयड उत्तर−(c)

39. निम्नलिखित में से किसमें होमोडोंट दाँत पाये जाते हैं ? [SSC CGL-2021]
(a) मछली (b) मानव
(c) तेंदुआ (d) घोड़ा उत्तर−(a)

40. भोजन (खाद्यपदार्थ) के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ? [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) यह एक अजैविक पदार्थ है
(b) यह रासायनिक क्रियाएँ देता है
(c) यह एक जैविक पदार्थ है
(d) यह हमें ऊर्जा प्रदान करता है उत्तर−(a)

41. किस प्रक्रिया के द्वारा आहार नली में भोजन जाता है ? [RRB Group-D 2014]
(a) अंतर्ग्रहण (b) पाचन
(c) आत्मसात्करण (d) निष्कासन उत्तर−(a)

42. भोजन नली की दीवारों के संकुचन और प्रसरण को .... गति कहा जाता है। [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) क्रमाकुंचन (b) जठर-संबंधी
(c) दोलनी (d) अनुशिथिलन उत्तर−(a)

43. निम्न में से कौन मानव आहार नली का भाग नहीं है ? [RRB JE 2015]
(a) मुख गुहिका (b) वायुकोशिका
(c) पित्ताशय (d) बड़ी आंत उत्तर−(b)

44. लार में .... एंजाइम होता है। [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) लिगेज (b) प्रोटिएज
(c) ऐमाइलेज (d) लाइपे उत्तर−(c)

45. एंजाइम टायलिन .... में पाया जाता है। [BSSC Exam 2017]
(a) लार (b) अग्न्याशय
(c) आमाशय रस (d) आंत्र रस उत्तर−(a)

46. पाचन के बाद, कार्बोहाइड्रेट को परिवर्तित कर दिया जाता है− [RRB Group-D 2014]
(a) ग्लाइकोजन (b) ग्लूकोज
(c) अमीनो अम्ल (d) वसायुक्त अम्ल उत्तर−(b)

47. पित्त के कार्य को .... कहा जा सकता है। [RRB JE 2015]
(a) पायसीकरण (b) अपचयन
(c) ऑक्सीकरण (d) निस्तापन उत्तर−(a)

48. अग्न्याशयी रस में मौजूद .... एंजाइम, प्रोटीन को एमिनो एसिड में परिवर्तित करता है। [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) ट्रिप्सिन (b) पेप्सिन
(c) एमाइलेज (d) लाइपेज उत्तर−(a)

49. मनुष्यों के पाचन तंत्र में उत्सर्जित अम्ल कौन-सा होता है ? [RRB JE 2019]
(a) सल्फ्यूरिक अम्ल (b) नाइट्रिक अम्ल
(c) एंटासिड (d) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल उत्तर−(d)

50. भोजन के पाचन की प्रक्रिया के दौरान होने वाले ऊर्जा परिवर्तन के प्रकार को बताएँ− [SSC C.P.O. परीक्षा-2004, 06]
(a) रासायनिक ऊर्जा से ऊष्मा ऊर्जा
(b) यांत्रिक ऊर्जा से ऊष्मा ऊर्जा
(c) रासायनिक ऊर्जा से प्रकाश ऊर्जा
(d) प्रकाश ऊर्जा से रासायनिक ऊर्जा उत्तर−(a)

51. .... को पचाने के लिए शाकाहारी को लंबी छोटी आंत की आवश्यकता होती है− [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) क्लोरोप्लास्ट (b) सेल्युलोज
(c) कार्बोहाइड्रेट (d) प्रोटीन उत्तर−(b)

52. मानव में भोजन और हवा के लिए सामान्य मार्ग है।
(a) कंठनली (b) नासा गुहा [RRB JE 2019]
(c) ग्रास नली (d) ग्रसनी उत्तर−(d)

53. यकृत .... कार्य करता है। [42nd BPSC. (Pre) 2001]
(a) श्वसन (b) उत्सर्जन
(c) परिसंचरण (d) पाचन उत्तर−(d)

54. गले में .... के छल्ले मौजूद होते हैं। [SSC CGL-2021] [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) उपास्थि (b) जोड़
(c) एरोलर (d) स्नायु उत्तर−(a)

55. लार ग्रंथि से .... एंजाइम स्रावित होता है− [RRB NTPC 2017]
(a) ट्रिप्सिन (b) लाइपेज
(c) पेप्सिन (d) एमाइलेज उत्तर−(d)

56. मानव पाचन तंत्र में .... से पित्त रस का स्रोत होता है– [BPSC (Pre) 2018]
(a) यकृत (b) छोटी आँत
(c) उदर (d) अग्न्याशय उत्तर–(a)

57. निम्नलिखित में से कौन-सा एंजाइम ग्लूकोज को इथेनॉल में परिवर्तन करने को प्रेरित करता है ? [BSSC Exam 2013]
(a) जाइमेज (b) इनवरटेज
(c) माल्टेज (d) डायस्टेज उत्तर–(a)

58. जैविक सिस्टम (Living System) में रासायनिक क्रिया की प्रक्रिया को तेज (Catalyse) करने में उत्तरदायी पदार्थ है– [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) बैक्टीरिया (b) डी.एन.ए.
(c) एन्जाइम (d) प्रोटीन्स उत्तर–(c)

59. लिपिड्स का पाचन निम्नलिखित में से किस की उपस्थिति में होती है– [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]
1. पित्त अम्ल 2. लाइपेज 3. पेप्सिन
इनमें से
(a) केवल 1 सही है (b) केवल 1 और 3 सही है
(c) केवल 2 सही है (d) 1, 2 और 3 सही है उत्तर–(c)

60. पाचन के दौरान, भोजन सरल पदार्थों में विघटित होता है। उदाहरण के लिए, चावल, आलू और ब्रेड में .... होते हैं। ये विघटित होकर .... का निर्माण करते हैं। [Group-D 30.8.2022 2nd Shift]
(a) कार्बोहाइड्रेट, ग्लूकोज (b) ग्लूकोज, कार्बोहाइड्रेट
(c) प्रोटीन, ग्लूकोज (d) कार्बोहाइड्रेट, एमिनो अम्ल
उत्तर–(a)

61. स्टार्च के जल अपघटन से ग्लूकोज (Hydrolysis Starch) बनाने वाला एंजाइम है– [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) इन्वर्टेज (b) एमाइलेज
(c) डीहाइड्रोजीनेज (d) एनहाइड्रेज उत्तर–(b)

62. मनुष्य में पाचन क्रिया कहाँ प्रारम्भ होती है ? [I.A.S (Pre) 2000]
(a) मलाशय (b) अमाशय
(c) मुख (d) अग्नयाशय उत्तर–(c)

63. दुग्ध प्रोटीन को पचाने वाला एन्जाइम है– [BSSC Exam 2017]
(a) पेप्सिन (b) ट्रिप्सिन
(c) रेनिन (d) इरोप्सिन उत्तर–(c)

64. लार में कौन-सा एन्जाइम पाया जाता है ? [RRB JE 2019]
(a) रेनिन (b) टायलिन
(c) टेनिन (d) रेंजिन उत्तर–(b)

65. निम्नलिखित में से वह अंग कौन-सा है जो मानव शरीर में ग्लाइकोजेन के रूप में कार्बोहाइड्रेट को जमा करता है ?
(a) आँत (b) आमाशय [RRB JE 2019]
(c) अग्नाशय (d) यकृत उत्तर–(d)

66. पित्त (Bile) जमा होता है– [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) पित्ताशय में (b) ग्रहणी में
(c) यकृत में (d) प्लीहा में उत्तर–(a)

67. कौन से परिवर्तन में एन्जाइम ट्रिप्सिन उत्प्रेरक का कार्य करता है–
(a) प्रोटीन को पेप्टोन में (b) प्रोटीन को पेप्टाइड में
(c) प्रोटीन को अमीनो अम्लों में
(d) स्टार्च को ग्लूकोज में उत्तर–(c)

68. मानव शरीर में क्षुद्रांत्र के तीन संरचनात्मक भागों की लम्बाई का कौन सा सही ह्रासवान क्रम है ? [BSSC (Pre) 2018]
(a) मध्यान्त्र - ग्रहणी - शेषान्त्र
(b) शेषान्त्र - ग्रहणी - मध्यान्त्र
(c) मध्यान्त्र - शेषान्त्र - ग्रहणी
(d) शेषान्त्र - मध्यान्त्र - ग्रहण उत्तर–(d)

69. .... वसा के पायसीकरण में सहायक होता है। [Group-D 18.08.2022 3rd Shift]
(a) पेप्सिन (b) HCl
(c) विटामिन-K ट्रिप्सिन (d) पित्त लवण उत्तर–(d)

70. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ? [Group-D, 17.09.2022 Shift-1]
(a) मेथेनोइक अम्ल बिछुआ पौधे की पत्तियों द्वारा स्रावित होता है।
(b) सिरके में एसिटिक अम्ल पाया जाता है।
(c) दांतों की सड़न तब शुरू होती है जब मुख का pH 5.5 से कम हो जाता है।
(d) मुख में मौजूद जीवाणु, मुख में बचे हुए भोजन कणों का विघटन करके क्षार उत्पन्न करते हैं
(a) d (b) b
(c) c (d) a उत्तर–(a)

71. अपच के दौरान पेट के दर्द से छुटकारा पाने के लिए लोग निम्न में से किसका उपयोग करते हैं ? [SSC CGL-2021] [Group-D, 26.09.2022 Shift-2]
(a) नींबू का रस (b) टमाटर का रस
(c) मिल्क ऑफ मैग्नीशियम (d) जठर रस उत्तर–(c)

72. मानव आहार नाल का एक चित्र नीचे दिया गया है। इसके आधार पर स्तंभ I का स्तंभ II के साथ सही मिलान दर्शाने वाले विकल्प का चयन कीजिए। [BPSC-2018] [Group-D 30.08.2022 1st Shift]



स्तंभ I	स्तंभ II
a	(i) अंकुर भोजन से जल का अवशोषण करते हैं
b	(ii) लंबाई, जंतुओं द्वारा खाए जाने वाले भोजन पर निर्भर करती है
c	(iii) बसा के प्रायसीकरण में सहायक होता है
d	(iv) पाचन नहीं होता है

(a) a-iii, b-ii, c-i, d-iv (b) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(c) a-iv, b-i, c-ii, d-iii (d) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
उत्तर–(c)

73. पाचन के संदर्भ में गलत कथन को पहचानें। [Group-D 11.10.2022 2nd Shift]
(a) स्वांगीकरण और अवशोषण, दोनों अंतर्ग्रहण से पहले होते हैं।
(b) स्वांगीकरण अंतर्ग्रहण से पहले लेकिन अवशोषण के बाद होता है।
(c) अवशोषण स्वांगीकरण से पहले लेकिन पाचन के बाद होता है।
(d) पाचन, निष्कासन (बहि:क्षेपण) से पहले, लेकिन अंतर्ग्रहण के बाद होता है। उत्तर–(b)

74. निम्न में से कौन सा अपने आप में एक संतुलित आहार है ? [Group-D 11.10.2022 2nd Shift]
(a) मांस (b) दूध
(c) शहद (d) दालें **उत्तर–(b)**

75. निम्नलिखित में से किस खाद्य पदार्थ में आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है ? [Group-D 22.08.2022 2nd Shift]
(a) चावल (b) गुड़
(c) दूध (d) मक्खन **उत्तर–(b)**

76. आहारनाल का इनमें से कौन सा भाग कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा का पूर्ण पाचन करता है ? [SSC-JE-2020] [Group-D 09.09.2022 1st Shift]
(a) छोटी आंत (b) आमाशय
(c) बड़ी आंत (d) ग्रसिका **उत्तर–(a)**

77. जठर रस (gastric juice) में डुबोने पर pH पेपर का रंग कैसा हो जाएगा ? [Group-D 28.09.2022 2nd Shift]
(a) हरा-पीला (b) पीला
(c) नीला (d) लाल **उत्तर–(d)**

78. निम्नांकित चित्र मानव आहार नाल के एक भाग को दर्शाता है। इस भाग में कौन सी क्रिया हो रही है और कैसे ? [Group-D 30.09.2022 3rd Shift]



(a) लयबद्ध संकुचन और पेशीय भित्तियों के शिथिलन के कारण पाचन
(b) लयबद्ध संकुचन और पेशीय भित्तियों के शिथिलन के कारण क्रमाकुंचन
(c) मौजूद एंजाइमों के कारण क्रमाकुंचन
(d) मौजूद एंजाइमों के कारण पाचन **उत्तर–(b)**

79. निम्न में से कौन सा अपने आप में संतुलित भोजन है और इसे किशोरों के लिए अच्छा माना जाता है ? [BPSC-2018] [Group-D 30.09.2022 3rd Shift]
(a) दूध (b) सब्जी
(c) दालें (d) रोटी/चावल **उत्तर–(a)**

80. पित्त रस के कार्य नीचे दिए गए हैं। उस विकल्प का चयन करें, जो पित्त रस के कार्य से संबंधित नहीं है। [Group-D 09.09.2022 2nd Shift]
(a) यह अग्नाशयी एंजाइमों की क्रिया की दक्षता को बढ़ाता है।
(b) यह अग्नाशयी एंजाइमों की क्रिया के लिए भोजन को क्षारीय माध्यम प्रदान करता है।
(c) इसमें प्रोटीन को पचाने वाला एंजाइम होता है, जो प्रोटीन के पाचन में सहायक होता है।
(d) यह बड़ी वसा गोलिकाओं को छोटी वसा गोलिकाओं में विघटित करता है **उत्तर–(c)**

81. मनुष्यों की छोटी आंत में मौजूद अंकुरों (Villi) की कुछ विशेषताएँ नीचे दी गई हैं : [Group-D, 26.08.2022, S-3]
(i) ये बहुत पतली दीवारों से लगी हुई अंगुलीनुमा संरचनाएँ हैं
(ii) ये एक बड़ा सतही क्षेत्रफल प्रदान करती हैं
(iii) इनमें भोजन के पाचण के लिए छोटे-छोटे छिद्र होते हैं
(iv) रक्त केशिकाओं द्वारा भरपूर आपूर्ति
कौन से विकल्प अंकुरों (villi) को भोजन का अवशोषण करने में सक्षम बनाने वाले विशेषताओं को दर्शाते हैं ?
(a) केवल (ii) और (iii) (b) केवल (i) और (iii)
(c) केवल (i) (d) (i), (ii) और (iv) **उत्तर–(d)**

82. दंत क्षय के परिणामस्वरूप...........होता है। [Group-D, 12.09.2022 Shift-2]
(a) मसूड़ों से रक्त का स्राव (b) टूटा हुआ दांत
(c) दुर्गंधयुक्त सांस (d) कोमल दंतवल्क **उत्तर–(d)**

83. निम्न में से किस जीव की छोटी आंत अपेक्षाकृत लंबी होती है ? [Group-D, 23.08.2022 Shift-2]
(a) गाय (b) शेर
(c) बाघ (d) मनुष्य **उत्तर–(a)**

84. स्तंभों को सुमेलित कीजिए : [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [Group-D, 26.09.2022 Shift-2]

समूह-I	समूह-II
(i) मुंह	(A) भोजन को चबाना
(ii) दांत	(B) भोजन की रोलिंग
(iii) जीभ	(C) संपूर्ण भोजन का सेवन
(iv) लार	(D) भोजन को निगलना

(a) (i)-(C); (ii)-(A); (iii)-(B); (iv)-(D)
(b) (i)-(B); (ii)-(C); (iii)-(D); (iv)-(C)
(c) (i)-(A); (ii)-(D); (iii)-(A); (iv)-(A)
(d) (i)-(A); (ii)-(B); (iii)-(C); (iv)-(D) **उत्तर–(a)**

85. लार में मौजूद निम्न में से कौन सा एंजाइम स्टार्च के जटिल अणु को सरल शर्करा अणु में विघटित कर देता है ? [Group-D, 17.09.2022 Shift-1]
(a) लार लाइपेज (Salivary lipase)
(b) लार ट्रिप्सिन (Salivary trypsin)
(c) लार पेप्सिन (Salivary pepsin)
(d) लार एमाइलेज (Salivary amylase) **उत्तर–(d)**

86. लार एमाइलेज (Salivary amylase)............के पाचन में मदद करता है। [Group-D, 15.09.2022 Shift-3]
(a) प्रोटीन (b) लिपिड
(c) सेल्यूलोज (d) स्टार्च **उत्तर–(d)**

87. आहार में मौजूद वसा छोटी आंत में बड़ी गोलिकाएं क्यों बनाते हैं ? [Group-D 22.9.2022 2nd Shift]
(a) क्योंकि वसा, आमाशय में भोजन के मंथन (churning) के दौरान रेशेदार कार्बोहाइड्रेट में फंस जाते हैं
(b) क्योंकि वसा, आमाशय में उत्पन्न जलयुक्त कर्दम (slurry) के साथ अच्छी तररह मिश्रित नहीं हो पाते हैं
(c) क्योंकि प्रोटीन और वसा आपस में मिलकर कोलाइडल पदार्थ बनाते हैं
(d) क्योंकि आमाशय में मौजूद लाइपेज एंजाइम वसा को पूरी तरह नहीं पचा पाते हैं **उत्तर–(b)**

88. मनुष्य के पाचन तंत्र में होने वाली कौन सी क्रिया गंदगी पर साबुन के पायसीकरण की क्रिया के समान होती है? [Group-D 17/08/2022, 2nd Shift]
(a) पित्त रस द्वारा क्षारीय माध्यम प्रदान किया जाना
(b) पित्त रस द्वारा अम्लीय माध्यम प्रदान किया जाना
(c) पित्त रस एंजाइमों द्वारा स्टार्च के पाचन में सहायक करना
(d) पित्त लवणों द्वारा बड़ी वसा गोलिकाओं को छोटी गोलिकाओं में विघटित किया जाना **उत्तर–(d)**

89. HIV, ________ से फैलता है। [SSC CGL-2021] [Group-D 06/09/2022, 3rd Shift]
(a) खुले में रखे भोजन के सेवन
(b) प्रदूषित पानी पीने
(c) बिना दास्तानों के मिट्टी में काम करने
(d) दूषित रक्त के आधान **उत्तर–(d)**

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

AASH EDUCATION Pvt. Ltd.

AASH कराएगा Exam Pass — Instituted By : Er. S.K. Jha

Musallahpur Hatt, Laxmi Cold Storage Patna-6

Science By : S.K. Jha Sir — **श्वसन तंत्र (Respiratory System)**

श्वसन तंत्र (Respiratory System)

❖ जीवों में दैनिक कार्यों के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है। शरीर के लिए जरूरी ऊर्जा की आपूर्ति श्वसन के द्वारा की जाती है। अंगों का समूह जो श्वसन की क्रिया में सहायक होता है, श्वसन तंत्र कहलाता है।

❖ श्वसन दो प्रकार का होता है–

श्वसन	उपस्थिति में	प्राप्त होता है
ऑक्सी	O_2 उपस्थिति में	$CO_2 + H_2O +$ ऊर्जा
अनॉक्सी	O_2 की आंशिक उपस्थिति	लैक्टिक अम्ल + ऊर्जा
	O_2 की अनुपस्थिति	इथेनॉल + O_2 + ऊर्जा

ऑक्सी श्वसन (Aerobic Respiration)

❖ ऑक्सी-श्वसन एक जटिल जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं की श्रृंखला है। जिसमें दो प्रमुख चरण होते है।

ऑक्सी-श्वसन	खोज	प्रमुख तथ्य
Glycolysis	एम्बडेन	यह कोशिका द्रव में सम्पन्न होता है।
	मेयरहॉक पारसन	इसमें एक अणु Glucose से दो अणु पाइरुविक Acid बनता है तथा 4 ATP ऊर्जा प्राप्त होता है।
		इस पूरे क्रिया में 2ATP ऊर्जा खर्च हो जाता है।
Kreb's Cycle	हैन्स ए. क्रैप्स	यह प्रक्रिया माइटोकॉण्ड्रिया के Matrix में होता है।
		इसमें दो अणु Pyrovic acid से 36 (2×18) ATP ऊर्जा की प्राप्ति होती है।
		यह प्रक्रिया प्रोकैरियोटी जीव में कोशिका कला पर होता है।

Note :

❖ ऑक्सी एवं अनॉक्सी दोनों श्वसन का उभयनिष्ठ उत्पाद है–**पाईरुवेट**

❖ ऑक्सी श्वसन में बनता है–**40ATP ऊर्जा**

❖ ऑक्सी श्वसन से प्राप्त होता है–**38ATP ऊर्जा**

❖ Glycolysis प्रक्रिया में खर्च होता है–**2ATP ऊर्जा**

❖ ऊर्जा का सिक्का कहलाता है–**ATP**

❖ श्वसन का ईंधन कहलाता है–**ग्लूकोज**

❖ अनॉक्सी श्वसन होता है–**बीजों की विरामावस्था में फलों की भित्ती कोशिका में, जन्तु की पेशियों में**

❖ श्वसन दर मापा जाता है–**स्पाइरोमीटर**

मनुष्य में श्वसन (Respiration in Human)

मनुष्य में श्वसन से संबंधित निम्नलिखित अंग हैं–



Fig. : श्वसन तंत्र

❖ मानव श्वसन तंत्र के प्रमुख अंक–

1. नाक 2. नासिका गुहा 3. ग्रसनी
4. स्वरयंत्र 5. श्वासनली 6. श्वसनीकाएँ
7. फेफड़ा 8. डायाफ्राम

1. नाक (Nose) :

❖ नाक मानव श्वसन तंत्र का प्राथमिक अंग है।

❖ नाक वैक्ट्रीया, धुल के बड़े कण प्रदूषण से शरीर की रक्षा करता है।

❖ नाक का मुख्य कार्य सूँघने से संबंधित है।

2. नासिका गुहा (Nasal Cavity) :

❖ नाक के बाद वायु नासिका गुहा में प्रवेश करता है।

❖ नासिका गुहा में वायु गर्म एवं नम किया जाता है।

❖ नासिका वेश्म के श्लेष्मा झिल्ली से श्लेष्मा का स्राव होता है। जो धूलकण एवं हानिकारक जीवाणु को अंदर जाने से रोकता है।

3. ग्रसनी (Pharynx) :

❖ ग्रसनी पाचन व श्वसन तंत्र दोनों के लिए महत्वपूर्ण अंग है।

❖ ग्रसनी से होते हुए वायु स्वासनली में पहुँचता है।

4. स्वरयंत्र (Larynx) :

❖ यह ग्रसनी को श्वासनली से जोड़ता है।

❖ इसका मुख्य कार्य ध्वनी उत्पन्न करना है।

❖ स्वयंत्र जितना पतला होता है। ध्वनी का तारत्व उतना ही अधिक होता है।

5. श्वासनली (Trachea) :

❖ यह स्वरयंत्र और फेफड़ा को जोड़ता है।

❖ इसके चारो ओर उपास्थि वलय पाया जाता है।

6. श्वसनीकाएँ (Bronchioles) :

- वायु कोशिका वाहिनियाँ आगे जाकर अनेक छोटे-छोटे वायुकोश या एल्वियोलाई में खुलती है।
- फेफड़ा का संरचनात्मक इकाई एल्वियोलाई कहलाता है।

7. फेफड़ा (Lungs) :

- यह वक्षगुहा में दोनों ओर एक-एक स्पंजी गुलाबी व लगभग शंक्वाकार रूप में पाया जाता है।
- फेफड़ा का मुख्य कार्य है। शरीर के अंदर वायु ग्रहण कर ऑक्सीजन उपलब्ध कराना व कोशिकाओं गतिविधियों से उत्पन्न कार्बनडाईऑक्साइड को बाहर करना।

8. डायाफ्राम (Diaphragm) :

- यह वक्ष गुहा के नीचे एक पतले पट्ट द्वारा बंद रहता है।
- यह वक्ष और उदग्र के बीच स्थिर एक गुंबदाकार संरचना है। जो देह गुहा को अग्र वक्ष गुहा एवं पश्च उदर गुहा में विभाजित करता है।
- उच्छवास के दौरान यह संकुचित हो जाता है।

शरीर में ऑक्सीजन का परिवहन (Oxygen Transport in the Body)

नासारन्ध्र → ग्रसनी → स्वरयंत्र → स्वासनली → श्वसनी → श्वासनलिका → वायुकोष्ठिक → रूधिर → कोशिका

श्वासोच्छवास (Breathing)

- इसके अन्तर्गत 2 क्रियाओं को शामिल किया जाता है।
- **सांस का अंदर लेना (Inspiration) :** Inspiration के दौरान अंदर ली गई हवा में निम्नलिखित शामिल होते हैं।

$O_2 = 21\%$

$CO_2 = 0.03\%$

$N_2 = 78\%$

- **सांस को बाहर छोड़ना (Expiration) :** Expiration के दौरान बाहर निकलने वाली हवा में निम्नलिखित घटक शामिल होते हैं।

$O_2 = 16\text{-}17\%$

$CO_2 = 4\%$

$N_2 = 78\%$

- **श्वसन गुणांक (श्वसन भागफल) (Respiratory Quotient) :**

$$\text{श्वसन गुणांक (RQ)} = \frac{CO_2 \text{ का कुल उत्पादन}}{O_2 \text{ का कुल उपभोग}}$$

पदार्थ का श्वसन	RQ का मान
कार्बोहाइड्रेट	एक
प्रोटीन तथा वसा	एक से कम
कार्बनिक अम्ल	एक से अधिक

श्वसन दर [Respiratory Rate (R.R.)]

- 1 min में लिए गए Breathing की संख्या को श्वसन दर (Respiratory rate) कहा जाता है।
- श्वसन दर का मान डर, गुस्सा, उत्तेजना तथा ऊँचाई पर चढ़ने में बढ़ जाता है। जबकि नींद की स्थिति में श्वसन दर का मान घट जाता है।
- एक स्वस्थ वयस्क मनुष्य में श्वसन दर का मान 16–18 प्रति मिनट होता है जबकि नवजात शिशुओं में 29–32 प्रति मिनट होता है।
- **अन्त: श्वसन**–जिस प्रकार से वायु फेफड़े तक आती है उसे अंत: श्वसन कहते हैं।

अन्त: श्वसन व श्वसन में अंतर	
अन्त: श्वसन (Breathing)	**श्वसन (Respiration)**
1. यह क्रिया कोशिकाओं के बाहर होती है।	1. यह क्रिया कोशिकाओं के भीतर होती है।
2. इस क्रिया में एंजाइम की आवश्यकता नहीं होती।	2. इस क्रिया में एंजाइम की आवश्यकता होती है।
3. इस क्रिया में ऊर्जा उत्पन्न नहीं होती है।	3. इस क्रिया में ऊर्जा उत्पन्न होती है।
4. यह केवल एक भौतिक क्रिया है।	4. यह एक जैव रासायनिक क्रिया है।
5. जिसमें शरीर ऑक्सीजन का अंतर्ग्रहण व कार्बन डाइ-ऑक्साइड का बहि:क्षेपण करता है।	5. जिसमें ग्लूकोज का ऑक्सीकरण होता है। इसके फलस्वरूप कार्बन डाइऑक्साइड तथा ऊर्जा उत्पन्न होती है।

Note :

- मनुष्य के फेफड़ा में कोशिका की संख्या–**लगभग 300 मिलयन**
- गैसों का विनिमय (O_2/CO_2) किस अंग में होता है–**Alveoli**
- Lungs के बाहर आवरण पाया जाता है –**Pleura (फुफ्फुसावरण)**
- Pluera तथा lungs के बीच द्रव होता है–**Pleoral Fluid**
- Lungs के पृष्ठ क्षेत्र में वृद्धि करता है–**Alveoli**
- एक स्वस्थ मनुष्य का Tidal Volume का मान होता है–**500ml**
- श्लेष्मा झिली की सुजन को कहा जाता है–**ब्रोकाइटिस**
- मानव शरीर में श्वसन वर्णक है–**हीमोग्लोबिन**
- मछली के गलफरों में **रक्त वाहिकाओं** से पानी में घूली हुई ऑक्सीजन ग्रहण करता है।
- समुद्री तट पर रहने वाला व्यक्ति यदि ऊँचे पहाड़ों पर रहने लगे तो उसके रक्त में किसकी मात्रा बढ़ जायेगी ?–**लाल रुधिराणुओं की संख्या एवं हीमोग्लोबिन की मात्रा**
- सामान्य व्यक्ति में हीमोग्लोबिन की औसत मात्रा कितनी होती है ? –**15 ग्राम प्रति 100 मिली॰ रुधीर**
- श्वसन क्रिया में 'इलेक्ट्रॉन अभिगमन तंत्र' कहाँ स्थित होता है ? –**माइटोकाण्ड्रिया के क्रिस्टी में**
- किण्वन (Fermentation) की क्रिया को किस उपकरण द्वारा मापते हैं ? –**कून्स नली**
- फेफड़े में अशुद्ध रक्त कहाँ से जाता है ? –**दायें निलय से**
- साँस छोड़ते समय पसलियाँ गति करता है– **नीचे और अंदर** **[NCERT Exemplar]**

❖ केंचुए तथा मेढ़क अपनी त्वचा से साँस लेते है, जिसके कारण दोनों जीव की त्वचा होती है– **नरम और पतला** [NCERT Exemplar]

यह भी जानिए

श्वसन अंग	जन्तु
फेफड़ा	स्तनधारी, पक्षी, सरीसृप, मछली
मुखगुहा, त्वचा, फेफड़ा	मेढ़क
मीसोसोम	जिवाणु
ट्रेकिया	किट
शरीर के सतह या त्वचा	अमीबा, कुचुआ

❖ अधिक गहराई पर जाने के लिए O_2 के साथ He का प्रयोग किया जाता है, तथा कम गहराई में O_2 के साथ N_2 का प्रयोग होता है।

❖ अधिक गहराई पर N_2 का प्रयोग करने पर N_2 कोशिकाओं में प्रवेश कर जाता है जो गोताखोर के बाहर निकलने पर त्वचा के छिद्रों के माध्यम से बुलबुले के रूप में बाहर निकलता है जिससे गोताखोर को अत्यधिक दर्द का एहसास होता है।

❖ अस्पताल में प्रयोग होने वाले O_2 Cylinder में अधिक दाब पर He का तथा कम दाब पर N_2 का प्रयोग किया जाता है।

OBJECTIVE QUESTIONS

1. केंचुए किसके द्वारा सांस लेते है? [NCERT Exemplar]
(a) त्वचा (b) गलफड़ा
(c) फेफड़े (d) रंध्र **उत्तर–(a)**

2. अमीबा के बनावटी (कृत्रिम) पैरों का प्रयोग किया जाता है। [NCERT Exemplar]
(a) केवल संचलन।
(b) केवल भोजन पर अधिग्रहण के लिए।
(c) भोजन और संचलन पर अधिग्रहण के लिए।
(d) केवल गैसों का अदान-प्रदान। **उत्तर–(c)**

3. साँस छोड़ने की प्रक्रिया के दौरान, पसलियाँ गति करती हैं– [NCERT Exemplar]
(a) नीचे और अंदर (b) ऊपर और अंदर
(c) नीचे और बाहर (d) ऊपर और बाहर **उत्तर–(a)**

4. केंचुए तथा मेंढ़क अपनी त्वचा से सांस लेते हैं जिसके कारण दोनों जीवों की त्वचा होती है– [NCERT Exemplar]
(a) नम और खुरदरा (b) सूखा और खुरदरा
(c) सूखा और पतला (d) नम और पतला **उत्तर–(d)**

5. जलीय जीवों की श्वसन दर, स्थलीय जीवों की श्वसन दर की तुलना में बहुत तेज होती है। क्यों ? [SSC-GD-2017] [Group-D, 15.09.2022 Shift-2]
(a) जल में O_2 की मात्रा अधिक होने के कारण
(b) जल के प्रदूषित होने के कारण
(c) जल में CO_2 की मात्रा कम होने के कारण
(d) जल में O_2 की मात्रा कम होने के कारण **उत्तर–(d)**

6. फेफड़ों में कूपिकाओं (alveoli) के होने का क्या कारण है ? [Group-D, 07.10.2022 Shift-3]
(a) फेफड़ों के आयतन में वृद्धि करना
(b) फेफड़ों को यांत्रिक सहारा प्रदान करना
(c) पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि करना
(d) फेफड़ों के लिए पंपिंग क्रिया प्रदान करना **उत्तर–(c)**

7. अंत:श्वसन के दौरान वायु-प्रवाह का सही मार्ग कौन-सा है? [NCERT Exemplar]
(a) नासाद्वार → कंठ → ग्रसनी → श्वासनली → फेफड़े
(b) नासामार्ग → नासाद्वार → श्वासनली → ग्रसनी → कंठ-कूपिकाएँ
(c) कंठ → नासाद्वार → ग्रसनी → फेफड़े
(d) नासाद्वार → ग्रसनी → कंठ → श्वासनली → कूपिकाएँ **उत्तर–(d)**

8. श्वसन के दौरान, गैसों का विनिमय कहाँ होता है? [NCERT Exemplar]
(a) श्वासनली और कंठ में (b) फेफड़ों की कूपिकाओं में
(c) कूपिकाओं और गले में (d) गले और कंठ में **उत्तर–(b)**

9. ऊर्जा उत्पादन के दौरान ग्लूकोज का पायरूवेट में विघटित कहाँ होता है ? [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) केन्द्रक (b) एन्डोप्लास्मिक रेटिकुलम
(c) कोशिकाद्रव्य (d) माइटोकोण्ड्रिया **उत्तर–(c)**

10. वायु की वह अधिकतम मात्रा, जो अधिकतम अंत:श्वसन प्रभाव के बाद निष्कासित की जा सकती है, ... कहलाती है। [SSC स्नात्तक स्तरीय-2019]
(a) अवशिष्ट आयतन (b) ज्वारीय आयतन
(c) प्राणाधार आयतन (d) फेफड़े का आयतन **उत्तर–(d)**

11. जीवाणुओं में श्वसन स्थल है– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) ऐपीसोम (b) माइक्रोसोम
(c) मीसोसोम (d) राइबोसोम **उत्तर–(c)**

12. मनुष्यों में पाया जाने वाला श्वसन पिगमेंट है– [RRB JE 2019] [RRB ALP/ Tech. 30-08-2018, Shift-1]
(a) क्लोरोफिल (b) मेलेनिन
(c) रोडोप्सिन (d) हीमोग्लोबिन **उत्तर–(d)**

13. निम्नलिखित में से छोड़े गए श्वास में .... शामिल होता है– [SSC CGL-2021]
(a) हाइड्रोजन (b) हीलियम
(c) जलवाष्प (d) नाइट्रोजन **उत्तर–(d)**

14. नाड़ी की धड़कन (पल्स बीट) ..... से मापी जाती है। [RRB NTPC 2017]
(a) तंत्रिका (b) केशिका
(c) शिरा (d) धमनी **उत्तर–(d)**

15. अनॉक्सी श्वसन का अन्तिम उत्पाद होता है–[SSC-JE-2020]
(a) CO_2 तथा जल (b) फ्यूमेरिक अम्ल
(c) लैक्टिक अम्ल (d) पाइरूविक अम्ल **उत्तर–(c)**

16. ऊर्जा का उपयोग करते हुए पाइरुविक का विघटन कहाँ होता है ? [RRB JE/Sr.Se Patna 2014]
(a) अग्न्याशय (b) यकृत
(c) माइटोकॉन्ड्रिया (d) नाभिक **उत्तर–(c)**

17. ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में सबस्ट्रेट के अपूर्ण विघटन को .... कहा जाता है। [SSC C.P.O. परीक्षा-2004, 06]
(a) डिफरंस रेस्पिरेशन (b) अनॉक्सीय श्वसन
(c) ऑक्सी श्वसन (d) संवहनी श्वसन **उत्तर–(b)**

18. श्लेष्मा झिल्ली की सूजन को .... कहा जाता है– [RRB Group -D 2014]
(a) ब्रोंकाइटिस (b) हेपेटाइटिस
(c) आइरायटिस (d) गैस्ट्राइटिस **उत्तर–(a)**

19. मानव श्वसन में क्या छोड़ा जाता है ? [BSSC Exam 2017]
(a) गैसों का मिश्रण (b) कार्बन मोनोऑक्साइड
(c) ऑक्सीजन (d) कार्बन डाइऑक्साइड उत्तर–(d)

20. कौन सी जीवन प्रक्रिया रासायनिक ऊर्जा को ऊष्मा ऊर्जा में बदलती है ? [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]
(a) संचलन (b) पोषण
(c) श्वसन (d) उत्सर्जन उत्तर–(c)

21. मानव शरीर में, श्वसन वर्णक है .... । [RRB JE 2015]
(a) फियोमेलानिन (b) हीमोग्लोबिन
(c) मेलैनिन (d) यूमेलानिन उत्तर–(b)

22. हमारे शरीर में ऊर्जा प्रदान करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा O_2 से जुड़ता है ? [RRB Group-D 2014]
(a) ग्लाइकोजन (b) वसा अम्ल
(c) अमीनो एसिड (d) ग्लूकोज उत्तर–(d)

23. अंतःश्वसन के दौरान, फेफड़े ...... के कारण हवा से भर जाते हैं– [Railway-JE-2016]
(a) फेफड़ों के रूक जाने (b) फेफड़ों के संकुचन
(c) फेफड़ों की स्फीति (d) फेफड़ों के फैलाव उत्तर–(c)

24. निःश्वसन .... द्वारा होता है । [RRB Group-D 2018]
(a) फेफड़ों की स्फीति (b) फेफड़ों की अवस्फीति
(c) वायु के अन्तःश्वसन (d) पिंजर की टूट उत्तर–(b)

25. सांस लेने की प्रक्रिया में .... शामिल है । [BPSC-2018] [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) प्रश्वसन और निःश्वसन (b) कोशिकीय श्वसन और किण्वन
(c) स्फीति और विस्तारण (d) अनुगम और निगमन उत्तर–(a)

26. बंद खानों (mines) में दुर्घटना का कारण है । [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) CH_4 (b) CO
(c) CO_2 (d) SO_2 उत्तर–(b)

27. ऑक्सीजन की उपस्थिति में ग्लूकोज का CO_2 एवं जल में ऊर्जा निर्मुक्त होने के साथ पूर्ण रूपान्तरण होने को कहते हैं– [SSC CGL-2021]
(a) वायु श्वसन (b) अवायु श्वसन
(c) ग्लाइकोलिसिस (d) जल अपघटन उत्तर–(a)

28. हमारी छोड़ी हुई सांस की हवा में CO_2 की मात्र लगभग कितनी होती है ? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) 4% (b) 8%
(c) 12% (d) 16% उत्तर–(a)

29. मनुष्य एक मिनट में कितनी बार सांस लेता है ? [BPSC (Pre) 2018]
(a) 16-18 (b) 20-25
(c) 12-41 (d) 70-72 उत्तर–(a)

30. ATP का पूर्ण रूप क्या है ? [SSC-JE-2020] [Group-D 27.09.2022 2nd Shift]
(a) एडिनोसीन टेट्राफॉस्फेट (b) एडेनिन टेट्राफॉस्फेट
(c) एडेनिन ट्राईफॉस्फेट (d) एडिनोसीन ट्राईफॉस्फेट
उत्तर–(d)

31. श्वसन तंत्र का कौन-सा भाग वायु-मार्ग के निपातन (collapsing) को रोकता है ? [Railway-JE-2016] [Group-D, 17.08.2022 Shift-1]
(a) श्वासनली (b) उपास्थि वलय
(c) पसली (d) मेरुदंड उत्तर–(b)

32. श्वसन की इनमें से किस अभिक्रिया में ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है ? [Group-D, 17.08.2022 Shift-1]
(a) पाइरूवेट के CO_2 में रूपांतरण
(b) ग्लूकोज के पाइरूवेट में रूपांतरण
(c) पाइरूवेट के एथेनॉल में रूपांतरण
(d) पाइरूवेट के CO_2, H_2O और ऊर्जा में रूपांतरण
उत्तर–(d)

33. मनुष्यों में अंतःश्वसन के संबंध में नीचे दिए गए सभी कथनों में से केवल एक को अलावा अन्य सभी सही हैं । गलत कथन की पहचान कीजिए-[Group-D, 26.08.2022, Shift-3]
(A) पसलियाँ अंदर धंसती हैं, और डायाफ्राम ऊपर की ओर फूलता है
(B) पसलियाँ ऊपर उठती हैं, और डायाफ्राम सपाट हो जाता है
(C) वक्ष गुहा बड़ी हो जाती है
(D) फेफड़ों द्वारा वायु का अंतर्ग्रहण होता है ।
(a) C (b) B
(c) D (d) A उत्तर–(d)

34. जंतुओं में श्वसन सतह की कुछ विशेषताओं का उल्लेख नीचे किया गया है । गलत विकल्प का चयन कीजिए । [Group-D 02.09.2022 2nd Shift]
(a) यह बहुत मोटी होती है
(b) इसका सतही क्षेत्रफल बड़ा होता है
(c) इस क्षेत्र में वायु को अंदर लाने और बाहर ले जाने के लिए एक तंत्र मौजूद होता है
(d) यह सामान्यतः शरीर के अंदर स्थित होती है उत्तर–(a)

35. मांसपेशियों में ग्लूकोज के अनॉक्सी श्वसन द्वारा .... बनता है । [Group-D 28.09.2022 2nd Shift]
(a) साइट्रिक अम्ल (b) एसीटोएसिटिक अम्ल
(c) लैक्टिक अम्ल (d) पाइरूविक अम्ल उत्तर–(c)

36. पौधों द्वारा उत्पादित कई उत्सर्जी उत्पाद मनुष्यों के लिए उपयोगी होते हैं । उस उत्पाद की पहचान कीजिए, जो अंतःश्वसन किए जाने पर मनुष्यों के लिए हानिकारक होता है । [Group-D 05.09.2022 1st Shift]
(a) ऑक्सीजन (b) गोंद
(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) राल उत्तर–(c)

37. मानव शरीर में अनॉक्सी श्वसन कहाँ हो सकता है ? [Group-D 30.09.2022 2nd Shift]
(a) कोशिकाओं के कोशिका द्रव्य में
(b) सभी कोशिकाओं के माइटोकॉन्ड्रिया में
(c) केवल शिराओं की लाल रक्त कणिकाओं में
(d) केवल धारीदार पेशीय कोशिकाओं में उत्तर–(a)

38. निम्नलिखित में से कौन से पौधों में श्वसन के अंतिम उत्पाद है ? [Group-D 09.09.2022 1st Shift]
(a) CO_2, H_2O और ऊर्जा (b) O_2 और ऊर्जा
(c) CO_2 और O_2 (d) ग्लूकोज और O_2 उत्तर–(a)

39. किण्वन की प्रक्रिया .... में होती है । [BPSC-2019] [Group-D 16.09.2022 3rd Shift]
(a) यीस्ट (b) पैरामीशियन
(c) यूग्लीना (d) अमीबा उत्तर–(a)

40. सामान्यतः, प्राणियों की तुलना में पादपों को कम ऊर्जा की आवश्यता होती है । इसके मुख्य कारण निम्नलिखित हैं : [Group-D 11.10.2022 1st Shift]
(A) ऊतकों में बड़े अनुपात में मृत कोशिकाओं की उपस्थिति
(B) गतिशीलता की अनुपस्थिति

(C) पादप अपना भोजन स्वयं संश्लेषित करते हैं
(D) श्वसन के दौरान, पादप O_2 मुक्त करते हैं
(a) A और D (b) A और C
(c) B और C (d) A और B उत्तर–(d)

41. भारी व्यायाम के दौरान, जब ऊर्जा की मांग अधिक होती है, लेकिन ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति सीमित होती है, तो मांसपेशियों की कोशिकाएँ............को दर्शाती हैं। [Group-D, 11.10.2022 Shift-1]
(a) एथेनॉल के संश्लेषण (b) जल की हानि
(c) लैक्टिक अम्ल के निर्माण (d) पाइरूवेट के संचय
उत्तर–(c)

42. घ्राण ग्राही, ... की अनुभूति में सहायक होते हैं। [Group-D 30.8.2022 2nd Shift]
(a) स्वाद (b) गंध
(c) ध्वनि (d) स्पर्श उत्तर–(b)

43. कोशिका में, 6-कार्बन वाले गुण - ग्लूकोज के 3-कार्बन वाले गुण - पाइरूवेट में विखंडन की प्रक्रिया कहां पर होती है? [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]
(a) कोशिका द्रव्य (b) माइटोकॉन्ड्रिया
(c) हरित लवक (d) गॉल्जीकाय उत्तर–(a)

44. नीचे दिखाए गए मानव श्वसन तंत्र के भागों को विकल्पों में दिए गए अनुसार a, b और c अक्षरों द्वारा नामांकित किया गया है। सही विकल्प की पहचान कीजिए। [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]



(a) a - श्वासनली, b - स्वरयंत्र, c - ग्रसनी
(b) a - ग्रसनी, b - स्वरयंत्र, c - श्वासनली
(c) a - स्वरयंत्र, b - ग्रसनी, c - श्वासनली
(d) a - ग्रसनी, b - श्वासनली, c - स्वरयंत्र उत्तर–(b)

45. मनुष्यों में होने वाली श्वसन क्रिया का ______ उदाहरण है। [Group-D 28/09/2022, 1st Shift]
(a) ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया (b) विस्थापन अभिक्रिया
(c) रेडॉक्स अभिक्रिया (d) ऊष्माशोषी अभिक्रिया
उत्तर–(a)

46. निम्नलिखित चित्र मनुष्यों में श्वसन तंत्र के एक भाग को दर्शाता है। कौन सा विकल्प 'a' और 'b' के सही नामांकन और 'b' के कार्य को दर्शाता है? [SSC-JE-2020] [Group-D 26.08.2022, Ist Shift]

(a) a – श्वसनिकाएं, b – कूपिका (गैसों का विनिमय)
(b) a – श्वसनी, b – कूपिका (गैसों का विनिमय)
(c) a – श्वसनिकाएं, b – श्वसनी (गैसों का विनिमय)
(d) a – श्वसनी, b – श्वसननिकाएं (गैसों का विनिमय)
उत्तर–(a)

47. विश्रामावस्था में, एक वयस्क मनुष्य एक मिनट में औसत कितनी बार सांस लेता और छोड़ता है? [BPSC-2019] [Group-D 26.09.2022, 3rd Shift]
(a) 12–15 बार (b) 20–23 बार
(c) 18–21 बार (d) 15–18 बार उत्तर–(d)

48. निम्नलिखित में से किस अणु में तीन कार्बन परमाणु होते हैं? [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) एथेनॉल (b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) ग्लूकोज (d) पाइरुविक अम्ल उत्तर–(d)

49. अनॉक्सी श्वसन के दिए गए चरण को पूर्ण कीजिए। ग्लूकोज ($C_6H_{12}O_6$) →.........+ कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) + ऊर्जा (ATP) [Group-D 11.10.2022 1st Shift]
(a) लैक्टिक अम्ल (b) पाइरूवेट
(c) एथेनॉल (C_2H_5OH) (d) जल उत्तर–(c)

50. पहले चरण के आरंभ में, ऑक्सी और अनॉक्सी श्वसन के दौरान, उत्पन्न उभयनिष्ठ उत्पाद निम्न में से कौन सा है? [Group-D 23.08.2022 2nd Shift]
(a) जल (b) एथेनॉल
(c) पाइरूवेट (d) लैक्टिक अम्ल उत्तर–(c)

51. पौधों में श्वसन के संबंध में गलत कथन का चयन कीजिए। [Group-D 30.8.2022 2nd Shift]
(a) कार्बन डाइऑक्साइड दिन के समय के दौरान वायुमंडल में मिश्रित हो जाती है
(b) बड़े अंतरकोशिकीय स्थानों के कारण कोशिकाएं वायु के संपर्क में होती हैं
(c) विसरण द्वारा ऑक्सीजन और CO_2 का विनिमय होता है
(d) पौधे रंध्रों द्वारा गैसों का विनिमय करते हैं उत्तर–(a)

52. Aerobic respiration requires the presence of ________. [Group-D 30.08.2022 Shift 3]
(a) oxygen (b) hydrogen
(c) nitrogen (d) carbon dioxide
उत्तर–(a)

53. When the terminal phosphate linkage in ATP is broken using water. What is the amount of energy released? [SSC CGL-2021] [Group-D 30.08.2022 Shift 3]
(a) 32.5 kJ/mol (b) 30.5 kJ/mol
(c) 32 kJ/mol (d) 33 kJ/mol उत्तर–(b)

54. मानव शरीर में श्वसन वर्णक कहां पाया जाता है? [Group-D 24.8.2022 2nd Shift]
(a) लाल रक्त कणिकाओं में (b) रक्त प्लाज्मा में
(c) श्वेत रक्त कणिकाओं में
(d) प्लाज्मा और श्वेत रक्त कणिकाओं दोनों में उत्तर–(a)

55. यीस्ट में होने वाले किण्वन और मनुष्यों की पेशीय कोशिकाओं में होने वाले अनॉक्सी श्वसन में क्या समानता है? [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]
(a) दोनों माइटोकॉन्ड्रिया में होते हैं
(b) दोनों में एथेनॉल बनता है
(c) दोनों में लैक्टिक अम्ल बनता है
(d) दोनों कोशिका द्रव्य में होते हैं उत्तर–(d)

56. .... बनाने में यीस्ट का उपयोग किया जाता है। [Group-D, 22.08.2022 Shift-2]
(a) चीज (b) दही
(c) शराब (d) एंटीबायोटिक दवाएं
उत्तर–(c)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

परिसंचरण तंत्र (Circulatory System)

❖ सभी पदार्थों के परिवहन के लिए शरीर में परिसंचरण तंत्र का विकास हुआ, जिसके द्वारा आवश्यक तत्वों को उन जगहों तक पहुँचाया जाता है, जहाँ उसकी जरूरत होती है, तथा हानिकारक पदार्थों को इन जगहों तक पहुँचाया जाता है, जहाँ से वह शरीर से बाहर निकल जाते है। उसे **परिसंचरण तंत्र** कहा जाता है।

■ परिसंचरण तंत्र के कार्य

❖ पोषक पदार्थों (ग्लूकोज,) विटामिन, वसीय अम्ल) का परिवहन

❖ नाइट्रोजनी अवशिष्ट (यूरिक, अम्ल, यूरिया आदि) का परिवहन

❖ हार्मोन्स एवं ऑक्सीजन का परिवहन।

❖ Animals में प्रवाहित द्रव के आधार पर Circulatory System दो प्रकार के होते हैं–

परिसंचरण तंत्र	प्रमुख तथ्य	उदाहरण
जल परिसंचरण तंत्र	इसमें शरीर जो रक्त के स्थान पर जल का प्रवाह होता है।	Sponges, Hydra
रक्त परिसंचरण तंत्र	इसमें शरीर में रक्त का प्रवाह होता है	सभी कशेरूकी

❖ स्थिति के आधार पर परिसंचरण तंत्र दो प्रकार के होते हैं–

परिसंचरण तंत्र	प्रमुख तथ्य	उदाहरण
खुला परिसंचरण तंत्र	इसमें रक्त कुछ समय बाद रूधिर नलिकाओं से खुले स्थान पर प्रवाहित होने लगता है।	अर्थोपोडा, मोलस्का आदि।
बन्द परिसंचरण तंत्र	इसमें रक्त का प्रवाह बन्द नलिकाओं में होता है।	मानव, सभी कशेरूकी

Note :

❖ अकशेरूकी जन्तुओं में किस प्रकार का रक्त संचरण पाया जाता है **–खुला परिसंचरण तंत्र**

❖ मनुष्य का परिसंचरण तंत्र कैसा होता है **–बंद एवं दोहरा**

❖ किस प्रकार के प्राणीयों की प्रगुहा रूधिर से भरी होती है **–अर्थोपोडा**

❖ किस वर्ग में शुद्ध एवं अशुद्ध रक्त एक ही साथ होता है **–मत्स्य वर्ग**

❖ परिसंचरण तंत्र का कार्य है **–परिवहन**

❖ तिलचट्टे में रूधिर परिसंचरण तंत्र पूर्ण होता है**–5 से 6 मिनट में**

■ मानव परिसंचरण तंत्र (Human Circulatory System) :

❖ मानव शरीर में बंद एवं दोहरा परिसंचरण होता है।

❖ यह परिसंचरण तंत्र मुख्यत: दो अवयवों से निर्मित होता है। रूधिर तथा लसिका इसी के आधार पर परिसंचरण तंत्र के दो उपतंत्रों में विभाजित किया जाता है।

परिसंचरण तंत्र	प्रमुख तथ्य
रूधिर परिसंचरण तंत्र	इसमें रूधिर के माध्यम से पदार्थों का परिवहन होता है।
	इसमें रूधिर आवश्यक पोषक तत्व एवं ऑक्सीजन को कोशिका तक तथा अपशिष्ट उत्पाद CO_2 को कोशिका से पुन:ग्रहण कर उसका परिवहन करता है।
लसिका परिसंचरण तंत्र	इसमें लसिका के माध्यम से परिवहन होता है। लसिका कोशिका तथा रूधिर के मध्य भोज्य पदार्थ, गैस, हार्मोन्स आदि पदार्थ के परिवहन का कार्य करता है।

■ रक्त परिसंचरण तंत्र (Blood Circulatory System) :



Fig. : परिसंचरण तंत्र

❖ रूधिर परिसंचारण तंत्र के तीन सहायक भाग हैं–

1. हृदय (Heart)
2. रूधिर (Blood)
3. रूधिर वाहिनियाँ (Blood Vessels)

हृदय (Heart)

❖ मानव हृदय एक पेशीय एवं शंक्वाकार अंग है। यह परिसंचरण तंत्र का केन्द्रीय पम्पिंग अंग है। जो रूधिर वाहिनियों के माध्यम से रक्त को शरीर के सभी अंग तक पहुँचाता है।



Fig. : हृदय

Note :

- हृदय का औसत वजन 300gm होता है।
- हृदय एक मांसल संरचना है। जो दोनों फेफड़ों के बीच पसलियों के पीछे या डायफ्राम से थोड़ा ऊपर होता है।
- रक्त पदार्थों का परिवहन करता है, जबकि रक्त को गति देने का कार्य हृदय करता है। इसीलिए हृदय का Pumping Organ भी कहते हैं।
- हृदय के बाहर एक आवरण पाया जाता है, जिसे **Pericardium** कहते हैं।
- हृदय तथा Pericardium के बीच द्रव्य भरा होता है, जिसे Pericardial Fluid कहा जाता है।
- Pericardial Fluid के द्वारा हृदय का पोषण तथा सुरक्षा का कार्य किया जाता है।

■ **हृदय की बनावट (Structure of Heart) :**

1. दायाँ अलिन्द	2. दायाँ निलय
3. बायाँ अलिन्द	4. बायाँ निलय
5. विभाजिका	6. महाधमनी
7. माहाशिरा	8. फुफ्फुस धमनी, फुफ्फुस सिरा

1. दायाँ अलिन्द (Right Artium)
- यह हृदय के दायाँ भाग के ऊपर वाला कोष्टक में होता है।
- इसमें शरीर से अशुद्ध रक्त आकार जमा होता है।

2. दायाँ निलय (Right Ventricle)
- यह हृदय के दायाँ भाग के निचले वाला कोष्टक में होता है।
- इसमें दायाँ अलिन्द से त्रि-कपाटीय वॉल्व के माध्यम से रक्त आता है।

3. बायाँ अलिन्द (Left Artium)
- यह हृदय के बायाँ कोष्टक के ऊपरी भाग में स्थित होता है।
- इसमें फेफड़ा से शुद्ध रक्त आकर जमा होता है।

4. बायाँ निलय (Left Ventricle)
- इसमें बायाँ अलिन्द से बाईं कपाटीय वाल्व के माध्यम से रक्त आकर जमा होता है।
- इसका दिवार मोटा एवं मजबूत होता है। अधिक दबाव सहने के लिए।

5. विभाजिका (Septum)
- यह हृदय को दो भाग (दायाँ एवं बायाँ) में विभाजित करता है।
- इसे अंतर-आलिंद भित्ति भी कहते हैं।

6. महाधमनी (Aortis Valve)
- यह बायाँ निलय से संपूर्ण शरीर को शुद्ध रक्त पहुँचाने का कार्य करता है।
- शरीर के सभी भाग (फेफड़ा को छोड़कर) में जाने वाली धमनियाँ महाधमनी चाप से ही निकलती है।

7. महाशिरा (Vena Cava)
- यह शरीर के सभी भागों से अशुद्ध रक्त दायाँ अलिंद में पहुँचाता है।

8. फुफ्फुस धमनी (Pulmonary Artery)
- यह एक मात्र धमनी है। जो अशुद्ध रक्त का परिवहन करता है।
- यह हृदय से फेफड़ा को रक्त पहुँचाता है।

9. फुफ्फुस शिरा (Pulmonary Vein)
- यह एक मात्र शिरा है। जो शुद्ध रक्त का परिवहन करता है।
- यह फेफड़ा से हृदय के शुद्ध रक्त पहुँचाता है।

हृदय की धड़कन (Heart Beat)

- दाब को उत्पन्न करने के लिए हृदय संकुचन (Contraction & Relaxation) तथा आकुंचन की क्रिया करता है जिसे सामूहिक रूप से Heart Beat या हृदय की धड़कन कहा जाता है।
- सर्वप्रथम 1970 ई. में Keith & Flack ने यह बताया कि हृदय के धड़कन का केन्द्र हृदय के Right Auricle के माँसपेशियों में स्थित होता है, जिसे S.A. Node (Sino Auricular Node) या Pacemaker कहा जाता है।



- S.A Node, Nerve Fibre का बना होता है, जिसके द्वारा तंत्रिका आवेग उत्पन्न किया जाता है, परिणामस्वरूप हृदय Contraction & Relaxation की क्रिया करता है।
- S.A Node से Nerve impulse, A.V Node (Auriculo Ventricular Node) तक पहुँचता है, जहाँ से आवेग को पूरे हृदय तक पहुँचा दिया जाता है।

❖ Heart Beat (हृदय को धड़कन) की उत्पत्ति के आधार पर हृदय दो प्रकार के होते हैं–

हृदय (Heart)	प्रमुख तथ्य	उदाहरण
Neurogenic Heart	इसमें Heart Beat की उत्पत्ति का केन्द्र मस्तिष्क होता है।	कशेरूकी के छोड़कर अन्य सभी प्राणियों के हृदय, तिलचट्टा, केंचुआ, जोंक मछली इत्यादि।
	इस प्रकार के जीव के शिर काट देने पर धड़कन तुरन्त बंद हो जाता है।	
Myogenic Heart	इसमें Heart Beat की उत्पत्ति का केन्द्र हृदय की माँसपेशियों में होता है।	कशेरूकी (मनुष्य, पक्षी, पशु आदि)
	इस प्रकार के प्राणी के शिर काट देने के बाद भी Heart कुछ समय तक धड़कता है।	

Note :

❖ Heart Beat को सुनने वाले यंत्र है– **Stethoscope or Phonecardium**

❖ एक Heart Beat पुरा होने में समय लगता है– **0.8 sec**

❖ Heart Beat = Auricle के संकुचन (0.15 sec) + Ventricle के संकुचन (0.30 sec) + पूरे हृदय को आकुचन होने में 0.40 sec का समय लगता है।

❖ किसी भी प्राणी में 1 minute में जितनी बार Heart Beat संपन्न होता है। उसे कहते हैं– **Rate of Heart Beat**

❖ मनुष्य में Rate of Heart Beat होता है– **72**

❖ नवजात शिशु में Heart Beat होता है– **110/min**

❖ बड़े प्राणी में Heart Beat की अवधी होती है– **कम**

❖ Heart Beat डर, क्रोध, उत्तेजना तथा तापमान में वृद्धि से–**बढ़ता है।**

❖ 1°C ताप बढ़ने से Heart Beat के मान में वृद्धि होता है– **10/min**

❖ हृदय धड़कन का नियंत्रण होता है– **ANS (Autonomous Nervous System**

❖ हृदय के Muscle के विभवान्तर को मापता है– **E.C.G (Electro Cardiograph)**

❖ रक्त द्वारा रक्तवाहिनियों के सतह पर उत्पन्न दाब को कहते हैं– **रक्त दाब**

❖ जब हृदय संकुचित होता है तो उत्पन्न दाब कहलाता है– **Systalic Presure**

❖ Systalic Pressure का मान होता है– **120 mm (Hg)**

❖ जब हृदय relax होता है। तो उत्पन्न दाब कहलाता है– **Diastalic Pressure**

❖ Diastalic Pressure का मान होता है– **80 mm (Mg)**

❖ एक स्वस्थ मनुष्य के BP का मान– **120/80 mm (Hg)**

❖ Blood Pressure मापा जाता है– **स्फिग्मोमैनोमीटर से**

❖ Heart Beat बढ़ने से B.P के मान– **बढ़ता है।**

❖ महाधमनी से हृदय के मांशपेशियों को शुद्ध रक्त पहुँचाता है– **Coronary Artery**

❖ Heart Attack किस धमनी के कटने से होता है– **Cornary धमनी**

❖ किस परीक्षण तकनीकी से बंद धमिनियों का पता लगाया जाता है– **Angiography**

❖ Angiography में धमनी के व्यास को बढ़ाने के लिए किस धातु का वल्य (Rings) बनाया जाता है– **Titanium**

❖ जिगर को ऑक्सीजनित रूधिर यकृत ते ले जाने वाली धमनी कहलाता है– **Hepatic धमनी**

❖ हृदय की धड़कन होता है– **लव-डव**

❖ खाली पेट में Blood में Glucose Level होता है– **70-110 mg/ml**

❖ विश्व का पहला हृदय प्रत्यारोपण 1967 में दक्षिण-अफ्रीका में किया था– **क्रिश्चियन बनार्ड**

❖ भारत में पहला हृदय प्रत्यारोपण 1994 ई. में किया था– **डॉ. पी. वेणुगोपाला (AIIMS)**

➤ Open-Heart Surgery :

❖ जब शल्य चिकित्सा (Surgery) Chest को खोल के की जाती है, तो उसे **Open Heart Surgery** कहा जाता है।

❖ विश्व में पहली Open Heart Surgery 1893 ई. में शिकागो में **Dr. Daniel Hale Williams** के द्वारा की गई।

❖ भारत में पहली Open Heart Surgery 1961 में **Dr. K.N. Dastur** ने की।

➤ ByPass Surgery :

जब हृदय संबंधी Surgery में Chest को खोले बिना महाधमनी के सहारे किया जाता है, तो उसे ByPass Surgery कहा जाता है।

❖ विश्व में प्रथम ByPass Surgery America के डॉक्टरों की टीम ने की जिसका नेतृत्त्व Dr. H Goetz & Michael Roman ने किया।

➤ Artificial Heart :

❖ इस प्रकार के हृदय का निर्माण सर्वप्रथम America के Robert Jarvik ने 1982 में किया, जिसका नाम Jarvik-7 रखा।

❖ Jarvik-7 का प्रत्यारोपण वर्तमान में सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

➤ रूधिर वाहिनियाँ (Blood Vessels) :

❖ यह मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं–

1. धमनी
2. शिरा

1. धमनी (Artery) :

❖ इसमें शुद्ध रक्त अर्थात O_2 युक्त रक्त का प्रवाह होता है।

❖ इसमें रक्त का रंग Bright Red होता है।

❖ यह रक्त का हृदय से कोशिका की ओर ले जाता है।

2. शिरा (Vein) :

❖ इसमें अशुद्ध रक्त अर्थात CO_2 युक्त रक्त का प्रवाह होता है।

❖ इसमें रक्त का रंग गहरा-लाल (Dark Red) होता है।

❖ यह रक्त को कोशिका से हृदय की ओर ले जाता है।

➤ **धमनी और शिरा में अन्तर :**

धमनी (ARTERY)	शिरा (VEIN)
❖ इसमें शुद्ध रक्त बहता है।	इसमें अशुद्ध रक्त बहता है।
❖ इसमें B.P. का मान ज्यादा होता है।	इसमें B.P. का मान कम होता है।
❖ इसकी दीवारे अधिक रक्त चाप को झेलने के लिए मोटी तथा मजबूत होती हैं।	इसके दिवारे पतली तथा कमजोर होती है।
❖ इसमें रक्त के बहाव की दिशा हृदय से शरीर की तरफ होती है।	इसमें रक्त के बहाव की दिशा शरीर से हृदय की तरफ होती है।
❖ इसमें Valve नहीं पाया जाता है।	इसमें कपाट (Valve) पाया जाता है।
❖ इसमें कपाट (Valve) नहीं पाया जाता है, जिससे रक्त का परिवहन तेजी से होता है।	इसमें कपाट (Valve) पाया जाता है, जिससे रक्त उल्टी दिशा में नहीं बहता है। यहाँ रक्त का परिवहन अपेक्षाकृत कम गति से होता है।
❖ इसमें शुद्ध रक्त (Oxygenated blood) के प्रवाहित होने के कारण इसका रंग लाल होता है।	इसमें अशुद्ध रक्त (Deoxygenated blood) के प्रवाहित होने के कारण इसका रंग नीले-बैंगनी का गहरा लाल होता है।

Note:
संकुचन के दौरान रुधिर valves को विपरीत दिशा में बहने से रोकता है। **[NCERT Exemplar]**

❖ शुद्धीकरण के उपरांत रक्त सबसे पहले Left Auricle में पहुँचता हैं, जहाँ से हृदय के संकुचन द्वारा Left Ventricle में चला जाता है।

❖ रक्त पूरे शरीर में प्रवाहित होने के बाद अशुद्ध हो जाता है जो वापस हृदय के Right Auricle में पहुँचता है।

❖ हृदय के संकुचन (Contraction) के कारण Right Auricle से Right Ventricle में तथा Right Ventricle से फेफड़े में रक्त प्रवाहित हो जाता है। इस प्रकार 24 घण्टे रक्त शरीर में प्रवाहित होते रहता है।

Note: धमनी से शिरा में रक्त का प्रवाह



रक्त (Blood)

❖ रक्त एक तरल **संयोजी ऊत्तक** (Fluid Connective Tissue) है।

❖ मनुष्य में औसत रक्त की मात्रा 5-6 लीटर होती है।

❖ **Colour :** Red (Haemoglobin के कारण)

❖ **Taste :** Salty (NaCl के कारण)

❖ रक्त का **pH** मान **7.4** होता है।



Blood
- Blood Plasma
  - Water
  - Protein
  - Heavy Materials
- Blood Corpuscles
  - RBC
  - WBC
  - Blood Platelets

➤ **रक्त कणिकाएँ (Part's of Blood Corpuscles)**

रक्त कणिका	निर्माण	प्रमुख तथ्य
RBC	अस्थिमज्जा, भ्रूणीय अवस्था में प्लीहा तथा यकृत	• इसे इरिथ्रोसाइट भी कहते हैं। • हिमोग्लोबिन के कारण इसका रंग लाल होता है। • इसमें केन्द्रक नहीं होता है। • इसका जीवन काल लगभग 120 दिन होता है। • इसका आकार उभयावतल होता है। • इसका मृत्यु प्लीहा में होता है। जिसे RBC का कब्रगाह कहते हैं।
WBC	अस्थिमज्जा, लसीका ग्रंथी कभी-कभी यकृत और प्लीहा में भी	• इसे ल्यूकोसाइट्स भी कहते हैं। • इसका रंग हिमोशील के कारण श्वेत होता है। • इसका जीवन काल 10-12 दिन होता है। • इसका आकार अनिश्चित होता है। • यह शरीर को रोग प्रतिरक्षा प्रदान करता है।

रक्त बिम्बाणु (Blood-Platelets)	अस्थिमज्जा	• यह केवल स्तनधारियों में पाया जाता है। • इसका जीवन काल 3-5 दिन होता है। • इसका आकार अनियमित तथा केन्द्रक का अभाव होता है। • यह रक्त के थक्का बनने में मदद करता है।

श्वेत रक्त कणिकाएँ (White Blood Corpuscles or Leucocyte)

- ❖ यह रक्त में 1% होता है।
- ❖ संख्या 8000–10,000/mm^3
- ❖ अनुपात WBC : RBC
  1 : 600



- ❖ WBC मुख्य रूप से पाँच प्रकार के होते हैं–

WBC	प्रमुख तथ्य
Monolytes	• यह शरीर में रोगाणुओं का भक्षण करता है। • इसका आकार WBC में सबसे बड़ा होता है।
Lymphocytes	• यह रोगाणुओं से लड़ने के लिए Anti-body का निर्माण करता है।
Neutrophil	• यह रोगाणुओं को नष्ट करता है।
Basophil	• इसके द्वारा Heparin नामक यौगिक का निर्माण किया जाता है।
Eosinophil	• इसके द्वारा Allergy संबंधित बीमारी को ठीक किया जाता है।

- ❖ Lymphocytes दो प्रकार के होते हैं–

Lymphocytes	प्रमुख तथ्य
T-Lymphocytes	• इसके द्वारा Antibody का निर्माण किया जाता है। • इसका निर्माण Thymus ग्रंथि से होता है।
B-Lymphocytes	• यह Chicken के Bursa में पाया जाता है। इसीलिए इसे B-Lympho-cytes कहते हैं। • इसकी खोज Fabricious ने किया था।

➤ लसिका (Lumph) :

- ❖ यह एक रंगहीन तरल पदार्थ है।
- ❖ उत्तकों एवं रूधिर वाहिनियों के बीच पाया जाता है।
- ❖ यह रक्त प्लाज्मा का ही भाग है। जो रक्त कोशिकाओं की पतली दीवारों से विसरण द्वारा बाहर निकलने से बनता है।
- ❖ लसिका ग्रंथि में लिम्फोसाइटस का निर्माण होता है।
- ❖ लसिका जीवाणु व अन्य बाहरी पदार्थ का भक्षण का शरीर की रक्षा करता है।
- ❖ यह पचीत वसा का अवशोषण करके इसे काइनोमाइक्रोन बूंदों के रूप में रक्त में पहुँचाता है।
- ❖ लसिका सदैव एक दिशा में बहत है। उत्तक से हृदय की ओर।

रुधिर एवं लसिका में अन्तर

रुधिर	लसिका
• रुधिर सामान्य तरल संयोजी ऊत्तक हैं।	• लसिका छना हुआ रुधिर है।
• यह गहरे लाल रंग का तरल ऊत्तक है।	• यह रंगहीन तरल ऊत्तक है।
• R.B.C. उपस्थित होती है।	• R.B.C. अनुपस्थित होती है।
• W.B.C. उपस्थित होती हैं परन्तु कम मात्रा में।	• W.B.C. अधिक मात्रा में पायी जाती है।
• प्रोटीन्स की मात्रा अधिक होती है।	• प्रोटीन्स कम मात्रा में पायी जाती है।
• न्यूट्रोफिल की संख्या बहुत अधिक होती है।	• लिम्फोसाइट्स की संख्या बहुत अधिक होती है।
• रुधिर में O_2 व अन्य पोषक पदार्थ अधिक होते हैं।	• लसिका में O_2 व अन्य पोषक पदार्थ कम मात्रा में पाये जाते हैं।
• रुधिर में CO_2 तथा उत्सर्जी पदार्थों की मात्रा सामान्य होती है।	• लसिका में CO_2 व उत्सर्जी पदार्थ अधिक मात्रा में होते हैं।

Note :

- ❖ रक्त में RBC की संख्या है– **50 से 55 लाख/mm^3**
- ❖ RBC परिवहन करता है– **O_2 तथा CO_2 दोनों**
- ❖ शरीर के अन्दर रक्त किसके कारण नहीं जमता है– **हिपैरिन**
- ❖ रक्त का गढ़ापन किस प्रोटीन के कारण होता है– **Albumin**
- ❖ शरीर में Antibody का निर्माण किस रक्त प्रोटिन से होता है– **Globulin Protein**
- ❖ RBC का कब्रगाह तथा Blood Bank कहलाता है– **तिल्ली (Speen)**
- ❖ Hemoglobin किससे मिलकर बना होता है– **Iron तथा Globin Protein**
- ❖ रक्त में Hemoglobin की मात्रा होता है– **15gm/100ml**
- ❖ Hemoglobin की कमी से कौन सा रोग होता है–**Aneamia**

- ❖ श्वसन वर्णक किसे कहते हैं– **Heomoglobin**
- ❖ रक्त में WBC की मात्रा होता है– **1%**
- ❖ AIDS से WBC के कौन सा भाग प्रभावित होता है– **T-Lymphocytes**
- ❖ Platelets किस रसायन का स्राव करता है। जिससे थक्का बनने में मदद मिलता है– **Thromboplastin**
- ❖ Dengu बीमारी में शरीर में किसकी संख्या घटने लगती है– **Platelets**
- ❖ शरीर में Cancer किसके सक्रिय होने से उत्पन्न होता है– **Oncogene**

➤ **Aneamia का प्रकार–**

Aneamia	प्रमुख तथ्य
Aplastic, Anaemia	• इसमें Red Bone Marrow RBC का निर्माण नहीं कर पाता है। • इसमें Hemoglobin की कमी हो जाती है।
Sickle cell Anaemia	• यह Hemoglobin की संरचना में बदलाव के कारण होता है। • इसमें RBC का आकार हसिया (Sickle) जैसा हो जाता है। • इसमें Hemoglobin के Glutamic acid के स्थान पर Valin आ जाता है। • इस प्रकार निर्मित Hemoglobin को Hemoglobin-S कहा जाता है।
Pernicious Anieamia	• RBC के अपरिपक्ता के कारण Hemoglobin में कमी से रोग होता है। • इसका मुख्य कारण Vitamin B_{12} तथा Folic acid को माना जाता है।
Thlassemia	• यह एक असमान्य Hemoglobin-F के निर्माण के कारण होता है। • इससे पीड़ित व्यक्ति को हमेशा दूसरे व्यक्ति के रक्त की आवश्यकता होती है।

➤ **WBC के संख्या में बदलाव के कारण होने वाला रोग**

रोग	प्रमुख तथ्य
Leucocytesis	• इसमें WBC की संख्या असमान्य रूप से बढ़ जाती है।
Leucopenia	• इसमें WBC की संख्या घट जाती है।
Leukemia	• इसमें WBC की संख्या असमान्य रूप से बढ़ने के कारण RBC का निर्माण बंद हो जाता है। • इसे समान्यत: Blood Cancer भी कहते हैं।

रक्त का थक्का बनना (Blood Clothing)

- ❖ रक्त के थक्का बनने का क्रमीक चरण निम्नलिखित है।
- ❖ रक्त स्राव होने पर सर्वप्रथम प्लेटलेट्स हावा के संपर्क में आते हैं। तथा थ्रॉम्बोप्लास्टिन नामक पदार्थ का निर्माण करता है।
- ❖ थ्रॉम्बोप्लास्टिन हिपैरीन को निष्क्रिय कर देता है।
- ❖ पुन: थ्रॉम्बोप्लास्टिन विटामिन K तथा Ca^{++} के साथ मिलकर निष्क्रिय प्रोथॉम्बिन को सक्रिय थ्रॉम्बिन एंजाइम में परिवर्तित कर देता है।
- ❖ थ्रॉम्बिन रुधिर में पाये जाने वाला फाइब्रिनोजेन प्रोटीन को फाइब्रिन में बदल देता है। यह एक प्रकार जाल का निर्माण करता है जो कणिका को फंसाकर रक्त थक्का का निर्माण करता है।

Note :

- ❖ रक्त थक्का बनने के कुछ देर बाद पिला द्रव निकलता है। इसे कहते हैं– **सीरम**
- ❖ रक्त के थक्का बनने में समय लगता है– **5 से 10 मिनट**
- ❖ जोक के लार में किसके कारण रक्त चुसते समय रक्त नहीं जमता है– **हिरुडीन**
- ❖ प्रयोगशाला तथा रक्त बैंक में रक्त थक्का बनने से रोकने के लिए मिलाया जाता है– **0.01% सोडियम साइट्रेट या सोडियम-ऑक्जलेट**

रक्त समूह (Blood Group)

- ❖ मनुष्यों में जरूरत के हिसाब से एक व्यक्ति के रक्त को दूसरे व्यक्ति में चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है, जिसे रक्त आद्यान (Blood Transfusion) कहा जाता है।
- ❖ प्राचीन समय में जरूरत पड़ने पर रक्ताधान किया जाता था, जिसमें अधिकांश व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती थी।
- ❖ व्यक्तियों की मृत्यु रक्त के अलग-अलग प्रकार की जानकारी के अभाव में होती थी।
- ❖ सर्वप्रथम 1900 ई में America के Pathologist कार्ल लैंडस्टीनर ने यह बताया कि मनुष्यों में 4 प्रकार के रक्त होते हैं, जिसे इन्होंने Natural Antigen (प्राकृतिक प्रतिजन) के आधार पर वर्गीकृत किया।

➤ **ABO System :**

Blood Group	Antigen	Antibody
A	A	b
B	B	a
O	Absent	a, b
AB	A, B	Absent

➤ **Note :** 1902 ई. में Dr. Castello & Sturil ने यह पता लगाया कि कुछ मनुष्यों के RBC में दोनों प्रकार के Antigen पाए जाते हैं, जिसे Blood Group AB कहा गया।

Blood Group	रक्त ले सकता है। (Acceptor)	रक्त दे सकता है। (Donor)
A	A, O	A, AB
B	B, O	B, AB
AB	A, B, O, AB	AB
O	O	A, B, AB, O

❖ माता-पिता के रक्त समूह के आधार पर बच्चों में संभावित रक्त समूह माता-पिता का रक्त बच्चों में संभावित रक्त बच्चों में असंभावित

माता-पिता का रक्त समूह	बच्चों में संभावित रक्त समूह	बच्चों में असंभावित रक्त समूह
O × O	O	A, B, AB
O × A	O, A	B, AB
O × B	O, B	A, AB
O × AB	A, B	O, AB
A × A	A, O	B, AB
A × B	A, B, O, AB	कोई नहीं
A × AB	A, B, AB	O
B × B	B, O	A, AB
B × AB	A, B, AB	O
AB × AB	A, B, AB	O

➤ **Natural Antigen :** वैसा Antigen जिसका प्रतिरक्षी (Antibody) समान शरीर में नहीं पाया जाता है।

❖ Landsteiner ने मनुष्य के शरीर में मौजूद RBC में 2 तरह के Natural Antigen को देखा, जिसे Antigen A तथा Antigen B कहकर सम्बोधित किया जो अलग-अलग व्यक्तियों में पाया जाता है।

❖ **Natural Antibody** उसे कहा जाता है जिसका Antigen समान शरीर में नहीं पाया जाता है।

❖ मनुष्यों के रक्त में अगर समान प्रकार का Antigen तथा Antibody मिलते हैं, तो RBC की कोशिकाएँ आपस में चिपक जाती हैं, जिसे **Blood Clumping** कहा जाता है। इस घटना के कारण रक्त द्वारा O_2 को वहन करने की क्षमता समाप्त हो जाती है, जिससे मनुष्य का दम घुटने से मृत्यु हो जाती है।

Note :

❖ सर्वप्रथम किसने Blood Transfusion किया– **James Blundell (1825)**

❖ किसने बताया Blood Plasma में Antibody पाया जाता है– **Landstener**

❖ रक्त समूह A, B, O की खोज किया– **Landstener**

❖ रक्त समूह AB की खोज किया– **Dr. Castello & Sturil (1902)**

❖ सर्वदाता रक्त समूह है– **O^-**

❖ सर्वग्राही रक्त समूह है– **AB^+**

Rh - Factor की उपयोगिता

1. **Rh– Blood Group** वाले व्यक्ति को Rh^+ Blood Group वाला व्यक्ति जीवन में सिर्फ एक बार Blood दे सकता है क्योंकि Rh-factor के प्रवेश के कारण Rh^- Blood Group वाले व्यक्ति में WBC द्वारा Antibody का निर्माण किया जाता है जो दूसरी बार रक्त चढ़ाने पर Rh-factor पर हमला कर देता है, जिससे व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।
2. **Erythroblastosis Foetalis :** यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब महिला Rh^- पुरुष Rh^+ तथा बच्चा Rh^+ हो जाए। इस स्थिति में गर्भावस्था में ही बच्चे की मृत्यु हो जाती है जिसे **Erythroblastosis Foetalis** कहा जाता है।

❖ Rh^- महिला तथा Rh^+ पुरुष के जोड़े वाली शादी को असफल शादी माना जाता है।

माता-पिता के रक्त समूह के आधार पर बच्चों में संभावित रक्त समूह माता-पिता का रक्त बच्चों में संभावित रक्त बच्चों में असंभावित

➤ **RH कारक की वंशगति**

पिता	माता	उत्पन्न संतान
RH^+	RH^+	RH^+
RH^-	RH^+	RH^+
RH^-	RH^-	RH^-
RH^+	RH^-	RH^+

OBJECTIVE QUESTIONS

1. खेलते समय रवि के घुटने में चोट लग गई, जिससे खून बह रहा था। कुछ समय बाद, उसने देखा कि खून बहना बंद हो गया था, और एक गहरे लाल रंग के थक्के ने घाव को भर दिया था। किस प्रकार की कोशिकाएं रक्त का थक्का जमाने में मदद करती है ? [Group-D, 28.09.2022 Shift-2]
(a) लिम्फोसाइट्स (Lymphocytes)
(b) इओसिनोफिल्स (Eosinophils)
(c) प्लेटलेट्स (Platelets)
(d) लाल रक्त कणिकाएं (Red blood corpuscles) **उत्तर–(c)**

2. संकुचन के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना हृदय के भीतर रुधिर को वापस विपरीत दिशा में बहने से रोकती है? [NCERT Exemplar]
(a) हृदय के भीतर स्थित कपाट
(b) निलयों की मोटी पेशीय भित्तियाँ
(c) अलिंदों की पतली भित्तियाँ
(d) उपरोक्त सभी **उत्तर–(a)**

3. एकल परिसंचरण, अर्थात् शरीर में होकर एक चक्र के दौरान रुधिर का हृदय में होकर केवल एक बार प्रवाहित होना, निम्नलिखित में से किन में पाया जाता है? [NCERT Exemplar]
(a) लैबियों, कैमेलिऑन, सैलामेंडर
(b) हिप्पोकैंपस, एक्जोसीटस, ऐनाबस
(c) हायला, राना, ड्रैको
(d) ह्वेल, डॉल्फिन, कछुआ। **उत्तर–(b)**

4. निम्नलिखित कशेरुकी समूह/समूहों में हृदय ऑक्सीजनित रुधिर को शरीर के विभिन्न भागों में पंप नहीं करता? [NCERT Exemplar]
(a) पिसीज और ऐम्फिबिया (b) ऐम्फिबिया और सरीसृप
(c) केवल ऐम्फिबियन प्राणी (d) केवल पिसीज उत्तर–(d)

5. धमनियों का वर्णन करने के लिए सही कथन चुनिए– [NCERT Exemplar]
(a) इनकी भित्तियाँ मोटी और प्रत्यास्थ होती हैं, इनमें रुधिर उच्च दाब के साथ बहता है, ये विभिन्न अंगों से रुधिर एकत्रित करके वापस हृदय में पहुँचाती है।
(b) इनकी भित्तियाँ पतली होती हैं और इनके भीतर कपाट होते हैं, इनमें रुधिर कम दाब के साथ बहता है, और ये रुधिर को हृदय से दूर शरीर के विभिन्न भागों तक ले जाती है।
(c) इनकी भित्तियाँ मोटी एवं प्रत्यास्थ होती हैं, इनमें रुधिर कम दाब के साथ बहता है, ये रुधिर को हृदय से ले जाकर शरीर के विभिन्न भागों में पहुँचाती है।
(d) इनकी भित्तियाँ मोटी एवं प्रत्यास्थ होती हैं, इनमें रुधिर उच्च दाब के साथ बहता है और ये रुधिर को हृदय से दूर शरीर के विभिन्न भागों तक ले जाती है। उत्तर–(d)

6. निम्नलिखित में से किसमें परिपक्वता के समय केंद्रक लोप नहीं होता है? [NCERT Exemplar]
(a) सहचर कोशिकाएँ (b) लाल रुधिर कणिकाएँ
(c) वहिकाएँ (d) चालनी नलिका कोशिकाएँ
उत्तर–(a)

7. निम्नलिखित में से बाह्य त्वचा (एपिडर्मिस) का कौन-सा कार्य नहीं है? [NCERT Exemplar]
(a) प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाव
(b) गैसीय विनिमय
(c) जल संवहन
(d) वाष्पोत्सर्जन उत्तर–(c)

8. वह विकल्प चुने जो संवहनी तंत्र के संदर्भ में सत्य नहीं है। [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) लाल रक्त संवहनी संयोजी ऊतक है
(b) मानव आरबीसी (RBCs) का जीवन काल 115-120 दिन है
(c) एक वयस्क व्यक्ति में लगभग 6.8 लीटर रक्त होता है
(d) यह शरीर के वजन के लगभग 1.7 – 1.8% होता है उत्तर–(d)

9. सामान्य मानव रक्त है– [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) उदासीन
(b) थोड़ा अम्लीय
(c) अम्ल या क्षार में परिवर्तनशील
(d) थोड़ा क्षारीय उत्तर–(d)

10. रक्त का कौन-सा घटक भोजन, CO_2 और नाइट्रोजनयुक्त कचरे का परिवहन करता है? [RRB ALP/ Tech. 2018]
[RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-1]
(a) सफेद रक्त कोशिकाएँ (b) रक्त प्लेटलेट्स
(c) लाल रक्त कोशिकाएँ (d) प्लाज्मा उत्तर–(d)

11. निम्नलिखित में से कौन-सा प्लाज्मा प्रोटीन रक्त के स्कंदन में निहित है? [S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (Tier-I) स्तरीय परीक्षा-2013]
(a) सीरम एमाइलेज (b) एक ग्लोब्युलिन
(c) फाइब्रिनोजेन (d) एक अल्बुमिन उत्तर–(c)

12. एक पारम्परिक रक्त चाप मापने वाले उपकरण जिसमें चिकित्सक को पारे की कॉलम में उतार-चढ़ाव नजर आता है, हस्तचालित वायु पम्प किससे जुड़ा रहता है? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) समदाब से (b) ट्रांसड्यूसर से
(c) मैनोमीटर से (d) मर्करी कॉलम से उत्तर–(d)

13. इनमें से कौन-सा रक्त समूह यूनिवर्सल (सार्वभौमिक) दाता माना जाता है? [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
[SSC C.P.O. परीक्षा-2004, 06]
(a) AB (b) O
(c) A (d) B उत्तर–(b)

14. इनमें से कौन-सा एक रक्त समूह नहीं है? [I.A.S (Pre) 2008]
(a) A (b) AB
(c) C (d) O उत्तर–(c)

15. मानव शरीर के रक्त का pH स्तर होता है– [RRB JE 2015]
[RRB Group-D 2018]
(a) 7.0 से 7.4 (b) 6.0 से 6.8
(c) 6.0 से 7.0 (d) 7.0 से 8.6 उत्तर–(a)

16. रक्त में पाया जाने वाला .... शरीर में ऑक्सीजन परिवहन के लिए जिम्मेदार होता है। [M.P.P.C.S (Pre) 1993]
[RRB ALP/ Tech. 21-08-2018, Shift-1]
(a) सफेद रक्त कोशिकाएँ (b) प्लेटलेट्स
(c) लाल रक्त कोशिकाएँ (d) प्लाज्मा उत्तर–(c)

17. रक्त का इनमें से कौन-सा घटक ऑक्सीजन का परिवहन करता है? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) प्लेटलेट (b) WBC
(c) प्लाज्मा (d) RBC उत्तर–(d)

18. वायवीय श्वसन क्या है? [SSC स्नातक स्तरीय परीक्षा-2004]
(a) आणविक ऑक्सीजन के बिना श्वसन
(b) ऑक्सीजन की उपस्थिति में श्वसन
(c) त्वचा के माध्यम से श्वसन
(d) गलफड़ों के माध्यम से श्वसन उत्तर–(b)

19. .... रक्त का वह भाग है जिसमें 92% जल होता है और शेष 8% में प्रोटीन, खनिज, हॉर्मोन, एंजाइम तथा अन्य पदार्थ होते हैं। [RRB ALP/ Tech. 31-08-2018, Shift-2]
(a) लाल रक्त कणिकाएँ (b) सफेद रक्त कणिकाएँ
(c) रक्त प्लेटलेट्स (d) प्लाज्मा उत्तर–(d)

20. मानव शरीर के किस अंग पर एंजियोप्लास्टी की जाती है? [RRB G-D 2018]
(a) गुर्दा (b) फेफड़े
(c) हृदय (d) पेट उत्तर–(c)

21. ...., हीमोग्लोबिन में मौजूद प्रोटीन है। [BPSC (Pre) 2018]
(a) एल्बुमिन (b) ग्लोबिन
(c) ग्लोब्युलिन (globulin) (d) हीम उत्तर–(b)

22. मानव शरीर की पल्स दर की जांच क्यों की जाती है? [BSSC Exam 2017]
(a) दिल की फंक्शनिंग जांचने के लिए
(b) मस्तिष्क की फंक्शनिंग जांचने के लिए
(c) रक्त की मात्रा जांचने के लिए
(d) फेफड़ों की स्थिति जांचने के लिए उत्तर–(a)

23. मानव रक्त प्लेटलेट्स .... छोड़ते हैं, जो रक्त के थक्के बनाने (clotting) में मदद करता है। [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) प्रोथ्रोम्बिन (b) फाइब्रिन
(c) फ्रक्टोज (d) सुक्रोज उत्तर–(a)

24. रक्त में सफेद रक्त कण .... । [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) प्रोटीन हीमोग्लोबिन ले जाते हैं।
(b) पोषक तत्वों को ले जाते हैं।
(c) शरीर में संक्रमण से बचाते हैं।
(d) खून जमने में मदद करते हैं। **उत्तर–(c)**

25. आंतरिक गति निर्धारक, मानव शरीर के निम्नलिखित अंगों में से कहाँ स्थिर होता है ? [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) दिमाग (b) दिल
(c) गुर्दा (d) यकृत **उत्तर–(b)**

26. निम्नलिखित में से कौन सा हृदय के कार्य को अधिक उपयुक्त रूप से बताता है ? [RRB JE 2019]
(a) इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (b) इकोकार्डियोग्राम
(c) स्टेथोस्कोप (d) लिपिड प्रोफाइल **उत्तर–(a)**

27. कौन सी रक्त कणिकाएं, रक्त के थक्के जमने और रक्तस्त्राव को रोकने में सहायक होती हैं ? [SSC स्नात्तक स्तरीय-2019] [Group-D, 28.09.2022 Shift-2]
(a) प्लेटलेट्स
(b) प्लेटलेट्स और लाल रक्त कणिकाएं दोनों
(c) लाल रक्त कणिकाएं
(d) श्वेत रक्त कणिकाएं **उत्तर–(a)**

28. मानव शरीर में मौजूद निम्नलिखित कोशिकाओं में से किसमें माइटोकॉन्ड्रिया नहीं पाया जाता ? [RRB Group-D 2018]
(a) लाल रक्त कोशिका (b) यकृत कोशिका
(c) मांसपेशी कोशिका (d) श्वेत रक्त कोशिका **उत्तर–(a)**

29. निम्नलिखित में से कौन-सा अशुद्ध रक्त संचार करता है ? [I.A.S (Pre) 2000]
(a) पल्मोनरी शिरा (b) अल्वओली
(c) पल्मोनरी धमनी (d) महाधमनी **उत्तर–(c)**

30. निम्नलिखित में से कौन सा कोलेस्ट्रॉल का उल्लेख नहीं करता है ? [BSSC Exam 2017]
(a) कम घनत्व लिपोप्रोटीन (b) उच्च घनत्व वाले लिप्रोप्रोटीन
(c) रेसस फैक्टर (d) डिब्बाबंद प्रोटीन केट **उत्तर–(c)**

31. धमनियां रक्त का वहन करती हैं, जो कि भरी होती हैं– [SSC CGL-2021]
(a) ऑक्सीजन (b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) टॉक्सिन (d) लिपिड्स **उत्तर–(a)**

32. प्लाज्मा जो रक्त का एक संघटक है, एक– [RRB NTPC 2017]
(a) कोशिका है (b) पेशी
(c) द्रव है (d) उत्तक है **उत्तर–(c)**

33. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प लाल रुधिर कणिकाओं के बारे में सही नहीं है ? [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) कार्य - ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड का परिवहन
(b) आकृति - वृत्तीय और उभयावतल
(c) लम्बाई - 5.7 μm
(d) हिमोग्लोबिन - मौजूद **उत्तर–(c)**

34. निम्नलिखित में से कौन सी नस शरीर के पूर्ववर्ती हिस्सों से रक्त एकत्र करता है ? [RRB Group-D 2014]
(a) निलय (वेंट्रिक्ल) (b) महाधमनी
(c) सुपीरियर वेना कावा (d) इन्फीगीयर वेना कावा **उत्तर–(c)**

35. वह विकल्प चुनें जो परिसंचरण तंत्र के बारे में सत्य नहीं है। [RRB JE 2015]
(a) रक्त, लाल संवहनी संयोजी ऊतक है
(b) एक वयस्क व्यक्ति में लगभग 6.8 लीटर रक्त होता है
(c) मानव लाल रुधिर कणिकाओं (RBCs) का जीवन काल 115–120 दिन है
(d) वह शरीर के भार का लगभग 17–18% होता है **उत्तर–(d)**

36. .... में तंतुबंध नहीं होते हैं– [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) वृक्क (b) रक्त
(c) हृदय (d) यकृत **उत्तर–(b)**

37. निम्नलिखित में से कौन-सी नलिका है जो दिल से निकलती है और शरीर में विभिन्न अंगों में रक्त संचारित करती है ? [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) शिराएँ
(b) फेफड़े तक जाने वाली रक्त कोशिका
(c) धमनी
(d) फेफड़ों की धमनियाँ **उत्तर–(c)**

38. हृदय चक्र क्या है ? [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) एक धड़कन और एक नाड़ी दर
(b) एक तंत्रानुसारी और एक फुफ्फुसी चक्र
(c) हृदय के संकुचन और शिथिलीकरण का एक चक्र
(d) दो बार एट्रियोवेंट्रिकुलर कपाट का खुलना **उत्तर–(c)**

39. .... को चार भागों में विभाजित किया जाता है। [RRB G-D 2014]
(a) फेफड़ा (b) गुर्दा
(c) हृदय (d) ट्रेकिआ **उत्तर–(c)**

40. वह विकल्प चुनें जो संवहनी तंत्र के संदर्भ में सत्य नहीं है। [SSC-JE-2020]
(a) मानव आरबीसी (RBCs) का जीवन काल 115–120 दिन है
(b) यह शरीर के वजन के लगभग 7–8%
(c) रक्त कम दबाव पर, उनमें झटके से और तेजी से बढ़ता है
(d) रक्त को सामान्यतः जीवन धारा कहा जाता है **उत्तर–(c)**

41. मनुष्य के शरीर में उपस्थित निम्न में से किस कोशिका में केन्द्रक नहीं होता है ? [47th BPSC (Pre) 2005]
(a) एरिथ्रोसाइट्स (b) तंत्रिका कोशिका
(c) अरेखित स्नायु तंतु (d) श्वेत कोशिका **उत्तर–(a)**

42. इसमें से कौन-सा उपकरण रोगियों की हृदय नियंत्रित करता है। [RRB NTPC 2017]
(a) श्वासयंत्र (b) पेसमेकर
(c) कैट स्कैनर (d) ईसीजी मशीन **उत्तर–(b)**

43. निलय की भित्ति आलिंद की भित्ति से .... होती है- [RRB JE 2015]
(a) मोटी (b) छोटी
(c) पतली (d) बड़ी **उत्तर–(a)**

44. हीमोग्लोबिन क्या है ? [SSC स्नात्तक स्तरीय-2019] [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) पौधों की पत्तियों में पाया जाने वाला पदार्थ
(b) बोन मेरो में पाया जाने वाला पदार्थ
(c) मानव रक्त में पाया जाने वाला पदार्थ
(d) पिट्यूटरी ग्रंथि से निकलने वाला स्राव **उत्तर–(c)**

45. रुधिर वर्णिका के सम्बन्ध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—
1. इसमें लौह होता है।
2. यह रक्त को लाल रंग प्रदान करता है।
3. यह कुछ रोगों के प्रति प्रतिरक्षा प्रदान करता है।
4. यह रक्त में ऑक्सीजन का वाहक है।

कूट : [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) 1, 2 व 3 (b) 2, 3 व 4
(c) 1, 2 एवं 4 (d) 1, 2, 3 एवं 4 उत्तर–(c)

46. हीमोग्लोबिन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
1. यह रक्त में ऑक्सीजन का संचार करता है।
2. यह लौह युक्त यौगिक है।
3. यह कुछ रोगों के प्रति, प्रतिरक्षा प्रदान करता है।
4. यह रक्त को लाल रंग प्रदान करता है।
इनमें से सही कथन है– [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4 उत्तर–(d)

47. हृदय मेम्ब्रेन (झिल्ली) की दो परतों से ढँका होता है। इन झिल्लियों को क्या कहा जाता है? [SSC CGL-2021] [SSC (C.P.O) परीक्षा-2015]
(a) पल्मोनरी मेम्ब्रेन (b) पेरिकार्डियल मेम्ब्रेन
(c) प्रीकेवल मेम्ब्रेन (d) सिस्टमेटिक मेम्ब्रेन उत्तर–(b)

48. रक्त को धमनियों से शिराओं में जिन सूक्ष्म नलिकाओं के माध्यम से प्रवाहित किया जाता है, उन्हें क्या कहा जाता है? [RRB NTPC 2017]
(a) कणिकाएँ (b) कोशिकाएँ
(c) केशिकाएँ (d) कैलोरी उत्तर–(c)

49. पुरकिंजे तंतु .... में विशिष्ट है। [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) मस्तिष्क में न्यूरॉन्स (b) रक्त में कोशिकाएं
(c) त्वचा में ग्रंथि कोशिकाएँ (d) हृदय में स्नायु तंतु उत्तर–(d)

50. मनुष्यों की सामान्य स्पंदन दर (पल्स रेट) क्या है? [SSC-GD-2017]
(a) 80–90 बीट प्रति मिनट (b) 97 बीट प्रति मिनट
(c) 70–80 बीट प्रति मिनट (d) 2 बीट प्रति मिनट उत्तर–(c)

51. हमारी त्वचा के नीचे की छोटी रक्त वाहिकाओं को क्या कहा जाता है? [SSC स्टेनोग्राफर परीक्षा-2010]
(a) तंत्रिका (b) कोशिका
(c) शिरा (d) केशिका उत्तर–(d)

52. स्वस्थ मनुष्य का रक्तचाप (सिस्टॉलिक व डाइस्टॉलिक) होता है– [42nd BPSC (Pre) 1997]
(a) 120 मिमी. व 80 मिमी. (b) 201 मिमी. व 110 मिमी.
(c) 90 मिमी. व 60 मिमी. (d) 85 मिमी. व 55 मिमी. उत्तर–(a)

53. किसी व्यक्ति का रक्तचाप 140 एम.एम. Hg है, तो इस उल्लेख में Hg से तात्पर्य है– [RRB Group-D 2014]
(a) हाइड्रोजन से (b) मर्करी से
(c) हाइग्रोमीटर से (d) हीलियोग्राफ से उत्तर–(b)

54. किस प्राणी के जीवद्रव्य में हीमोग्लोबिन का विलय हो जाता है? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) मेढ़क (b) मत्स्य
(c) मानव (d) केंचुआ उत्तर–(d)

55. रक्त में लाल रंग निम्न में से किसके कारण होता है– [BSSC Exam 2013]
(a) प्लाज्मा (b) हीमोग्लोबिन
(c) हीमोसायनिन (d) डब्ल्यू. बी. सी. उत्तर–(b)

56. लाल रक्त कणिकाओं (R.B.Cs.) का रंग होता है– [66th B.P.S.C. (Pre) 2020]
(a) क्यूटिन के कारण (b) क्लोरोफिल के कारण
(c) हीमोसायनिन के कारण (d) हीमोग्लोबिन के कारण उत्तर–(d)

57. जब एक व्यक्ति वृद्ध होते जाता है तो सामान्यतया उसका रक्त का दाब– [RRB JE/Sr.Se Bilaspur 2014]
(a) घट जाता है (b) बढ़ जाता है
(c) उतना ही रहता है (d) बदलता रहता है उत्तर–(b)

58. नीचे चार व्यक्तियों के रक्त दाब का मान दिया है— [RRB JE 2015]
श्रीमती (X) — 90/60
श्री (X) — 160/120
श्री (Y) — 120/80
श्रीमती (Y) — 140/100
निम्नलिखित में से किसका रक्त दाब सामान्य है?
(a) श्रीमती X (b) श्री X
(c) श्रीमती Y (d) श्री Y उत्तर–(d)

59. हमारे शरीर में रक्त का दाब होता है– [I.A.S (Pre) 1996]
(a) वायुमंडलीय दाब से कम (b) वायुमंडलीय दाब से अधिक
(c) वायुमंडलीय दाब के बराबर (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं उत्तर–(b)

60. अभिकथन (A) : 'ए-बी' रक्त समूह के लोग सार्वभौमिक प्राप्तकर्ता होते हैं।
कारण (R) : रक्त समूह ''ए-बी'' की लाल रक्त कोशिका में कोई एंटीजन नहीं होता एवं इसीलिए अन्य किसी रक्त समूह के साथ समूहन (एग्लूटिनेशन) नहीं होता।
कूट : [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) दोनों (A) तथा (R) दोनों सही है तथा (R), (A) का सही कारण है।
(b) दोनों (A) तथा (R) दोनों सही है परन्तु (R), (A) का सही कारण नहीं है।
(c) (A) सही है परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है परन्तु (R) सही है। उत्तर–(c)

61. एक मनुष्य दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है और उसे रक्ताधान की आवश्यकता होती है किन्तु उसके रक्त समूह का परीक्षण करने का समय नहीं है। निम्नलिखित में से कौन सा रक्त समूह उसे दिया जा सकता है? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) O^+ (b) O^-
(c) AB^+ (d) AB^- उत्तर–(b)

62. अज्ञात रुधिर-वर्ग का एक व्यक्ति गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है और उसे तुरंत रक्त-आधान (Blood Transfusion) की जरूरत पड़ती है अस्पताल में आसानी से उपलब्ध निम्नलिखित रुधिर वर्गों में से किस एक का रक्त-आधान के लिए उपयोग सुरक्षित होगा? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) O, Rh^- (b) O, Rh^+
(c) AB, Rh^- (d) Ab, Rh^+ उत्तर–(a)

63. Rh कारक का नाम संबंधित है एक प्रकार के- [RRB JE 2015]
(a) कपि से (b) मानव से
(c) बंदर से (d) चूहा से उत्तर–(c)

64. कीटों में गैस के विनिमय के लिए वायु नलियों का एक जाल होता है। इन्हें .... कहा जाता है। [Group-D, 06.10.2022 Shift-2]
(a) धमनियां (arteries) (b) श्वासप्रणाल (tracheae)
(c) श्वासरंध्र (spiracles) (d) केशिकाएं (capillaries)
उत्तर–(b)

65. यदि एक पिता का रक्त वर्ग A है और माता का O तो बताइए कि उनके पुत्र का निम्नलिखित में से कौन सा रक्त वर्ग हो सकता है? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) B (b) AB
(c) O (d) B, AB अथवा O उत्तर–(c)

66. लाल रक्त कणिकाएँ (RBC) किस नाम से जानी जाती है ? [RRB G-D 2014]
(a) इरिथ्रोसाइट्स (b) ल्यूकोसाइट्स
(c) थ्रोम्बोसाइट्स (d) इयोसिनोफिल्स उत्तर–(a)

67. निम्न में से किसको RBC का कब्रिस्तान कहा जाता है ? [I.A.S (Pre) 2008]
(a) यकृत (lever)
(b) अस्थि-मज्जा (bone marrow)
(c) प्लीहा (spleen)
(d) परिशोधिका (refinement) उत्तर–(c)

68. मनुष्य की लाल रक्त कोशिकाओं का जीवनकाल कितना होता है ? [S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (Tier-I) स्तरीय परीक्षा-2014]
(a) 120 दिन (b) 150 दिन
(c) 180 दिन (d) 190 दिन उत्तर–(a)

69. वर्ग AB रक्त वाला व्यक्ति किसी ऐसे व्यक्ति का रक्त ले सकता है जिसका रक्त वर्ग .... हो– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) मात्र A (b) मात्र B
(c) मात्र AB (d) कोई भी वर्ग उत्तर–(d)

70. AB रक्त वर्ग वाले व्यक्ति को कभी-कभी सार्विक रक्त आदाता कहा जाता है, क्योंकि– [42nd BPSC (Pre) 1997]
(a) उसके रक्त में प्रतिजन (एंटीजन) का अभाव हो जाता है।
(b) उसके रक्त में प्रतिपिंड (एंटीबॉडी) का अभाव होता है।
(c) उसके रक्त में प्रतिजन और प्रतिपिंड दोनों का अभाव होता है।
(d) उसके रक्त में प्रतिपिंड उपस्थित होते हैं उत्तर–(b)

71. एक व्यक्ति, जिसका रक्त समूह 'A' है, सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाता है तथा चिकित्सक रक्ताधान की सलाह देते हैं। उसके संबंधियों को रक्तदान हेतु कहा जाता है, जिनके रक्त समूह इस प्रकार पाए गए– [RRB ALP/ Tech. 2018]
(i) पत्नी - 'O' (ii) भाई - 'AB'
(iii) पुत्र - 'A' (iv) पुत्री - 'O'
उपरोक्त में से कौन से संबंधी उस घायल व्यक्ति को रक्ताधान हेतु रक्तदान कर सकते हैं ?
(a) (i) व (ii) (b) (ii) व (iii)
(c) (ii), (iii) व (iv) (d) (i), (iii) व (iv) उत्तर–(d)

72. रक्त चाप को मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है ? [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013] [R.A.S/R.T.S. (Pre) 1999]
(a) ग्लूकोमीटर (b) स्फिग्मोमेनोमीटर
(c) थर्मामीटर (d) लैक्टोमीटर उत्तर–(b)

73. सिस्टोलिक और डायस्टोलिक शब्द का उपयोग .... के संदर्भ में किया जाता है। [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) आँखों की दृष्टि में समस्याओं का पता लगाना
(b) रक्त प्लेटलेट्स की गिनती
(c) रक्तचाप को मापना
(d) रक्त धमनियों का पता लगाना उत्तर–(c)

74. मानव शरीर में 'रूधिर बैंक' (Blood bank) का कार्य कौन करता है ? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) तिल्ली/प्लीहा (b) फेफड़ा
(c) हृदय (d) यकृत उत्तर–(a)

75. कौन-सी रक्त वाहिकाएँ शुद्ध रक्त फेफड़ों से हृदय में ले जाती हैं ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) फुफ्फुस धमनी (b) हृदय धमनी
(c) हृदय शिरा (d) फुफ्फुस शिरा उत्तर–(a)

76. किसके मौजूदगी के कारण शरीर के भीतर रक्त जमता नहीं है ? [RRB JE/Sr.Se Muzaffarpur 2017]
(a) फाइब्रिन (b) प्लाज्मा
(c) हीमोग्लोबिन (d) हिपैरिन उत्तर–(d)

77. स्पंदन गतियां, जिन्हें नाड़ी स्पंद/नब्ज कहा जाता है, क्यों महसूस होती है ? [Group-D 30.09.2022 2nd Shift]
(a) फेफड़ों में प्रवाहित रक्त के कारण
(b) शिराओं में प्रवाहित रक्त के कारण
(c) हृदय में प्रवाहित रक्त के कारण
(d) धमनियों में प्रवाहित रक्त के कारण उत्तर–(d)

78. हृदय की मांसपेशियाँ लयबद्ध रूप से संकुचित और शिथिल होती है, इस लयबद्ध संकुचन और उसके बाद होने वाले शिथिलन/विश्रांति को मिलाकर हृदय का एक स्पंद (heart-beat) कहा जाता है। हृदय स्पंदों को मापने के लिए किस यंत्र का उपयोग किया जाता है ? [SSC CGL-2021] [Group-D, 26.09.2022 Shift-2]
(a) स्फिग्मोमैनोमीटर (b) पोटोमीटर
(c) स्टेथोस्कोप (d) ऑक्सीमीटर उत्तर–(c)

79. रक्त स्कंदन,..........की मदद से होता है। [Group-D, 26.09.2022 Shift-2]
(a) श्वेत रक्त कणिकाओं (b) लाल रक्त कणिकाओं
(c) रक्त प्लाज्मा (d) प्लेटलेट कणिकाओं उत्तर–(d)

80. मानव रक्त के निर्माण के लिए इनमें से किसकी आवश्यकता होती है ? [Group-D, 11.10.2022 Shift-1]
(a) निकल (b) कोबाल्ट
(c) लौह/आयरन (d) तांबा/कॉपर उत्तर–(c)

81. 400 m की दौड़ में भाग लेने के बाद आपको ऐंठन होती है। निम्न में से कौन सा विकल्प इसका सबसे सटीक कारण हो सकता है ? [Group-D, 29.08.2022 Shift-3]
(a) ऑक्सीजन की कमी और पाइरूवेट का लैक्टिक अम्ल में परिवर्तन
(b) ऑक्सीजन की पर्याप्त उपस्थिति और पाइरूवेट का लैक्टिक अम्ल में परिवर्तन
(c) ऑक्सीजन की कमी और पाइरूवेट का ग्लूकोज में परिवर्तन
(d) ऑक्सीजन की कमी और पाइरूवेट का ग्लूकोज में परिवर्तन
उत्तर–(a)

82. मछलियों में रक्त परिसंचरण के संबंध में गलत कथन पहचानें। [Group-D 13.09.2022 1st Shift]
(a) शरीर से रक्त अलिंद में प्रवेश करता है
(b) निलय से रक्त केवल क्लोमों (gills) में जाता है
(c) दो-कक्षीय हृदय में दोहरा परिसंचरण होता है
(d) क्लोमों (gills) से रक्त शरीर के बाकी हिस्सों में भेजा जाता है
उत्तर–(c)

83. निम्नांकित चित्र मानव परिसंचरण तंत्र के किस घटक (भाग) को दर्शाता है ? [Group-D 18.09.2022 2nd Shift]



(a) केशिका (b) शिरा
(c) महाधमनी (d) धमनी उत्तर–(b)

84. भारी व्यायाम के दौरान, जब ऊर्जा की मांग अधिक होती है, लेकिन ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति सीमित होती है, तो मांसपेशियों की कोशिकाएँ..........को दर्शाती हैं। [Group-D 11.10.2022 1st Shift]

(a) पाइरूवेट के संचय (b) जल की हानि
(c) एथेनॉल के संश्लेषण (d) लैक्टिक अम्ल के निर्माण

उत्तर–(d)

85. निम्न विकल्पों में से तीन कक्षीय हृदय वाले जीव का नाम बताइए। [Group-D 09.09.2022 2nd Shift]

(a) बाघ (b) कबूतर
(c) मछली (d) सैलामैंडर उत्तर–(d)

86. निम्न में से किन प्राणियों में प्रत्येक चक्र के दौरान रक्त दो बार हृदय से होकर गुजरता है ? [SSC-JE-2020] [Group-D 29.09.2022 3rd Shift]

(a) मत्स्य, पक्षी और सरीसृप वर्ग
(b) स्तनधारी, मत्स्य और सरीसृप वर्ग
(c) स्तनधारी, पक्षी और सरीसृप वर्ग
(d) स्तनधारी, पक्षी और मत्स्य वर्ग उत्तर–(c)

87. मानव परिसंचरण तंत्र में, सभी शिराएं रक्त को हृदय की ओर ले जाती है। फुफ्फुसीय शिरा और अन्य शिराओं में क्या अंतर है ? [Group-D 05.09.2022 2nd Shift]

(a) फुफ्फुसीय शिरा में एक छोटी अवकाशिका (lumen) होती है
(b) फुफ्फुसीय शिरा में कोई वाल्व नहीं होता है
(c) फुफ्फुसीय शिरा ऑक्सीजन युक्त रक्त ले जाती है
(d) फुफ्फुसीय शिरा में रक्त का प्रवाह दाब के साथ होता है

उत्तर–(c)

88. .... में 'दोहरा परिसंचरण' नहीं होता है। [BPSC-2018] [Group-D 22.08.2022 2nd Shift]

(a) मेंढ़कों (b) सर्पों
(c) गरुड़ों (d) मछलियों उत्तर–(d)

89. मानव हृदय में अनुशिथिलन के दौरान निम्नलिखित में से कौन सी घटना घटित होती है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [Group-D 18.08.2022 2nd Shift]

(a) रक्त निलय में प्रवेश करता है
(b) रक्त फेफड़ों में प्रवेश करता है
(c) रक्त महाधमनी में प्रवेश करता है
(d) रक्त निलय से बाहर निकलता है उत्तर–(b)

90. मनुष्यों में सामान्य प्रकुंचन (Systolic) और अनुशिथिलन (diastolic) दाब क्रमशः .... होता है। [BPSC-2019] [Group-D 23.08.2022 2nd Shift]

(a) 100 mg Hg और 60 mg Hg
(b) 150 mm Hg और 75 mg Hg
(c) 140 mm Hg और 90 mm Hg
(d) 120 mg Hg और 80 mm Hg उत्तर–(d)

91. कौन-सी रक्त कणिकाएँ, रक्त के धक्के जमने और रक्तस्राव को रोकने में सहायक होती है ? [SSC-JE-2020] [Group-D 28.09.2022 2nd Shift]

(a) श्वेत रक्त कणिकाएँ
(b) प्लेटलेट्स और लाल रक्त कणिकाएँ दोनों
(c) प्लेटलेट्स
(d) लाल रक्त कणिकाएँ उत्तर–(c)

92. प्रत्येक श्वसन चक्र के दौरान, जब वायु अंदर को जाती है, और बाहर निकाली जाती है, तो फेफड़ों में हमेशा कुछ मात्रा में वायु होती ही है, ताकि ऑक्सीजन को अवशोषित करने और कार्बन डाइऑक्साइड को छोड़ने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वायु की इस मात्रा को क्या कहा जाता है ? [Group-D 05.09.2022 2nd Shift]

(a) श्वसन मात्रा (b) वायुकोशकीय मात्रा
(c) फुफ्फुसीय मात्रा (d) अवशिष्ट मात्रा उत्तर–(d)

93. पेशियों में ऐंठन का कारण क्या है ? [बिहार दरोगा-2019] [Group-D, 17.09.2022 Shift-2]

(a) रक्त में निम्न ग्लूकोज स्तर (हाइपोग्लाइसीमिया)
(b) शरीर की थकान और कमजोरी
(c) पेशियों को होने वाली ऑक्सीजन आपूर्ति में कमी
(d) तंत्रिका-पेशीय संधियों का अत्यधिक उत्तेजन उत्तर–(c)

94. निम्नलिखित में से किस वर्णक में ऑक्सीजन के लिए उच्च बंधुता होती है ? [Group-D 18.09.2022 2nd Shift]

(a) बिलिरुबिन (b) हीमोसायनित
(c) मेलनिन (d) हीमोग्लोबिन उत्तर–(d)

95. इनमें से किस जीव में तीन-कोष्ठीय हृदय होता है ? [Group-D 02.09.2022 2nd Shift]

(a) मनुष्य (b) पक्षी
(c) मछली (d) मेंढक उत्तर–(d)

96. लसीका (lymph) के कुछ कार्य नीचे दिए गए हैं। इसके सही कार्यों को दर्शाने वाले विकल्प का चयन कीजिए। [Group-D 30.08.2022 1st Shift]

(A) आंत से पचित और अवशोषित वसा को ले जाता है
(B) CO_2 को फेफड़ों तक ले जाता है
(C) RBC को लसीका पर्व तक ले जाता है
(D) यह अतिरिक्त तरल को कोशिका-बाह्य स्थान से वापस रक्त में बहा देता है

(a) (A) और (B) (b) (A) और (D)
(c) (B) और (C) (d) (C) और (D) उत्तर–(b)

97. मानव जैसे कुछ जीवों के हृदयों में ऑक्सीजन रहित रक्त को ऑक्सीजन युक्त रक्त से पृथक क्यों रखा जाता है ? [Group-D, 14.09.2022 Shift-1]

(a) एक बड़े शरीर वाले जीव को ऑक्सीजन प्रदान करने के लिए
(b) फेफड़ों में रक्त का ऑक्सीजनीकरण (oxygenation) बढ़ाने के लिए
(c) पेशियों की वृद्धि और उसके कामकाज में मदद करने के लिए
(d) शरीर के तापमान को स्थिर बनाए रखने में मदद करने के लिए

उत्तर–(d)

98. पौधों में अपशिष्ट उत्पाद के रूप में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन कब होता है ? [Group-D 24.8.2022 2nd Shift]

(a) प्रकाश संश्लेषण के दौरान
(b) वाष्पोत्सर्जन के दौरान
(c) श्वसन के दौरान
(d) श्वसन और प्रकाश संश्लेषण दोनों के दौरान उत्तर–(c)

99. अधिकांश कशेरुकी समूहों में, रक्त का दोहरा परिसंचरण होता है। हालांकि, इन समूहां में से एक अपवाद है। नीचे दिए गए विकल्पों में से उस समूह को पहचानिए। [Group-D 30.8.2022 2nd Shift]

(a) पक्षी वर्ग (b) मत्स्य वर्ग
(c) उभयचर वर्ग (d) सरीसृप वर्ग उत्तर–(b)

100. Which blood group is referred to as the 'Universal Donor' ? [SSC CGL-2021] [Group-D 30.08.2022 Shift 3]

(a) B (b) O
(c) A (d) AB **उत्तर–(b)**

101. निम्नांकित चित्र विभिन्न प्रकार की श्वेत रक्त कणिकाओं को दर्शाता है। सही नामांकन वाले विकल्प की पहचान कीजिए। [Group-D 24.8.2022 2nd Shift]



(a) (i) इसोसिनोफिल, (ii) न्यूट्रोफिल, (iii) बेसोफिल, (iv)मोनोसाइट, (v) लिम्फोसाइट
(b) (i) न्यूट्रोफिल, (ii) बेसोफिल, (iii) लिम्फोसाइट, (iv) इओसिनोफिल, (v) मोनोसाइट
(c) (i) न्यूट्रोफिल, (ii) मोनोसाइट, (iii) इओसिनोफिल, (iv) बेसोफिल, (v) लिम्फोसाइट
(d) (i) न्यूट्रोफिल, (ii) इओसिनोफिल, (iii) बेसोफिल, (iv) लिम्फोसाइट, (v) मोनोसाइट **उत्तर–(c)**

102. निम्न में से किन प्राणियों में पूरे शरीर में रक्त प्रवाह चक्र के दौरान, रक्त केवल एक बार हृदय से होकर गुजरता है ? [Group-D 22.9.2022 2nd Shift]

(a) पक्षी (b) मत्स्य
(c) स्तनधारी (d) सरीसृप **उत्तर–(b)**

103. मनुष्यों के परिसंचरण तंत्र की कुछ विशेषताओं का उल्लेख नीचे किया गया है। गलत विकल्प का चयन कीजिए। [Group-D 22.08.2022 Shift 3]

(a) लसीका को ऊतक द्रव भी कहा जाता है।
(b) केशिकाएं संयुक्त होकर शिराओं का निर्माण करती है।
(c) प्लेटलेट्स रक्त के थक्के जमाने में सहायक होते हैं
(d) उच्च रक्तचाप, शिराओं के संकुचन के कारण होता है। **उत्तर–(d)**

104. रेखित पेशियों (striated muscles) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [Group-D 28/09/2022, 1st Shift]

(a) इनमें स्पष्ट हल्के और गहरे पट्ट उपस्थित होते हैं।
(b) इनकी कोशिकाएं अशुंडित और बेलनाकार आकृति वाली तथा शाखित होती हैं।
(c) इनकी कोशिकाएं लंबी, अशुंडित सिरों वाली, और अशाखित होती हैं।
(d) इनकी कोशिकाएं लंबी, बेलनाकार, अशुंडित और अशाखित होती हैं। **उत्तर–(a)**

105. रक्तचाप को मापने के लिए चिकित्सकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरण का नाम बताइए। [SSC-JE-2020] [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]

(a) इकोकार्डियोग्राम (b) स्फिग्मोमैनोमीटर
(c) स्टेथेस्कोप (d) स्पाइरोमीटर **उत्तर–(b)**

106. निम्नलिखित में से कौन सी मानव कोशिका अपने आकार को बदलने की क्षमता रखती है ? [Railway-JE-2016] [Group-D, 17.08.2022 Shift-3]

(a) RBC (b) मस्तिष्क कोशिका
(c) यकृत कोशिकाए (d) WBC **उत्तर–(d)**

107. मानव हृदय में, फुफ्फुसीय शिरा .... से जुड़ी होती है। [Group-D, 06.10.2022 Shift-2]

(a) दाएं अलिंद (b) बाएं निलय
(c) बाएं अलिंद (d) दाएं निलय **उत्तर–(c)**

108. रक्त का इनमें से कौन सा घटक प्रतिरक्षा को बढ़ावा देता है, और कीटाणुओं से लड़ने में शरीर की मदद करता है ? [Group-D, 06.10.2022 Shift-2]

(a) रक्त प्लेटलेट्स (b) श्वेत रक्त कणिकाएं
(c) लाल रक्त कणिकाएं (d) रक्त प्लाज्मा **उत्तर–(b)**

109. मानव हृदय के अनुप्रस्थ भागों पर आधारित दो प्रश्न नीचे दिए गए हैं। दोनों प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले विकल्प का चयन कीजिए। [Group-D, 22.09.2022 Shift-1]
प्रश्न 1. 'A' द्वारा नामांकित भाग में मोटी भित्तियां क्यों होती हैं ?
प्रश्न 2. 'B' द्वारा नामांकित भाग का कार्य क्या है ?



(a) A – क्योंकि यह रक्त को दाएं अलिंद में पंप करता है
B – रक्त के पश्चवाह को रोकता है
(b) A – क्योंकि यह रक्त को बाएं अलिंद में पंप करता है
B – रक्त के अग्रप्रवाह को रोकता है
(c) A – क्योंकि यह रक्त को फुफ्फुसीय धमनी में पंप करता है
B – रक्त को महाधमनी में पंप करता है
(d) A – क्योंकि यह शरीर के विभिन्न भागों में रक्त को पंप करता है
B – रक्त के पश्चवाह को रोकता है **उत्तर–(d)**

110. स्तंभों को सुमेलित कीजिए। [SSC-JE-2020] [Group-D, 22.09.2022 Shift-1]

समूह-I	समूह-II
I. हृदय	A. पंप की तरह कार्य करने वाला अंग
II. धमनियां	B. ऑक्सीजन रहित रक्त का संरचरण करती हैं
III. शिराएं	C. ऑक्सीजन युक्त रक्त का संचरण करती हैं

(a) I–A; II–B; III–C (b) I–C; II–A; III–B
(c) I–A; II–C; III–B (d) I–C; II–B; III–A **उत्तर–(c)**

111. श्वसन वर्णक, हीमोग्लोबिन इनमें से किसमें मौजूद होता है ? [Group-D 11.10.2022 2nd Shift]

(a) लाल रक्त कणिकाओं में (b) रक्त प्लेटलेट्स में
(c) रक्त प्लाज्मा में (d) श्वेत रक्त कणिकाओं में **उत्तर–(a)**

■■■

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

उत्सर्जन तंत्र (Excretory System)

उत्सर्जन तंत्र (Excretory system)

- ❖ अंगों का वैसा समूह जो शरीर से हानिकारक पदार्थ को बाहर निकालने की क्रिया में सहायता करते है, **उत्सर्जन तंत्र** कहलाता है। जल, नमक, ग्लूकोज शरीर में जमा होने पर शरीर को नुकसान पहुँचाते हैं, इसलिए इन पदार्थों को शरीर से बाहर निकलने की आवश्यकता होती है।
- ❖ शरीर में दैनिक कार्यों के दौरान कुछ हानिकारक पदार्थों का निर्माण होता है, जैसे-CO_2, NH_3, Urea (NH_2 –CO –NH_2) Uric Acid तथा Bilirubin etc....
- ❖ दैनिक कार्यों के दौरान कभी-कभी शरीर के लिए जरूरी पदार्थों का आवश्यकता से ज्यादा मात्रा में प्रयोग किया जाता है, जैसे–जल, नमक, ग्लूकोज etc.
- ❖ उत्सर्जन तंत्र के द्वारा शरीर के आंतरिक वातावरण को हमेशा एक समान बनाए रखा जाता है, इस क्रिया को Homeostasis (समस्थैतिकी) कहा जाता है।

➤ उत्सर्जन के प्रकार (Types of Emissions)

उत्सर्जन	प्रमुख तथ्य	उदाहरण
अमोनोटेलिक Ammonotelic	• इन जन्तु में मुख्य उत्सर्जी पदार्थ अमोनिया होता है। • अमोनिया के उत्सर्जन में वृक्क की भूमिका बहुत कम होती है।	टैडपोल, जलीय कीट, मछली, प्रोटोजोआ आदि
यूरिकोटेलिक Uricotelic	• इसी प्रकार के जन्तु में उत्सर्जी पदार्थ यूरिक अम्ल है। • यूरिक अम्ल जल में यूरिया एवं अमोनिया के अपेक्षा कम घुलनशील होता है।	सभी सरिसृप तथा पक्षी
यूरियोटेलिक Ureotelic	• इसमें उत्सर्जन पदार्थ के रूप में यूरिया होता है। • अमोनिया व कार्बनडाइ-ऑक्साइड मिलकर यूरिया का निर्माण करते हैं।	मेढ़क, स्तनधारी आदि

➤ विभिन्न जन्तु में उत्सर्जी अंग

जन्तु वर्ग	अंग
• प्रोटोजोआ, पोरीफेरा तथा सीलेनटेटा	कोशिका के सतह या देह भित्ती से विसरण द्वारा
• प्लैटिहेलमिंथस (चपटा कृमि तथा फिता कृमि)	फ्लेम कोशिका
• ऐस्किलमिथिंस (गोल कृमि)	रिनेट कोशिका द्वारा
• एनेलिडा (जोक, केंचुआ)	नेफ्रीडिया द्वारा
• मोलस्का (घोंघा, अक्टोपस)	नेफ्रीडिया, वृक्क तथा केबर अंग द्वारा
• इकाइनोडरमिटा (स्टार फीस)	श्वसन वक्ष तथा ट्यूबफूट द्वारा
• अथ्रोपोडा (कीट, मकड़ी)	माल्पीजियन नली द्वारा
• प्रोटोकॉर्डेटा	सेलेनोसाइटस द्वारा
• कॉर्डेटा (मनुष्य)	किडनी द्वारा

Note :

- ❖ आर्निथीन तथा गुआनिन नामक उत्सर्जी पदार्थ का उत्सर्जन होता है– **क्रमशः पक्षी तथा मकड़ी**
- ❖ एक कोशिकीय जीव में उत्सर्जन की क्रिया होता है– **विसरण विधि द्वारा**
- ❖ वह प्रक्रिया जिसमें शरीर में जल एवं लवण की सांद्रता को संतुलित किया जाता है– **Osmoregulation**
- ❖ मनुष्यों में Osmoregulation की क्रिया होता है–**Kidney से**
- ❖ एक कोशिकीय जीव Osmoregulation की क्रिया होता है– **संकुचन धमनी**

➤ मनुष्य में उत्सर्जन (Excretion in Humans) :

उत्सर्जन अंग	प्रमुख तथ्य	उत्सर्जीत पदार्थ
किडनी	यह प्रमुख उत्सर्जन अंग है।	मूत्र (Urine)
त्वचा	स्वेत ग्रंथि से पसीना तथा सीबन ग्रंथि से तैलीय पदार्थ का स्राव होता है।	पसीना (Sweat) (जल, लवण, यूरिया एमिनोअम्ल आदि।
यकृत	यह अमोनिया को यूरिया में बदलता है।	Urea and Bile Pigment
फेफड़ा	प्रतिदिन 18 लिटर CO_2 तथा 400ml जल शरीर से बाहर निकलता है।	CO_2 तथा जलवाष्प
बड़ी आँत	जल का अवशोषण	Ca, भारी धातु आदि

वृक्क या गुर्दा (Kidney)

- ❖ मनुष्य में किडनी की संख्या दो होती है।
- ❖ इसका आकार सेम के बीज की तरह होता है।
- ❖ किडनी का औसत वजन **140** से **150** ग्राम होता है।
- ❖ पुरूषों में **125** से **170** ग्राम के बीच और महिलाओं में **115** से **125** ग्राम के बीच होता है।
- ❖ किडनी के बाहरी आवरण को Peritonium कहते हैं।
- ❖ किडनी का मुख्य कार्य मूत्र का निर्माण करना तथा रक्त का छानना होता है।

किडनी की बनावट (Structure of Kidney)

- ❖ Kidney की आंतरिक संरचना दो भागों में विभाजित होती है बाहर वाला भाग Cortex तथा अन्दर वाला भाग Medulla कहलाता है।



❖ किडनी की आकृतिज **11 × 5 × 3 cm** होता है।
❖ Medulla छोटी-छोटी शंक्वाकार भागों में विभाजित होता है। जो पिरामिड्स कहलाता है।
❖ प्रत्येक वृक्क से एक-एक नलीनुमा संरचना मूत्राशय से आकर मिलता है। जिसे **मूत्रवाहिनी** कहते हैं।
❖ Kidney का निर्माण एक विशेष प्रकार की संरचना से होती है जिसे **Nephron** कहते हैं।

Note :
❖ किडनी के अध्ययन कहलाता है– **Nephrology**
❖ प्रत्येक किडनी में Nephron की संख्या होती है–**10-12 लाख**
❖ किडनी की इकाई को कहते हैं– **Nephron**
❖ किडनी के बाहरी आवरण को कहते हैं– **Peritonium**
❖ किडनी में स्टोन होता है– **Ca-oxalate**
❖ किडनी द्वारा रक्त छानने की क्रियाएँ इस प्रकार हैं–
1. Ultrafiltraton
2. पुन: अवशोषण
3. स्राव

Ultrafiltration

❖ यह क्रिया Glomerulus Capillary Network तथा Bowman's Capsule के द्वारा सम्पन्न होती है। इन दोनों संरचना को सामूहिक रूप से Malpighian body or Renal Corpuscle के नाम से जाना जाता है।
❖ Glomerulus Capillary Network का एक सिरे का व्यास ज्यादा होता है जिसे Afferent Arteriole कहा जाता है। इसी के द्वारा रक्त प्रवेश करता है, जबकि दूसरे छोर का व्यास कम होता है जिसे Efferent Arteriole कहते हैं, जिसके द्वारा रक्त छनने के बाद वापस शरीर में लौट जाता है।
❖ व्यास में कमी होने के कारण जैसे-जैसे रक्त प्रवेश करता है, Blood-pressure का मान बहुत उच्च हो जाता है, इस उच्च दाब के कारण Glomerulus Capallary Network के छिद्रों द्वारा हानिकारक पदार्थ (जल, लवण, Glucose, Urea etc...) Bowman's Capsule में चले आते हैं, इस प्रकार रक्त को छानने का कार्य सम्पन्न होता है।
❖ सूक्ष्म छिद्रों द्वारा अत्यधिक दबाव में रक्त को छानने की क्रिया Ultrafilteration कहलाती है।

पुन: अवशोषण (Reabsorption)

❖ रक्त को छानने के दौरान रक्त में मौजूद जल की अतिरिक्त मात्रा के साथ Glucose जैसे आवश्यक पदार्थ भी Bowman's Capsule में चले आते हैं।
❖ इन पदार्थों के शरीर से बाहर निकलने पर शरीर को नुकसान होता है, इसलिए P.C.T. (Proximal Convoluted tubule) के द्वारा इन पदार्थों को पुन: अवशोषित कर लिया जाता है, यह क्रिया Reabsorption कहलाती है।

स्राव (Secretion)

❖ यह क्रिया D.C.T. (Distal Convoluted tubule) में होती है।
❖ P.C.T. (Proximal Convoluted tubule) के द्वारा पुन: अवशोषण के बाद पदार्थ Loop of Hanle के द्वारा होते हुए D.C.T में पहुँचता है, जहाँ पर कुछ पदार्थों के Secretion का काम होता है, जिसमें पोटैशियम के Compound तथा प्रतिजैविक (Antibiotic) शामिल होते हैं।
❖ Secretion के बाद सभी पदार्थ Collecting Duct में चले आते हैं, तब इस पदार्थ को मूत्र (Urine) कहा जाता है, अर्थात् मूत्र का निर्माण Collecting Duct में होता है।

मूत्र (Urine)

➤ **मात्रा :** 1.5 Liter per day
➤ **Composition :** जल - 95%, यूरिया - 2%, लवण - 2%, अन्य -1%
Creatinine : 1.5 mg/dl
Uric Acid : 2.4-7.0 mg/dl

Bilirubin	2.6 g / liter
Vitamin	
Antibiotic	
Hippuric Acid & Sodium	

Note :
❖ मूत्र का रंग किसके कारण पिला होता है– **Urochrome Pigment**

यह भी जानिए

■ **डायलिसिस (अपोहन)–**
❖ कृत्रिम वृक्क के सहायता से शरीर के बाहर रक्त को छानना डायलिसिस कहलाता है।
❖ इस विधिी में रोगी के रक्त को धमनी से निकालकर इसे 0°C पर ठंडा कर हिपेरिन नामक थक्का रोधक पदार्थ मिलाया जाता है। पुन: कृत्रिम वृक्क में डाला जाता है।
❖ वृक्क रक्त छनने के बाद पुन: शिरा के माध्यम से ारीर में प्रवेश करा दिया जाता है।

Note:
❖ अपोहन में पुन: अवशोषण की क्रिया नहीं होता है।
■ **गठिया (Gout) :**
❖ जब रक्त में Uric Acid की मात्रा में वृद्धि होने से यह Uric Acid शरीर के जोड़ पर जमा हो जाता है। जिससे Movement के दौरान दर्द का एहसास होता है।
❖ इसी के कारण गठिया रोग उत्पन्न होता है।

➤ **DIURETIC SUBSTANCE :** वैसे पदार्थ जिसके सेवन से Urine में जल की मात्रा बढ़ने लगती है, उसे Diuretic Substance कहा जाता है।
जैसे–निकोटिन, कैफीन, Alcohol, etc....

परीक्षा दृष्टि

❖ क्रिएटिनिन किस के मूत्र में पाया जाता है? **–गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिला के मूत्र में**
❖ किसमें मूत्राशय अनुपस्थित होता है? **–सांप, मगरमच्छ, पक्षी एवं प्रोटोथीरिया आदि में**
❖ कैल्शियम फॉस्फेट का त्याग शरीर में किसके द्वारा किया जाता है? **–आहारनाल द्वारा**
❖ कैल्शियम के मूत्र द्वारा प्रतिदिन कितना एमीनो अम्ल का उत्सर्जन होता है? **–लगभग 15 ग्राम**
❖ यूरिया के निर्माण में कितने A.T.P. के अणु खर्च होते है? **–तीन अणु**
❖ ब्रोमेन सम्पुट में रक्त कौन पहुँचाता है? **–अभिवाही धमनिका**
❖ मनुष्य में मूत्र विर्सजन किस प्रकार के प्रतिक्रियाओं का परिणम होता है? **–अनैच्छिक तथा ऐच्छिक प्रतिक्रियाओं के सहप्रभाव से**
❖ अनावश्यक एमीनों अम्ल को यूरिया में बदलता है? **–यकृत**
❖ यकृत में यूरिया का संश्लेषण किस चक्र द्वारा होता है? **–ऑर्निथीन-आर्जिनीन चक्र**
❖ क्रेब्स-हेन्सेलीट चक्र द्वारा इसका निर्माण होता है? **–यूरिया**
❖ सबसे अधिक विषैला उत्सर्जी पदार्थ है? **–अमोनिया**
❖ वृक्क नलिका में जल का अवशोषण कहाँ होता है? **–कुण्डलित नलिका के दूरस्थ भाग में**
❖ मनुष्य में पूर्ण उत्सर्जी अंग की उपमा किसे प्रदान किया जाता है? **–वृक्क को**
❖ मूत्र में 95% जल, 2.5% यूरिया और 2.5% अन्य अपशिष्ट होता है। NCERT
❖ प्लाज्मा रक्त, गैस, शरीर के पचे हुए भोजन हार्मोन और उत्सर्जी पदार्थों का **संवहन/परिवहन** करता है। NCERT
❖ **मानव उत्सर्जन** तंत्र में एक जोड़ा वृक्क, दो मूत्रवाहिनी, एक मूत्राशय तथा एक मूत्र-मार्ग होता है। NCERT
❖ कृत्रिम वृक्क (अपोहन) में मूत्र का पुन: **अवशोषण नहीं** होता है। NCERT
❖ यूरोक्रोम का निर्माण होता है– **RBC के हीमोग्लोबिन में**
❖ हेनले लूप कहाँ पाया जाता है– **वृक्क नलिका में**
❖ पुन: अवशोषण की क्रिया नेफ्रॉन के किस भाग में होता है– **स्रावी भाग**

OBJECTIVE QUESTIONS

1. यदि आप किसी रेगिस्तान में जाते है, तो आप अपने द्वारा उत्सर्जित मूत्र में क्या परिवर्तन देखने की उम्मीद करते है? आप करेंगे– [NCERT Exemplar]
(i) कम मात्रा में पेशाब निकलता है।
(ii) बड़ी मात्रा में पेशाब निकलता है।
(iii) गाढ़ा पेशाब बाहर निकालना।
(iv) बहुत पतला पेशाब निकलता है।
उपर्युक्त में से कौन-सा सही होगा?
(a) (i) and (iii) (b) (ii) and (iv)
(c) (i) and (iv) (d) (i) and (ii)
उत्तर–(c)

2. वृक्कों की निस्यंदक इकाइयों को कहते हैं– [NCERT Exemplar]
(a) मूत्रनली (b) मूत्रमार्ग
(c) न्यूरॉन (d) नेफ्रॉन **उत्तर–(d)**

3. हमारे शरीर में मूत्र का सही मार्ग चुनिए– [NCERT Exemplar]
(a) वृक्क → मूत्रनली → मूत्रमार्ग → मूत्राशय
(b) वृक्क → मूत्राशय → मूत्रमार्ग → मूत्रनली
(c) वृक्क → मूत्रनली → मूत्राशय → मूत्रमार्ग
(d) मूत्राशय → वृक्क → मूत्रनली → मूत्रमार्ग **उत्तर–(c)**

4. ऐच्छिक पेशी पाई जाती है– [NCERT Exemplar]
(a) आहार-नाल में
(b) पाद में
(c) आँख की परितारिका (आइरिस) में
(d) फेफड़ों (फुफ्फुस) की श्वसनी में **उत्तर–(b)**

5. नर जननांगों के विभिन्न भागों में शुक्राणुओं के परिवहन के लिए सही क्रम कौन-सा है ? [NCERT Exemplar]
(a) वृषण → शुक्रवाहक → मूत्रमार्ग
(b) वृषण → मूत्रवाहिनी → मूत्रमार्ग
(c) वृषण → मूत्रमार्ग → मूत्रवाहिनी
(d) वृषण → शुक्राहक → मूत्रवाहिनी **उत्तर–(a)**

6. प्रोस्टेट ग्रंथि किसके नीचे मौजूद है : [SSC-GD-2017] [RRB ALP/ Tech. 14-08-2018, Shift-1]
(a) मूत्राशय (b) अंडकोशिका
(c) गुर्दे (d) लिंग **उत्तर–(a)**

7. वृषण .... में उदर गुहा के बाहर स्थित होते हैं। [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-1]
(a) मूत्राशय (b) अंडाशय
(c) योनि (d) अंडकोश की थैली
उत्तर–(d)

8. .... मानव में अमोनिया (जो जहरीला है) को यूरिया में बदल देता है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) किडनी (b) लीवर
(c) अग्नाशय (d) बड़ी आंत **उत्तर–(b)**

9. .... मांसल नलिकाएँ होती है जो मूत्र को गुर्दे से मूत्राशय की तरफ आगे ढकेलती है। [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) गर्भाशय (b) मूत्रवाहिनी
(c) गुर्दे की श्रोणि (d) पित्त नलिकाएँ **उत्तर–(b)**

10. किसका प्राथमिक कार्य मूत्र के उत्पादन से खून से अपशिष्ट पदार्थ का उन्मूलन करना है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) वृक्क (b) यकृत
(c) अग्नाशय (d) छोटी आंत **उत्तर–(a)**

11. गुर्दे न केवल उत्सर्जन अंग होते हैं। इनके कार्य को पूरकता प्रदान करता है ? [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) लीवर (b) हृदय
(c) बड़ी आंत (d) त्वचा **उत्तर–(a)**

12. नेफ्रॉन संबंद्ध है– [RRB NTPC 2017]
(a) श्वसन तंत्र से (b) स्नायु तंत्र से
(c) संचारी तंत्र से (d) उत्सर्जन तंत्र से उत्तर–(d)

13. निम्नलिखित में से कौन सा अंग, मनुष्य के उत्सर्जन तंत्र (excretory system) का अंश नहीं है ? [RRB JE 2019]
(a) गुर्दे (b) मूत्र वाहिनी
(c) गर्भाशय (d) मूत्रमार्ग उत्तर–(c)

14. कौन से रोग के उपचार में डायलिसिस किया जाता है ? [I.A.S (Pre) 1998]
(a) कैंसर (b) दृष्टिवैषम्य
(c) गुर्दे की खराबी (d) गठिया उत्तर–(c)

15. वास डिफरेंस (vas deferens) .... से आने वाली ट्यूब के साथ एकजुट होता है ताकि मूत्रमार्ग (Urethra) नामक एक आम मार्ग बन सके। [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) अण्डकोश (b) वृषण
(c) प्रोस्टेट ग्रंथि (d) मूत्राशय उत्तर–(d)

16. निम्नलिखित में से कौन सा यौगिक गुर्दे की पथरी का निर्माण करने वाला सर्वाधिक सामान्य यौगिक है ? [RRB NTPC 2017]
(a) कैल्शियम ऑक्जेलेट (b) मैग्नीशियम ऑक्साइड
(c) सोडियम बाइकार्बोनेट (d) मैग्नेशियम साइट्रेट उत्तर–(a)

17. शरीर का कौन-सा अंग, खून के शुद्धीकरण से संबंधित है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) दिल (b) पित्ताशय
(c) गुर्दे (d) प्लीहा उत्तर–(c)

18. हम मूत्र त्याग की उत्तेजना को नियंत्रित कर सकते हैं– [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) मांसपेशीय मूत्राशय के तंत्रिका नियंत्रण में होने पर
(b) स्पिन्चर मांसपेशीय के मूत्राशय और मूत्रमार्ग के बीच मौजूद होने पर
(c) मूत्राशय में कम पानी भरा होने पर
(d) मूत्राशय के आसानी से नहीं भरने पर उत्तर–(a)

19. .... एक 20 सेमी लंबी ट्यूब है, जो मूत्राशय से मूत्र ले जाती है। [SSC स्नातक स्तरीय परीक्षा-2010]
(a) अंडकोश की थैली में (b) मूत्रमार्ग
(c) लिंग (d) वृषण उत्तर–(b)

20. मानव वृक्क के कार्य से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए- [RRB ALP/ Tech. 2018]
1. वृक्क में उत्सर्ग अपनयन के पश्चात स्वच्छ रक्त वृक्कीय धमनी से वापस जाता है।
2. बोमन-संपुट से निष्पन्दित द्रव लघु नलिकाओं से गुजरता है जहाँ अधिकाँश ग्लूकोज का पुनरावशोषण होता है तथा वृक्कीय शिरा में रक्त के पास वापस भेजा जाता है।

इनमें से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) दोनों 1 तथा 2 (d) दोनों में से कोई नहीं उत्तर–(c)

21. मनुष्य के शरीर में मुख्य नाइट्रोजन अपशिष्ट कौन-सा होता है ? [RRB NTPC 2017]
(a) यूरिया (b) अमोनिया
(c) यूरिक अम्ल (d) आमेनियम नाइट्रेट उत्तर–(a)

22. मनुष्य शरीर में खून की शुद्धिकरण की प्रक्रिया को कहते हैं– [BSSC Exam 2017]
(a) डायलिसिस (b) हिमोलेसिस
(c) ओसमोसिस (d) पैरालेसिस उत्तर–(a)

23. उस विकल्प को चुनें जो अन्य तीनों से अलग है ? [SSC C.P.O. परीक्षा-2004, 06]
(a) निस्सल कणिकाएँ
(b) समीपस्थ संवलित नलिका (प्रॉक्सिमल कॉन्वोलूटेड ट्यूबल)
(c) दूरस्थ संवलित नलिका (डिस्टल कॉन्वोलूटेड ट्यूबल)
(d) बॉवमंस कैप्सूल उत्तर–(a)

24. इनमें से कौन-सा अंग उत्सर्जन तंत्र से संबंधित नहीं है– [RRB JE 2019]
(a) कोरोनरी धमनी (b) गुर्दे की धमनी
(c) हेपेटिक शिरा (d) पल्मोनरी शिरा उत्तर–(a)

25. जब वृक्क कार्य करना बंद कर देते हैं तो निम्न में कौन सा पदार्थ जमा होता है ? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) शरीर में वसा
(b) शरीर में प्रोटीन
(c) रक्त में शर्करा
(d) रक्त में नत्रजनित अपशिष्ट पदार्थ उत्तर–(d)

26. यूरिया किसके द्वारा रक्त से पृथक् किया जाता है– [BSSC Exam 2017]
(a) आंत (b) आमाशय
(c) प्लीहा (d) गुर्दा उत्तर–(d)

27. निम्नलिखित में से कौन मानव गुर्दे का सामान्य कार्य नहीं है ? [I.A.S (Pre) 2003]
(a) रक्त में जल की मात्रा का नियंत्रण
(b) रक्त में शर्करा की मात्रा का नियंत्रण
(c) यूरिया को छान कर बाहर करना
(d) कई हार्मोनों का स्त्रवण करना उत्तर–(b)

28. मूत्र का पीला रंग किसकी मौजूदगी के कारण होता है ? [45th BPSC (Pre) 2001-02]
(a) पित्त (b) लसीका
(c) कोलेस्ट्रोल (d) यूरोक्रोम उत्तर–(d)

29. कृत्रिम गुर्दा निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त पर कार्य करता है ? [U.P. U.D.A./L.D.A (Pre)2010]
(a) परासरण (b) विसरण
(c) डायलिसिस (d) सक्रिय परिवहन उत्तर–(c)

30. 'हैनले का लूप' का कार्य सम्बन्धित है– [RRB JE 2019]
(a) उत्सर्जन तंत्र से (b) प्रजनन तंत्र से
(c) मूत्र जनन तंत्र से (d) तंत्रिका तंत्र से उत्तर–(a)

31. मूत्र में जल के बाद सर्वाधिक मात्रा में पाये जाने वाले पदार्थ होता है। [RRB JE/Sr.Se Bhopal 2014]
(a) यूरिया (b) अमीनो अम्ल
(c) अमोनिया (d) None उत्तर–(a)

32. एक व्यक्ति अपने भोजन में प्रोटीन को ज्यादा मात्रा में लेता है तो वह अधिकांशतः उत्सर्जी करेगा। [SSC-JE-2020] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) अमीनो-अम्ल (b) यूरिया
(c) अमोनिया (d) यूरिक अम्ल उत्तर–(b)

33. कृत्रिम किडनी के उपयोग से नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्ट को हटाने की प्रक्रिया .... कहलाती है। [BPSC-2018] [Group-D 27.09.2022 2nd Shift]
(a) राइनोप्लास्टी (b) एंजियोग्राम
(c) ट्रांसप्लांटेशन (d) हीमोडायलिसिस उत्तर–(d)

34. अपोहन (डायलिसिस), वृक्क की सामान्य कार्यप्रणाली प्रभावित होने पर रक्त से अपशिष्ट उत्पादों को निकालने के लिए की जाने वाली एक प्रक्रिया है । अपोहन (डायलिसिस) के चरण नीचे दिए गए हैं, लेकिन वे सही क्रम में नहीं हैं । कौन सा विकल्प इन चरणों के सही क्रम को दर्शाता है ? [Group-D, 17.09.2022 S-1]

(a) लाइन के शिरा
(b) रोगी के रक्त को अपोहन तरल (Dialysing fluid) युक्त टैंक से गुजारना
(c) धमनी से लाइन
(d) रक्त के अपशिष्ट उत्पाद अपोहन तरल (Dialysing fluid) में रह जाते हैं
(e) अपोहन तरल (Dialysing fluid) का परासरण दाब, अपशिष्ट को छोड़कर, रक्त के समान होता है

(a) c-b-d-a-e (b) a-c-d-b-e
(c) c-b-e-d-a (d) a-b-c-d-e उत्तर–(c)

35. निम्न में से कौन सा कथन गलत है ? [SSC CGL-2021] [Group-D, 12.09.2022 Shift-2]

(a) वृक्क, उदर में रीढ़ की हड्डी के दोनों तरफ एक-एक स्थित होते हैं।
(b) मानव उत्सर्जन तंत्र में एक वृक्क युग्म, एक मूत्रवाहिनी युग्म, एक मूत्राशय और एक मूत्रमार्ग होता है।
(c) प्रत्येक वृक्क में बड़ी संख्या में न्यूरॉन नामक निस्यंदन इकाइयाँ मौजूद होती हैं, जो एक साथ बंधी हुई होती हैं
(d) सामान्यत:, एक स्वस्थ वयस्क के वृक्कों में आरंभिक निस्यंद लगभग 180 L प्रतिदिन होता है उत्तर–(c)

36. एक वयस्क मानव मूत्र में..........होते हैं । [Group-D, 06.10.2022 Shift-3]

(a) 95% जल, 2.5% यूरिया और 2.5% अन्य अपशिष्ट उत्पाद
(b) 85% जल, 2.0% यूरिया और 2.0% क्रिएटिनिन
(c) 95% जल, 2.0% यूरिया और 2.0% अमोनिया
(d) 85% जल, 2.5% यूरिया और 2.5% अमोनिया उत्तर–(a)

37. बोमेन संपुट (Bowman's capsule)...............को ढके रहती है । [Group-D, 06.10.2022 Shift-3]

(a) प्लेटलेट्स (platelets) (b) वृक्काणु (nephrons)
(c) न्यूरॉन (neurons) (d) केशिकागुच्छ (glomerulus) उत्तर–(d)

38. हीमोडायलिसिस (Hemodialysis) में कई अर्ध-पारगम्य अस्तर युक्त नलिकाएँ होती हैं, जो एक तरल पदार्थ से भरे टैंक में निलंबित होती हैं, इस तरल के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ? [SSC-JE-2020] [Group-D 30.09.2022 1st Shift]

(a) इसका संघटन रक्त के समान होता है, सिवाय इसके कि इसमें अधिक हेपरिन होता है
(b) इसका परासरण दाब रक्त के समान होता है, और नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्ट से रहित होता है
(c) अणुओं की गति को संभव बनाने के लिए इसका परासरण दाब निम्न होता है
(d) इसका संघटन वृक्क निस्यंद (renal filtrate) के समान होता है उत्तर–(b)

39. निम्नलिखित में से कौन-सा पशुजनित नाइट्रोजनी अपशिष्ट उत्पाद नहीं है ? [Group-D 30.09.2022 3rd Shift]

(a) यूरिया (b) अमोनिया
(c) यूरिक अम्ल (d) लैक्टिक अम्ल उत्तर–(d)

40. खेलते समय रवि के घुटने में चोट लग गई, जिसमें खून बह रहा था । कुछ समय बाद, उसने देखा कि खून बहना बंद हो गया था और एक गहरे लाल रंग के थक्के ने घाव को भर दिया था । किस प्रकार की कोशिकाएं रक्त का थक्का जमाने में मदद करती है ? [Group-D 28.09.2022 2nd Shift]

(a) लाल रक्त कणिकाएँ (b) इओसिनोफिल्स
(c) प्लेटलेट्स (d) लिम्फोसाइट्स उत्तर–(c)

41. मानवों में केशिकागुच्छ (glomerulus) कहां पाया जाता है ? [Group-D 29.09.2022 3rd Shift]

(a) यकृत में (b) अस्थिमज्जा में
(c) गर्भाशय में (d) वृक्क में उत्तर–(d)

42. मनुष्यों का निम्न में से कौन सा अंग उत्सर्जन अंग के रूप में कार्य नहीं करता है ? [Group-D 18.08.2022 3rd Shift]

(a) छोटी आंत (b) त्वचा
(c) फेफड़े (d) बड़ी आंत उत्तर–(a)

43. इनमें से कौन से मानव उत्सर्जन तंत्र का निर्माण करते हैं ? [Group-D 09.09.2022 1st Shift]

(a) दो वृक्क, दो मूत्रवाहिनी, एक मूत्राशय और एक मूत्रमार्ग
(b) एक वृक्क, एक मूत्रवाहिनी, दो मूत्राशय और एक मूत्रमार्ग
(c) दो वृक्क, एक मूत्राशय, एक मूत्रवाहिनी और दो मूत्रमार्ग
(d) दो वृक्क, एक मूत्रवाहिनी, एक मूत्राशय और एक मूत्रमार्ग उत्तर–(a)

44. मानव उत्सर्जन तंत्र का चित्र नीचे दिया गया है । उस विकल्प का चयन कीजिए, जो इसके 'a' और 'b' द्वारा नामांकित भागों के कार्यों को निरूपित करता है । [Group-D 18.08.2022 2nd Shift]



(a) a-मूत्र का निर्माण, b-मूत्र को संग्रहण के लिए ले जाना
(b) a-मूत्र का संग्रहण, b-मूत्र का निर्माण
(c) a-मूत्र का निर्माण, b-मूत्र का संग्रहण
(d) a-मूत्र का निर्माण, b-मूत्र का शरीर से बाहर निष्कासन उत्तर–(a)

45. सामान्यत: एक स्वस्थ वयस्क में, वृक्कों में आरंभिक निस्यंद लगभग..........प्रतिदिन होता है । [BPSC-2018] [Group-D 07.10.2022 2nd Shift]

(a) 160 L (b) 150 L
(c) 130 L (d) 180 L उत्तर–(d)

46. How is urea removed from the blood by an artificial kidney ? [SSC-GD-2017] [Group-D 30.09.2022 1st Shift]

(a) By absorption (b) By osmosis
(c) By filtration (d) By enzymatic action उत्तर–(b)

47. निम्नलिखित में से क्या महिला प्रजनन तंत्र का एक हिस्सा नहीं है ? [Group-D 30.08.2022 1st Shift]

(a) मूत्रमार्ग (b) अंडाशय
(c) डिंबवाही नलिका (d) गर्भाशय उत्तर–(a)

48. मानव शरीर में मूत्र निर्माण के दौरान घटित घटनाओं का अनुक्रम इनमें से कौन सा है ? [बिहार दरोगा-2019] [Group-D, 25.08.2022 Shift-3]

(a) निस्यंदन, पुन: अवशोषण, स्रावण
(b) पुन: अवशोषण, निस्यंदन, स्रावण, भंडारण
(c) स्रावण, निस्यंदन, पुन: अवशोषण
(d) निस्यंदन, स्रावण, पुन: अवशोषण, स्रावण उत्तर–(a)

49. निम्नांकित आकृति मानव के वृक्काणु (nephron) को दर्शाती है। कौन सा भाग संग्रह नलिका है? [Group-D 19/09/2022, 3rd Shift]



(a) क्षेत्र d (b) क्षेत्र b
(c) क्षेत्र a (d) क्षेत्र c उत्तर–(c)

50. वाष्पोत्सर्जन, इनमें से मुख्यत: किस स्थल पर नहीं होता है? [Group-D 25/08/2022, 3rd Shift]

(a) अंत: कोशिकीय अंतरालों (Intracellular spaces)
(b) उपत्वचा (Cuticle)
(c) वातरंध्र (Lenticels)
(d) रंध्र (Stomata) उत्तर–(a)

51. वृक्कों में मूत्र के निर्माण में शामिल दी गई तीनों प्रक्रियाओं का सही अनुक्रम निम्न में से किस विकल्प में दिया गया है? [Group-D 17/08/2022, 2nd Shift]

(a) चयनात्मक पुन:अवशोषण, निष्कासन, निस्यंदन
(b) चयनात्मक पुन:अवशोषण, निस्यंदन, निष्कासन
(c) निस्यंदन, चयनात्मक पुन:अवशोषण, निष्कासन
(d) निस्यंदन, निष्कासन, चयनात्मक पुन:अवशोषण उत्तर–(c)

52. Urine is composed of ______ water. [Group-D 30.08.2022 Shift 3]

(a) 79% (b) 95%
(c) 68% (d) 83% उत्तर–(b)

53. निम्न में से कौन-सा भाग मूत्राशय और वृक्क को जोड़ता है ? [Group-D, 17.09.2022 Shift-2]

(a) मूत्रवाहिनी (Ureters) (b) वृक्काणु (Nephrons)
(c) मूत्रमार्ग (Urethra) (d) नलिका (Tubules)
उत्तर–(a)

54. वृक्क मनुष्यों में उत्सर्जन और परासरणनियमन का एक अंग है । वृक्कों द्वारा निम्न में से किन दो पदार्थों का नियमन किया जाता है ? [Group-D 23.8.2022 1st Shift]

(a) शर्करा और लवण (b) CO_2 और प्रोटीन
(c) जल और लवण (d) जल और O_2 उत्तर–(c)

55. एक व्यस्क मनुष्य 24 घंटे में मूत्र की औसतन कितनी मात्रा उत्सर्जित करता है ? [SSC-GD-2017] [Group-D, 25.08.2022 Shift-3]

(a) 1-1.8 लीटर (b) 1-1.5 लीटर
(c) 1.5-2 लीटर (d) 1.5-2.5 लीटर उत्तर–(a)

56. निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ वृक्क द्वारा पुन:अवशोषित नहीं किया जाता है ? [बिहार दरोगा-2019] [Group-D, 18.09.2022 Shift-3]

(a) लवण (b) क्रिएटिनिन
(c) ग्लूकोज (d) अमीनो अम्ल उत्तर–(b)

57. .... का प्राथमिक उत्सर्जी उत्पाद यूरिक अम्ल है । [Group-D 29.8.2022 2nd Shift]

(a) पक्षियों (b) मनुष्यों
(c) मछलियों (d) गायों उत्तर–(a)

58. स्थलीय जानवरों में, गैसीय विनिमय विसरण की क्रिया द्वारा होता है। इन जानवरों में श्वसन के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं? [SSC-JE-2020] [Group-D 14/09/2022, 2nd Shift]

A. विसरण इनकी त्वचा से होता है
B. इनकी त्वचा कोमल और संवेदनशील होती है, जो गैसीय विनिमय को सक्षम बनाती है
C. इसमें वायु के प्रवाह के लिए मार्ग होते हैं
D. इसकी त्वचा का क्षेत्रफल कम होता है लेकिन श्वसन के लिए पर्याप्त रक्त प्रवाह होता है

(a) A, B और C (b) A और D
(c) A और B (d) A, C और D उत्तर–(a)

59. निम्न में से कौन सा कथन गलत है? [SSC CGL-2021] [Group-D 14/09/2022, 2nd Shift]

(a) कार्बन डाईऑक्साइड, जल में ऑक्सीजन की तुलना में अधिक घुलनशील होती है।
(b) पाइरूवेट, लैक्टिक अम्ल में परिवर्तित होता है, जो एक तीन कार्बन वाला अणु है।
(c) कूपिका की भित्तियों में रक्त वाहिकाओं का एक विस्तीर्ण जाल होता है।
(d) श्वसन वर्णक, श्वेत रक्त कणिकाओं में मौजूद होता है।
उत्तर–(d)

60. मानव वृक्क में वृक्काणु (nephron) के नलिकानुमा भाग द्वारा आरंभिक निस्यंद से इनमें से किन पदार्थों का चयनात्मक पुन: अवशोषण कर लिया जाता है ? [SSC-JE-2020] [Group-D, 17.08.2022 Shift-3]

(a) जल, ग्लूकोज, लवण और प्रोटीन
(b) ग्लूकोज, जल, लवण और अमीनो अम्ल
(c) ग्लूकोज, जल, अमीनो अम्ल और प्रोटीन
(d) लवण, ग्लूकोज, बसा और जल उत्तर–(b)

61. मानव शरीर में पाई जाने वाली निम्नलिखित में से कौन सी ग्रंथि एक अंत:स्रावी ग्रंथि नहीं है ? [बिहार दरोगा-2019] [Group-D, 29.08.2022 Shift-1]

(a) पीयूष ग्रंथि (b) लार ग्रंथि
(c) थाइरॉयड ग्रंथि (d) अधिवृक्क ग्रंथि उत्तर–(b)

62. निम्न में से क्या जलीय जीवों का उत्सर्जी उत्पाद है ? [Group-D, 29.08.2022 Shift-1]

(a) यूरिया (b) क्रिएटिनिन
(c) अमोनिया (d) यूरिक अम्ल उत्तर–(c)

63. सामान्यता, एक स्वस्थ वयस्क के वृक्कों में आरंभिक निस्यंद लगभग 180 L प्रतिदिन होता है । हालांकि, वास्तव में उत्सर्जित मात्रा केवल .... होती है । [Railway-JE-2016] [Group-D, 17.09.2022 Shift-2]

(a) 3 लीटर या 3.5 लीटर प्रतिदिन
(b) 2 लीटर या 3 लीटर प्रतिदिन
(c) 2 लीटर या 3.5 लीटर प्रतिदिन
(d) 1 लीटर या 2 लीटर प्रतिदिन उत्तर–(d)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

कंकाल तंत्र (Skeletal System)

❖ वैसा तंत्र जो किसी भी जीव को निश्चित आधार एवं आकार प्रदान करता है, उसे **कंकाल तंत्र** कहा जाता है।

❖ कंकाल के द्वारा शरीर के ढाँचे का निर्माण होता है।

❖ ढाँचे निर्माण के अलावा इस तंत्र द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्यों को सम्पन्न किया जाता है।

1. आंतरिक अंगों की सुरक्षा
2. खनिज एवं वसा का भण्डारण
3. संचलन में सहायता
4. रक्त कोशिका का निर्माण



मानव कंकाल तंत्र

❖ बनावट के आधार पर कंकाल दो प्रकार के होते हैं–

कंकाल	प्रमुख तथ्य	उदाहरण
बाह्यकंकाल	• यह शरीर के बाहरी सतह पर कवच के रूप में शरीर को सुरक्षा और सहारा देता है।	बाल, पक्षी का पंख, सरीसृप का शल्क, कॉक्रोच, टिड्डा, केकड़ा, झींगा, घोंघा सीप, कछुआ आदि का कवच।
आंतरिक कंकाल	• यह कंकाल शरीर के भीतर स्थित होता है। • यह शरीर के आंतरिक अंगों को सुरक्षा प्रदान करता है।	इकाइनोडर्मेटा संघ, कॉर्डेटा संघ (स्थनधारी) मछली, पक्षी, सरीसृप आदि।

❖ अन्त: कंकाल के संरचनात्मक भाग दो पदार्थ से निर्मित होते हैं।

कंकाल का भाग	प्रमुख तथ्य
अस्थि (Bone)	• यह कोलैजन तंतुओं तथा कैल्शियम व मैग्नीशियम लवणों से निर्मित कठोर संयोजी-ऊत्तक है। • यह शरीर के विकास के दौरान कठोर अवस्था में रूपांतरण हो जाता है। • इसमें ओसीन नामक प्रोटीन पाया जाता है।
उपास्थि (Cartilage)	• यह कोमल संयोजी उत्तक है। जो मृत अवस्था में होता है। • यह कॉण्ड्रोसाइट्स तथा कॉलेजन तंतुओं से निर्मित होता है। • इसमें रक्त वाहिकाएँ एवं तंत्रिकाएँ अनुपस्थित होता है।

Note :

❖ अस्थियों को अध्ययन को कहते हैं– **ऑस्टियोलॉजी**

❖ उपास्थियों के अध्ययन को कहते हैं– **कॉण्ड्रोलॉजी**

❖ कोशिकाओं से नई हड्डियों के विकास एवं गठन की प्रक्रिया कहलाता है– **अस्थि भवन (Bone Development)**

❖ मनुष्य की आयु का पता लगाया जाता है– **अस्थि भवन परीक्षण द्वारा**

❖ वसा का भण्डारण होता है– **पीली अस्थि मज्जा**

■ मानव कंकाल तंत्र (Human Skeleton System) :

❖ मानव कंकाल तंत्र को दो भागों में वर्गीकृत किया गया है–

(i) अक्षीय कंकाल तंत्र

(ii) उपवर्गीय कंकाल तंत्र

(i) अक्षीय कंकाल तंत्र (Axial Skeleton)

❖ संरचना के दृष्टि से यह चार भागों में विभाजित होता है।

(a) खोपड़ी (b) मेरुदण्ड

(c) पसलियाँ (d) उरोस्थि

(a) खोपड़ी (Skull) :

❖ यह गर्दन के उफर स्थित सिर का कंकाल है।



❖ मानव खोपड़ी में कुल 29 अस्थियाँ होती हैं।

मानव खोपड़ी के भाग	अस्थियों की संख्या
कपाल	8
चेहरा	14
कान	6 (3 + 3)
हाइड अस्थि	1

(b) मेरुदण्ड (Backebone)

❖ मेरुदण्ड को कशेरूक अथवा रीढ़ की हड्डी भी कहते हैं।



Note : मेरुदण्ड को पाँच भागों में बाँटा गया है–

भाग	कशेरुकाएँ
ग्रीवा (Cervical)	7
वक्ष (Thoracic)	12
कटि (Lumber)	5
त्रिकास्थि (Sacral)	5
अनुत्रिकास्थि (Coccyx)	4
कुल	33

(c) पसलियाँ (Ribs)



❖ शरीर में कुल 12 जोड़ी पसलियाँ होती है।

❖ 1 से 7 जोड़े तक की पसली आगे की ओर (Sternum) नामक अस्थी से जुड़ी होती है।

❖ इसे वास्तविक पसलियाँ कहते हैं।

❖ 8वें से 10वें जोड़े तक कुल 6 पसलियाँ प्रत्यक्षत: (Sternum) से न जुड़कर अपने ऊपर वाली पसलियाँ से जुड़ा रहता है।

❖ इसे False Ribs भी कहते हैं।

❖ 11वें एवं 12वें जोड़ी पसलियाँ आगे की ओर से पूर्णत: स्वतंत्र होती है। इसे तैरती पसलियाँ कहते हैं।

(d) उरोस्थि (Sternum or Breast Bone)



❖ यह एक लम्बी एवं चपटी अस्थि है।

❖ पसलियाँ तथा उरोस्थि आपस में मिलकर वक्षीय पिंजर का निर्माण करता है।

■ **अग्रपाद अथवा हाथ (Forelimbs)**



❖ मनुष्य के दोनों हाथ मिलाकर कुल 60 हड्डियाँ होता है।

■ **पश्चपद अथवा पैर (Hindlimbs)**



❖ मानव शरीर में कुल मिलाकर दोनों पैर में (60 (30 × 2) हड्डियाँ होता है।

■ **श्रेणि मेखला (Pelvic Girdle)**



❖ यह शरीर के भार को संतुलित रखने में मदद करता है।
❖ पैर इसी से जुड़ा रहा है।

■ **टेण्डन/कण्डरा (Tendon)**

❖ यह हड्डियों को मांसपेशियों से जोड़ता है।
❖ इसमें प्रचुर मात्रा में सफेद फाइबर पाया जाता है।



■ **लिगामेन्ट्स/स्नायु बंधन (Ligaments)**

❖ यह हड्डी से हड्डी को जोड़ता है।
❖ इसमें पिला फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

Note :

❖ सिर से धड़ को जोड़ने वाली हड्डी को कहते हैं– **Hyoid Bone (1)**
❖ कलाई की हड्डी को कहते हैं– **कार्पल्स**
❖ हथेली की हड्डी को कहते हैं– **मेटाकार्पल्स**
❖ घुटने की हड्डी को कहते हैं– **पटेला**
❖ तलवे की हड्डी को कहते हैं– **मेटाटार्सल्स**
❖ हड्डी का निर्माण किस यौगिक से होता है– **कैल्शियम फॉस्फेट $Ca_3(PO_4)_2$**
❖ हड्डियों में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है– **Ca (98%)**
❖ शरीर के सबसे लम्बी हड्डी– **फीमर (जांघ)**
❖ शरीर की सबसे छोटी हड्डी– **स्टेपीज (कान)**
❖ शरीर के सबसे मजबूत हड्डी– **जबड़े की हड्डी**
❖ शरीर के सबसे मजबूत पदार्थ– **इनामेल (दाँत)**
❖ पैरा में फीमर के अलावे कौन-सी हड्डी होती है– **Tibia तथा Fibula**
❖ हाथ में Humerus के अलावे कौन-सी हड्डी होती है– **Radius एवं Ulna**
❖ लिखते समय कितने हड्डी का उपयोग होता है– **8**
❖ मांसपेशियों का कौन-सा भाग संकुचन उत्पन्न के लिए संकुचित होता है– **एक्टिन**
❖ मानव शरीर में द्विशिरष्क मांसपेशियाँ पाया जाता है– **हाथ में**
❖ मांसपेशीय तंतु को कवर करता है– **सार्कोलेमा झिल्ली**
❖ कान में तीन हड्डियों द्वारा कंपन्न होता है–**हैमर, एनबिल और स्पीस (Incus, Malleus & Stapes)**
❖ दाँत के इनामेल के ऊपरी परत जमी होती है–**भोजन के कण, थूक, मुख-अम्ल और बैक्ट्रीया)**
❖ मनुष्य शरीर की अस्थियों में कैल्शियम की मात्रा संतुलित एवं नियंत्रित होता है– **पैराथॉयरॉयड ग्रंथि द्वारा**
❖ मानव अंगूठे में सन्धि होती है– **काठी संधि (सैडिल संधि)**
❖ कण्डरा (Tendon) का निर्माण किस ग्रंथि के रूपांतरण से होता है– **सिसैमॉइड ग्रंथि**
❖ मज्जा गुहा का निर्माण किस कोशिकाओं द्वारा होता है– **ऑस्टियोक्लास्ट**
❖ शैश्व अवस्था में अस्थियों के विकास का केन्द्र होता है– **कार्टिलेज**

■ **यह भी जानिए–**

❖ Strontium 90 (Sr 90), Calcium की तरह व्यवहार करता है, जो हड्डियों पर जाकर Ca की तरह जमा हो जाता है।

- इसके जमाव के कारण Bone marrow की कोशिकाएँ सक्रिय हो जाती हैं, जिससे बहुत अधिक संख्या में WBC का निर्माण होने लगता है। परिणामस्वरूप Leukemia (Blood Cancer) होता है।
- Ca की मात्रा में कमी हो जाने पर हड्डियाँ कमजोर हो जाती हैं जिससे बच्चों में **Rickets** तथा बुजुर्गों में **Osteamalacia** या **Osteoporosis** नामक बीमारी होती है।
- Vitamin-D हड्डियों पर Ca के जमाव में मदद करता है।
- Calciferol (Vitamin-D) की कमी हो जाने पर बच्चों में Rickets तथा बड़ों में Oesteomalacia या Osteoporosis नामक बीमारी होती है।

OBJECTIVE QUESTIONS

1. निम्नलिखित में से हमारे शरीर के कौन-से अंग हमें चलने-फिरने में मदद करते है? [NCERT Exemplar]
(i) हड्डियां (ii) त्वचा
(iii) मांसपेशियां (iv) अंग
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।
(a) (i) and (iii) (b) (ii) and (iv)
(c) (i) and (iv) (d) (ii) and (iii)
उत्तर–(a)

2. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ अचल है? [NCERT Exemplar]
(a) कंधे और बांह
(b) घुटने और जोड़
(c) ऊपरी जबड़ा और खोपड़ी
(d) निचला जबड़ा और ऊपरी जबड़ा उत्तर–(c)

3. एक हड्डी के संचलन में कितनी मांसपेशियों का उपयोग होता है। [NCERT Exemplar]
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार उत्तर–(b)

4. संपूर्ण रूप से उपास्थि का बना कंकाल किसमें होता है? [NCERT Exemplar]
(a) शार्क में (b) ट्यूना में
(c) रोहू में (d) इनमें से किसी में नहीं
उत्तर–(a)

5. अस्थि आधात्री में किसकी अधिक मात्रा होती है– [NCERT Exemplar]
(a) फ्लोराइड एवं कैल्सियम की
(b) कैल्सियम एवं फॉस्फोरस की
(c) कैल्सियम एवं पोटैशियम की
(d) फॉस्फोरस एवं पोटैशियम की उत्तर–(b)

6. तंत्रिका कोशिका में कौन नहीं होता– [NCERT Exemplar]
(a) तंत्रिकाक्ष (nerve cell) (b) तंत्रिका के अंतिम सिरे
(c) कंडराएँ (tendons) (d) द्रुमिका (डेंड्राइट) उत्तर–(c)

7. निम्न में से किसमें उपास्थि मौजूद नहीं होती है ? [Group-D, 15.09.2022 Shift-2]
(a) कंठ (Larynx) (b) वृक्क (Kidney)
(c) कान (Ear) (d) नाक (Nose) उत्तर–(b)

8. ऑक्सीजन की कमी से क्रिकेट के खिलाड़ियों की पेशियों में प्रायः खिंचाव उत्पन्न होने लगता है। ऐसा इस कारण होता है– [NCERT Exemplar]
(a) पायरूवेट के ईथेनॉल में बदलने के कारण
(b) पायरूवेट के ग्लूकोज में बदलने के कारण
(c) ग्लूकोज का पायरुवेट में न बदलने के कारण
(d) पायरूवेट का लैक्टिक अम्ल में बदलने के कारण उत्तर–(d)

9. मानव शरीर में दो हड्डियाँ आपस में कैसे जुड़ी रहती है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) जोड़ों से (b) अस्थि-बंध (लिगामेंट्स) से
(c) मांसपेशियों (d) छोटी हड्डियों से उत्तर–(b)

10. मनुष्यों में, माँस-पेशियों को हड्डियों से जोड़ने वाला ऊतक कहलाता है– [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) कंडरा (b) तन्तु
(c) तंत्रिकाक्ष (d) ऊर्विका उत्तर–(a)

11. एक कण्डरा (tendon) किससे बनाया जाता है ? [RRB ALP/ Tech. 31-08-2018, Shift-2]
(a) केवल कॉलेजन फाइबर
(b) अस्थि संयोजी ऊतक फाइबर
(c) स्थिर संयोजी ऊतक फाइबर
(d) स्थिर और अस्थिर संयोजी ऊतक फाइबर उत्तर–(a)

12. हमारे पेशियों में किस अम्ल के कारण पीड़ा होती है ? [SSC CGL-2021]
(a) लैक्टिक अम्ल (b) सल्फ्यूरिक अम्ल
(c) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (d) ऐसिटिक अम्ल उत्तर–(a)

13. मानव शरीर में सबसे छोटी हड्डी कौन-सी है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) टिबिया (b) ट्रेपेजियम
(c) स्टेपीज (d) जाँघ की हड्डी उत्तर–(c)

14. अस्थि कोशिकाएँ एक दृढ़ आव्यूह में अंतःस्थापित होती है, जो .... से बना होता है। [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) कैल्शियम और फॉस्फोरस
(b) कैल्शियम और प्लैटिनम
(c) कैल्शियम और मैग्नेशियम
(d) कैल्शियम और पोटैशियम उत्तर–(a)

15. कौन-सा खनिज हड्डियों के लिए आवश्यक है ? [RRB NTPC 2017]
(a) जिंक (b) आयरन
(c) सल्फेट (d) कैल्शियम उत्तर–(d)

16. .... मांसपेशियों को कंकाल माँसपेशियाँ भी कहा जाता है। [BSSC (Pre) 2018]
(a) अनैच्छिक (b) रेखित
(c) हृदयक (d) ऐच्छिक उत्तर–(d)

17. ह्यूमरस अस्थि कहाँ पायी जाती है ? [RRB G-D 2014]
(a) जांघ (b) पिण्डली
(c) ऊपरी भुजा (d) अग्र भुजा उत्तर–(c)

18. एक औसत वयस्क मनुष्य के कँकाल में हड्डियों की कुल संख्या कितनी होती है ? [SSC स्नातक स्तरीय परीक्षा-2004]
(a) 350 (b) 206
(c) 115 (d) 540 उत्तर–(b)

19. .... में प्रचुर मात्रा में सफेद फाइबर पाए जाते हैं। [RRB ALP/ Tech. 20-08-2018, Shift-1]
(a) स्नायु (b) कण्डरा
(c) उपास्थि (d) हड्डी उत्तर–(b)

20. .... हड्डियों को जोड़ता है। [RRB Group-D 2018]
(a) उपास्थि (b) आरॉलर
(c) स्नायु (d) स्नायुबंधन उत्तर–(d)

21. .... एक मानव हड्डी का जोड़ नहीं है। [RRB JE 2019]
(a) बॉल और सॉकेट (b) ग्लाइडिंग
(c) मैक्रो (d) सैडल उत्तर–(c)

22. धारीदार पेशियाँ .... होती हैं– [SSC-JE-2020] [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) एक नाभिक (b) द्वि नाभिक
(c) बहु-नाभिक (d) अनाभिक उत्तर–(c)

23. मायोसिन और एक्टिन क्या है ? [RRB NTPC 2017]
(a) माँसपेशीय प्रोटीन (b) माँसपेशीय कार्बोहाइड्रेट
(c) माँसपेशीय वसा (d) माँसपेशीय एंजाइम उत्तर–(a)

24. निम्नलिखित में से कौन-सा मानव शरीर में पाई जानी वाली हड्डी नहीं है ? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) स्टेपीस (b) हैमर
(c) एन्विल (d) एक्स उत्तर–(d)

25. हमारे कानों में .... की उपस्थिति के कारण, जो एक प्रकार का संयोजी ऊतक है, कानों को मोड़ा जा सकता है– [I.A.S (Pre) 2008]
(a) शिराओं (b) हड्डियों
(c) उपास्थियों (d) स्नायुवों उत्तर–(c)

26. मध्य कान में मौजूद तीन हड्डियों के नाम क्या हैं ? [SSC संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा-2015]
(a) फीमर, हैमर, टिबिया (b) हैमर, एनविल, स्टेपीज
(c) ह्युमरस, हंसली, स्टिरअप (d) रेडियस, उलना, हैमर उत्तर–(b)

27. माँसपेशियों का वह भाग, जो संकुचन उत्पन्न करने के लिए सिकुड़ता है, ... कहलाता है। [SSC स्टेनोग्राफर परीक्षा-2010]
(a) मायोसिन (b) पूलिका
(c) अधिपेशिका (d) एक्टिन उत्तर–(d)

28. मानव शरीर में द्विशिरस्क मांसपेशियाँ कहाँ स्थित होती है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) बांह में (b) पेट में
(c) कूल्हे में (d) पिंडली में उत्तर–(a)

29. मनुष्य की खोपड़ी में कुल कितनी अस्थियां होती हैं ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) 22 (b) 30
(c) 32 (d) 40 उत्तर–(a)

30. निम्नलिखित में से कौन सा लवण मानव हड्डियों में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है ? [RRB JE/Sr.Se Bilaspur 2014]
(a) मैग्नीशियम क्लोराइड (b) कैल्सियम कार्बोनेट
(c) कैल्सियम फॉस्फेट (d) सोडियम क्लोराइड उत्तर–(c)

31. प्रत्यास्थ (एलास्टिक) ऊतक (टिश्यु) जो हड्डियों को एक साथ पकड़े रहते हैं, उन्हें कहते हैं– [BSSC (Pre) 2018]
(a) स्नायु (लिगॉमेन्ट)
(b) तन्तुमय ऊतक (fibrous tissues)
(c) फाइब्रिन (fibrin)
(d) मांसपेशीय ऊतक (muscle tissue) उत्तर–(a)

32. दांतों पर जमी परतें बनी रहती हैं–[RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) केवल भोजन के कणों से
(b) भोजन के कण और थूक से
(c) भोजन के कण, थूक और मुख-अम्लों से
(d) भोजन के कण, थूक, मुख-अम्ल और बैक्टीरिया से उत्तर–(d)

33. मनुष्य के शरीर में पैर की हड्डी– [SSC-GD-2017] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) खोखल होती है (b) सरंध्री होती है
(c) ठोस होती है (d) कीलक होती है उत्तर–(c)

34. नाखून काटते समय दर्द नहीं होता क्योंकि– [RRB JE 2019]
(a) नाखून मृत कोशिकाओं के द्रव द्वारा बने रहते हैं जिनमें रक्त संचरण नहीं होता
(b) नाखून शरीर का बेकार हिस्सा है
(c) नाखून कैल्शियम फॉस्फेट के बने होते हैं
(d) इनमें से कोई नहीं उत्तर–(a)

35. निम्नलिखित में से कौन-सा पौष्टिक तत्व अस्थि एवं दाँतों के निर्माण एवं मजबूती के लिए आवश्यक नहीं है ? [I.A.S (Pre) 1995]
(a) कैल्शियम (b) फॉस्फोरस
(c) फ्लोरीन (d) आयोडीन उत्तर–(d)

36. मनुष्य के शरीर में पसलियों के कितने जोड़े होते हैं ? [SSC (C.P.O) परीक्षा-2015]
(a) 12 (b) 10
(c) 14 (d) 11 उत्तर–(a)

37. मानव शरीर के किस भाग में सबसे छोटी हड्डी होती है ? [RRB ALP/ Tech. 2018] [BSSC-2016]
(a) कान (b) घुटने
(c) अंगुली (d) नाक उत्तर–(a)

38. मानव शरीर में सबसे बड़ी हड्डी कौन-सी है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) निहाई (Incus) (b) रकाब (Stapes)
(c) कान की हड्डी (d) जांघ की हड्डी उत्तर–(d)

39. टिबिया नामक हड्डी किसमें पायी जाती है ? [RRB NTPC 2017]
(a) खोपड़ी (b) टाँग
(c) भुजा (d) मुँह उत्तर–(b)

40. अस्थि में कौन-सा लवण सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है ? [45th BPSC (Pre) 2001-02]
(a) कैल्सियम फॉस्फेट (b) सोडियम क्लोराइड
(c) फेरिक नाइट्रेट (d) मैग्नीशियम कार्बोनेट उत्तर–(a)

41. अस्थि एवं दंत निर्माण हेतु, निम्नलिखित में से किनकी आवश्यकता होती है ? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) सोडियम और पोटैशियम (b) लौह और कैल्शियम
(c) सोडियम और कैल्शियम (d) कैल्शियम और फॉस्फोरस
उत्तर–(d)

42. निम्नलिखित में से कौन मानव पैर की हड्डी नहीं है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) टीबिया (b) ह्यूमरस
(c) फीमर (d) फिबुला उत्तर–(b)

43. हड्डी निम्न में से किस प्रकार के ऊतकों का उदाहरण है ? [Group-D, 02.09.2022 Shift-3]
(a) तंत्रिका ऊतक (b) उपकला ऊतक
(c) पेशीय ऊतक (d) संयोजी ऊतक उत्तर–(d)

44. अस्थि कोशिकाएं एक कठोर आधात्री में अंतःस्थापित होती हैं, जो ______ से बनी होती है। [SSC CGL-2021] [Group-D 19/09/2022, 3rd Shift]
(a) फ्लोराइड और कैल्शियम (b) फॉस्फोरस और पोटैशियम
(c) पोटैशियम और कैल्शियम (d) कैल्शियम और फॉस्फोरस
उत्तर–(d)

45. शरीर के इनमें से किस अंग में उपास्थि ऊतक (Cartilage tissue) मौजूद नहीं होता है ? [बिहार दरोगा-2020] [Group-D, 12.09.2022 Shift-3]
(a) वृक्क (b) नाक
(c) कंठ (d) कान उत्तर–(a)

■■■

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

तंत्रिका तंत्र (Nervous System)

तंत्रिका तंत्र (Nervous System)

❖ शरीर के अंदर होने वाली क्रियाओं को संचालित एवं नियंत्रित करने के लिए एक System का विकास हुआ जिसे Nervous System कहा जाता है।

❖ कार्य के आधार पर तंत्रिका तंत्र तीन प्रकार के होते हैं ।

तंत्रिका तंत्र	कार्य
Sensory Nerve (संवेदी तंत्रिका)	• इसके द्वारा शरीर के विभिन्न भागों से सूचना मस्तिष्क तक पहुँचाया जाता है । • इसमें सूचनाओं की दिशा शरीर से मस्तिष्क की तरफ होता है ।
Motor Nerve (प्रेरक तंत्रिका)	• इसके द्वारा सूचना मस्तिष्क से शरीर के विभिन्न भागों में पहुँचाया जाता है । • इसमें सूचनाओं की दिशा मस्तिष्क से शरीर के तरफ होता है ।
Associative Nerve	• यह Sensor तथा Motore Nerve दोनों का कार्य करता है ।

■ **तंत्रिका तंत्र से संबंधित प्रमुख तथ्य–**

❖ Neuron की बाहरी सतह पर Na तथा K के कारण धन आयन पाया जाता है जबकि अंदर के सतह पर Cl के कारण ऋण आयन पाया जाता है।

❖ किसी stimulus के कारण धन आयन तथा ऋण आयन के संतुलन में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे Nerve Impulse का निर्माण होता है। यह Nerve impulse, Neuron के द्वारा एक जगह से दूसरी जगह पहुँच जाता है।

❖ एक Stimulus के बाद दूसरे stimulus के लिए आयन का संतुलन जरूरी होता है, जिसके लिए Na-pump का इस्तेमाल किया जाता है।

❖ दो Neuron को जोड़ने के लिए एक थैलीनुमा संरचना का निर्माण होता है, जिसे Synapse कहा जाता है।

❖ Synapse के अंदर द्रव भरे रहते हैं, जिसमें कई प्रकार के chemical होते हैं, इस chemical की मदद से Nerve impulse एक Neuron से दूसरे Neuron तक पहुँच जाता है।

❖ इस Chemical को Neurotransmitter या Neuro Hormones कहा जाता है।

❖ Synapse में Neurotransmitter के रूप में Acetylcholine तथा dopamine नामक हॉर्मोन पाए जाते हैं।

❖ Acetylcholine की कमी से Alzheimer नामक बीमारी होती है, जिसमें व्यक्ति को याददाश्त से संबंधित समस्याएँ हो जाती है।

❖ Dopamine की कमी से Parkinson's नामक बीमारी होती है, जिसमें व्यक्ति के हाथ-पाँव तथा चेहरे में थरथराहट बनी रहती है।

Note :

❖ शरीर में सूचना का आदान प्रदान होता है– **तंत्रिका द्वारा**

❖ शरीर के अन्तर्गत होने वाले Voluntary Action का नियंत्रण करता है– **तंत्रिका**

❖ तंत्रिका तंत्र की इकाई होता है– **Neuron**

❖ जन्म के समय Neuron की संख्या होता है– **लगभग 12 billion**

■ **मानव तंत्रिका तंत्र (Human Nervous System)**



कोशिका	प्रमुख तथ्य
कोशिकाय (Cell Body)	• इसमें एक केन्द्रक तथा कोशिका द्रव्य उपस्थित होता है । • इस द्रव में अनेक प्रोटीन युक्त कण होता है । जिसे निसिल्स कण कहते हैं ।
दुमिका (Dendrites)	• कोशिकाय में निकले हुए पतले तंतु दुमिका कहलाती है ।
तंत्रिकाक्ष (Axon)	• यह एक न्यूरोन से दूसरे न्यूरोन तक संदेशवाहक का कार्य करता है ।

Note :

❖ Axon में प्रोटीन का संश्लेषण नहीं होता है ।

❖ न्यूरॉन में विद्युत आवेग **डेंड्राइट → कोशिका काय → ऐक्सॉन → ऐक्सॉन छोर** तक जाता है ।

❖ ऐक्सॉन के अतिम छोर पर विद्युत संकेत रासायनिक संकेत में बदलता है ।

❖ तंत्रिका और अंत: स्त्रावी तंत्रों से मानव में **जैव प्रक्रिया** का नियंत्रण होता है ।

❖ दुमिका द्वारा ही **विद्युत आवेग** उत्पन्न होता है ।

❖ तंत्रिका कोशिका में खाली स्थान को **सिनेप्स** कहते हैं ।

❖ आवेग को एक स्थान से दूसरे स्थान तक **सिलेप्स के माध्यम से** हो जाता है ।

■ **मानव तंत्रिका तंत्र का वर्गीकरण**

केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (Central Nervous System)	परिधीय तंत्रिका तंत्र (Peripheral Nervous System)	स्वायत तंत्रिका तंत्र (Autonomic Nervous System)

■ **केन्द्रीका तंत्रिका तंत्र (Central Nervous System)**

❖ मानव शरीर में तंत्रिका तंत्र सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। जो शरीर की सभी क्रिया के लिए सूचनाओं एवं निर्देशों को प्रेरित करता है।

केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र के प्रमुख अंग

मस्तिष्क (Brain)	मेरुरज्जु (Spinal Cord)

1. मस्तिष्क (Brain)

❖ मनुष्य में मस्तिष्क का औसत वजन 1400 ग्राम है तथा पुरूषों के मस्तिष्क का औसत वजन 1450 ग्राम एवं महिलाओं में 1350 ग्राम होता है।



❖ मानव मस्तिष्क का वजन शरीर के वजन का 2% होता है।

❖ मस्तिष्क शरीर का मुख्य समन्वय केन्द्र (co-ordinate centre) है।

❖ मानव मस्तिष्क में ध्वनि संवेदना 0.15 सेकेण्ड तक बनी रहती है।

❖ मस्तिष्क को चारो तरफ से एक आवरण घेरे रखता है, जिसे meninges कहा जाता है।

❖ कभी-कभी Meninges में संक्रमण हो जाने पर अत्यधिक तेज बुखार तथा सिर दर्द की शिकायत होती है, जिसे Meningitis रोग कहा जाता है।

❖ मस्तिष्क को 3 भागों में विभाजित किया जाता है।

A. अग्र मस्तिष्क (Fore Brain)

B. मध्य मस्तिष्क (Mid Brain)

C. पश्च मस्तिष्क (Hind Brain)

A. अग्र मस्तिष्क (Fore Brain) :

❖ इसके अन्तर्गत चार संरचनाएँ आती हैं।

अग्र मस्तिष्क का भाग	प्रमुख तथ्य
Olfactory Lobe Cerebrum or Cerebral Hemisphere	• यह सूंघने का केन्द्र होता है। • यह मस्तिष्क का सबसे बड़ा भाग होता है। • इसके द्वारा व्यक्ति का व्यक्तित्व का निर्धारण होता है। • इसके द्वारा Thinking, Thought, Analysis, Intelligency, Planning, Speech, Imagination, Invent तथा ऐच्छिक क्रियाओं का नियंत्रण होता है।
Hypothalamus	• इसके द्वारा भूख-प्यास, प्यार-नफरत, सुख-दुख, रक्त दाब तथा शरीर का तापमान नियंत्रित होता है।
Thalamus	• यह दर्द गर्म, ठंडा निंद से जगने का केन्द्र है।

Note :

❖ शरीर के आंतरिक ताप का नियंत्रण हाइपोथैलमस से तथा बाह्य ताप का नियंत्रण Thalmus से होता है।

❖ हाइपोथैलमस पियुष ग्रंथि से सम्बंधित सभी क्रियाओं का नियंत्रण करता है।

❖ थैलमस पिनियल ग्रंथि से सम्बंधित क्रियाओं से नियंत्रित करता है।

B. मध्य मस्तिष्क (Mid Brain) : Fore brain के बाद मस्तिष्क का हिस्सा Mid brain कहलाता है। यह आँखों की क्रिया से संबंधित कार्यों को नियंत्रित करता है। जिसे **Optic Lobe** कहते हैं। **Optic Lobe** की संख्या 4 होती है। यह दृष्टि नियंत्रक का कार्य करता है।

C. पश्च मस्तिष्क (Hind Brain) :

❖ Mid Brain के बाद वाला हिस्सा Hind Brain कहलाता है।

❖ इसमें तीन महत्वपूर्ण संरचना पाया जाता है।

Hind Brain	प्रमुख तथ्य
Cerebellum	• यह शरीर को संतुलित बनाये रखता है।
Medulla Oblongata	• यह अनैच्छिक क्रिया श्वसन, उल्टी तथा श्वसन दर को नियंत्रित करता है।
Pons	• इसे छोटा दिमाग भी कहते हैं। • यह Hind Brain का सबसे नीचे वाला भाग है।

2. मेरूरज्जु (Spinal Cord)

❖ इसके अन्तर्गत Medulla Oblongata से निकलने वाले Nerves Bundle को शामिल किया जाता है जो कमर की हड्डियों तक फैला होता है।

❖ यह Reflex Action (प्रतिवर्ती क्रियाओं) को नियंत्रित करने का कार्य करता है।

❖ **Reflex Action:** अचानक घटने वाली क्रियाओं के बदले शरीर के द्वारा प्रतिक्रिया की जाती है जिसे प्रतिवर्ती क्रिया कहते हैं। Reflex Action के लिए मस्तिष्क के पास जानकारी या समय नहीं होता है, इसलिए इसका नियंत्रण Spinal Cord के द्वारा किया जाता है।

जैसे–

(i) वाहन चलाते समय अचानक सामने किसी व्यक्ति के आ जाने पर हाथ या पाँव द्वारा अचानक break का लग जाना।

(ii) गर्म तवे में हाथ का स्पर्श होने पर हाथ का अचानक पीछे खींच लेना।

❖ Spinal Cord में Grey matter तथा White Matter की स्थिति मस्तिष्क से उल्टी होती है अर्थात् बाहर वाला भाग White Matter होता है जबकि अंदर वाला भाग Grey Matter होता है।

■ **परिधीय तंत्रिका तंत्र (Peripheral Nervous System)**

❖ केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र को शरीर के विभिन्न संवेदी एवं क्रियात्मक भागों से जोड़ने वाले धागेनुमा तंत्रिकाएँ को परिधीय तंत्रिका तंत्र कहते हैं।

❖ परिधीय तंत्रिका तंत्र दो प्रकार के होता है।

परिधीय तंत्रिका तंत्र	प्रमुख तथ्य
कपालीय तंत्रिका तंत्र (Cranial Nerves)	• इसमें 12 जोड़ी तंत्रिकाएँ होता है। • यह मस्तिष्क से निकलकर परिधीय अंग तक जाता है।
मेरू तंत्रिकाएँ (Sinal Nerves	• इसमें 31 जोड़ी तंत्रिकाएँ होती हैं। • यह मेरूदण्ड (Spinal Cord) से निकलकर परिधीय अंग तक जाता है।

■ **स्वायत्त तंत्रिका तंत्र (Autonomic Nervous System : ANS)**

❖ Autonomic Nervous System की अवधारणा लैंगली ने वर्ष 1921 में प्रस्तुत की गई।

❖ यह विभिन्न प्रकार की अलैच्छिक क्रियाओं को सुचारू रूप से क्रियाशील करता है।

❖ इसे तंत्रिका तंत्र का निर्माण केन्द्रीय तथा परिधीय तंत्रिका तंत्र से मिलकर होता है।

Note :

❖ विद्युत आवेग उत्पन्न करता है– **दुमिका**

❖ तंत्रिका कोशिका में खाली स्थान को कहते हैं– **सिनेप्स**

❖ तंत्रिका तंत्र का प्रारम्भ सर्वप्रथम किसमें हुआ था– **हाइड्रा**

❖ मनुष्य में परिधीय तंत्रिका तंत्र में तंत्रिका की संख्या होती है– **43 जोड़ी (31+12)**

❖ मनुष्य में मेरूतंत्रिका में तंत्रिकाओं की संख्या कितनी होती है– **31 जोड़ी**

❖ मनुष्य में कपालीय तंत्रिका में तत्रिकाओं की संख्या कितनी होती है– **12 जोड़ी**

❖ मानव मस्तिष्क का वजन लगभग– **1400 ग्राम**

❖ प्रतिवर्ती क्रियाओं का पता सर्वप्रथम किसने लगाया था– **मार्शल हाल**

❖ "सेरेबेल पाल्सी" एक मस्तिष्क संबंधी विकार है। जो सामान्यत: पाया जाता है– **छोटे बच्चों में**

❖ एक तंत्रिका कोशिका का क्रियात्मक विभव होता है– **+15 से +20 मिली. वोल्ट**

यह भी जानिए

❖ वैसे पदार्थ जिसके सेवन से Synapse में स्थित Neurotransmitter का कार्य बाधित हो जाता है अर्थात सूचनाएँ Synapse से आगे नहीं बढ़ पाती है, उसे Narcotic material कहा जाता है।

❖ इसके सेवन से व्यक्ति कुछ देर के लिए तनाव से मुक्त हो जाता है लेकिन लम्बे समय तक सेवन करने से व्यक्ति को Drug addiction की बीमारी हो जाती है।

➤ **विभ्रम (Hallucinogenic) :**

❖ वैसे पदार्थ जिसके सेवन से व्यक्ति को आनंद की अनुभुति प्राप्त होती है। जैसे भाँग, गाँजा, L.S.D. (Lysergic Acid Diethyl Amide).

➤ **नाक (महक इन्द्री) :** नाक महक संवेदना को ग्रहण करता है, नाक की गुहा पर श्लेष्मा झिल्ली पाई जाती है जिसमें महक ग्राही कोशिका पाई जाती है।

➤ **त्वचा (स्पर्शेन्द्रियाँ) :** स्पर्श की संवेदनशीलता पूरे शरीर में फैली होती है। त्वचा व अन्य भागों की तन्त्रिका कोशिका के अंतिम छोर स्पर्श संवेदन को मस्तिष्क तक पहुँचाते है।

➤ **EEG - Electroencephalogram :**

❖ यह एक परिक्षण की विधि है जिसके द्वारा मस्तिष्क के Potential की जांच की जाती है।

➤ **AES - Acute encephalitis Syndrome :**

❖ यह 5 साल से कम उम्र के बच्चों में होने वाली एक बीमारी है।

❖ इस बीमारी में बच्चों को तेज बुखार की शिकायत होती है।

❖ इस बीमारी को Brain fever या मस्तिष्क ज्वर भी कहा जाता है।

❖ इसका दूसरा नाम **Japanes encephalitis** भी है। यह जापान से संबंधित है।

❖ ECG - Electrocardiogram इसका उपयोग हृदय की गतिविधि का पता लगाने में किया जाता है।

OBJECTIVE QUESTIONS

1. न्यूरॉन में विद्युत आवेग कहाँ से आरंभ होकर कहाँ तक जाते हैं? [NCERT Exemplar]
(a) डेंड्राइट → ऐक्सॉन → ऐक्सॉन छोर → कोशिकाकाय
(b) कोशिकाकाय → डेंड्राइट → ऐक्सॉन → ऐक्सॉन छोर
(c) डेंड्राइट → कोशिकाकाय → ऐक्सॉन → ऐक्सॉन छोर
(d) ऐक्सॉन छोर → ऐक्सॉन → कोशिकाकाय → डेंड्राइट
उत्तर–(c)

2. सिनैप्स पर, रासायनिक संकेत का संप्रेषण होता है– [NCERT Exemplar]
(a) एक न्यूरॉन के डेंड्राइट छोर से दूसरे न्यूरॉन के ऐक्सॉन छोर तक
(b) ऐक्सॉन से उसी न्यूरॉन की कोशिकाकाय तक
(c) कोशिकाकाय से उसी न्यूरॉन के ऐक्सॉन छोर तक
(d) एक न्यूरॉन के ऐक्सॉन छोर से दूसरे न्यूरॉन के डेन्ड्राइट छोर तक
उत्तर–(d)

3. निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया अनैच्छिक नहीं है? [NCERT Exemplar]
(a) वमन (b) लार का स्रवण
(c) हृदय-स्पंदन (d) चर्वण
उत्तर–(d)

4. अधिकांश जंतुओं में गति इनमें से किन तंत्रों की समन्वित गतिविधि है? [Group-D, 22.08.2022 Shift-2]
(a) केवल पेशी तंत्र
(b) केवल तंत्रिका तंत्र
(c) पेशी, कंकाल और तंत्रिका तंत्र
(d) केवल कंकाल और तंत्रिका तंत्र
उत्तर–(c)

5. निम्न में से कौन सा मानव शरीर के संचलन (Movement) के लिए मुख्यत: उत्तरदायी हैं ? [SSC CGL-2021] [Group-D 26.09.2022, 3rd Shift]
(a) तंत्रिका और संयोजी ऊतकों का संयोजन
(b) पेशीय और संयोजी ऊतकों का संयोजन
(c) तंत्रिका और पेशीय ऊतकों का संयोजन
(d) तंत्रिका और उपकला ऊतकों का संयोजन
उत्तर–(c)

6. मानवों में, जैव प्रक्रियाओं का नियंत्रण और नियमन होता है– [NCERT Exemplar]
(a) जनन और अंत:स्रावी तंत्रों से
(b) श्वसन और तंत्रिका तंत्रों से
(c) अंत:स्रावी और पाचन तंत्रों से
(d) तंत्रिका और अंत:स्रावी तंत्रों से
उत्तर–(d)

7. नीचे दी गई कोशिका को पहचानें। [SSC-JE-2020] [Group-D 28.09.2022 2nd Shift]

(a) वृक्क कोशिका (b) पेशी कोशिका
(c) तंत्रिका कोशिका (d) अस्थि कोशिका
उत्तर–(d)

8. न्यूरॉन में विद्युत संकेत रासायनिक संकेत में कहाँ बदलता है? [NCERT Exemplar]
(a) कोशिकाकाय में (b) ऐक्सॉन छोर पर
(c) डेंड्राइट छोर पर (d) ऐक्सॉन में
उत्तर–(b)

9. प्रतिवर्ती चाप के संघटकों का सही क्रम क्या है? [NCERT Exemplar]
(a) ग्राही अंग → पेशियाँ → संवेदी न्यूरॉन → प्रेरक न्यूरॉन → मेरुरज्जु
(b) ग्राही अंग → प्रेरक न्यूरॉन → मेरुरज्जु → संवेदी न्यूरॉन → पेशी
(c) ग्राही अंग → मेरुरज्जु → संवेदी न्यूरॉन → प्रेरक न्यूरॉन → पेशी
(d) ग्राही अंग → संवेदी न्यूरॉन → मेरुरज्जु → प्रेरक न्यूरॉन → पेशी
उत्तर–(d)

10. ऐच्छिक पेशियों के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन गलत है ? [Group-D, 15.09.2022 Shift-3]
(a) इन पेशियों को कंकाल पेशियां भी कहा जाता है
(b) ये ज्यादातर अस्थियों से जुड़ी होती हैं
(c) इन मांसपेशियों में क्रमवार हल्की और गहरी पट्टियाँ दिखाई देती हैं
(d) कोशिकाएँ लंबी, बेलनाकार, अशाखित और एककेंद्रक होती हैं
उत्तर–(d)

11. निम्न चित्र में कौन सी संख्या मानव मस्तिष्क में मेरुरज्जु की स्थिति को दर्शाती है ? [Group-D 18.08.2022 1st Shift]



(a) संख्या 4 (b) संख्या 2
(c) संख्या 1 (d) संख्या 3
उत्तर–(a)

12. मेरुरज्जु निकलती है– [NCERT Exemplar]
(a) प्र-मस्तिष्क से (b) मेडुला से
(c) पोंस से (d) अनुमस्तिष्क से
उत्तर–(b)

13. इनमें से कौन सी एक स्वैच्छिक कार्रवाई नहीं है? [RRB ALP/ Tech. 13-08-2018, Shift-3]
(a) एक वस्तु लेना (b) दिल की धड़कन
(c) मुट्ठी को बंद करना (d) एक कुर्सी को चलाना
उत्तर–(b)

14. स्वैच्छिक कार्यों के लिए सुनिश्चितता, अंग-विन्यास निर्वहन शरीर का संतुलन बनाए रखने के लिए .... उत्तरदायी होता है। [RRB ALP/ Tech. 29-08-2018, Shift-2]
(a) मध्य मस्तिष्क (b) अनुमस्तिष्क
(c) प्रमस्तिष्क (d) मेरू रज्जु
उत्तर–(b)

15. जब...........की अधिक मात्रा का सेवन किया जाता है, तो यह उपापचयी प्रक्रिया को धीमा कर देता है और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की अवनति करता है। [SSC CGL-2021] [RRB ALP/ Tech. 31-08-2018, Shift-2]
(a) एथेनॉल (b) प्रोपेनॉल
(c) मेथेनॉल (d) ब्यूटेनॉल
उत्तर–(a)

16. निम्नलिखित में से मानव मस्तिष्क का वह हिस्सा कौन सा है जिसमें विचारों का संग्रह होता है ? [RRB Group-D 2014]
(a) अनु मस्तिष्क (b) सेरिबैलम
(c) मध्य मस्तिष्क (d) अग्र मस्तिष्क
उत्तर–(d)

17. इनमें से कौन से अंग में मानव शरीर का थर्मोस्टेट (तापमापी) निहित होता है ? [RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]
(a) पीनियल ग्रन्थि (b) पीयुष ग्रंथि
(c) थायरॉइड (d) हाइपोथैलेमस उत्तर–(d)

18. सूत्रयुग्मन और द्रुमाश्म किससे संबंधित है ? [RRB NTPC 2017]
(a) वल्कुट (b) उपकला
(c) दृष्टिपटल (d) स्नायु-कोशिका उत्तर–(d)

19. मस्तिष्क का कौन-सा हिस्सा साँस लेने को नियंत्रित करता है ? [RRB ALP/ Tech. 31-08-2018, Shift-1]
(a) मस्तिष्क का मध्य भाग (b) मस्तिष्क का अगला भाग
(c) मेडुला (d) अनुमस्तिष्क उत्तर–(c)

20. रैनवियर के नोड्स सूक्ष्म रिक्त स्थान होते हैं, जो .... में पाया जाता है । [SSC C.P.O. परीक्षा-2004, 06] [RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-1]
(a) मायेलिनकृत एक्सोन (b) ऑस्टिओब्लास्ट्स
(c) ग्रंथि कोशिकाओं (d) कोन्ड्रोब्लास्ट्स उत्तर–(a)

21. मानव मस्तिष्क के निम्नलिखित भागों में से कौन-सा एक निगरण और उल्टी का नियमन केन्द्र है ? [I.A.S (Pre) 2011]
(a) अनुमस्तिष्क (b) प्रमस्तिष्क
(c) मेडुला ऑब्लांगेटा (d) पोन्स उत्तर–(c)

22. मनुष्यों में अनैच्छिक क्रियाएँ जैसे कि रक्त दबाव, लार और उल्टी को इसके द्वारा नियंत्रित किया जाता है– [RRB JE 2019] [RRB ALP/ Tech. 13-08-2018, Shift-3]
(a) मेडुला (b) स्पाइनल कॉर्ड
(c) पोन्स (d) हाइपोथैलमस उत्तर–(a)

23. मानव मस्तिष्क का वजन कितना होता है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) शरीर के कुल वजन का लगभग 2%
(ii) **थायरॉइड उत्तेजक हॉर्मोन [Thyroid stimulating hormone (TSH)] :** यह थायरॉयड हॉर्मोन को थायरॉक्सिन नामक हॉर्मोन स्त्रावित करने के लिए उत्तेजित करता है।

(iii) **एड्रीनो कॉर्टिको ट्रॉपिक हार्मोन [Adreno cortico tropic hormone (ACTH)] :** यह हॉर्मोन एड्रीनल कोर्टेक्स के स्त्राव को नियंत्रित करता है।

(iv) **गोनैडो ट्रॉपिक हॉर्मोन (GTH) :** यह जनन अंगों के कार्यों पर नियंत्रण करता है। यह दो प्रकार का होता है–

❖ **फॉलिकल उत्तेजक हॉर्मोन (FSH) :** यह नर वृषण (testis) की शुक्रजनन नलिकाओं में शुक्राणु के निर्माण में सहायक होता है। यह मादा में फॉलिकल की वृद्धि में सहायक होता है।

❖ **ल्यूटीनाइजिंग हॉर्मोन [Luteinizing Hormone (LH)] :** यह नर में टेस्टोस्टीरॉन हार्मोन तथा मादा में अंडाणु की परिपक्वता तथा एस्ट्रोजन हार्मोन के स्त्राव में सहायक होता है।

(v) **दुग्धजनक हॉर्मोन [Lactogenic Hormone (LH)] :** इस हॉर्मोन को प्रोलैक्टिन हॉर्मोन भी कहते हैं। यह स्तन ग्रंथि को दुग्ध स्त्राव के लिए उत्तेजित करता है तथा कार्पस ल्युटियम से प्रोजिस्ट्रॉन नामक हार्मोन स्त्रावित करने के लिए उत्तेजित करता है। इसके कम स्त्राव से दुग्ध का निर्माण नहीं हो पाता है।

(b) **मध्य पालि (Middle Lobe) द्वारा स्त्रावित हॉर्मोन**

❖ **मिलैनोसाइट उत्तेजक हॉर्मोन [Melanocyte stimulating hormone (MSH)] :** यह हॉर्मोन त्वचा की कोशिकाओं में Melanin नामक वर्णक (pigment) के निर्माण को प्रेरित करता है। मेलानिन नामक वर्णक द्वारा शरीर को पराबैंगनी किरणों (Ultraviolet rays) से सुरक्षा प्रदान करता है, Melanin काला रंग प्रदान करता है।

(c) **पश्चपालि (Posterior Lobe) द्वारा स्त्रावित हॉर्मोन**

❖ **Antidiuretic Hormone (ADH) :** यह हॉर्मोन शरीर में जल संतुलन (osmoregulation) में सहायक होता है। यह धमनी को संकुचित करता है। जिसके फलस्वरूप रक्त दबाव बढ़ता है।

❖ **ऑक्सीटोसिन (Oxytocin) :** यह बच्चे के जन्म के समय गर्भाशय की दीवार को संकुचित करता है, जिससे बच्चा आसानी से जन्म लेता है। यह दुग्ध स्त्राव पर नियंत्रण भी रखता है। ऑक्सीटोसिन को Labour pain hormone भी कहते हैं।

2. **अवटु ग्रंथि (Thyroid gland) :** यह ग्रंथि neck region में स्वरतंत्र (Larynx) के निकट पायी जाती है। यह सबसे बड़ी अंत:स्रावी ग्रंथि है।



➤ **Thyroid gland द्वारा स्त्रावित हॉर्मोन :**

❖ **थाइरॉक्सिन (Thyroxin) :** यह कोशिकीय श्वसन की गति को तीव्र करता है। यह शरीर की सामान्य वृद्धि विशेषत: हड्डियों, बाल आदि के विकास के लिए अनिवार्य है। यह ह्रदय के धड़कन (heart beat) को नियंत्रित करता है। तंत्रिका तंत्र (nervous system) की सक्रियता को बढ़ाता है। यह ग्लूकोज के ऑक्सीकरण को तीव्र करता है। जिसके फलस्वरूप ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि होती है। जनन अंगों के सामान्य कार्य पर नियंत्रण करता है।

➤ **थायरॉक्सिन की कमी से होनेवाले रोग :**

(i) **जड़मानवता (Cretinism) :** यह रोग बच्चों में होता है। इससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। 25 वर्ष का व्यक्ति 5 वर्ष के बच्चे जैसा दिखाई देता है।

(ii) **मेक्सीडोमा (Myxedema) :** यह वयस्क में होने वाला रोग है। उपापचय (metabolism) की क्रिया ठीक ढंग से नहीं हो पाती है, जिसके फलस्वरूप ह्रदय स्पंदन तथा रक्त चाप कम हो जाता है। व्यक्ति मानसिक रूप से सुस्त हो जाता है। उत्तक में द्रव का जमाव हो जाता है। जिसके कारण चेहरा फूल जाता है।

(iii) **हाइपोथाइराडिज्म (Hypothyroidism) :** यह रोग लम्बे समय तक इस हार्मोन की कमी के कारण होता है। इस रोग में जनन कार्य बाधित हो जाता है। इस रोग में मनुष्य कभी-कभी गूंगा एवं बहरा हो जाता है।

(iv) **घेंघा रोग (Goitre) :** यह आयोडीन की कमी से उत्पन्न होता है, इसमें थायरॉयड ग्रंथि आकार में बहुत अधिक बढ़ जाती है।

3. **पराअवटु ग्रंथि (Parathyroid gland) :** यह मनुष्य के गले में थाइरॉइड ग्रंथि के ठीक पीछे स्थित होती है। यह दो प्रकार के हॉर्मोन स्त्रावित करती है–

❖ मेढ़क में थॉयरॉक्सिन के स्राव से ही टैडपोल वृद्धि कर पाता है। इसके लिए **I_2 का होना** आवश्यक है। **NCERT**



Black View

(i) **पैराथाइरॉयड हॉर्मोन (Parathyroid hormone) :** यह हॉर्मोन तब स्त्रावित होता है जब रक्त में कैल्शियम की कमी होती है।

(ii) **कैल्सीटोनिन (Calcitonin) :** जब रक्त में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती हैं, तब यह हॉर्मोन स्त्रावित होता है, यह हॉर्मोन रक्त में कैल्शियम की मात्रा को नियंत्रित करता है।

4. **थाइमस ग्रंथि (Thymus gland) :** यह द्विपालित (bilobed) रचना है, यह ह्रदय के ठीक ऊपर पायी जाती है, जो लैंगिक परिपक्वता के बाद यह gland समाप्त हो जाती है, यह Thymus hormone स्त्रावित करती है।



❒ **थाइमस हॉर्मोन के कार्य :**

(i) वृद्धि एवं लैंगिक परिपक्वता (sexual maturity) पर प्रभाव डालता है।

(ii) Lymphocyte का उत्पादन करके उन्हें प्रतिरक्षी पदार्थों के संश्लेषण को प्रेरित करता है।

5. **अधिवृक्क ग्रंथि (Adrenal gland) :** यह ग्रंथि वृक्क (kidney) के ठीक ऊपर स्थित होती है। जो पीले रंग की होती है।

इसके बाहरी भाग को कोर्टेक्स (cortex) कहते हैं तथा अंदर वाले भाग को मेडुला (medulla) कहते हैं।

Anatomy of the Adrenal Gland



❒ **Adrenal Cortex द्वारा स्त्रावित हॉर्मोन :**

(i) **मिनरैलोकॉर्टिक्वायड्स (Mineralocorticoids) :** इसका मुख्य कार्य वृक्क नलिकाओं द्वारा लवण के पुन: अवशोषण एवं शरीर में अन्य लवणों की मात्राओं का नियंत्रण करना है।

(ii) **ग्लूकोकॉर्टिक्वायड्स (Glucocorticoids) :** यह कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन एवं वसा उपापचय को नियंत्रण करता है। यह non carbohydrate को कार्बोहाइड्रेट में परिवर्तित करता है।

(iii) **लिंग हार्मोन :** यह द्वितीयक लैंगिक लक्षण पर नियंत्रण करता है। बाह्य जनन अंगों के विकास में सहायक होता है।

❒ **एड्रिनल मेडुला द्वारा स्त्रावित हॉर्मोन :** यह दो प्रकार के हॉर्मोन स्त्रावित करता है–

(i) **Adrenaline :** इसका निर्माण एमीनो अम्ल से होता है। यह glycogen को glucose में परिवर्तित करता है, जिसके फलस्वरूप ऊर्जा की प्राप्ति होती है। डर, भय, क्रोध आदि के समय यह ज्यादा स्त्रावित होता है। इस हार्मोन को emergency hormone भी कहते हैं।

❖ **एड्रिनेलिन हार्मोन** रक्त में नमक (लवण) की मात्रा को नियंत्रित करता है। साथ ही क्रोध, चिंता एवं उत्तेजना हृदय भी नियंत्रित करता है। **NCERT**

❖ **एड्रिनलिन** हृदय का समन्वय एवं नियंत्रण का काम करता है। **NCERT**

❖ इस हार्मोन को लड़ो एवं उड़ो (Fight and Flight) हॉर्मोन भी कहते हैं।

❖ इसे 3 F (Fight, Flight and Fright) hormone भी कहते हैं।

Note :

❖ मानव शरीर के होंठ में **स्वेद ग्रंथियाँ** नहीं होती है। **NCERT**

OBJECTIVE QUESTIONS

1. मानव शरीर के निम्नलिखित में से किस भाग में स्वेद ग्रंथियाँ अनुपस्थित होती हैं? [NCERT Exemplar]

(a) खोपड़ी (b) कांख
(c) होंठ (d) हथेलियों **उत्तर–(c)**

2. आयोडीन किस हॉर्मोन के संश्लेषण के लिए आवश्यक है? [NCERT Exemplar]

(a) ऐड्रीनलीन (b) थायरॉक्सिन
(c) ऑक्सिन (d) इंसुलिन **उत्तर–(b)**

3. अधिकतर एन्जाइम होते हैं ? [BPSC Exam 30.10.2022]

(a) प्रोटीन (b) वसा
(c) अम्ल (d) क्षार
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

उत्तर–(a)

4. बेमेल युग्म को चुनिए– [NCERT Exemplar]

(a) ऐड्रीनलीन और पीयूष (b) टेस्टोस्टेरोन और वृषण
(c) ईस्ट्रोजन और अंडाशय (d) थायरॉक्सिन और थॉयरॉइड ग्रंथि

उत्तर–(a)

5. पुरुषों में जनन क्षमता वृद्धि करने वाला हॉर्मोन कौन-सा है? [NCERT Exemplar]

(a) एस्ट्रोजन (b) टेस्टोस्टेरॉन
(c) इंसुलिन (d) वृद्धि-हॉर्मोन **उत्तर–(b)**

6. निम्न में से कौन सा पाचक एंजाइम लार में पाया जाता है ? [Group-D, 29.08.2022 Shift-3]

(a) पेप्टिडेज (Peptidase)
(b) एंटरोकाईनेज (Enterokinase)
(c) एमाइलेज (Amylase)
(d) लाइपेज (Lipase) **उत्तर–(c)**

7. निम्नलिखित में से कौन-सी अंत:स्त्रावी ग्रंथि अयुग्मित होती है? [NCERT Exemplar]

(a) ऐड्रीनल (adrenal) (b) वृषण (testicle)
(c) पिट्यूटरी (pituitary) (d) अंडाशय (ovaries)

उत्तर–(c)

8. थायरॉक्सिन के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है? [NCERT Exemplar]

(a) थायरॉक्सिन के संश्लेषण के लिए लौह आवश्यक होता है।
(b) यह शरीर में कार्बोहाइड्रेटों, प्रोटीनों और वसाओं के उपापचय का नियमन करता है।
(c) थायरॉक्सिन के संश्लेषण के लिए थायरॉयड ग्रंथि को आयोडीन की आवश्यकता होती है।
(d) थायरॉक्सिन को थायरॉयड हॉर्मोन भी कहते हैं। **उत्तर–(a)**

9. एक चिकित्सक ने किसी व्यक्ति को इंसुलिन का इंजेक्शन लेने की सलाह दी क्योंकि– [NCERT Exemplar]

(a) उसका रुधिर-चाप कम था।
(b) उसके हृदय स्पंदन की दर कम थी।
(c) वह गलगंड नामक रोग से पीड़ित था।
(d) उसके रुधिर में शर्करा स्तर अधिक था। **उत्तर–(d)**

10. .... मनुष्यों में अंत:स्त्रावी ग्रंथि नहीं है । [RRB ALP/ Tech. 10-08-2018, Shift-3]

(a) शीर्षग्रंथि (b) अधिवृक्क ग्रंथि
(c) पीयूष ग्रंथि (d) यकृत **उत्तर–(d)**

11. जब कोई बहुत क्रोधित, शर्मिंदा या चिंतित होता है, तो ऐसे में कौन-सा हार्मोन तनाव को समायोजित करने में शरीर की मदद करता है ? [Group-D, 28.09.2022 Shift-2]

(a) थाइरॉक्सिन (thyroxine)
(b) टेस्टोस्टेरोन (Testosterone)
(c) एस्ट्रोजन (Estrogen)
(d) एंड्रीनलीन (Adrenaline) उत्तर–(d)

12. गाय और भैंस के थनों में दूध उतारने के लिए किस हार्मोन की सुई लगाई जाती है- [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) सोमैटोट्रोपिन (b) ऑक्सीटोसिन
(c) इण्टरफेरॉन (d) इन्सुलिन उत्तर–(b)

13. निम्नलिखित में से कौन सा हार्मोन बच्चे के जन्म के बाद दूध बनने की प्रक्रिया को उत्तेजित करता है ? [SSC CGL-2021] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) एस्ट्रोजेन (b) प्रोलैक्टिन
(c) एण्ड्रोजन (d) प्रोजेस्टिन उत्तर–(b)

14. आपातकालीन स्थिति के दौरान कौन सा हार्मोन उत्सर्जित होता है ? [RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) कॉर्टिकोट्रॉपिन (b) एड्रिनलीन
(c) नॉरएपिनेफ्रीन (d) कॉर्टिसोल उत्तर–(b)

15. नीचे एक एसर्शन (कथन) दिया गया है जिसके बाद उसका कारण दिया गया है :
कथन (A) : पहाड़ी क्षेत्रों में गोइटर (घेंघा रोग) एक सामान्य बीमारी है।
कथन (R) : पहाड़ी क्षेत्रों में लोगों के भोजन में आयोडीन की मात्रा कम होती है।
निम्नलिखित में से कौन सा सही उत्तर है ? [SSC (C.P.O) परीक्षा-2015]
(a) (A) व (R) दोनों सत्य हैं तथा (R(, (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) व (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है किन्तु (R) भ्रामक है।
(d) (A) भ्रामक है किन्तु (R) सत्य है। उत्तर–(a)

16. कौन सा हार्मोन रक्त शर्करा को बहुत कम होने से बचाता है ? [BSSC Exam-2017]
(a) ऑक्सीटोसिन (b) ग्लूकोजन
(c) वेसोप्रेसिन (d) इंसुलिन उत्तर–(b)

17. किस हार्मोन की कमी के कारण मधुमेह रोग होता है ? [Group-D, 29.08.2022 Shift-1]
(a) एड्रीनलीन (Adrenalin)
(b) थायरोक्सिन (Thyroxin)
(c) इंसुलिन (Insulin)
(d) ऑक्सीटोसिन (Oxytocin) उत्तर–(c)

18. थाइरॉक्सिन के संश्लेषण के लिए निम्नलिखित में से क्या आवश्यक है ? [RRB JE/Sr.Se Bilaspur 2014] [RRB ALP/ Tech. 09-08-2018, Shift-2]
(a) पोटैशियम (b) सोडियम
(c) कैल्शियम (d) आयोडीन उत्तर–(d)

19. पीयूष ग्रंथि अपने प्रेरक हार्मोनों की वजह से अन्य अन्य:स्रावी ग्रंथियों की स्रावी सक्रियताओं को नियंत्रित करती है। निम्नलिखित में से कौन सी एक अंतःस्रावी ग्रंथि, पीयूष ग्रंथि से स्वतंत्र कार्य कर सकती है ? [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) अवटु (b) जनन ग्रंथि
(c) अधिवृक्क (d) परावटु उत्तर–(d)

20. इनमें से कौन-सा हार्मोन मानव रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करता है ? [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) एस्ट्रोजेन (b) इंसुलिन
(c) पैराथॉर्मोन (d) टेस्टोस्टेरोन उत्तर–(b)

21. इंसुलिन हार्मोन का स्रावण .... से होता है। [RRB NTPC 2017]
(a) अवटु ग्रंथि (b) पीयूष
(c) अधिवृक्क (d) अग्न्याशय उत्तर–(d)

22. अंतःस्रावी ग्रंथियों को .... भी कहा जाता है। [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) पीयूष ग्रंथि (b) वाहिनीहीन ग्रंथि
(c) अवटु ग्रंथि (d) यकृत ग्रंथि उत्तर–(b)

23. थायरॉयड ग्रंथि शरीर के किस भाग में स्थित होती है ? [BPSC (Pre) 2018]
(a) छाती (b) सिर
(c) गला (d) उदर उत्तर–(c)

24. ग्रेव रोग (Exothalmic Goitre) थायरॉइड में वृद्धि के कारण .... के अति स्राव के कारण होता है। [RRB JE 2019]
(a) थायरॉइड हार्मोन (b) परथोर्मोन
(c) एल्डोस्टेरोन (d) टेस्टोस्टेरोन उत्तर–(a)

25. निम्न में से कौन-सा हार्मोन पिट्यूटरी ग्लैंड (Pituitary gland) द्वारा स्रावित नहीं किया जाता है ? [BPSC (Pre) 2018]
(a) थाइरॉयड उत्तेजक हार्मोन (b) प्रोलैक्टिन
(c) वैसोप्रेसिन (d) सोमैटोस्टैटिन उत्तर–(d)

26. 'लैंगरहैंस के आइलेट्स' किस मानव अंग में पाये जाते हैं ? [RRB NTPC 2017]
(a) मस्तिष्क (b) पित्ताशय
(c) यकृत (d) अग्न्याशय उत्तर–(d)

27. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पाचक एंजाइम नहीं है ? [I.A.S (Pre) 2008]
(a) प्रोटियेस (b) एमिलेस
(c) लाइपेज (d) सुपरऑक्साइड डिस्मुटेस
उत्तर–(d)

28. कौन-सा अंग एक ग्रंथि नहीं है ? [SSC-JE-2020] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) अधिवृक्क (b) जिगर
(c) पीयूष (पिट्यूटरी) (d) पित्ताशय उत्तर–(d)

29. इंसुलिन की खोज के लिए किसको नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ? [66th BPSC (Pre) (Re-Exam) 2020]
(a) फ्रेडरिक बैंटिंग (b) जेम्स कोलीप
(c) गई ई. अब्राहम (d) विलियम ऑस्लर उत्तर–(a)

30. मां और शिशु के बीच गले लगना या चूमना निम्न हार्मोन में किसके मोचन को प्रेरित करता है ? [SSC-GD-2017] [RRB Group-D 2018]
(a) इन्सुलिन (b) नॉरेड्रीनैलिन
(c) पुटकोद्दीपक हार्मोन (d) ऑक्सीटोसिन उत्तर–(d)

31. कौन सी ग्रंथि दुग्ध निष्कासन हार्मोन ऑक्सीटोसीन का स्रावण करती है ? [RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]
(a) पीयूष ग्रंथि (b) थायरॉइड ग्रंथि
(c) पैराथायरॉइड ग्रंथि (d) एड्रीनल ग्रंथि उत्तर–(a)

32. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए : [47th BPSC (Pre) 2005]

सूची-I (हार्मोन)	सूची-II (स्रावित ग्रंथि)
A. प्रोजेस्टरोन	1. थायरॉइड
B. टेस्टोस्टेरोन	2. अग्न्याशय
C. थायरॉक्सीन	3. गर्भाशय (महिला)
D. इन्सुलिन	4. वृषण (पुरुष)

कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	4	1	2
(b)	4	3	1	2
(c)	3	4	2	1
(d)	1	2	3	4

उत्तर–(a)

33. मनुष्य के शरीर की वह ग्रंथि जो एन्जाइम और हार्मोन दोनों स्रावित करती है- [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) यकृत (b) अगनयाशय/पाचक-ग्रंथि
(c) लार ग्रंथि (d) पीयूष ग्रंथि उत्तर–(b)

34. अगर अग्न्याशय में खराबी हो तो क्या होगा ? [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) पाचन क्रिया ठीक से नहीं होगी
(b) इन्सुलिन और ग्लुकागॉन नहीं बनेंगे
(c) रक्त निर्माण बंद हो जायेगा
(d) रक्तचाप बढ़ जायेगा उत्तर–(b)

35. मानव शरीर में लैंगरहेंस के आइसलेट कहाँ पाए जाते हैं ? [RRB JE 2019]
(a) छोटी आंत (b) अग्न्याशय
(c) पेट (d) दिल उत्तर–(b)

36. मानव शरीर में, अग्न्याशय (Pancreas) ...... का एक भाग है- [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) मूत्र प्रणाली (b) श्वसन प्रणाली
(c) पाचन तंत्र (d) चेता संस्था उत्तर–(c)

37. कौन सी ग्रंथि केवल यौवन तक सक्रिय रहती है ? [RRB NTPC 2017]
(a) पिनियली (b) थाइमस
(c) पिट्यूटरी (d) अधश्वेतक उत्तर–(b)

38. रक्त में शर्करा (शुगर) के स्तर में वृद्धि का पता किसकी कोशिकाओं द्वारा चलता है ? [SSC-JE-2020] [RRB JE/Sr.Se Chennai 2014]
(a) गुर्दा (b) अग्न्याशय
(c) पित्ताशय (d) यकृत उत्तर–(b)

39. पुर:स्थ ग्रन्थि से होने वाला स्राव .... में प्रवेश करता है— [RRB NTPC 2017]
(a) वृषण (b) मूत्रमार्ग
(c) मूत्रनली (d) वृक्क उत्तर–(b)

40. मानव शरीर में पिट्यूटरी ग्रंथि कहाँ स्थित होती है ? [Railway-JE-2016]
(a) प्लीहा के पास (b) मस्तिष्क के तले पर
(c) गुर्दे के शीर्ष पर (d) आंत में उत्तर–(b)

41. हमारे शरीर की सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथियों में से एक, पिट्यूटरी ग्रंथि कहाँ स्थित होती है ? [BSSC Exam-2011]
(a) छाती के अंदर
(b) पेट के अंदर
(c) खोपड़ी के अंदर
(d) रीढ़ की हड्डी के निचले सिरे के पास उत्तर–(c)

42. अस्थि मज्जा में मौजूद कौन-सा हार्मोन RBC उत्पादन को बढ़ावा देता है ? [SSC (C.P.O) परीक्षा-2004,06]
(a) सिरोटोनिन (b) सोमेटोस्टेटिन
(c) एरिथ्रोपोईटिन (d) कोलोसिस्टोकाइनिन उत्तर–(c)

43. महिलाओं में मादा हार्मोन एस्ट्रोजन, ... द्वारा स्रावित होता है। [BPSC (Pre) 2018]
(a) डिंबवाहिनी (b) गर्भाशय
(c) गर्भाशय ग्रीवा (d) अंडाशय उत्तर–(d)

44. .... एंजाइम नहीं है। [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) इंसुलिन (b) पेप्सिन
(c) एमाइलेज (d) लाइपेज उत्तर–(a)

45. सूची-I (अंत:स्रावी ग्रंथियाँ) को सुची-II (स्रावित हॉर्मोन) से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये– [RRB ALP/Tech. 2018]

सूची-I	सूची-II
(A) जनन ग्रंथि	1. इन्सुलिन
(B) पीयूष ग्रंथि	2. प्रोजेस्टरॉन
(C) अग्नाशय	3. वृद्धि हॉर्मोन
(D) अधिवृक्क	4. कार्टीसोन

कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	2	4	1
(b)	2	3	4	1
(c)	2	3	1	4
(d)	3	2	1	4

उत्तर–(c)

46. निम्नलिखित रासायनिक पदार्थ में से कौन सा अग्न्याशय (Pancreas) द्वारा स्रावित किया जाता है ?
[I.A.S (Pre) 2008]
(a) प्रोटीन (b) इंसुलिन
(c) विटामिन सी (d) फैटी एसिड **उत्तर−(b)**

47. टेस्टोस्टेरॉन जो एक नर सेक्स हार्मोन है .... में संश्लेषित होता है। **[RRB JE/Sr.Se Mumbai 2013]**
(a) अंडकोश की थैली (b) वृषण
(c) सेमिनल वेसिकल (d) प्रोस्टेट ग्रंथि **उत्तर−(b)**

48. निम्नलिखित का सही क्रम से मिलान करें :

हार्मोन (Hormones)	स्रावी ग्लैंड (Glands)
P. कोलीप के हार्मोन	a. अधिवृक्क ग्लैंड (Adrenal glands)
Q. एल्डोस्टेरोन (Aldosterone)	b. पीनियल ग्लैंड (Pineal glands)
R. प्रोलैक्टिन (Prolactin)	c. पैराथाइरॉइड (Parathyroid) ग्लैंड
S. मेलाटोनिन (Melatonin)	d. पीयूष ग्लैंड (Pituitary)

[RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) P-a, Q-b, R-c, S-d (b) P-b, Q-d, R-c, S-a
(c) P-c, Q-a, R-d, S-b (d) P-d, Q-c, R-b, S-a
उत्तर−(c)

49. मधुसूदनी (इन्सुलिन) अंतस्राव (हार्मोन) एक−
[RRB JE/Sr.Se Patna 2014]
(a) ग्लाइकोलिपिड है (b) वसीय अम्ल है
(c) पेप्टाइड है (d) स्टेरॉल है **उत्तर−(c)**

50. इन्सुलिन होता है− **[RRB ALP/ Tech. 2018]**
(a) स्टेरॉयड (b) कार्बोहाइड्रेट
(c) प्रोटीन (d) वसा **उत्तर−(c)**

51. इंसुलिन में निम्नलिखित में से कौन-सी धातु मौजूद है ?
[RRB NTPC 2017]
(a) टिन (b) तांबा
(c) जस्ता (d) एल्युमीनियम **उत्तर−(c)**

52. शरीर में अतिरिक्त ग्लूकोज, ग्लाइकोजन में परिवर्तित होकर भंडारित रहता है— **[BSSC Exam-2017]**
(a) आमाशय में (b) यकृत में
(c) अग्न्याशय में (d) पित्त में **उत्तर−(b)**

53. एच.डी.एच. (ADH) का पूरा नाम क्या है ?
[RRB JE/Sr.Se Guwahati 2014]
(a) एंटी-डाईयुरेटिक हार्मोन
(b) एसिडिक डाईयुरेटिक हार्मोन
(c) एधेसिव डाइयुरेटिक हार्मोन
(d) एधेसिव डबल हार्मोन **उत्तर−(a)**

54. निम्न में से कौन सा हार्मोन युवावस्था के समय लड़कों में दिखाई देने वाली उपस्थिति में बदलाव लाता है ?
[SSC (C.P.O) परीक्षा-2004,06]
(a) पशु हार्मोन (b) थायरॉक्सिन
(c) टेस्टोस्टेरोन (d) इंसुलिन **उत्तर−(c)**

55. यौवनारंभ के दौरान, स्वेद ग्रंथियों और वसा ग्रंथियों में स्राव बढ़ता है। इन ग्रंथियों से इस समय कौन सा तत्व स्रावित होता है ? **[RRB JE/Sr.Se Secunderabad 2014]**
(a) स्वेद और तेल (b) स्वेद और लवण
(c) तेल और पानी (d) पानी और खनिज **उत्तर−(a)**

56. Which mineral is required for the formation of the hormone thyroxin ? **[SSC-JE-2020]**
[Group-D 30.08.2022 Shift 3]
(a) Potassium (b) Iodine
(c) Calcium (d) Iron **उत्तर−(b)**

57. निम्न में से कौन सा वसा के पायसीकरण में शामिल होता है ?
[Group-D, 12.09.2022 Shift-2]
(a) प्लीहा (b) आमाशय
(c) अग्न्याशय (d) यकृत **उत्तर−(d)**

58. मनुष्यों में 'यूरिया चक्र' निम्नलिखित में से किस अंग में होता है ? **[Group-D 29.8.2022 2nd Shift]**
(a) अग्न्याशय (b) फेफड़ों
(c) वृक्क (d) यकृत **उत्तर−(d)**

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

बीमारी (Disease)

विषाणु (Virus)

❖ विषाणु की खोज रूसी वनस्पति वैज्ञानिक इवानोवस्की ने 1892 ई॰ में की थी।

❖ लुई पाश्चर तथा बीजरिंक ने इन्हें जीवित तरल संक्रामक का नाम दिया। एड्स (AIDS) के विषाणु को 1986 ई॰ मे मानव प्रतिरक्षा अपूर्णता वायरस (HIV) नाम दिया गया।

❖ विषाणु अति सूक्ष्म, परजीवी, अकोशिकीय (Non cellular) और विशेष न्यूक्लियो प्रोटीन कण है, जो जीवित परपोषण के अन्दर रहकर जनन (Reproduction) करते हैं।

❖ विषाणु को सिर्फ इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी की सहायता से ही देखा जा सकता है।

❖ विषाणुओं के अध्ययन को विषाणु विज्ञान (Virology) कहा जाता है।

❖ विषाणु की संरचना (Structure of virus) : विषाणु रचना में प्रोटीन के आवरण से घिरा न्यूक्लिक अम्ल होता है। बाहरी आवरण (capsid) में बहुत सी प्रोटीन इकाइयाँ होती है जिन्हें capsomere कहते हैं।

❖ सम्पूर्ण कण को विरियन (Virion) कहते हैं।

Note: विषाणु को क्रिस्टल रूप में लाया जा सकता है। इस पर अम्ल, क्षार, गर्म, ठंडा किसी का भी प्रभाव नहीं पड़ता है।

❖ विषाणु को क्रिस्टल के रूप में बनाया जा सकता है।

[NCERT Exemplar]

❖ **विषाणु के प्रकार :** परपोषी प्रकृति के अनुसार विषाणु मुख्यत: तीन प्रकार के होते हैं–

(i) पादप विषाणु (Plant Virus) : इनमें न्यूक्लिक अम्ल आर. एन. ए. (RNA) होता है। जैसे–टी.एम.वी. (T.M.V)

(ii) जन्तु विषाणु (Animal Virus) : इनमें न्यूक्लिक अम्ल सामान्यत: डी.एन.ए (DNA) और कभी-कभी आर. एन. ए. (RNA) होता है। जैसे–इनफ्लूएन्जा वायरस, मम्पस वायरस आदि।

(iii) जीवाणुभोजी (Bacteriophage) : ये केवल जीवाणुओं (bacteria) के ऊपर आश्रित रहते हैं। इनमें न्यूक्लिक अम्ल के रूप में डी.एन.ए. (DNA) पाया जाता है। जैसे–टी-2 फेज

मानव रोग

■ **विषाणु**

रोग का नाम	कारक	अंग	उपचार
• एड्स	विषाणु (HIV)	प्रतिरक्षा	उपचार नहीं है
• डेंगू	विषाणु	जोड़ों में दर्द आँख, पेशी	प्लेटलेट्स युक्त खाद्य पदार्थ
• पोलियो	विषाणु (Filterable Virus)	केन्द्रीय नारी, रीढ़ की हड्डी आँत की कोशिका	स्वत: ठीक
• इनफ्लूएंजा	विषाणु	फेफड़ा	एन्टीवायरल दवा
• चेचक	विषाणु	पीठ, कमर, जोड़	
• छोटी माता	विषाणु	त्वचा	उपचार नहीं स्वच्छ वातावरण
• गलसुआ	विषाणु	लार ग्रंथि	—
• खसरा	विषाणु	फेफड़ा	आराम
• हेपेटाइटिस	विषाणु	लीवर	टीका
• मेनिन्जाइटिस	विषाणु	मस्तिष्क	—
• हर्पिस	विषाणु	त्वचा	—

■ **जीवाणु**

रोग का नाम	कारक	अंग	उपचार
• डिफ्थीरिया	जीवाणु	गला, तंत्रिका तंत्र	DPT
• प्लेग	जीवाणु	RBC का नष्ट होना	प्लेग का टीका
• सिफलिस	जीवाणु	शीषण व योनी	पेनिसीलिन का सेवन
• टिटनेस (धनुष्टंकार) धुस्तम्भ	जीवाणु का संकुचन	श्वसन पेशियाँ	DPT
• काली खांसी (Pertusis)	जीवाणु	फेफड़ा	DPT
• कुष्ठ रोग	जीवाणु	पक्षघात	स्वच्छता
• टाइफॉइड	जीवाणु	आँत	T.A.B
• ट्रेकोमा	जीवाणु	कॉर्निया	—
• निमोनिया	जीवाणु	श्वसनतंत्र	—
• हैजा	जीवाणु	बड़ी आँत	ORS का घोल
• तपेदिक, क्षय रोग या (T.B)	जीवाणु	आँत	BCG का टीका

❖ जीवाणु की खोज 1674 ई॰ में हॉलैंड के वैज्ञानिक एण्टॉनी वॉन ल्यूवेनहॉक ने की थी।

❖ ल्यूवेनहॉक को जीवाणु विज्ञान का पिता (Father of Bacteriology) कहा जाता है ।

❖ एहरेनबर्ग (Ehrenberg) ने 1829 ई॰ में इन्हें जीवाणु (Bacteria) नाम दिया।

❖ लुई पाश्चर ने किण्वन (Fermentation) पर कार्य किया और बतलाया कि यह जीवाणुओं द्वारा ही होता है।

- ❖ उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पदार्थों का सड़ना तथा अनेक रोगों का कारण सूक्ष्मजीव होते हैं। लुई पाश्चर ने अपने कार्य के आधार पर रोगों के जर्म मत (Germ theory of diseases) को प्रतिपादित किया।
- ❖ रॉबर्ट कोच ने ही सर्वप्रथम जीवाणुओं का कृत्रिम संवर्द्धन (Artificial culture) किया।
- ❖ रॉबर्ट कोच ने सन् 1875 में बैसिलस एन्थ्रेसिस नामक जीवाणु की खोज की जिससे **एन्थ्रेक्स रोग** होता है। **NCERT**
- ❖ लिस्टर (Lister) ने जीवाणुओं के सम्बन्ध में प्रतिरोधी मत (Antiseptic theory) प्रस्तुत की।
- ❖ जीवाणुओं के अध्ययन को जीवाणु विज्ञान (bacteriology) कहा जाता है।

Note: प्रतिविषाणु औषधि बनाना प्रतिजीवाणु औषधि बनाने से अधिक कठीन है क्योंकि विषाणु में अपनी जैव-रासायनिक प्रणाली बहुत कम होती है। **[NCERT Exemplar]**

- ❖ डेंगू, एड्स, इंफ्लुएंजा, खसरा विषाणु से होता है, तो टाइफॉइड, एंथ्रेक्स, हैजा, काली-खांसी, होता है– **जीवाणु से [NCERT Exemplar]**

■ कवक

रोग का नाम	कारक	अंग	उपचार
• एथलीट फुट	कवक	त्वचा	स्वच्छता
• दाद	कवक	त्वचा	स्वच्छता
• खाज	कवक	त्वचा	स्वच्छता
• गंजापन	कवक	बाल का झड़ना	स्वच्छता
• अस्थमा (दमा)	कवक	फेफड़ा	

■ प्रोटोजोआ से रोग

रोग का नाम	कारक	अंग	उपचार
• कालाजार	प्रोटोजोआ (लीशमैनिया)	यकृत का प्लीहा	
• मलेरिया	प्रोटोजोआ	रक्त अल्पता	औषधि (सिनकोना)
• निंद्रालु रोग	प्रोटोजोआ (सी.सी. मक्खी)	तंत्रीका तंत्र	
• पेचीस	प्रोटोजोआ	बड़ी आंत	

■ कवक (पादप) से रोग

रोग का नाम	कारक	प्रभावित भाग
• आलू का वाट रोग	सिनकीट्रियम इन्डोबायोटिकम नामक कवक	कन्द का काला होना
• आलू का उत्तरभावी अंगमारी रोग	फाइटोप्थोरा इन्फेस्टेन्स नामक कवक	पत्तियों पर धब्बा बनना
• बाजरा का ग्रीन इयर रोग	स्केलेरोस्पोरा ग्रेमिकोला नामक कवक	बाजरे के बाली का खराब होना
• गन्ने का लाल सड़न रोग	कोलेट्रीकम फालकेटम नामक कवक	तना का फटना, गन्ने के रस से शराब जैसी गंध
• मूंगफली का टिक्का रोग	सर्कोस्पोरा पर्सेनेटा नामक कवक	पत्तियों पर धब्बे बनना
• गेहूँ का किट्टू रोग	पक्सिनिया ग्रेमिनिस ट्रिटीकी नामक कवक	पत्ती, तना पर लाल धब्बा बनना
• राई का इरगॉट रोग	क्लेवीसेप्स परपुरिया नामक कवक	
• बाजरे का स्मट	टोलियो स्पोरियम नामक कवक	
• बाजारा का इरगॉट	क्लेवीसेप्स माइक्रोसेपेला नामक कवक	

■ पौधा (विषाणु जनित रोग)

रोग का नाम	कारक	प्रभावित भाग
• तम्बाकु का मोजैक रोग	टोबेको मोजैक वायरस	पत्तियों का हरित लवक का नष्ट होना
• आलू का मोजैक रोग	पोटैटो वाइरस X	पत्तियों का चितकबरा तथा पौधा का बौनापन होना
• बंकी टॉप ऑफ बनाना	बनाना वायरस-I	पौधा का ठीक से विकास न होना।

■ पौधा में जीवाणु जनित रोग

रोग का नाम	कारक	प्रभावित भाग
• आलू का शैथिल रोग	स्यूडोमोनास सोलेनेसियेरम	पौधे का संवहन तंत्र
• ब्लैक आर्म	जैन्थोमोनास	पत्तियों में जालद जैसी संरचना
• धान का अंगमारी	जैन्थोमोनास ओराइजी	पत्तियों का पीला होना
• साइट्रस कैंकर	जैन्थोमोनास सीट्री	पौधे की पत्तियाँ, शाखाएँ, फल सभी प्रभावित होता है।
• गेहूँ का टूण्डू	ककोरीनोबैक्टीरियम इन्डोबायोटिकम	पत्तियों का मुरझा जाना, गेहूँ के बालिया का नष्ट हो जाना

❒ आनुवांशिक रोग

1. **वर्णांधता (Colour Blindness)**–इस रोग से ग्रसित व्यक्ति को लाल एवं हरा रंग पहचानने की क्षमता समाप्त हो जाती है। अत: इस रोग को लाल-हरा अंधापन रोग भी कहा जाता है।

❖ इस रोग के बारे में सर्वप्रथम जानकी वार्नर नामक विद्वान के द्वारा दिया गया।

❖ इस रोग को प्रोटीन Defect रोग भी कहा जाता है।

2. **हीमोफीलिया**–इस रोग में रोगी व्यक्ति के शरीर में कट-फट जाने पर निकलने वाला खून रूक नहीं पाता है, अर्थात् रक्त जमने की क्षमता समाप्त हो जाती है।

3. **थैलेसीमिया**–इस रोग को Blood Cancer रोग भी कहा जाता है।

❖ सभी आनुवांशिक रोग (genetic disease) का अप्रभावी जीन R गुणसूत्र पर सजा रहता है।

❖ यह रोग सामान्यत: पुरुषों में होता है, किंतु इस रोग का वाहक महिलायें होती है।

❖ यदि माता एवं पिता दोनों ही आनुवांशिक रोग से ग्रसित होता है, तो इन दोनों से उत्पन्न सभी बच्चे आनुवांशिक रोग से ग्रसित होते हैं।

❖ यदि रोग ग्रसित पिता एवं सामान्य माता, तो इससे उत्पन्न सभी पुत्र सामान्य होंगे एवं सभी पुत्रियाँ जीन वाहक होगी।

❖ रोग ग्रसित पिता एवं जीनवाहक माता से उत्पन्न संतानों में पुत्रों में 50% रोग होने की संभावना या 50% सामान्य पुत्रियों में 50% रोगी होने की संभावना और 50% जीनवाहक होगी।

❖ सामान्य पिता एवं रोगी माता से उत्पन्न संतानों में सभी पुत्र रोग ग्रसित होते हैं, जबकि सभी पुत्रियाँ रोगवाहक लेते हैं।

❖ सामान्य पिता एवं जीनवाहक माता से उत्पन्न पुत्रों में 50% रोगी और 50% सामान्य होने की संभावना, जबकि पुत्रियों में 50% रोगवाहक और 50% सामान्य होने की संभावना।

❖ हमारे शरीर में गुणसूत्र की संख्या में परिवर्तन होने से विभिन्न प्रकार का विलक्षण आ जाता है, जिसे सामूहिक रूप से सिंड्रोम कहा जाता है। जैसे–

(a) **क्लीनीफिल्टर सिंड्रोम**–इसमें गुणसूत्र की कुल संख्या = 47
44 + XYX
ऐसा बच्चा बाहरी तौर पर पुरुष होता है, लेकिन जैसे-जैसे शरीर का विकास होता है, तो पुरुष का द्वितीयक लैंगिक लक्षण नहीं आ पाता है।

(b) **क्रिमिनल सिंड्रोम**–इसमें गुणसूत्र की कुल संख्या = 47
44 + XYX
ऐसा बच्चा बाहरी तौर पर महिला होती है, किंतु जैसे-जैसे उम्र बढ़ता है, उसमें महिला का लक्षण नहीं आ पाता है।

(c) **टर्नर सिंड्रोम**–इसमें गुणसूत्र की कुल संख्या = 45
(44 + X)

(d) **डाउन सिंड्रोम**–इनमें गुणसूत्र की कुल संख्या = 47
इसमें 21वें जोड़ा अलैंगिक गुणसूत्र (Autosome) में एक अधिकता के कारण होता है।

❖ इस रोग को मंगोलोयड आयोडाइड रोग भी कहा जाता है। ऐसा बच्चा मानसिक एवं शारीरिक दोनों रूप से कमजोर होता है।

(e) **पटाऊ सिंड्रोम**–गुणसूत्र की कुल संख्या = 47
इस रोग से ग्रसित बच्चा का होंठ जन्म के समय कटा हुआ रहता है।

❒ अन्य रोग (Other diseases) :

■ **फाइलेरिया (Filaria) :**

❖ यह रोग अनेक प्रकार के सूत्र कृमियों के कारण होता है।

❖ मलेरिया की भाँति इस रोग के आरम्भ में भी ज्वर आ जाता है।

❖ फाइलेरिया के रोगियों के लिए दही, केला तथा अन्य चर्बी और प्रोटीनजनीय खाद्य पदार्थ वर्जित है।

■ **मधुमेह (Diabetes) :**

❖ यह अग्न्याशय से सम्बन्धित रोग है, जो इन्सुलिन का पर्याप्त स्त्राव नहीं होने के कारण होता है।

■ **दिल का दौरा (Heart attack) :**

❖ यह हृदय रक्त का संचार नहीं कर पाता है। इसे हृदय गति का रूक जाना या हृदयघात कहा जाता है।

■ **पीत ज्वर (Yellow fever) :**

❖ हेमोगोगस और एडिज जाति के अनेक मच्छर इस रोग के विषाणु को मनुष्य के शरीर में पहुँचाते हैं।

❖ इस रोग में अचानक ज्वर आ जाता है। जोरों का सिर दर्द तथा हड्डियों में दर्द हो जाता है।

■ **कैन्सर (Cancer) :**

❖ कैन्सर से शरीर के किसी भाग में दर्द न करने वाला पिंड बन जाता है। मुँह से थूक के साथ खून निकलता है।

■ **ऐस्केरिएसिस (Ascariasis) :**

❖ इस रोग का संक्रमण भोजन के द्वारा होता है।

❖ इस रोग में पेट में तेज दर्द होता है वृद्धि रूक जाती है।

■ **टीनिएसिस (Taeniasis) :**

❖ इस रोग का कारक टीनिया सोलियम (Taenia solium) नामक परजीवी है।

❖ रोगी व्यक्तियों के आंत में परजीवी के अण्डे उपस्थित होते हैं, जो कि मल के साथ बाहर आ जाते हैं।

■ **जोड़ों का दर्द (Arthritis) :**

❖ इसे गठिया या वात रोग के नाम से भी जाना जाता है।

❖ इस रोग में शरीर के विभिन्न जोड़ों में दर्द रहता है।

■ **हाइपरटेंशन (Hypertension) :**

❖ इसका मुख्य कारण उच्च धमनी दाब है, जो छोटी धमनी में सिकुड़न उत्पन्न होने के कारण होता है।

■ **न्यूरोसिस (Neurosis) :**

❖ इस रोग का कारण उच्च तंत्रिका तंत्र या मस्तिष्क के समक्ष किसी असामान्य स्थिति का आ जाना है।

■ **पक्षाघात या लकवा (Paralysis) :**

❖ इस रोग में कुछ ही मिनटों में शरीर के आधे भाग को लकवा मार जाता है।

❖ जहाँ पक्षाघात होता है वहाँ की तंत्रिकाएँ निष्क्रिय हो जाती है।

■ **एलर्जी (Allergy) :**

❖ कुछ वस्तु जैसे–धुल, धुआँ, रसायन, कपड़ा, सर्दी, किन्हीं विशेष व्यक्तियों के लिए हानिकारक हो जाते हैं।

❖ **साइजोफ्रेनिया (Schizophrenia) :**

❖ यह एक मानसिक रोग है जो प्राय: युवा वर्ग में होता है।

■ **मिर्गी (Epilepsy) :**

❖ इसे अपस्मार रोग भी कहते हैं। यह मस्तिष्क के आंतरिक रोगों के कारण होती है।

■ **डिपलोपिया (Diplopia) :**

❖ यह रोग आँख को मांसपेशियों के पक्षाघात (Paralysis) के कारण होती है।

■ **बर्ड फ्लू (Bird Flu) :**

❖ यह रोग प्राय: मुर्गियों तथा प्रवासी पक्षियों के माध्यम से प्रसारित होता है।

❖ इस रोग का मुख्य विषाणु H_5N_1 है।

■ **सार्स (SARS) :**

❖ इस बीमारी के लक्षण फ्लू (Flu) से काफी मिलते-जुलते हैं।

■ **जापानी इन्सेफेलाइटिस (Japanease encephalitis) :**

❖ यह रोग क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छर से फैलता है।

■ **स्वाइन फ्लू (Swine Flu) :**

❖ यह भी एक संक्रामक रोग है, जिसका प्रसार काफी तेजी से होता है।

❖ विश्व स्वास्थ्य संगठन में स्वाइन फ्लू को एनफ्लूएन्जा H_1N_1 नाम दिया है।

■ **इबोला (EBOLA) :**

❖ यह पश्चिमी अफ्रीका में विषाणु से होने वाला रोग है जो चमगादर से फैलता है।

❖ हैजा, टाइफॉइड, पोलियो, मेनिन्जाइटिस, हेपेटाइटिस और पेचिश इत्यादि **जल प्रदूषण के कारण** होता है। **NCERT**

Note :

❖ कालाजार के **रोगाणु (लेस्मानिया)**, प्लैनेरिया में **द्विखंडन** होता है। **NCERT**

❖ मलेरिया परजीवी **प्लैज्मोडियम** में जनन **बहुखंडन विधि** द्वारा होता है। **NCERT**

OBJECTIVE QUESTIONS

1. निम्नलिखित में किसे क्रिस्टल रूप में बनाया जा सकता है? [NCERT Exemplar]

(a) जीवाणु (b) अमीबा
(c) विषाणु (d) शुक्राणु **उत्तर–(c)**

2. श्लीपद अर्थात फीलपांव (हाथीपांव) रोग निम्नलिखित के द्वारा होता है? [NCERT Exemplar]

(a) वुचेरेरिया (b) पिनकृमि
(c) प्लैनेरियन प्राणी (d) यकृत पर्णाभ कृमि
उत्तर–(a)

3. निम्नलिखित में से कौन-सा रोगजनक कालाजार का कारण होता है? [NCERT Exemplar]

(a) ऐस्केरिस (b) ट्रिपैनोसोमा
(c) लीश्मैनिया (d) बैक्टीरिया **उत्तर–(c)**

4. निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन कीजिए– [NCERT Exemplar]

(a) उच्च रक्त दाब, अधिक वजन व व्यायाम के न करने के कारण होता है
(b) आनुवांशिक अपसामान्यताओं के कारण कैंसर होता है
(c) अम्लीय भोजन खाने के कारण पेप्टिक व्रण (अल्सर) का होना
(d) एक्ने (Acne) स्टेफाइलोकोकाई के कारण नहीं होता है
उत्तर–(c)

5. एचआईवी/एड्स (HIV/AIDS) के संचरण को रोकने के लिए कई विधियां अपनाई जाती है। दिए गए कथनों में से कौन सा गलत है? [Group-D, 07.10.2022 Shift-3]

(a) मच्छरदानी का उपयोग करके HIV संक्रमित मच्छर के काटने को रोकना।
(b) दवाओं के दुरुपयोग के माध्यम से संचरण, विशेषकर सुइयों को साझा करने से रोका जाना चाहिए।
(c) जिम्मेदारीपूर्ण यौन व्यवहार को अपनाना।
(d) कान छिदवाने, एक्यूपंक्चर आदि के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों को उपयोग से पहले विसंक्रमित (sterilised) किया जाना चाहिए। **उत्तर–(a)**

6. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति के स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव डालता है? [NCERT Exemplar]

(a) खाँसी-जुकाम (b) चिकनपॉक्स (छोटी माता)
(c) तंबाकू चबाना (d) तनाव **उत्तर–(c)**

7. निम्नलिखित में से कौन-सा संक्रमित व्यक्ति आपके संपर्क में आने पर आपको बीमार कर सकता है? [NCERT Exemplar]

(a) उच्च रक्त दाब (b) आनुवंशिक अपसामान्यता
(c) छींक (d) रुधिर कैंसर **उत्तर–(c)**

8. आपको कैसे पता चलेगा कि कोई व्यक्ति एक वर्ष पहले एचआईवी (HIV) से संक्रमित हुआ है ? [Group-D, 07.10.2022 Shift-1]

(a) निरंतर बुखार (एक महीने से अधिक)
(b) रक्त में एंटी-एचआईवी (anti-HIV) एंडीबॉडी द्वारा
(c) रक्त कणिकाओं की कम संख्या द्वारा
(d) वजन में कमी और थकान द्वारा **उत्तर–(b)**

9. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए प्रमुख नहीं है? [NCERT Exemplar]

(a) एक स्वच्छ स्थान में रहना
(b) अच्छी आर्थिक स्थिति
(c) सामाजिक समानता तथा मेल-जोल की भावना
(d) एक बड़े और सुसज्जित भवन में रहना **उत्तर–(d)**

10. यदि आप छोटे से भीड़भाड़ वाले तथा कम हवादार घर में रह रहे हैं, तो आपको निम्नलिखित में से कौन-से रोग होने की संभावना हो सकती है? [NCERT Exemplar]

(a) कैंसर (b) एड्स
(c) वायुवाहित रोग (d) हैजा **उत्तर–(c)**

11. निम्नलिखित में से कौन सा एक जीवाणुजनित रोग नहीं है ? [Group-D, 11.10.2022 Shift-3]
(a) सिफिलिस (Syphilis) (b) क्षय रोग (Tuberculossi)
(c) एड्स (AIDS) (d) सुजाक (Gonorrhoes)
उत्तर–(c)

12. हमें अपने वातावरण में मच्छरों के प्रजनन को रोकना चाहिए क्योंकि वे– [NCERT Exemplar]
(a) बहुत तीव्र गति से गुणन करते है और प्रदूषण फैलाते है
(b) बहुत सी बीमारियों के रोगवाहक है
(c) काटते हैं और त्वचा की बीमारियों का कारण बनते हैं
(d) विशेष कीट नहीं है **उत्तर–(b)**

13. निम्न में से क्या गर्भनिरोधक गोलियों के सेवन की एक हानि है ? [Group-D, 07.10.2022 Shift-3]
(a) ये हार्मोनल असंतुलन पैदा कर सकती हैं।
(b) युगल में से दोनों को गोलियों का सेवन करना होता है।
(c) ये रजोनिवृत्ति का कारण बन सकती हैं।
(d) गोलियाँ का प्रभाव अपरिवर्तनीय होता है। **उत्तर–(a)**

14. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग यौन-संचारित नहीं होता ? [NCERT Exemplar]
(a) सिफलिस (आतशक) (b) हिपैटाइटिस
(c) HIV - AIDS (d) गोनोरिया (सुजाक) **उत्तर–(b)**

15. विषाणुओं की आणविक गति (सजीव गुण) के संबंध में कौन सा कथन सही है ? [Railway-JE-2016] [Group-D, 11.10.2022 Shift-3]
(a) विषाणु श्वसन नहीं करते हैं।
(b) विषाणुओं में चयापचय नहीं होता है।
(c) विषाणु किसी कृत्रिम माध्यम में विकसित नहीं होते हैं।
(d) जब तक वे किसी कोशिका को संक्रमित नहीं करते, तब तक वे निष्क्रिय होते हैं। **उत्तर–(d)**

16. निम्नलिखित में से कौन-सा विषाणु रोग नहीं है? [NCERT Exemplar]
(a) डेंगू (b) एड्स
(c) टायफॉइड (d) इंफ्लुएंजा **उत्तर–(c)**

17. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग जीवाणु द्वारा होता है? [NCERT Exemplar]
(a) टायफॉइड (b) एंथ्रेक्स
(c) क्षय रोग (तपेदिक) (d) मलेरिया **उत्तर–(d)**

18. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग प्रोटोजोआ प्राणियों द्वारा होता है? [NCERT Exemplar]
(a) मलेरिया (b) इंफ्लुएंजा
(c) एड्स (d) हैजा **उत्तर–(a)**

19. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग मच्छर से संचरित नहीं होता है? [NCERT Exemplar]
(a) मस्तिष्क ज्वर (b) मलेरिया
(c) टायफॉइड (d) डेंगू **उत्तर–(c)**

20. निम्नलिखित में से किसके द्वारा एड्स नहीं फैल सकता है? [NCERT Exemplar]
(a) लैंगिक संपर्क (b) गले मिलना
(c) स्तनपान (d) रक्ताधान **उत्तर–(b)**

21. एड्स (AIDS) रोग, ... के कारण होता है। [Group-D, 22.09.2022 Shift-1]
(a) माइकोबैक्टीरियम (b) कवक
(c) जीवाणु (d) विषाणु **उत्तर–(d)**

22. गर्भनिरोधक विधियों का उपयोग क्यों किया जाता है ? [Group-D, 17.09.2022 Shift-2]
(a) रक्तचाप को कम करने के लिए
(b) जीवाणु से होने वाले संक्रमण की रोकथाम करने के लिए
(c) थकावट से निजात पाने के लिए
(d) गर्भावस्था से बचने के लिए **उत्तर–(d)**

23. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग ट्रिपल एंटीजन द्वारा प्रतिरक्षित नहीं है ? [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) आंत्र ज्वर (टाइफॉइड) (b) डिप्थीरिया
(c) टिटनेस (d) काली खांसी **उत्तर–(a)**

24. DPT के उपयोग से रोकथाम होती है। [RRB NTPC 2017]
(a) क्षय रोग की (b) डिप्थीरिया की
(c) पोलियो की (d) उपरोक्त सभी **उत्तर–(b)**

25. निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी संक्रामक नहीं है ? [BPSC (Pre) 2018]
(a) आंत्र ज्वर (b) खसरा
(c) गठिया (d) इनफ्लुएंजा **उत्तर–(c)**

26. काली खाँसी को .... भी कहा जाता है। [RRB NTPC 2017]
(a) पर्टुसिस (b) कण्टमाला
(c) वैरियोला (d) रुबेला **उत्तर–(a)**

27. निम्नलिखित में से कौन-सा असंचरणीय रोग है ? [RRB JE 2019]
(a) खसरा (b) जलांतक
(c) रोहिणी (d) मधुमेह **उत्तर–(d)**

28. निम्न में से किस संक्रमण में विषाणु प्रतिरक्षा तंत्र में जाकर इसकी कार्यप्रणाली को नुकसान पहुंचाते हैं ? [Group-D, 17.09.2022 Shift-1]
(a) मलेरिया (Malaria)
(b) कैंसर (Cancer)
(c) एचआईवी-एड्स (HIV-AIDS)
(d) टाइफॉइड (Typhoid) **उत्तर–(c)**

29. मिठाईयों पर बैठी मक्खियों को दूर भगाकर एक लड़की मिठाई को खा लेती है। इस वजह से वह किस रोग का शिकार हुई है। [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) कैंसर (b) हैजा
(c) डिप्थीरिया (d) क्षय रोग **उत्तर–(b)**

30. मलेरिया परजीवी का प्राथमिक परपोषी है- [RRB JE 2019]
(a) नर क्यूलेक्स (b) नर एनाफिलिस
(c) मादा एनाफिलिस (d) मादा क्यूलेक्स उत्तर–(c)

31. इनमें से कौन-सी बीमारी सामान्यतः मच्छरों द्वारा फैलती है ? [RRB NTPC 2017]
(a) मलेरिया (b) गठिया
(c) पीलिया (d) छोटी माता उत्तर–(a)

32. इनमें से कौन सा विषाणुजनित रोग है ? [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) सूखा रोग (b) सिफलिस
(c) खसरा (d) बेरीबेरी उत्तर–(c)

33. इनमें से कौन-सा, सामान्यतया चूहा-पिस्सू (rat-flea) से संक्रमित होता है ? [RRB JE/Sr. Se Guwahati 2014]
(a) रोहिणी (डिफ्थीरिया) (b) कॉलेरा
(c) मलेरिया (d) प्लेग उत्तर–(d)

34. रक्त में यूरिक अम्ल की अधिकता .... का लक्षण है। [RRB Group-D 2018]
(a) संधिशोध (b) गठिया
(c) आमवात (d) आमवनिक हृदय उत्तर–(b)

35. गठिया एक बीमारी है, जो .... को प्रभावित करती है। [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) जोड़ (b) गुर्दे
(c) मस्तिष्क (d) फेफड़े उत्तर–(a)

36. AIDS का विषाणु शरीर में .... को नष्ट कर देता है। [RRB JE/Sr. Se Muzaffarpur 2017]
(a) प्रतिरक्षा तंत्र (b) परिसंचरण तंत्र
(c) यकृत (d) लाल रक्त कणिकओं
उत्तर–(a)

37. .... एक यौन संचारित जानलेवा बीमारी है। [I.A.S (Pre) 2021]
(a) मलेरिया (b) पीलिया
(c) एड्स (d) टाइफाइड उत्तर–(c)

38. मनुष्यों में रोग संचरित करने वाले कीटों को क्या कहते हैं ? [RRB Group-D 2014]
(a) रोगाणु वाहक (b) वाहक
(c) हौज (d) ऊष्मायित्र उत्तर–(a)

39. निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य जनित रोग नहीं है ? [RRB ALP/Tech. 2014]
(a) अमीबियोसिस (b) हैजा
(c) इन्फ्लूएन्जा (d) हेपेटाइटिस-A उत्तर–(c)

40. मच्छरों की एक विशेष जाति के काटने के कारण मलेरिया के संचारण की खोज किए जाने हेतु निम्नलिखित में से किसने नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया है ?[RRB ALP/Tech. 2018]
(a) रोनाल्ड रॉस (b) पैट्रिक मैन्सन
(c) चार्ल्स जॉनसन (d) चार्ल्स लैवरलन उत्तर–(a)

41. निम्न में से कौन से एक विकल्प द्वारा HIV एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में प्रसारित नहीं होती है ? [SSC-GD-2017] [BSSC Exam- 2013]
(a) मच्छर का काटना
(b) स्तनपान
(c) एक ही सुई का बहु प्रयोग
(d) यौन संबंध उत्तर–(a)

42. ELISA टेस्ट, ... के कारण होने वाले अक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशियेंसी सिंड्रोम (Acquired Immuno deficiency Syndrom) के निदान के लिए किया जाता है। [RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]
(a) जोस्टर वाइरस (b) डेंगू वाइरस
(c) एच. आई. वी. (d) इन्फ्लूएंजा वाइरस उत्तर–(c)

43. ELISA निम्नलिखित में से क्या है ? [SSC-JE-2020] [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) जिस केन्द्र में पहले AIDS का पता चला था
(b) AIDS का पता लगाने के लिए एक जाँच
(c) सबसे पहला व्यक्ति जिसका AIDS से मृत्यु हुई
(d) वायरस जो AIDS का कारण बनता है उत्तर–(b)

44. कुष्ठ रोग (Leprosy) को ...... नाम से भी जाना जाता है। [SSC स्नातक स्तरीय-2019]
(a) एनजाइना (b) हैनसेन रोग
(c) गौचर रोग (d) हॉजकिन रोग उत्तर–(b)

45. पीली बुखार (पीत ज्वर) मुख्य रूप से इंसानों के बीच किससे फैलता है ? [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) मादा मच्छर के काटने से
(b) नर मच्छर के काटने से
(c) पानी
(d) वायु उत्तर–(a)

46. चमगादड़ निम्नलिखित में से किस रोग के रोगाणुओं के प्राकृतिक पोषक है ? [SSC (C.P.O) परीक्षा-2015]
(a) डेंगू (b) फाइलेरिया
(c) इबोला बुखार (d) चिकनगुनिया उत्तर–(c)

47. एनाफेलीज मच्छर कौन से वैक्टर वहन करते हैं (सही विकल्प चुनें) [S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा-2011]
1. मलेरिया 2. फाइलेरिया 3. डेंगू
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) 1 और 3 उत्तर–(a)

48. विश्व एड्स (AIDS) दिवस हर साल कब मनाया जाता है ? [RRB JE 2019]
(a) 1 दिसम्बर (b) 1 जनवरी
(c) 14 फरवरी (d) 8 मार्च उत्तर–(a)

49. कैंसर के ऊत्तकों की जाँच के लिए ...... की जाती है। [RRB JE 2015]
(a) बायोप्सी (b) बायोस्कोपी
(c) कोलेडोलोजी (d) रेडियोग्राफी उत्तर–(a)

50. रोगों को फैलाने वाले कीड़ों को .... कहा जाता है— [RRB JE 2019]
(a) ट्रांसमीटर (b) वैक्टर
(c) ट्रांसपोर्टर (d) लिफ्ट उत्तर–(b)

51. .... एक जीवाणु संबंधी रोग है। [SSC-GD-2017] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) मायोकार्डियल अतिक्रमण (b) उपदंश
(c) पोलियो (d) दाद उत्तर–(b)

52. हीमोफीलिया (Haemophilia) किसका एक उदाहरण है ? [U.P.U.D.A/L.D.A (Pre) 2010]
(a) कमी के कारण रोग (b) आनुवांशिक रोग
(c) संक्रामक रोग (d) व्यवसाय संबंधी रोग
उत्तर–(b)

53. मवेशियों में मुख और पैरों के रोग किसके कारण होते हैं ? [SSC स्नात्तक स्तरीय-2019]
(a) कवक (b) पेनिसिलियम
(c) विषाणु (d) जीवाणु उत्तर–(c)

54. निम्नलिखित में से किसकी उच्च स्तर में उपस्थिति से मधुमेह (डायविटीज) होता है ? [SSC. F.C.I. परीक्षा-2013]
(a) फ्रक्टोज (b) सुक्रोज
(c) ग्लूकोज (d) सैक्रेराइड्स उत्तर–(c)

55. पश्चिम ब्लॉट .... के लिए नैदानिक परीक्षण होता है- [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) प्लेग (b) कुष्ठ
(c) एच.आई.वी. (d) टाइफाइड उत्तर–(c)

56. Tuberculosis के विरुद्ध मुख्यतया कौन सी वैक्सीन का प्रयोग किया जाता है ? [SSC स्नातक स्तरीय परीक्षा-2004]
(a) BCG (b) DPT
(c) HIB (d) Varicella उत्तर–(a)

57. सिरोसिस रोग शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है ? [I.A.S (Pre) 2018]
(a) मस्तिष्क (b) जिगर
(c) हृदय (d) गुर्दा उत्तर–(b)

58. संबंधित एप्निया (Sleep apnea) सोते समय ...... से संबंधित है- [RRB JE/Sr. Se Muzaffarpur 2017]
(a) चलने (b) बात करने
(c) खर्राटे मारने (d) मुस्कुराने उत्तर–(c)

59. ऑस्टियोपोरोसिस किस रोग से संबंधित है ? [RRB JE 2019]
(a) हड्डी (b) दिल
(c) गुर्दा (d) फेफड़े उत्तर–(a)

60. सामान्यत: निम्नलिखित में से कौन-सा कैंसर का कारण नहीं है ? [RRB JE/Sr. Se Mumbai 2013]
(a) पर्यावरणीय कारक (b) अनुवांशिक उत्परिवर्तन
(c) अनुवांशिक संशोधन (d) ट्रांसमिशन उत्तर–(d)

61. थ्रोम्बोसिस .... की बीमारी है। [SSC CGL-2021] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) नस फटने (b) रक्त
(c) थाइरॉयड ग्रंथ (d) फेफड़े उत्तर–(b)

62. जीका वायरस किसके द्वारा मनुष्य में संचारित होता है ? [BSSC Exam- 2017]
(a) चूहा (b) मच्छर
(c) झींगुर (d) खरगोश उत्तर–(b)

63. जब मानव शरीर का तापमान सामान्य शारीरिक तापमान से लगभग 2 – 3.5°F फारेनहाइट कम हो जाता है, तो इस स्थिति को कैसे माना जाता है-[RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) बुखार (b) हाइपोथर्मिया
(c) हाइपरथर्मिया (d) हाइपरपायरेक्सिया उत्तर–(b)

64. जब मानव शरीर के तापमान में शरीर के सामान्य तापमान से लगभग 5.4 – 8°F की कमी होती है, तो इस स्थिति को .. .... के रूप में जाना जाता है। [SSC-JE-2020] [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) वायरल (b) हाइपोथर्मिया
(c) पाइरेटिक (d) हाइपरपाइरेक्सिया उत्तर–(b)

65. निम्नलिखित में अन्य से एकदम भिन्न को चुने : चेचक, खसरा, बुखार, मस्तिष्क ज्वर [S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा-2010]
(a) चेचक (b) खसरा
(c) बुखार (d) मस्तिष्क ज्वर उत्तर–(d)

66. कौन सी बीमारी दिल से संबंधित नहीं है ? [SSC (C.P.O) परीक्षा-2004, 06]
(a) एन्यूरिज्म (b) कार्डियोमायोपैथी
(c) डिप्थीरिया (d) मायोकार्डियल रप्चर
उत्तर–(c)

67. मानव में बैक्टीरिया के संक्रमण का सबसे आम इलाज क्या है ? [RRB JE 2015]
(a) एस्पिरिन (b) एंटीबॉडी
(c) एंटीबायोटिक्स (d) एंटीजन उत्तर–(c)

68. निम्नलिखित में समानता का पता लगाए— Common Cold, Ringworm, Conjunctivitis, Whooping cough : [SSC संयुक्त हायर सेकण्डरी (Tier-I) स्तरीय परीक्षा-2013]
(a) ये सभी असंक्रामक रोग हैं।
(b) ये सभी उपचारात्क उपचार को प्रतिक्रिया नहीं करते
(c) ये सभी संक्रामक है।
(d) इन सभी के लिए कोई निवारक उपाय उपलब्ध नहीं है।
उत्तर–(c)

69. आमतौर पर, वर्णांधता (कलर ब्लाईडनेस) क्या है ? [RRB Group-D 2014]
(a) एक आनुवांशिक प्रकृति
(b) एक गैर-आनुवांशिक स्थिति
(c) जीवन शैली बीमारी
(d) प्रकाश में अनावरण के कारण उत्तर–(a)

70. एपिडेमियोलॉजी (Epidemiology) क्या है ? [SSC CGL-2021]
(a) बड़ी आबादी में रोग की घटना एवं उसके प्रसार का अध्ययन
(b) बड़ी आबादी में कुपोषण का अध्ययन
(c) बड़ी आबादी के लिए स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधानों का अध्ययन
(d) हैजा रोग के निदान एवं लक्षण का अध्ययन उत्तर–(a)

71. ओ-टी-सी (O-T-C) दवा क्रोसिन एक .... दवा है– [RRB JE 2015]
(a) दर्दनाशक (b) ज्वरनाशक
(c) दर्दनाशक एवं ज्वरनाशक (d) रोगाणु रोधक उत्तर–(c)

72. मेलिओडोसिस क्या है ? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB JE/Sr. Se Mumbai 2013]
(a) त्वचा पर लाल चकते (b) स्मरण शक्ति में क्षति
(c) संक्रामक रोग (d) जोड़ों में पुराना दर्द
उत्तर–(c)

73. RMAb वा-अपने वर्ग में दुनिया की पहली तेजी से काम करने वाली दवा-जल्द ही भारत में लाँच होने वाली है, यह दवा किस बीमारी में काम आती है ? [SSC-JE-2020] [BPSC (Pre) 2018]
(a) मलेरिया रोधी दवा (b) रैबीज रोधी दवा
(c) डेंगू रोधी दवा (d) मधुमेह रोधी दवा
उत्तर–(b)

74. काला जार के लिए उत्तरदायी जीवों की उत्पत्ति का कारण है– [RRB JE/Sr. Se Guwahati 2014]
(a) अधोमुखी युग्मक विखंडन (b) गुणक विखंडन
(c) अनुप्रस्थ युग्मक विखंडन (d) रेखीय युग्मक विखंडन
उत्तर–(a)

75. हैमोफिलिया क्या है ? [SSC-GD-2017] [RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]
(a) यह एक रोग है जो रक्त का थक्का उत्पन्न करने वाले कारकों के लिए जिम्मेदार जीन की अनुपस्थिति के कारण होता है।
(b) यह एक ऐसा रोग है जिसमें अतिरिक्त हिमोग्लोबिन का उत्पादन होता है।
(c) यह एक ऐसा रोग है जिसमें सफेद रक्त कोशिकाएँ कैंसर बन जाती है और रक्त में आरबीसी को समाप्त करती है।
(d) यह एक रोग है जो विटामिन K की कमी के कारण होता है
उत्तर–(a)

76. HIV/AIDS से पीड़ित लोगों के लिए किसने वायरल लोड टेस्ट लांच किया है ? [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) डॉ. हर्षवर्धन (b) जे. पी. नड्डा
(c) अश्विनी कुमार चौबे (d) राजनाथ सिंह उत्तर–(b)

77. निम्न में से किस कृमि के कारण फीलपाँव होता है ? [SSC CGL-2021]
(a) गोलकृमि (b) फाइलेरियाई कृमि
(c) सूचीकृमि (d) केंचुआ उत्तर–(b)

78. मलेरिया को .... के उपयोग द्वारा ठीक किया जा सकता है। [RRB JE 2019]
(a) स्ट्रेप्टोमाइसिन (b) पेनिसिलिन
(c) पैरासिटामोल (d) कुनैन उत्तर–(d)

79. निम्नलिखित में से कौन-सा दाद का कारण है ? [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) विषाणु (b) फफूंदी
(c) लिवरवर्ट (d) जीवाणु उत्तर–(b)

80. एंटीबायोटिक क्या है ? [RRB JE/Sr. Se Mumbai 2013]
(a) सर्जिकल ऑपरेशन के दौरान उपयोग की जाने वाली दवा
(b) एनेस्थेटिक पदार्थ वाली विशेष दवाएँ
(c) फंफूद और फंफूद जैसे जीवों से तैयार की गई दवाएँ
(d) नींद की गोलियाँ उत्तर–(c)

81. पोलियोमाइलाटिस .... की वजह से होता है। [RRB NTPC 2017]
(a) विषाणु (b) जीवाणु
(c) कवक (d) कीड़ा उत्तर–(a)

82. शरीर के जोड़ों में गठिया रोग (आर्थराइटिस) निम्नलिखित में से किसके जमाव से होता है ? [बिहार दरोगा-2019] [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) यूरिया (b) यूरिक अम्ल
(c) एल्यूमिन (d) कोलेस्ट्रोल उत्तर–(b)

83. मिलावटी सरसों के तेल में पके भोजन को खाने वाले लोगों में होने वाली खतरनाक 'ड्राप्सी' का कारण निम्न में से कौन सा एक नहीं हो सकता है (जैसा कि भारत में हुआ)– [RRB JE/Sr. Se Chennai 2014]
(a) आर्जीमोन तेल मिलावट
(b) सरसों के तेल के सायनायड अंश
(c) धान की भूसी की तेल मिलावट
(d) उजला रंग करने वाली मिलावट उत्तर–(a)

84. "यह एकल कोशिका के रूप में उत्पन्न होता है और ऐसे निर्दयी रोग का रूप धारण कर लेता है जिससे प्रतिवर्ष लाखों लोग मौत के घाट उतर जाते हैं पर वैज्ञानिक धैर्यपूर्वक इसके रहस्यों का उद्घाटन करने में लगे हैं और इसके विरुद्ध संघर्ष एक नाटकीय मोड़ पर पहुँच गया लगता है ..... के विरुद्ध युद्ध में नई खोजें श्रेष्ठतर चिकित्सा के लिए विश्वास और आशा का संचार कर रही है।"
ऊपर के उद्धरण में निर्दिष्ट रोग है– [BPSC-2019] [RRB ALP/Tech. 2018]
(a) कैंसर (b) एड्स
(c) यक्ष्मा (d) अल्जाइमर रोग उत्तर–(a)

85. जैविक रूप से संश्लेषित नैनो कणों का उपयोग एक नई पारिस्थितिकी मित्र तकनीक है, जिसकी कैंसर उपचार में बड़ी संभावनाएँ हैं। इस तकनीक में एक पौधे के निचोड़ का उपयोग करते हैं। यह पौधा है– [SSC-GD-2017] [SSC (C.P.O) परीक्षा-2015]
(a) मदार (b) पार्थीनियम
(c) धान (d) लेमन ग्रास उत्तर–(b)

86. प्लाज्मोडियम परजीवी का वाहक है– [RRB NTPC 2017]
(a) कीट (b) मच्छर
(c) मक्खी (d) जुएं उत्तर–(b)

87. मलेरिया तथा डेंगू में निम्नांकित में से क्या उभयनिष्ठ नहीं है ? [Railway-JE-2016]
(a) ज्वर (b) मच्छर की काट
(c) मानव प्रजाति (d) मच्छर प्रजाति उत्तर–(d)

88. निम्न में से कौन-सा रोग कीट के काटने से होता है— [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) स्कर्वी (b) डेंगू
(c) निमोनिया (d) दमा उत्तर–(b)

89. डेंगू बुखार में मानव शरीर में निम्नलिखित में से किसकी कमी हो जाती है ? [RRB JE/Sr. Se Mumbai 2013]
(a) प्लेटलेट्स की (b) हीमोग्लोबिन की
(c) शर्करा की (d) जल की उत्तर–(a)

90. उस वैज्ञानिक का नाम बताइए जिसने यह खोज की थी कि मलेरिया प्लाजमोडियम (Malaria Plasmodium) नामक परजीवी से होता है— [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) जे.जी. मेन्डल (b) हेकल
(c) सर रोनाल्ड रॉस (d) डॉर्विन उत्तर–(c)

91. निम्नलिखित में कौन सा रोग प्रोटोजोआ द्वारा होता है ? [SSC संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा-2013]
(a) मलेरिया (b) कॉलरा
(c) जॉंडिस (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर–(a)

92. एक जीव के सम्पूर्ण संजीन (सभी जीनों की सम्पूर्णता) का अनुक्रमण 1996 में पूरा हुआ था वह जीव था– [53rd to 55th BPSC (Pre) 2011]
(a) रंजक हीन मूषक (b) यीस्ट
(c) मानव (d) प्लाज्मोडियम वाइवैक्स
उत्तर–(d)

93. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. डेंगू मच्छरों द्वारा संचारित प्रोटोजोआ रोग है।
2. प्रत्येक-नेत्रगुहा पीड़ा डेंगू का लक्षण नहीं है।
3. त्वचा पित्तिका नाक से रक्त स्राव डेंगू के कुछ लक्षण हैं।
उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ? [BSSC Exam- 2017]
(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) केवल 2 (d) 1 और 3 उत्तर–(b)

94. मस्तिष्क तथा मेरुरज्जु पर चढ़ी झिल्ली में सूजन आ जाने से होने वाला रोग है– [RRB JE/Sr. Se Bhopal 2014]
(a) ल्यूकीमिया (b) पैरालिसिस
(c) स्केलेरोसिस (d) मेनेन्जाइटिस उत्तर–(d)

95. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ? सही उत्तर का चयन नीचे दिए कूट से कीजिए : [M.P.P.C.S (Pre) 1993]
1. मानव शरीर में ऊर्विका (फीमर) सबसे लम्बी अस्थि है।
2. हैजा रोग जीवाणु के द्वारा होता है।
3. ''एथलीट फुट'' रोग विषाणु के द्वारा होता है।
कूट :
(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) 1 और 2 (d) 2 और 3 उत्तर–(c)

96. भारत में जन्मे प्रत्येक 200 शिशुओं में एक अतिसार से मर जाता है, जिसका कारण है— [बिहार दरोगा-2020] [SSC स्टेनोग्राफर परीक्षा-2010]
(a) जीवाणु (b) रोटावायरस
(c) अमीबा (d) कवक उत्तर–(b)

97. 'सिलिकॉसिस' एक है– [RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]
(a) गुर्दा संबंधित बीमारी (b) यकृत संबंधित बीमारी
(c) फेफड़े संबंधित बीमारी (d) अव्यवस्थित तंत्रिका उत्तर–(c)

98. मलेरिया के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सत्य नहीं है– [RRB JE/Sr. Se Patna 2014]
(a) यह परोपजीवी कीट (Insect parasite) द्वारा पैदा की जाने वाली बीमारी है।
(b) यह मच्छरों द्वारा फैलाई जाती है।
(c) यह दलदली क्षेत्रों में अधिकतर होती है।
(d) इसके इलाज में क्लोरोक्विन का उपयोग होता है। उत्तर–(a)

99 भारत में मलेरिया के 65% रोगियों के लिए निम्नलिखित में कौन परजीवी उत्तरदायी है ? [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) पी. गेलेरी (b) पी. वाइपैक्स
(c) पी. फाल्सीपेरम (d) पी. ओवेल उत्तर–(b)

100. निम्नलिखित रोगों में कौन टाइगर मच्छरों द्वारा संचालित नहीं होता है ? [RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]
(a) पीत ज्वर (b) डेंगू
(c) चिकनगुनिया (d) जापानी एनसेफेलाटिस
उत्तर–(d)

101. एस्ट्रोफोबिया निम्न का डर है— [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) अधिकारी का (b) अग्नि का
(c) पुष्पों का (d) कुत्तों का उत्तर–(c)

102. हाइड्रोफोबिया किसके द्वारा होता है ? [BPSC-2019] [RRB ALP/ Tech. 2014]
(a) जीवाणु के द्वारा (b) फफूंदी के द्वारा
(c) विषाणु के द्वारा (d) प्रोटोजोआ के द्वारा उत्तर–(c)

103. एचआईवी का पूर्ण रूप है—[66th BPSC (Pre) 2020]
(a) ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियेंसी विक्टोरिया
(b) ह्यूमनिटी इम्यूनोडेफिशियेंसी वायरस
(c) ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियेंसी वर्चुल
(d) ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियेंसी वायरस उत्तर–(d)

104. .... यौन संक्रमित बीमारी नहीं है। [BPSC-2018] [RRB ALP/ Tech. 2018]
(a) गोनोरिया (b) सिफिलिस
(c) कैंडिडिआसिस (d) मस्से उत्तर–(c)

105. HIV संचरण के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन गलत है ? [Group-D 27.09.2022 2nd Shift]

(a) HIV संक्रमित रक्त के आधान से HIV संचरित होता है।
(b) HIV, संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संपर्क के माध्यम से संचरित हो सकता है।
(c) HIV, संक्रमित मां से उसके नवजात बच्चे में संचरित हो सकता है।
(d) किसी मच्छर द्वारा HIV संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद, उस मच्छर के काटने से HIV संचरित हो सकता है।

उत्तर–(d)

106. निम्नलिखित में से कौन सी गर्भनिरोधक विधि, अबांछित गर्भाधारण और STD, दोनों को नियंत्रित करने के लिए उपयोगी है ? [Group-D, 15.09.2022 Shift-3]

(a) शल्य चिकित्सा विधियाँ (b) मुखी गोलियाँ
(c) कंडोम (d) कॉपर-टी

उत्तर–(c)

107. जननांग हर्पीज (Genital herpes) संक्रमण............के कारण होता है। [Group-D, 14.09.2022 Shift-1]

(a) जीवाणु (b) प्रोटोजोआ
(c) कवक (d) विषाणु

उत्तर–(d)

108. निम्न में से कौन सा वायरस का उदाहरण है ? [Group-D, 23.08.2022 Shift-2]

(a) निमोनिया (b) फीलपांव (Elephantiasis)
(c) ऐन्थ्रेक्स (Anthrax) (d) HIV

उत्तर–(d)

109. मानव में कौन सा रोग, सूर्य से आने वाले UV विकिरण के कारण होता है ? [Group-D 05.09.2022 1st Shift]

(a) चेचक (Smallpox)
(b) त्वचा का कैंसर
(c) निमोनिया (Pneumonia)
(d) पार्किंसन रोग

उत्तर–(b)

110. गर्भनिरोधन की किस विधि से शरीर के हार्मोन संतुलन में बदलाव होते हैं ? [Group-D 11.10.2022 1st Shift]

(a) गोलियों का सेवन (b) कंडोम का प्रयोग
(c) कॉपर-टी लगाना (Insertion of Copper-T)
(d) फैलोपियन ट्यूबों का शल्यक्रियात्मक अवरोधन (Surgical blockage of the fallopian tubes)

उत्तर–(a)

111. लूप किस प्रकार गर्भनिरोधक के रूप में कार्य करता है ? [Group-D 30.09.2022 2nd Shift]

(a) यह डिंबवाही नलिकाओं (fallopian tubes) के मार्ग को अवरुद्ध कर देता है।
(b) यह डिंब के स्राव को निरुद्ध करता है
(c) यह भ्रूण के प्रत्यारोपण को निरुद्ध करता है
(d) यह शुक्राणु के स्राव को अवरुद्ध करता है

उत्तर–(a)

112. गर्भनिरोधन की कौन सी विधि एचआईवी (HIV) के संक्रमण को रोक सकती है ? [Group-D 07.10.2022 2nd Shift]

(a) केवल रोध विधियाँ (Barrier methods only)
(b) कॉपर टी (Copper T)
(c) मुखमार्ग से लिए जाने वाले गर्भनिरोधक (Oral contraceptives)
(d) कॉपर टी और कंडोम (Copper T and condoms)

उत्तर–(a)

113. निम्न में से किस संक्रमण में विषाणु प्रतिरक्षा तंत्र में जाकर इसकी कार्यप्रणाली को नुकसान पहुँचाते हैं ? [Group-D, 17.09.2022 Shift-1]

(a) मलेरिया (Malaria)
(b) कैंसर (Cancer)
(c) एचआईवी-एड्स (HIV-AIDS)
(d) टाइफॉइड (Typhoid)

उत्तर–(c)

114. निम्न में से कौन सा यौन संचरित विषाणुजनित रोग है ? [Group-D, 07.10.2022 Shift-2] [Group-D, 12.09.2022 Shift-2]

(a) पीलिया (Jaundice) (b) सिफलिस (Syphilis)
(c) एड्स (AIDS) (d) गोनोरिया (Gonorrhoea)

उत्तर–(c)

115. औषधीय पौधे 'अर्जुन' का उपयोग किस रोग के उपचार में किया जाता है ? [Group-D 26.08.2022, Ist Shift]

(a) उच्च रक्तचाप और कान के दर्द
(b) मधुमेह और उच्च रक्तचाप
(c) मसूड़ों की सूजन और छालों
(d) अस्थमा और सर्दी

उत्तर–(a)

116. गर्भनिरोध का इनमें से कौन सा तरीका यौन संक्रामक रोगों के प्रसार को कुछ हद तक रोकने में सहायक हो सकता है? [Group-D 09/09/2022, 3rd Shift]

(a) मुखी गर्भनिरोधक गोलियां (b) पुरुष नसबंदी
(c) कंडोम (d) IUD

उत्तर–(c)

117. एचआईवी-एड्स (HIV-AIDS) विषाणु संक्रमण ____ नहीं हो सकता है। [Group-D 19/09/2022, 3rd Shift]

(a) रक्त आधान से (b) हाथ मिलाने से
(c) स्तनपान से (d) यौन संपर्क से

उत्तर–(b)

118. निम्नलिखित में से किस कारण से मनुष्यों में HIV संक्रमण नहीं होता है? [Group-D 06/09/2022, 3rd Shift]

(a) बार-बार रक्त आधान से
(b) HIV - पॉजिटिव माँ से पैदा हुए बच्चे में
(c) दवाओं का अंतःशिरा इंजेक्शन करते समय सीरिज साझाा करने मे
(d) HIV रोगी के साथ शौचालय साझा करने से

उत्तर–(d)

119. एचआईवी (HIV), यौन संपर्क से क्यों फैलता है? [Group-D 28/09/2022, 1st Shift]

(a) विषाणु यौन अंगों की त्वचा में मौजूद होता है
(b) विषाणु शुक्राणु के अंदर होता है
(c) विषाणुग्रस्त कण (Viral particles), शुक्र (seminal fluids) में प्रचुर मात्रा में मौजूद होते है
(d) यौन संपर्क के दौरान रक्त मिश्रित होता है

उत्तर–(c)

120. इनमें से कौन सा, बेरीबेरी (Beriberi) का एक लक्षण है?
[Group-D 28/09/2022, 1st Shift]
(a) अस्वस्थ त्वचा और सूजा हुआ उदर
(b) कमजोर पेशियां और निम्न ऊर्जा
(c) कमजोर दांत तथा मसूडों से खून आना
(d) कमजोर दृष्टि या आंशिक अंधता उत्तर–(b)

121. निम्नलिखित में से कौन सा गर्भनिरोधन की रोध विधि (barrier method) का उदाहरण है ? [SSC CGL-2021]
[Group-D 27.09.2022 Shift 2]
(a) शुक्रवाहिक-उच्छेदन (Vasectomy)
(b) कंडोम
(c) खाई जाने वाली गोलियां (Oral Pills)
(d) लूप उत्तर–(b)

122. नीचे उल्लिखित सभी विवियां, HIV संक्रमण को प्रभावी रूप से रोकने के लिए प्रयोग की जाने वाली विधियां हैं। निम्न में से कौन सी वह विधि है, जो अभी तक प्रयोग नहीं की जाती है ? [Group-D 26.08.2022, Ist Shift]
(a) रक्त आधान की सुरक्षित विधि
(b) रोगाणुमुक्त इंजेक्शन सुइयों का उपयोग
(c) उपलब्ध टीकों का उपयोग
(d) सुरक्षित और रक्षित सेक्स उत्तर–(c)

123. निम्न में से किस रोग में शरीर उन अनेक छोटे-मोटे संक्रमणों से भी नहीं लड़ पाता है, जिनका हम प्रतिदिन सामना करते हैं ? [Group-D 22.9.2022 2nd Shift]
(a) निमोनिया (Pneumonia)
(b) एचआईवी-एड्स (HIV–AIDS)
(c) सुजाक (Gonorrhoea)
(d) टाइफॉइड (Typhoid) उत्तर–(b)

124. एचआईवी (HIV) से संक्रमित होने से बचना क्यों महत्वपूर्ण है ? [Group-D 22.9.2022 2nd Shift]
(a) क्योंकि यह माता-पिता से बच्चों में फैलता है
(b) क्योंकि एचआईवी (HIV) का कोई उपचार नहीं है
(c) क्योंकि इसकी वजह से पूरे परिवार का सामाजिक बहिष्कार होता है
(d) क्योंकि इसके कारण आंशिक पक्षाघात होता है उत्तर–(b)

125. निम्न में से कौन-सा औषधीय पौधा रक्तचाप के उपचार के लिए सबसे अच्छी औषधि (उपाय) है ?
[Group-D 18.08.2022 2nd Shift]
(a) आलुकम् (b) सर्पगंधा
(c) नवमल्लिका (d) रजनीगंधा उत्तर–(b)

126. गर्भ निरोधक गोलियों के प्रभाव से .... रूक जाता है।
[Group-D 18.08.2022 2nd Shift]
(a) निषेचन और भ्रूण अंतर्रोपण
(b) अंडोत्सर्ग
(c) अंडोत्सर्ग और भ्रूण अंतर्रोपण
(d) अंडोत्सर्ग और निषेचन उत्तर–(d)

127. कठोर शारीरिक रम (intense activity) के बाद हुई पैर की पेशियों में ऐंठन से राहत पाने का एक अच्छा तरीका क्या है ? [Group-D, 14.09.2022 Shift-3]
(a) गर्म पैड से हल्की मालिश करना
(b) गर्म मीठा दूध या चाय पीना
(c) दर्द निवारक मरहम लगाना
(d) आइस-पैक को पैरों पर रगड़ना उत्तर–(a)

128. किस वैज्ञानिक/चिकित्सक ने पहली बार-टीकाकरण की शुरुआत की थी ? [BPSC Exam 30.10.2022]
(a) जोसेफ लिस्टर (b) रॉबर्ट कोच
(c) ऐली मेट्सनीकॉफ (d) एडवर्ड जेनर उत्तर–(d)

129. निम्न जोड़ो में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है ?
[BPSC Exam 30.10.2022]
(a) स्कर्वी-थायमीन (b) ट्यूबरकुलोसिस - ए०टी०एस०
(c) टिटनेस - बी०सी०जी० (d) मलेरिया - क्लोरीक्वीन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
उत्तर–(e)

■■■

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

पोषण एवं विटामिन (Nutrition & Vitamins)

पोषण (Nutrition)

❖ यह एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें भोजन को ग्रहण, पाचन तथा पचे हुए पदार्थों को रक्त में शामिल करने की क्रिया की जाती है।

❖ पोषण के द्वारा शरीर के निर्माण, शरीर के लिए जरूरी ऊर्जा की पूर्ति तथा शरीर के अन्दर होने वाली टूट-फूट के मरम्मत का कार्य किया जाता है।

➤ **Nutrition दो प्रकार का होता है–**

1. **स्वपोषण (Autotrophic Nutrition) :**

❖ वैसा पोषण जिसमें जीव अपना भोजन स्वयं बनाते हों **Autotrophic Nutrition** कहा जाता है। जैसे–हरे पौधे।

❖ इसे Holophytic Nutrition भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें सरल यौगिक, को जटिल यौगिक में परिवर्तित किया जाता है।

2. **परपोषण (Heterotrophic Nutrition) :**

❖ वैसा पोषण जिसमें जीव भोजन के लिए अन्य जीवों पर निर्भर होते हैं।

❖ इस प्रकार के जीव में अपना भोजन बनाने की क्षमता नहीं होती है। जैसे–सभी जीव-जन्तु।

➤ **परपोषण निम्नलिखित प्रकार के होते हैं–**

1. **प्राणी सदृश्य (Holozoic Nutrition/Animal Type Nutrition) :**

❖ इस प्रकार के पोषण में जटिल यौगिकों (Complex Compounds) को enzyme की सहायता से सरल यौगिक में परिवर्तित किया जाता है। जैसे–मनुष्य, हाथी, घोड़ा, पक्षी इत्यादि।

2. **मृतोपजीवी परपोषण (Saprophytic Nutrition) :**

❖ वैसा पोषण जिसमें जीव अपना भोजन अन्य जीवों के मरे हुए शरीर को सड़ा कर (Decay) प्राप्त करता है।

❖ इसके अन्तर्गत Bacteria एवं Fungus को शामिल किया है।

3. **परजीवी परपोषण (Parasitic Nutrition) :**

❖ वैसा पोषण जिसमें कोई जीव अन्य जीवों के शरीर पर आश्रित रहता है तथा उससे भोजन एवं आवास प्राप्त करता है उसे परजीवी कहा जाता है। जैसे–Leech (जोंक), Lice (जूँ), Ascaris, Tape Worm (फीता कृमि), Cuscuta (अमरबेल)

➤ **स्तनधारी में पोषण :**

❖ स्तनधारी में पोषण तीन प्रकार का होता है–

1. **शाकाहारी (Herbivorous) :**

❖ वैसा जीव जो अपना भोजन पौधों से प्राप्त करते हैं, शाकाहारी कहलाते हैं।
जैसे–खरगोश, बकरी, गाय इत्यादि।

2. **मांसाहारी (Carnivorous) :**

❖ वैसा जीव जो अन्य जीवों को भोजन के रूप में ग्रहण करते हैं, माँसाहारी कहलाता है।
जैसे–बाघ, चीता, शेर, साँप, मेंढक इत्यादि।

3. **सर्वाहारी (Omnivorous) :**

❖ वैसा स्तनधारी जीव जो भोजन के रूप में पौधों के साथ-साथ जन्तु के माँस का भक्षण करते हैं, Omnivore कहलाते हैं। जैसे–मनुष्य, जंगली सुअर, चिम्पांजी, भालू।

1. मनुष्य एवं तिलचट्टा किस वर्ग का उदाहरण है– **सर्वाहारी**

➤ **भोजन के अवयव (Components of Food) :**

❖ मनुष्यों में शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, जिसमें कुल मिलाकर 40 तत्त्व होते हैं।

❖ इन सभी तत्वों में **कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन** तथा **वसा** महत्त्वपूर्ण भाग होता है।

❖ इसके अलावा खनिज लवण, जल तथा विटामिन शामिल होते हैं।

❖ तत्त्वों के आकार के आधार पर इन्हें दो भागों में बाँटा जाता है–

1. **वृहद अणु (Macromolecule) :**

❖ भोजन में मौजूद वैसे अणु जिनका आकार बड़ा होता है, उसे Macromolecule कहा जाता है।

❖ वृहद अणु को पाचने के दौरान सूक्ष्म अणु में परिवर्तित किया जाता है। यह निम्नलिखित प्रकार का होता है–
A. कार्बोहाइड्रेट (Carbohydrate) : Glucose
B. प्रोटीन (Protein) : Amino Acid
C. वसा (Fats or Lipid) : Fatty Acid

2. **सूक्ष्म अणु (Micromolecule) :**

❖ भोजन में मौजूद वैसे घटक (Component) जिनका आकार छोटा होता है, सूक्ष्म अणु कहलाता हैं।

❖ Micromolecule को पचाने की आवश्यकता नहीं होती है।

❖ इसके अन्तर्गत निम्नलिखित घटकों को शामिल किया जाता है–
A. Vitamin (विटामिन)
B. Mineral Salt (खनिज लवण)
C. Water (जल)

1. वृहद अणु (Macromolecule)

A. CARBOHYDRATE

❖ यह भोजन का सबसे बड़ा भाग होता है।

❖ Carbohydrate Carbon, Hydrogen तथा Oxygen (1 : 2 : 1) से बना यौगिक है, जिसे HYDRATED CARBON भी कहा जाता है।

❖ इसका सामान्य सूत्र $(CH_2O)_n$ है।

❖ संरचना के आधार पर **Carbohydrate** दो प्रकार के होते हैं-

(a) **Simple Carbohydrate :**

❖ वैसा Carbohydrate जिसमें शर्करा (Saccharide) के एक ही अणु पाए जाते हैं उसे Simple Carbohydrate कहा जाता है।

❖ एक ही अणु के कारण इसे Monosaccharide भी कहा जाता है।

❖ **Monosaccharide :**

❖ इसे पचाने की आवश्यकता नहीं होती है।

❖ यह जल में घुलनशील होता है।

❖ इसे ग्रहण करने पर शरीर को शीघ्र ही ऊर्जा प्राप्त हो जाती है।
जैसे–Glucose, Fructose, Galactose

(b) **Complex Carbohydrate :**

❖ वैसा Carbohydrate जिसमें Monosaccharide से अधिक अणु मौजूद होता है, **Complex Carbohydrate** कहलाताहै।

❖ यह दो प्रकार का होता है–
(i) Diasaccharide   (ii) Polysaccharide

(i) Diasaccharide :
- ❖ वैसा Carbohydrate जिसमें Mono-saccharide के 2 अणु पाए जाते हैं, Disaccharide कहलाता है। यह जल में घुलनशील होता है।
- ❖ **Maltose :**
- ❖ इसका निर्माण **ग्लूकोज** के **2 अणु** द्वारा होता है।
- ❖ माल्टोज अंकुरित बीजों, सुक्रोज (गन्ने) में होती है।
- ❖ **Sucrose :**
- ❖ इसका निर्माण Glucose तथा Fructose अणु द्वारा होता है।
- ❖ **Lactose :**
- ❖ इसका निर्माण Glucose तथा Galactose के द्वारा होता है।
- ❖ लैक्टोज की सर्वाधिक प्रतिशत मात्रा मानव माता के दुग्ध से होती है।
- ❖ **Trihalose :**
- ❖ यह कीटों के रक्त में पाया जाता है।
- ❖ इसका निर्माण Glucose के दो अणु के मिलने से होता है।

(ii) Polysaccharide :
- ❖ वैसा Carbohydrate जिसमें Mono-saccharide के बहुत सारे अणु (2 से अधिक) होते हैं, उसे Polysaccharide कहा जाता है।
- ❖ यह जल में अघुलनशील होता है। जैसे–Starch, Glycogen, Chitin, Cellulose

➤ **कार्बोहाइड्रेट के कार्य (Functions of Carbohydrate) :**
- ❖ शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है।
- ❖ ग्लूकोज के रूप में ऊर्जा उत्पादन के लिए ईंधन का काम करते हैं।
- ❖ पॉलीसैकराइडस के रूप में **कोशकला** और **संयोजी ऊतकों (cellular and connective tissue)** की रचना में भाग लेते हैं।
  - स्टार्च के रूप में **"संचित ईंधन"** का काम करते हैं।
  - वसा में बदलकर **"संचित भोजन"** का काम करते हैं।
  - RNA एवं DNA के घटक होते हैं।
  - सेलुलोज के रूप में पादपों की **कोशा-भित्ति (cell wall)** बनाते हैं।
  - भारतीय भोजन में शर्कराओं एवं अन्य कार्बोहाइड्रेटस की मात्रा 65% तक होती है।
  - मधुमेह के रोगी भोजन में मिठास के लिये **सैकरिन** का उपयोग करते हैं। सैकरिन एक कृत्रिम और शर्करा से कहीं अधिक मीठा पदार्थ होता है, परन्तु शर्करा नहीं होता।
- ❖ कार्बोहाइड्रेट का परीक्षण आयोडिन (I_2) से किया जाता है। यह कौन-सा रंग देगा– **नीला-काला** **[NCERT Exemplar]**

1 gm Carbohydrete = 4.2 Cal

B. प्रोटीन (Protein)
- ❖ सर्वप्रथम 1838 ई. में **बर्जीलियस** ने Protein शब्द का प्रयोग किया।
- ❖ भार में सजीव कोशिका का लगभग 14% भाग तथा मृत व सूखी कोशिका का लगभग 50% भाग प्रोटीन्स का होता है।
- ❖ प्रत्येक जीन में एक विशेष प्रकार की प्रोटीन की रूपरेखा होती है। इसीलिए कोशिकाओं में इतने विभिन्न प्रकार की प्रोटीन्स के अणु पाए जाते हैं।
- ❖ पूर्ण विखण्डन पर शुद्ध प्रोटीन्स के अणु सरल अमीनो अम्लों के अणुओं में टूटते हैं।
- ❖ अत: प्रोटीन्स अमीनों अम्लों के यौगिक होते हैं, अर्थात अमीनों अम्ल इनकी संयोजक इकाइयाँ (monomers) होती है।
- ❖ अनेक जटिल प्रोटीन्स मेटाबोलिक प्रतिक्रियाओं में **उत्प्रेरकों** अर्थात **एंजाइम** का काम करती हैं।
- ❖ कुछ प्रोटीन्स हॉर्मोन्स के रूप में, कोशाओं की क्रियाओं का नियमन करती है। इन्हें **नियामक प्रोटीन्स** (regulatory proteins) कहते हैं।
- ❖ अनाज, अण्डों, दूध आदि की पोषक प्रोटीन्स से ऐसे अमीनों अम्ल प्राप्त होते हैं।
- ❖ प्रोटीन्स स्वभावत: क्षारीय होता है और शरीर में **अम्ल क्षार संतुलन** बनाये रखने में महत्वपूर्ण सहयोग देती है।
- ❖ Protein एक नाइट्रोजन का यौगिक होता है।
- ❖ भोजन में मौजूद Protein पचने के उपरान्त **Amino Acid** में परिवर्तित होते हैं।
- ❖ शरीर के लिए आवश्यक Protein का निर्माण **Amino Acid** के द्वारा होता है।
- ❖ शरीर के लिए आवश्यक सभी Protein का निर्माण कुल मिलाकर **20 Amino Acid** के द्वारा होता है।

➤ **प्रोटीन के कार्य (Functions of Protein) :**
- ❖ यह शरीर का निर्माण करता है। इसलिए इसे Building Block कहा जाता है।
- ❖ ऊर्जा की आपूर्ति करना, प्रोटीन की कमी से क्वाशियोर्कर तथा मरास्मस नामक रोग होता है।
- ❖ प्रोटिन का परीक्षण $CuSO_4$ से किया जाता है। यह कौन-सा रंग देगा–**बैंगनी** **[NCERT Exemplar]**
- ❖ मानव शरीर में धीमा वृद्धि किसके कमी के कारण होता है–**प्रोटिन** **[NCERT Exemplar]**

1 gm प्रोटीन द्वारा शरीर को 4.2 Calorie ऊर्जा प्राप्त होती है।

B. वसा (Fats/Lipid)
- ❖ Lipid शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम **BLOOR (ब्लोर)** ने **1943** में किया।
- ❖ भोजन में मौजूद वसा पाचन के उपरान्त Fatty Acid तथा Glycerol में टूट जाते हैं, जो कोशिकाओं के द्वारा पुन: व्यवस्थित होकर शरीर के लिए जरूरी Fats का निर्माण करते हैं।
- ❖ Fats शरीर के महत्वपूर्ण अंगों की सुरक्षा प्रदान करता है।
- ❖ इसके द्वारा कोशिका द्रव्य, कोशिका झिल्ली, **केन्द्रक द्रव्य**, **केन्द्रक झिल्ली** इत्यादि का निर्माण किया जाता है।
- ❖ Fats के द्वारा ऊष्मा का निर्माण होता है, जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित होता है।
- ❖ इसके द्वारा Adipose Tissue का निर्माण होता है।
- ❖ वसा कुछ Vitamins के लिए Solvent (विलायक) का कार्य करता है, जैसे-Vitamin A, Vitamin D, Vitamin E & Vitamin K
- ❖ वसा के लिए ऊर्जा का मान सबसे अधिक होता है।

1 gm वसा = 9.2 Cal

- ❖ किसी वसा के संयोजन में समान या विभिन्न प्रकार के वसीय अम्लों के अणु भाग ले सकते हैं। इसलिए, वसाएँ भी अनेक प्रकार की होती हैं।
- ❖ यह दूध, घी, मक्खन, बीज के तेल, Nuts (Dry Fruit) में पाए जाते हैं।
- ❖ कुछ वसीय अम्लों में **दोहरे बन्ध** (double bonds) होते हैं जिनके कारण **इनमें हाइड्रोजन अणुओं की जितनी संख्या हो सकती है उतनी नहीं होती**। इसीलिये ऐसे वसीय अम्ल और इनसे युक्त वसायें **असंतृप्त** (unsaturated) तथा अन्य **संतृप्त** (saturated) कहलाती है।

- ❖ अधिकांश पादप-वसायें, जैसे कि मूँगफली, तिल, सरसों, सूरजमुखी आदि के तल **असंतृप्त** होती है।
- ❖ ये हमेशा तरल अवस्था में रहती है।
- ❖ इनमें अलग से **हाइड्रोजन** मिलाकर इनसे "**वेजीटेबल घी**" बनाया जाता है।
- ❖ अधिकांश जन्तु-वसायें (घी, चर्बी, मक्खन आदि) **संतृप्त होती हैं,** क्योंकि इनमें दोहरे बन्ध वाले वसीय अम्ल नहीं होते है। इसीलिये ये जाड़ों में ठोस या अर्धठोस हो जाती है।
- ❖ भोजन में इनकी लगातार अधिकता से **ऐथरोस्क्लीरोसिस** नामक रोग हो जाता है।
- ❖ वसाओं के विखण्डन से भी ऊर्जा मुक्त होती है।
- ❖ इनमें O_2 कम होने के कारण इनका ऑक्सीकरण अधिक होता है।
- ❖ अत: ये कार्बोहाइड्रेटस की तुलना में दुगनी से कुछ अधिक ऊर्जा मुक्त करती है।
- ❖ अधिकांश पादप वसाओं में असंतृप्त वसीय अम्लों की बहुतायत होती है।
- ❖ मनुष्य तथा अन्य स्तनियों में प्रमुख वसा डिपो त्वचा के ठीक नीचे एक अधस्त्वचीय वसा स्तर (subcutaneous fatty layer) के रूप में होता है जिसे पैनिकुलस ऐडिपोसस (panniculus adiposus) कहते हैं।
- ❖ लाइपोप्रोटीन्स प्रोटीन अणुओं से जुड़ी सामान्य वसायें होती हैं, रुधिर में वसाओं का संचरण इसी रूप में होता है।

➤ **कुपोषण :** यह दो प्रकार का होता है–

कुपोषण

- (i) अतिपोषण
  - मोटापा,
  - हृदय रोग,
  - मधुमेह,
  - ब्लड प्रेशर
- (ii) न्यूनपोषण
  - बच्चों में प्रोटीन के कमी से क्वाशियोरकर तथा मरास्मस

➤ **संतुलित आहार :** वैसा भोजन जिसमें सभी अवयव मौजूद होते हैं जिससे दैनिक ऊर्जा की पूर्ति होती हो तथा कुछ मात्रा भविष्य के लिए संचित रहे, संतुलित आहार कहलाता है।

A. खनिज-लवण (Minerals & Salts)

- ❖ शरीर के महत्त्वपूर्ण अंगों का निर्माण खनिज लवण द्वारा होता है।
- ❖ शरीर में Blood, Bone, Teeth, Nurve Impulse तथा Hormones और Vitamin के निर्माण में खनिज लवण की आवश्यकता होती है।
- ❖ शरीर में Ca, K, Na, P, Cl, Mg, S, I, Co, Fe इत्यादि। खनिज तत्त्व तथा लवण के रूप में पाए जाते हैं।
- ❖ वैसे खनिज जिसकी आवश्यकता शरीर को प्रतिदिन 10gm से ज्यादा होती है, उसे Macro Element कहा जाता है। जबकि कुछ खनिज की आवश्यकता बिल्कुल नगण्य होती है उसे Micro Element या Trace Element कहा जाता है।

■ **कैल्शियम (Calcium)**–मानव शरीर के समस्त खनिज तत्त्वों में Ca की मात्रा सर्वाधिक (शरीर के भार का 2%) होती है।

- ❖ सामान्यत: एक व्यक्ति को प्रतिदिन 0.5 से 0.9 ग्राम खनिज तत्व की आवश्यकता होती है।
  - कैल्सियम अस्थि एवं दांतों का निर्माण करता है।
  - यह रक्त के जमने में सहायता करता है।
  - यह नाड़ियों को स्वस्थ बनाता है।
  - यह एन्जाइम्स को स्रावित होने में सहायता करता है।
  - इसका प्रमुख स्रोत दूध एवं उससे बनी वस्तुएँ, हरी पत्तेदार सब्जियों, चावल को छोड़कर अन्य बहुत से अनाज जैसे–गेहूँ, बाजारा, रागी, मक्का इत्यादि में पाया जाता है।

■ **फास्फोरस (Phosphorus)**–हड्डियों के विकास के लिए फास्फोरस की आवश्यक है।

- ❖ एक सामान्य व्यक्ति को प्रतिदिन 0.5 से 0.9 ग्राम फास्फोरस की आवश्यकता होती है।
  - यह कैल्सियम के साथ संयुक्त होकर अस्थि एवं दांतों का निर्माण करता है।
  - वसा एवं कार्बोहाइड्रेट के पाचन में सहायता करता है।
  - रक्त में इसकी उपस्थिति से शारीरिक **अम्ल-क्षार संतुलन** ठीक रहता है।

■ **मैग्नीशियम (Magnesium)**–एक सामान्य व्यक्ति के दैनिक आजार में 3.5 मिग्रा मैग्नीशियम की संस्तुति की गई है।

- ❖ यह मानव शरीर में कैल्शियम तथा फास्फोरस का उचित सन्तुलन एवं समन्वय बनाए रखने में महत्वपूर्ण कार्य करता है।
- ❖ ग्लाइकोलाइसिस तथा वसा-उपापचय में यह सह-कारक का कार्य करता है।
- ❖ तंत्रिकाओं एवं पेशियों की उत्तेजनशीलता को कम करता है।

■ **गंधक (Sulphur)**–सल्फर प्रोटीन निर्माण का आवश्यक घटक है।

- ❖ यह विविध प्रकार के प्रोटीन में 0.2 से 7.0% तक के भाग का निर्माण करता है।
- ❖ सामान्यत: भोजन में इस तत्व की दैनिक आवश्यकता 3.0 मिग्रा निर्धारित की गई है।
- ❖ यह शरीर में अमीनों अम्ल के साथ संयुक्त रूप में पायी जाती है।
- ❖ इसकी कमी से प्रोटीन मेटावोलिज्म में खामिया उत्पन्न हो जाता है।

■ **लोहा (Iron)**–लौह लवण की कमी अधिकांशत: बालकों एवं महिलाओं में पायी जाती है।

- ❖ लौह लवण के रक्त का हीमोग्लोबिन बनता है जो शरीर में आक्सीजन का संवाहक होता है।
- ❖ लोहे की कमी के परिणामस्वरूप रक्त की यह क्षमता कम हो जाती है, जिसे अरक्तता (Anaemia) कहते हैं।
- ❖ अरक्तता का कोई विशेष लक्षण दृष्टिगोचर नहीं होता है।
- ❖ यह मायोग्लोबिन तथा साइटोक्रोम एंजाइम का घटक है।
- ❖ इसकी कमी से शरीर में क्षीणता आती है तथा अत्यधिक थकान महसूस होती है।
- ❖ इसकी तीव्र अवस्था से आंखों के सामने अंधेरा आना, चक्कर आना, भूख न लगना, इत्यादि लक्षण पाये जाते हैं।
- ❖ यकृत इसका सर्वोत्तम स्रोत है। इसके अतिरिक्त **मेथी पालक, पुदीना, धनिया पत्ता** इत्यादि में लौह तत्त्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

■ **आयोडीन (Iodine)**–वयस्क मानव के शरीर में लगभग 5 से 6 मिलीग्राम आयोडीन होती है जिसकी अधिकांश मात्रा थाइरॉइड ग्रन्थि में रहती है।

- ❖ इस प्रकार थाइरॉइड ग्रन्थि आयोडीन के भण्डारण (storage) का काम करती है।
- ❖ आयोडीनयुक्त हॉरमोन्स का सामान्य मात्राओं में स्रावण करते रहने के लिए थाइरॉइड ग्रन्थि लगभग 150 माइक्रोम (Microgram-μg, अर्थात् 0.15 मिलीग्राम) आयोडीन का प्रतिदिन उपयोग करती है।
- ❖ भोजन की आयोडीन का रुधिर अवशोषण (absorption) तथा संचरण (Circulation) आयोडीन आयनों (I^-) के रूप में होता है।

- इससे शरीर में थारॉक्सिन की कमी हो जाती है और मनुष्य में उपाचय की गति धीमी हो जाती है।

B. जल (Water)

- शरीर में सबसे अधिक मात्रा जल (70-75%) का होता है।
- जल भोजन के पाचन के लिए माध्यम का निर्माण करता है।
- जल के द्वारा शरीर के तापमान को नियंत्रित किया जाता है।
- शरीर के विभिन्न अंगों के Movement (गति) में जल Lubricant (स्नेहक) का कार्य करता है।
- जल पाचन के उपरान्त शरीर को किसी भी तरह की ऊर्जा आपूर्ति नहीं करता है।

विटामिन (Vitamins)

- विटामिन की खोज 1911 ई. में फंक (Funk) के द्वारा की गयी। विटामिन से शरीर को किसी प्रकार की ऊर्जा की प्राप्ति नहीं होती है, किन्तु इसकी थोड़ी सी मात्रा हमारे शरीर के लिए काफी लाभदायक होती है।
- वसा में घुलनशील विटामिन - **A, D, E एवं K है।**
- जल में घुलनशील विटामिन - B एवं C है।

विटामिन के कार्य (Functions Vitamins)

■ **विटामिन, उपापचयी** (Metabolism) प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये विभिन्न रोगों से शरीर की रक्षा करते हैं।

नाम	कमी का प्रभाव	स्रोत
• **विटामिन-A (रेटिनॉल)**	आँख (कॉर्निया) प्रभावित होता है।	कैरोटीन युक्त फल, जिगर वे आंत्रीय श्लेष्मा से
• B1 – थायमीन	बेरी-बेरी	अनाज, अण्डा, माँस इत्यादि।
• B2 – (राइबोफ्लैविन)	कीलोसिस	अण्डा, हरी, पत्तियाँ, दूध, यीस्ट, यकृत, माँस।
• B3 – नियासिन (निकोटिनिक अम्ल)	पेलाग्रा	यीस्ट, माँस, यकृत, दूध, मछली, अण्डा, मटर।
• B5 – (पेन्टोथीनिक अम्ल)	चर्म रोग, वृद्धि कम, बाल सफेद, जनन क्षमता में कमी	अण्डा, यकृत, माँस, दूध, टमाटर, मूँगफली, गन्ना।
• B6 – (पाइरीडॉक्सिन)	रक्तक्षीणता, चर्म रोग, पेशीय ऐंठन	दूध, यीस्ट, अनाज, माँस, यकृत।
• B7 – (बायोटिन)	चर्म रोग, बालों का झड़ना अभिक्रियाओं में सहएन्जाइम	माँस, गेहूँ, अण्डा, मूँगफली, सब्जी, फल।
• B9 – (फोलिक अम्ल)	रक्तक्षीणता, वृद्धि में कमी	हरी पत्तियाँ, यकृत, सोयाबीन, यीस्ट, गुर्दे।
• B12 – (सायनोकोबाल्मिन)	रक्तक्षीणता, तंत्रिका-तंत्र की गड़बड़ियाँ	मछली, यकृत, अण्डा, दूध, आँत के बैक्टीरिया।
• C – (एस्कॉर्बिक अम्ल)	स्कर्वी रोग दाँतों के डेन्टीन का निर्माण	नींबू, खट्टे फल
• **विटामिन-D (कैल्सिफेरॉल)**	सूखा रोग (ऑस्टियोमैलासिया)	मक्खन, यकृत, मछली का तेल, गुर्दा, अण्डे, यीस्ट, सूर्य के प्रकाश द्वारा संश्लेषित।
• **विटामिन-E (टोकोफेरॉल)**	जनन क्षमता में कमी, एपिथीलियम कमजोर।	तेल, गेहूँ, सोयाबीन।
• **विटामिन-K (फिलोक्विनोन)**	चोट पर रक्त का थक्का न जमने से अधिक रक्तस्राव।	हरी, पत्तियाँ, यकृत, अण्डा आँत के बैक्टीरिया

Note :

- मछली में विटामिन "A" तथा मछली के यकृत में विटामिन "D" पाया जाता है।
- बड़ी आँत के colon वाले क्षेत्र में कुछ सहजीवी (Symbotic) bacteria पाए जाते हैं जिसके द्वारा vitamin B_3, B_6, B_{12} और Vitamin K का निर्माण किया जाता है।
- भोजन बनाने के दौरान विटामिन B_1, विटामिन, B_2, विटामिन B_6, विटामिन B_{11} और विटामिन B नष्ट हो जाता है।
- विटामिन B एकमात्र विटामिन है, जिसे जीव-जंतु से प्राप्त नहीं किया जाता है। यह केवल पेड़-पौधा से ही प्राप्त किया जाता है।
- Vitamin शरीर को न ही ऊर्जा देता है और न ही शरीर के निर्माण में भाग लेता है। यह बीमारी से सुरक्षा पहुँचाती है।
- Vitamin रक्त (Blood), Hormone तथा Nurve Impulse (तंत्रिका आवेग) के निर्माण में मदद करता है।
- मसूढ़ों से खून निकलना, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी, घाव भरने में अधिक समय लगना किसके कमी से होता है–**विटामिन-C**
[NCERT Exemplar]
- दुर्बल पेशियाँ और काम करने की ऊर्जा में कमी किस रोग का लक्षण है–
बेरी-बेरी (B_1)
[NCERT Exemplar]
- किसी पोषक तत्त्व का उपयोग कर बीमारी को ठीक करना Fortification कहलाता है।
- कुछ विटामिन का निर्माण सहजीवी जीवाणु (Sybiotic Bacteria) द्वारा बड़ी आंत के Colon region में किया जाता है।
जैसे–Vitamin B_3, B_6 B_{12} & K

- ❖ शरीर में विटामिन का संचय बहुत कम होता है। इनकी अधिकांश मात्रा का सूत्र के साथ उत्सर्जन होता रहता है। इसलिए, इन्हें प्रतिदिन भोजन से ग्रहण करना आवश्यक होता है।
- ❖ जल में घुलनशील विटामिनों की आवश्यकता से अधिक मात्रा का मूत्र के साथ उत्सर्जन होता रहता है।

Note : दूध में विटामीन C नही पाया जाता है।

OBJECTIVE QUESTIONS

1. निम्नलिखित में से कौन-सा पोषक तत्व दूध में नहीं होता है? [NCERT Exemplar]

(a) प्रोटीन (b) विटामिन सी
(c) कैल्शियम (d) विटामिन डी **उत्तर–(b)**

2. उस विटामिन का नाम बताएं जिसकी कमी के कारण अत्यधिक खून बहने लगता है? [SSC स्नातक स्तरीय-2019] [RRB ALP/ Tech. 17.08.2018, Shift-II]

(a) विटामिन A (b) विटामिन B
(c) विटामिन K (d) विटामिन C **उत्तर–(c)**

3. निम्न में से किसकी कमी से रिकेट्स बीमारी होती है ? [RRB ALP/ Tech. 31-08-2018, Shift-3]

(a) विटामिन D (b) विटामिन A
(c) विटामिन B (d) विटामिन C **उत्तर–(a)**

4. मछली के लीवर ऑयल में .... प्रचुर मात्रा में होता है। [RRB ALP/ Tech. 2018]

(a) विटामिन-A
(b) दोनों विटामिन-A और विटामिन-D
(c) विटामिन-E
(d) विटामिन-D **उत्तर–(d)**

5. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कैल्शियम का समृद्ध स्रोत नहीं है ? [SSC संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा-2013]

(a) पनीर (b) कोलार्ड ग्रीन्स
(c) अंजीर (d) गाजर **उत्तर–(d)**

6. घाव को भरने में सहायक विटामिन है–[SSC CGL-2021] [BSSC Exam- 2018]

(a) विटामिन बी (b) विटामिन सी
(c) विटामिन ए (d) विटामिन डी **उत्तर–(b)**

7. विटामिन ए (Vitamin A) की कमी से कौन-सा रोग होता है ? [RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]

(a) रतौंधी (b) बेरी-बेरी
(c) एनीमिया (खून की कमी) (d) ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) **उत्तर–(a)**

8. गाजर में विटामिन A की उच्च मात्रा मौजूद होती है। गाजर खाते से बच्चे को क्या मदद मिलती है ? [Group-D, 07.10.2022 Shift-3]

(a) इससे बच्चे को कई बीमारियों से लड़ने में मदद मिलेगी।
(b) इससे बच्चे को अच्छी मात्रा में ऊर्जा मिलेगी।
(c) इससे बच्चे की हड्डियां मजबूत होंगी।
(d) इससे बच्चे की आंख की रोशनी बेहतर होगी। **उत्तर–(d)**

9. निम्नलिखित में से कौन-सा विटामिन रक्त के थक्के बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ? [RRB ALP/ Tech. 2014]

(a) विटामिन B_{12} (b) विटामिन D
(c) विटामिन A (d) विटामिन E **उत्तर–(a)**

10. सामान्य जुकाम के इलाज के लिए किस विटामिन का उपयोग किया जाता है ? [RRB JE/Sr. Se Guwahati 2014]

(a) विटामिन D (b) विटामिन A
(c) विटामिन C (d) विटामिन B **उत्तर–(c)**

11. पेलैग्रा .... की कमी के कारण होता है। [RRB NTPC 2017]

(a) राइबोफ्लेविन (b) एस्कॉर्बिक
(c) फोलिक एसिड (d) नियासिन **उत्तर–(d)**

12. विटामिन K, प्राकृतिक रूप से .... में पाए जाने वाले जीवाणुओं द्वारा निर्मित होता है। [RRB ALP/ Tech. 2014]

(a) अग्न्याशय (b) गुर्दा
(c) हृदय (d) आंत **उत्तर–(d)**

13. राइबोफ्लेविन क्या है ? [बिहार दरोगा-2019] [Chhattisgarh P.C.S (Pre) 2002]

(a) एंटीबायोटिक (b) रजक पदार्थ
(c) विटामिन (d) पौधा **उत्तर–(c)**

14. निम्नलिखित में से किस विटामिन में कोबाल्ट नामक खनिज पाया जाता है ? [SSC-GD-2017] [SSC स्टेनोग्राफर (ग्रेड C एवं D) परीक्षा-2011]

(a) विटामिन K (b) विटामिन B_2
(c) विटामिन B_{12} (d) विटामिन B_6 **उत्तर–(c)**

15. कोबालमिन को .... भी कहा जाता है। [RRB ALP/ Tech. 2014]

(a) विटामिन-D (b) विटामिन-B_{12}
(c) विटामिन-A (d) विटामिन-C **उत्तर–(b)**

16. .... में विटामिन डी सबसे ज्यादा होता है– [RRB JE 2015]

(a) बिनौला (कॉटन सीड) का तेल
(b) जैतून का तेल
(c) कॉड लिवर तेल (मछली का तेल)
(d) सूरजमुखी का तेल **उत्तर–(c)**

17. निम्न में किसमें विटामिन-सी की मात्रा सर्वाधिक होती है ? [RRB NTPC 2017]

(a) गाजर (b) अमरूद
(c) आम (d) संतरा **उत्तर–(d)**

18. निम्नलिखित में से क्या आँत के जीवाणुओं द्वारा संश्लेषित होता है ? [RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]

(a) विटामिन B_{12} (b) विटामिन C
(c) विटामिन K (d) विटामिन A **उत्तर–(a)**

19. विटामिन D का स्रोत है– [R.A.S/R.T.S. (Pre) 1999]

(a) नींबू (b) सूर्य की किरणें
(c) संतरा (d) काजू **उत्तर–(b)**

20. विटामिन C को .... भी कहा जाता है। [BSSC-2013]

(a) एसिटिक एसिड (b) एस्कॉर्बिक एसिड
(c) राइबोफ्लेविन (d) फोलिक एसिड **उत्तर–(b)**

21. निम्नलिखित में से विटामिन A का अच्छा स्रोत क्या है ? [SSC CGL-2021]

(a) पत्ता गोभी (b) गाजर
(c) आलू (d) स्ट्रॉबेरी **उत्तर–(b)**

22. नीचे एक अभिकथन (A) और कारण (R) दिया गया है।
अभिकथन (A) : बेरी-बेरी एक विषाणुजनित संक्रमण है।
कारण (R) : विटामिन की कमी बीमारियों का कारण बनती हैं।
सही विकल्प चुनें– [SSC (C.P.O) परीक्षा-2004, 06]

(a) A गलत है लेकिन R सही है
(b) A सही है लेकिन R गलत है
(c) A और R दोनों गलत है
(d) A और R दोनों सही हैं और R, A की उचित व्याख्या है

उत्तर–(a)

23. विटामिन A किससे संबंधित है ? [RRB Group-D 2018]

(a) कोबालामिन (b) रेटिनॉल
(c) एस्कॉर्बिक एसिड (d) एमिनो एसिड **उत्तर–(b)**

24. रतौंधी रोग .... की कमी के कारण होता है। [SSC-JE-2020]

(a) विटामिन A (b) विटामिन B
(c) विटामिन C (d) विटामिन D **उत्तर–(a)**

25. कौन-सा विटामिन शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाता है ? [47nd BPSC (Pre) 2005]

(a) A (b) D
(c) B (d) B6 **उत्तर–(b)**

26. निम्न में से कौन-सा जिंक का उच्चतम स्रोत है ? [RRB ALP/Tech. 2014]

(a) तरबुज (b) बैंगन
(c) मूली (d) दूध **उत्तर–(a)**

27. विटामिन्स क्या होते हैं ? [RRB ALP/Tech. 2014]

(a) कार्बनिक यौगिक (b) अकार्बनिक यौगिक
(c) जीवित जीव (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(a)

28. विटामिन B1 को .... भी कहा जाता है। [RRB JE/Sr. Se Patna 2014]

(a) थायमिन (b) एस्कॉर्बिक एसिड
(c) बायोटिन (d) नियासिन **उत्तर–(a)**

29. निम्नलिखित सब्जियों में से विटामिन सी किसमें पाया जाता है— [RRB NTPC 2017]

(a) मिर्च में (b) कुम्हड़े में
(c) मटर में (d) मूली में **उत्तर–(a)**

30. केला किस विटामिन का एक अच्छा स्रोत है ? [RRB G-D 2018]

(a) A (b) C
(c) D (d) B **उत्तर–(d)**

31. विटामिन 'सी' का मुख्य स्रोत है– [SSC-GD-2017] [RRB ALP/Tech. 2014]

(a) कच्चे एवं ताजे फल (b) दूध
(c) घी (d) दालें **उत्तर–(a)**

32. बेरी-बेरी किस वजह से उत्पन्न होता है ? [BSSC Exam-2020]

(a) विटामिन B1 की अधिकता (b) विटामिन B1 की कमी
(c) विटामिन C की अधिकता (d) विटामिन C की कमी

उत्तर–(b)

33. निम्नलिखित में से कौन सी बीमारी ज्यादातर विटामिन 'C' की कमी से होती है। [SSC-JE-2020] [RRB JE/Sr. Se Secunderabad 2014]

(a) स्कर्वी (b) गुर्दे की खराबी
(c) गठियाँवाल (d) श्वसन रोग **उत्तर–(a)**

■■■

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/

पारिस्थितिकी एवं प्रदूषण (Ecology & Pollution)

- ❖ Ecology के अन्तर्गत जीव तथा वातावरण के बीच पारस्परिक संबंधों का अध्ययन किया जाता है। पारिस्थितिकी शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 1868 में रिटर ने किया था ।
- ❖ Ecology के बारे में सर्वप्रथम विस्तृत जानकारी देने वाले वैज्ञानिक Earnst Hackle हैं, इसलिए इन्हें Father of Ecology कहा जाता है।
- ❖ Ecology की इकाई को Ecosystem कहा जाता है।
- ❖ पारितंत्र (Ecosystem) का अध्ययन करने पर Ecology से संबंधित सारी जानकारी प्राप्त होती है।
- ❖ वनस्पति रहित मृदा पर जब वर्षा होती है तो वर्षा का जल मृदा सतह को हानि पहुँचाता है।
- ❖ Ecosystem शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग A.G Tensley ने किया।
- ❖ Ecosystem को दो भागों में बाँटा गया है ।

1. **अजैविक घटक (Abiotic Factor) :** पारितंत्र के वैसे घटक जिनमें जीवन नहीं होता है अर्थात् निर्जीव होते हैं, अजैविक घटक कहा जाता है । जैसे–हवा, जल, मिट्टी, तापमान, आर्द्रता, जलवायु आदि। अजैविक को तीन वर्गों में बाँटा गया है–
   - (i) कार्बनिक घटक (Organic Components) : प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट, ह्यूमस ।
   - (ii) अकार्बनिक घटक (Inorganic Components) : ऑक्सीजन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन और फॉस्फोरस ।
   - (iii) जलवायु (Climate) : प्रकाश, ताप, ऊर्जा, वायु, वर्षा, बादल ।
2. **जैविक घटक (Biotic Factor) :** Ecosystem के वैसे घटक जो सजीव होते हैं, उन्हें जैविक घटक कहा जाता है ।

➤ **जैविक घटक** Biotic Factor निम्नलिखित प्रकार के होते हैं–
- ❖ Producer (उत्पादक)
- ❖ Consumer (उपभोक्ता)
- ❖ Decomposer (अपघटक)

उत्पादक (Producer)

- ❖ इसके अन्तर्गत वैसे जीव को शामिल किया जाता है जो Ecosystem में उत्पादक का कार्य करते हैं अर्थात् भोजन का निर्माण करते हैं। इसमें सभी हरे पौधो को शामिल किया जाता है। क्योंकि हरे पौधे प्रकाश संश्लेषण के द्वारा कार्बोहाइड्रेट का निर्माण करते हैं जो पारितंत्र में भोज्य पदार्थ माना जाता है। जैसे–हरे पौधे ।

उपभोक्ता (Consumer)

- ❖ इसके अन्तर्गत वैसे जैविक घटक को शामिल किया जाता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्पादक पर निर्भर करते हैं अर्थात् भोजन के लिए उत्पादक पर आश्रित होते हैं। यह तीन प्रकार का होता है–

1. **प्राथमिक उपभोक्ता (Primary Consumer) :**
   - ❖ इसके अन्तर्गत वैसे उपभोक्ता को शामिल किया जाता है, जो पौधे या पौधे के उत्पाद को भोजन के रूप में ग्रहण करते हैं, उन्हें प्राथमिक उपभोक्ता कहा जाता है। प्राथमिक उपभोक्ता शाकाहारी होते हैं। **जैसे :** टिड्डा (Grass hopper), खरगोश, बकरी, हिरण इत्यादि।
2. **द्वितीयक उपभोक्ता (Secondary Consumer) :** वैसे उपभोक्ता को शामिल किया जाता है, जो अपना भोजन Primary Consumer से प्राप्त करते हैं, उन्हें Secondary Consumer कहा जाता है। मनुष्य एक सर्वाहारी प्राणी है । ये मांसाहारी होते हैं । जैसे–मेंढ़क, साँप, सियार, लोमड़ी, बिल्ली, कुता, मनुष्य, इत्यादि ...
3. **तृतीयक उपभोक्ता (Tertiary Consumer) :** इस वर्ग में सबसे उच्चतम श्रेणी के उपभोक्ता को शामिल किया जाता है, जो भोजन के रूप में Primary Consumer एवं Secondary Consumer से ग्रहण करते हैं। जैसे–बाघ, शेर, चीता इत्यादि । ये मांसाहारी होते हैं ।

- ❖ पृथ्वी पर जीवन की विविधता को Bio diversity कहते हैं ।

अपघटक (Decomposer)

- ❖ इसके अन्तर्गत कुछ सूक्ष्म जीवों को शामिल किया जाता है, जो Ecosystem में मौजूद जैविक घटक के मरे हुए शरीर को अपघटित करके (Decay) तत्त्वों को पुन: वातावरण में शामिल कर देते हैं। जैसे- जीवाणु, कवक, इत्यादि।

  Charles Eltan ने 1927 ई. में Ecosystem में अलग-अलग श्रेणियों द्वारा भोजन के तरीकों को दर्शाने के लिए एक concept विकसित किया जिसे खाइए और खाने दीजिए ("Eating and Being Eaten") कहा जाता है।

  Eltan ने भोजन के अलग-अलग श्रेणियों को एक श्रृंखला के रूप में प्रस्तुत किया जिसे आहार श्रृंखला (Food Chain) कहा जाता है।

आहार श्रृंखला (Food Chain)

- ❖ इसमें पारितंत्र में अलग-अलग श्रेणियों पर भोजन के तरीके को दर्शाया जाता है। पारितंत्र में सबसे छोटी आहार श्रृंखला में कम से कम तीन श्रेणियाँ होती है, जबकि सबसे लम्बी आहार श्रृंखला में 5 श्रेणियाँ होती है।
- ❖ Grass (घास) → Goat (बकरी) → Lion (शेर)
- ❖ Grass (घास) → Hopper (टिड्डा) → Frog (मेंढ़क) → Snake (साँप) → Peacock (मोर)
- ❖ उच्चतम पोषी स्तर पर ऊर्जा में कमी होना किसी आहार श्रृंखला में पोषी स्तरों की संख्या को सीमित करता है।

[NCERT Exemplar]

आहार जाल (Food Web)

❖ Charles Eltan ने 1927 ई. में आहार जाल के बारे में पहली बार बताने का प्रयास किया।

❖ पारितंत्र में जब कई आहार शृंखला को एक साथ दर्शाया जाता है, तो एक जाल जैसी संरचना का निर्माण होता है जिसे आहार जाल (Food Web) कहा जाता है।



❖ Charles Eltan ने 1942 में पारितंत्र में मौजूद अलग-अलग श्रेणियों में जीवों की संख्या, ऊर्जा का प्रवाह तथा जैविक द्रव्यमान को दर्शाने के लिए Pyramid की संरचना का प्रयोग किया जिसे Ecological Pyramid कहा जाता है।

➤ **Ecological Pyramid तीन प्रकार के होते हैं–**

1. **Pyramid of Number :** पारितंत्र में जैसे-जैसे नीचे से ऊपर की तरफ जाते हैं जीवों की संख्या में कमी आती है, इसे Pyramid के द्वारा दर्शाने पर Upright Pyramid का निर्माण होता है।



Pyramid of Number

2. **Pyramid of Energy :** Ecosystem में एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में Energy flow करता है। ऊर्जा के प्रवाह से संबंधित नियम का प्रतिपादन **'Lindman'** ने किया जिसे '10% Energy Law' कहा जाता है। **'Lindman'** के अनुसार किसी श्रेणी द्वारा जितनी ऊर्जा का उपभोग किया जाता है, उसका मात्र 10% ऊर्जा का उपयोग होता है। शेष 90% ऊर्जा का ह्रास होता है। Ecosystem में ऊर्जा का Pyramid हमेशा Upright (सीधा) होता है।

❖ पारितंत्र में एक पोषी स्तर से अगले पोषी स्तर तक स्थानांतरित होने के लिए उपलब्ध 10% ऊर्जा रासायनिक ऊर्जा के रूप में जाती है। **[NCERT Exemplar]**



3. **Pyramid of Biomass :** Ecosystem में अलग-अलग श्रेणियों में जीवों के कुल द्रव्यमान को दर्शाने के लिए Pyramid of Biomass का प्रयोग किया जाता है। Ecosystem में जैसे-जैसे नीचे की श्रेणी से ऊपर की तरफ जाते हैं, जीवों का कुल द्रव्यमान घटता जाता है अर्थात् द्रव्यमान का Pyramid हमेशा Upright होता है।



Note: तीन R जो प्राकृतिक संसाधनों को लंबी अवधी तक संरक्षित बनाये रखने में सहायक होगें।
(i) Reduce – कम उपयोग (ii) Recycle – पुन: चक्रण
(iii) Reuse पुन: उपयोग **[NCERT Exemplar]**

➤ **पर्यावरणीय प्रदूषण :** तीव्र औद्योगिकरण, नगरीकरण, जनसंख्या वृद्धि, उपभोक्तावाद आदि के परिणामस्वरूप अनेक प्रकार की पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न हुई हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानव जाति के अस्तित्व के लिए भी खतरा बन गई है। पर्यावरण प्रदूषण के विभिन्न रूप हैं-

(i) **जल प्रदूषण (Water Pollution) :** जल में अवांछित व हानिकारक पदार्थों का मिल जाना ही जल प्रदूषण कहलाता है, इससे जल की गुणात्मकता घट जाती है।

❖ जल प्रदूषण के लिए बहुत से कारक उत्तरदायी हैं जो निम्नलिखित हैं।

❖ घरेलू अपशिष्ट व मल-मूत्र झाग आदि का जल स्त्रोतों में मिलने से।

❖ खेतों में रासायनिक उर्वरकों खरपतवारनाशी एवं कीटनाशी के प्रयोग से नदियों का जल प्रदूषित होता है।

❖ औद्योगिक अपशिष्ट जैसे कारखानों से निकलने वाला कचरा, रसायन एवं गर्म जल आदि के कारण।

- ❖ जल स्त्रोतों में मृत जीव-जन्तुओं के अवशेषों को मिलाने से।
- ❖ कभी-कभी अमोनिया की मात्रा भी बढ़ने से जल प्रदूषित हो जाता है।
- ❖ नदियों एवं तालाबों आदि के प्रदूषण स्तर को BOD (Biochemical oxygen demand) में मापा जाता है क्योंकि प्रदूषणकारी तत्वों के कारण जल में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है।
- ➤ **जल प्रदूषण से संबंधित रोग :** दूषित जल पीने से पेचिश, डायरिया, अतिसार, टायफायड, मलेरिया, पीलिया, शारीरिक विकलांगता, हैजा आदि रोग होते हैं।
- ❖ जल में पारे के घुलने से मिनीमाता रोग तथा कैडमियम के घुलने से इटाई-इटाई रोग होता है।

Note: प्रति व्यक्ति प्रतिदिन खाना पकाने, पानी पीने, धोने और उचित स्वच्छता बनाए रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा अनुशंसीत पानी की न्युनतम मात्रा 50 लीटर है।

- ❖ विश्व जल दिवस **22 मार्च 2005** को संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2005-2015 की अवधि को जीवन के लिए जल दशक घोषित किया। **NCERT**
- ❖ भू-जल के भिन्न-भिन्न स्तर को **जल तालिका** कहते हैं। **NCERT**

(ii) वायु-प्रदूषण (Air Pollution) : वायु में हानिकारक पदार्थों का मिलना जिससे वायु की गुणात्मकता घट जाती है, वायु प्रदूषण कहलाता है।

- ➤ **वायु प्रदूषण के कारण :** जंगल में आग लगने से, धूलभरी आँधियों से और ज्वालामुखी के विस्फोट आदि से।
- ❖ वाहनों, कारखानों से निकलने वाले धुँए आदि से।
- ❖ धूम्रपान एवं लकड़ी के ईंधन के रूप में जलाने से।
- ❖ फ्रिज, एयर कण्डिशनर जैसी घरेलू उपयोग की वस्तुओं से निकलने वाली हानिकारक गैसों से।
- ❖ वनोन्मूलन, शहरीकरण एवं औद्योगीकरण भी प्रदूषण के लिए उत्तरदायी है।
- ❖ वायु प्रदूषण के कारण स्मॉग की समस्या उत्पन्न होती है, जो बहुत खतरनाक स्थिति है। इसमें धुँए और धूलकण कोहरे के साथ मिल जाते हैं।
- ❖ गतिशील वायु को **पवन** कहते हैं। **NCERT**

(iii) ध्वनि प्रदूषण (Sound Pollution) : एक सीमा से अधिक ध्वनि मानव तथा अन्य जीवों के लिए घातक हो जाती है तब उसे ध्वनि प्रदूषण कहते हैं। ध्वनि प्रदूषण के कारणों को दो भागों में विभाजित किया जाता है।

(a) प्राकृतिक कारण : प्राकृतिक कारणों का प्रभाव क्षणिक एवं सीमित होता है। बादलों का कड़कना, बिजली गिरना आदि इसके अन्तर्गत आते हैं।

(b) मानवीय कारण : औद्योगिक इकाई द्वारा, वाहनों के द्वारा, सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लाउडस्पीकर आदि मानवीय कारणों से बड़े पैमानों पर ध्वनि प्रदूषण किए जाते है।

- ➤ **ध्वनि प्रदूषण का मानसिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव :** ध्वनि प्रदूषण का सबसे अधिक प्रभाव कानों पर पड़ता है और स्थायी या अस्थायी रूप से श्रवण शक्ति प्रभावित होती है।
- ❖ उच्च ध्वनि से मानवों में आवर्धित एड्रीनलीन स्तर, उच्च रक्त चाप, माइग्रेन, उच्च कॉलेस्ट्रॉल स्तर, पेट का अल्सर, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा अधिक आक्रामक व्यवहार तथा अन्य मनोवैज्ञानिक दोष पैदा हो जाता है ।

(iv) मृदा प्रदूषण (Soil Pollution) :

- ❖ जब मानव या प्रकृति द्वारा मृदा की गुणवत्ता में ह्रास होता है तो उसे मृदा प्रदूषण कहते हैं।
- ❖ भूमि प्रदूषण मनुष्यों की विभिन्न क्रियाओं जैसे–अपशिष्टों का जमाव, कृषि रसायन का उपयोग, खनन ऑपरेशन तथा नगरीकरण का नतीजा है।
- ➤ **मृदा प्रदूषण के प्रभाव :** मृदा के मौलिक गुणों में ह्रास
- ❖ फसलों, पौधों में बड़े जीव जन्तुओं पर नकारात्मक प्रभाव से ऊर्वरता में कमी।
- ❖ मृदा के माध्यम से रोगों का प्रसार–
- ➤ **मृदा प्रदूषण को नियंत्रित करने का तरीका :** अधिक मात्रा में वृक्ष लगाकर।
- ❖ शहरी कचरे का तकनीकी रूप से निस्तारण करके।
- ❖ कृषि उत्पादन में कम कीटनाशकों का इस्तेमाल करके आदि।

ऊर्जा

- ❖ किसी वस्तु में कार्य करने की जो क्षमता होती है, उसे वस्तु की ऊर्जा कहते हैं ।

ऊर्जा के स्रोत :

ऊर्जा संसाधन

- **नवीकरणीय ऊर्जा**
  - सौर ऊर्जा
  - पवन ऊर्जा
  - जल वैद्युत
  - बायो गैस
  - भूतापीय
  - कचरे से उत्पादित ऊर्जा
  - ज्वारीय ऊर्जा
- **अनवीकरणीय ऊर्जा**
  - कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस
  - परमाणु ऊर्जा, शैल गैस

ऊर्जा के नवीकरणीय व अनवीकरणीय संसाधन

- ➤ **ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों का वर्णन निम्नलिखित है–**
- ❖ यह ऊर्जा का परम्परागत स्रोत है जिसका निर्माण पृथ्वी की भू-पर्पटी में वनस्पतियों के दबने से होता है।
- ❖ इसका मुख्य घटक कार्बन है इसका उपयोग ताप घरों में बिजली उत्पादन, कोक, कोलतार आदि के निर्माण में होता है।
- ➤ **पेट्रोलियम :** यह भी ऊर्जा का परम्परागत स्रोत है जिसका निर्माण पृथ्वी के अंदर वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं के दबने से होता है।
- ❖ इसका उपयोग ऑटोमोबाइल के साथ-साथ प्लास्टिक डामर और पेन्ट व ड्राई-क्लीनिंग में भी किया जाता है।

❖ इसके कई उत्पाद हैं, जैसे- मोम, स्नेहक, डीजल, पेट्रोल, मिट्टी का तेल और गैस आदि।

➤ **प्राकृतिक गैस:** तेल के कुओँ से ही प्राय: प्राकृतिक गैस निकलती है। इसका मुख्य संघटक मीथेन गैस होती है।

(a) तरल पेट्रोलियम गैस (LPG) : यह सामान्य दाब पर द्रवित गैस होती है। इसका मुख्य संघटक ब्यूटेन होता है। ये रंगहीन, गन्धहीन, गैस होती है।

(b) संपीडित प्राकृतिक गैस (CNG) : यह अति उच्च दाब पर दबाने के परिणामस्वरूप बनती है।

❖ इसका उपयोग वाहनों के ईंधन के रूप में किया जाता है।

❖ इसका मुख्य संघटक मीथेन गैस होता है।

❖ कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस को जीवाश्म ईंधन भी कहा जाता है।

➤ **विद्युत ऊर्जा :** नदियों के जल को बाँध बनाकर इकट्ठा किया जाता है और इसके बाद जल को ऊँचाई से गिराकर इसके दाब की सहायता से टरबाइन चलाया जाता है, जिससे विद्युत उत्पन्न होती है।

➤ **सौर ऊर्जा :** सौर सेलों के द्वारा सूर्य के प्रकाश और उष्मा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है। सौर सेल सिलिकॉन और गैलियम के बने होते हैं।

➤ **पवन ऊर्जा (Wind Energy) :** पवन की गति से टरबाइन को गतिशील बनाकर जो ऊर्जा उत्पन्न की जाती है उसे, पवन ऊर्जा कहा जाता है।

❖ ऐसे क्षेत्र जहाँ पवन की गति 20 km/hr होती है, वहाँ से विद्युत आसानी से प्राप्त की जा सकती है।

❖ पृथ्वी के अन्दर से निकलने वाली गर्म जल के स्रोतों से भूतापीय ऊर्जा प्राप्त होती है। इसका उपयोग खाना बनाने व बिजली बनाने आदि में किया जाता है।

➤ **ज्वारीय ऊर्जा (Tidal Energy) :** यह मुख्यत: समुद्र में आए ज्वार-भाटे के कारण जल में ऊपर उठने व नीचे गिरने के दौरान टरबाइन चलाकर उत्पन्न की जाती है।

➤ **बायोगैस (Bio-gas) :** यह जैविक अपशिष्टों जैसे गोबर एवं घरेलू अपशिष्टों से बनाई जाती है।

❖ यह अपघटन की प्रक्रिया द्वारा प्राप्त होती है।

❖ इनसे मेथेन, कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन गैस निकलती है।

❖ इसका उपयोग खाना बनाने में किया जाता है।

➤ **नाभिकीय ऊर्जा (Nuclear Energy) :** नाभिकीय रिएक्टरों में यूरेनियम और थोरियम धातुओं के नाभिकीय विखण्डन द्वारा ऊर्जा प्राप्त की जाती है।

❖ इसमें अत्यधिक मात्रा में बिजली उत्पादन होता है।

❖ इसे गैर परम्परागत ऊर्जा (Non-conventional energy) स्रोत माना जाता है।

Note :

(i) ऊर्जा का अंतिम और अक्षय स्रोत सूर्य है।

(ii) महासागरीय तापीय ऊर्जा का कारण महासागर में विभिन्न स्तरों पर ताप का अंतर होना है।

(iii) सौर कुकर का कांच की शीट पौधा घर प्रभाव के लिए उत्तरदायी होता है। **[NCERT Exemplar]**

OBJECTIVE QUESTIONS

1. केंचुओं की सहायता से कम्पोस्ट तैयार करने की विधि कहलाती है– [NCERT Exemplar]

(a) खाद (b) कृमि खाद
(c) खाद डालना (d) विघटित होना

उत्तर–(b)

2. पहेली ने सूखे पत्तों और पौधों के अन्य हिस्सों को जलाने की प्रथा के निम्नलिखित दुष्प्रभाव बताए। [NCERT Exemplar]

(i) जलाने से मिट्टी का क्षरण होता है।
(ii) जलाने से हानिकारक गैसें/धुआँ निकलता है।
(iii) कम लागत पर खाद प्राप्त करने के लिए कीमती कच्चा माल खो जाता है।
(iv) अत्यधिक ऊष्मा अनावश्यक रूप से उत्पन्न होती है।

पत्तियों को क्यों नहीं जलाना चाहिए इसके सही कारण है–

(a) (i), (ii) and (iv) only (b) (i), (ii), (iii) and (iv)
(c) (ii), and (iii) only (d) (ii), (iii) and (iv) only

उत्तर–(b)

3. जानवरों की कुछ अनुकूली विशेषताएं नीचे दी गई है: [NCERT Exemplar]

(i) त्वचा के नीचे चर्बी की परत
(ii) लंबे, घुमावदार और नुकीले पंजे
(iii) फिसलन भरा शरीर
(iv) मोटा सफेद फर

उनमें से कौन सी एक ध्रुवीय भालू की अनुकूली विशेषताएं है?

(a) केवल (i) (b) केवल (i) और (ii)
(c) केवल (i), (ii) और (iii) (d) केवल (i), (ii) और (iv)

उत्तर–(d)

4. जंगली भैंसा एक संकटापन्न स्पीशीज है क्योंकि— [NCERT Exemplar]

(a) इसकी संख्या घट रही है
(b) यह विलुप्त हो चुका है
(c) यह केवल एक विशेष क्षेत्र में ही पाया जाता है
(d) इसे चोरी-छिपे मारने पर सख्ती से रोक लगा दी गई है

उत्तर–(a)

5. इनमें से किस अपशिष्ट को जीवाणुओं या अन्य मृतजीवियों (saprophytes) द्वारा विघटित नहीं किया जा सकता है ? [Group-D, 02.09.2022 Shift-3]

(a) मलमूत्र (b) कागज
(c) चमड़ा (d) प्लास्टिक **उत्तर–(d)**

6. नीचे दी गई आहार-शृंखला में, मान लीजिए कि चौथे पोषी स्तर पर ऊर्जा की मात्रा 5 kJ है, तो बताइए कि उत्पादक स्तर पर कितनी ऊर्जा उपलब्ध होगी ? [NCERT Exemplar]
घास → टिड्डा → मेंढक → साँप → बाज
(a) 5 kJ (b) 50 kJ
(c) 500 kJ (d) 5000 kJ **उत्तर–(d)**

7. एक आहार-शृंखला में, तीसरे पोषी स्तर पर हमेशा कौन होता है ? [NCERT Exemplar]
(a) माँसाहारी प्राणी (b) शाकाहारी प्राणी
(c) अपघटक (d) उत्पादक **उत्तर–(a)**

8. निम्नलिखित में से कौन-सा वर्ग आहार-शृंखला का संघटक नहीं होता ? [NCERT Exemplar]
(i) घास, शेर, खरगोश, भेड़िया
(ii) प्लवक, मानव, मछली, टिड्डा
(iii) भेड़िया, घास, साँप, बाघ
(iv) मेंढ़क, साँप, चील, घास, टिड्डा
(a) (i) और (iii) (b) (iii) और (iv)
(c) (ii) और (iii) (d) (i) और (iv) **उत्तर–(c)**

9. किसी आहार- शृंखला में गैर-जैवनिम्नीकरणीय पीड़कनाशियों का प्रत्येक उच्चतर पोषी स्तर पर बढ़ती हुई मात्रा में एकत्रित होते जाना क्या कहलाता है ? [NCERT Exemplar]
(a) सुपोषण (b) प्रदूषण
(c) जैव आवर्धन (d) एकत्रीकरण **उत्तर–(c)**

10. निम्न में से कौन से पहले पोषी स्तर पर होते हैं ? [Group-D, 07.10.2022 Shift-3]
(a) उत्पादक (b) तृतीयक उपभोक्ता
(c) द्वितीयक उपभोक्ता (d) प्राथमिकता उपभोक्ता
उत्तर–(a)

11. वे जीव जो सौर ऊर्जा का प्रयोग करते हुए अकार्बनिक यौगिकों से कार्बोहाइड्रेटों का संश्लेषण कर लेते हैं, निम्नलिखित में से क्या कहलाते हैं ? [NCERT Exemplar]
(a) अपघटक (b) उत्पादक
(c) शाकाहारी/ (d) माँसाहारी **उत्तर–(b)**

